www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 28 नवम्बर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –223 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



शुरू से ही आरक्षण की विरोधी रही है भाजपा : ललन सिंह पृष्ठ 2

- संविधान दिवस यानी पाखंड पर्व
- असम में इंडिया साझेदारों में सीट बंटवारे पर माथापच्ची

पृष्ठ 6

- बंधकों के मुक्त होने तक अस्थायी संघर्ष विराम जारी रहने की उम्मीद : बाइडेन
- ऑस्ट्रेलिया की सीनेट के लिए चुने गए भारतीय मूल के लिबरल डेव शर्मा

पृष्ठ 7

हम जू. महिला हॉकी विश्व कप में सकारात्मक नतीजे के साथ पदक जीतने को बेताब : सुनीलिता टोप्पो पृष्ठ 8

**सिलक्यारा सुरंग मामला : खराब मौसम के बीच 16वें दिन बचाव अभियान जारी**

# सुरंग के ऊपर की जा रही वर्टिकल ड्रिलिंग

- खराब ऑगर मशीन के हिस्सों को बाहर निकाला जा रहा
- अब तक की जा चुकी है 30 मीटर तक वर्टिकल ड्रिलिंग



**पांच मोर्चों पर हो रहा काम**

प्लान 01-सिलक्यारा की तरफ से आठ सौ एमएम के पाइप में फंसी ऑगर मशीन को बाहर निकाला जा रहा है। इसके बाद आगे की खुदाई

प्लान 02- बड़कोट छोर की ओर से टीएचडीसी ने चार ब्लॉस्ट कर 10.7 मीटर अंदर तक राह बना ली है। यहां दो मीटर चैड़ाई का पाइप 483 मीटर तक बिछाया जाना है।

प्लान 03-एसजीवीएनएल ने सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग कर एक मीटर चैड़ा पाइप 19.2 मीटर तक पहुंचा दिया है। यहां कुल 86 मीटर पाइप ड्रिल किया जाना है।

प्लान 04-आरवीएनएल भी सुरंग के ऊपर एक अन्य स्थान पर वर्टिकल ड्रिलिंग कर रास्ता बनाएगी। इसके लिए मशीनें पहुंच गई हैं व उनके लिए प्लेटफार्म बनाया जा रहा है।

प्लान 05-बड़कोट की तरफ से वर्टिकल ड्रिलिंग को ओएनजीसी ने फील्ड सर्वे कर लिया है। बीआरओ ने मशीनों को पहुंचाने के लिए 975 मीटर सड़क तैयार की है।

**सिलक्यारा**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद अंतर्गत, सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अब वर्टिकल ड्रिलिंग और हाथों से खुदाई का काम सोमवार शाम से शुरू कर दिया गया। सिलक्यारा सुरंग रेस्क्यू ऑपरेशन के संबंध में वहां बनाए गए अस्थाई मीडिया सेंटर में आज हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के सचिव एवं एनएचआईडीसीएल के प्रबंध निदेशक महमूद अहमद ने बताया कि वर्टिकल ड्रिलिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 30 मीटर वर्टिकल ड्रिलिंग कर ली गई है। आगे का कार्य भी पूरी तेज़ी एवं सावधानी से किया जा रहा है। उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ. नीरज खैरवाल ने बताया कि पाइप में फंसे ऑगर मशीन की ब्लेड एवं साफ्ट को काटने का कार्य पूरा कर लिया गया है और ऑगर मशीन के हेड को निकालने का कार्य जारी है। जिसके लिए एक मीटर पाइप भी काटा का चुका है। आगे का कार्य मैन्युअली किया जाएगा। इस दौरान, महानिदेशक, सूचना, बंशीधर तिवारी, एसडीआरएफ कमांडेंट मणिकांत मिश्रा मौजूद थे।

**ऑपरेशन में जुटे श्रमिकों का हौसला बढ़ाया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा एवं केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव अजय भल्ला ने आज उत्तराखंड के सिलक्यारा (उत्तरकाशी) में सुरंग बचाव ऑपरेशन का जायजा लिया। इस दौरान, दोनों अधिकारियों ने ग्राफिकल प्रस्तुतीकरण एवं मैपिंग के माध्यम से टनल की भौगोलिक स्थिति को समझा। डॉ.पी के मिश्रा ने टनल के अंदर चल रहे रेस्क्यू कार्य की बारीकियों को समझा। उन्होंने अधिकारियों के साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे श्रमिको, इंजीनियरों से भी जानकारी ली। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे सभी श्रमिकों का हौसला भी बढ़ाया। उन्होंने ऑगर मशीन की ब्लेड एवं साफ्ट को काटने की प्रक्रिया में जुटे श्रमिकों टिंकू दुबे, अमित, शशिकांत, झारू राम, राधे रमण दुबे, ओम प्रकाश, एन.डी अहमद से बात कर उनका कुशलक्षेम जानते हुए उनके काम की सराहना की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अंदर फंसे श्रमिकों के साथ राहत बचाव कार्य में जुटे सभी लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

# बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने राज्य सरकार अलर्ट

## मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्था के दिए निर्देश

**रायपुर**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अभी कुछ दिनों से चीन में अज्ञात बीमारी से बच्चों में श्वसन संबंधी रोग फैलने की रिपोर्टों के मद्देनजर राज्य के शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला चिकित्सालयों, मेडिकल कालेजों एवं निजी चिकित्सालयों में उपचार की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

मुख्यमंत्री ने भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की गई एडवायजरी के अनुरूप जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक सावधानियां बरतने को कहा है। भारत सरकार की एडवायजरी के अनुसार उक्त श्वसन संबंधी रोग के भारत में फैलने के संभावना नहीं है, किंतु आपात स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत मानव संसाधन, बेड, जांच सुविधा एवं इन्फेक्शन कन्ट्रोल प्रेक्टिस इन हेल्थ फैसिलिटी का सुदृढीकरण किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने राज्य के शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला चिकित्सालय, चिकित्सा महाविद्यालय से संबंद्ध चिकित्सालय एवं निजी चिकित्सालयों से इन्फ्लूएन्जा [ के प्रकरणों को रिपोर्टिंग पोर्टल में कराते हुए स्थिति की नियमित समीक्षा करने को कहा है।

मौजूदा इन्फ्लूएंजा और सर्दी के मौसम चलते श्वसन संबंधी बीमारी में वृद्धि हुई है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव द्वारा राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में, जन स्वास्थ्य और अस्पताल की तैयारियों की तुरंत समीक्षा करने की सलाह दी गई है। मानव संसाधन, अस्पताल में फ्लू के लिए दवाएं और टीके, मेडिकल ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक औषधियों, व्यक्तिगत सुरक्षा के उपकरणों, टेस्टिंग किट एवं रिएजेंट, ऑक्सीजन प्लांट और वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं में संक्रमण की रोकथाम के पर्याप्त उपाय इनमें शामिल हैं।

## धान को बारिश से बचाने केन्द्रों में सभी इंतजाम किए जाएं : भूपेश

प्रदेश में बारिश की संभावना को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी केंद्रों में बेहतर रख-रखाव की व्यवस्था को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलेक्टरों से अनुरोध किया है। उन्होंने अपने अकाउंट पर पोस्ट के माध्यम से जानकारी दी है।



मुख्यमंत्री ने लिखा है कि, प्रदेश में बारिश की संभावना को देखते हुए कलेक्टरों को खरीदी केंद्रों में धान का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। प्रदेश में इस समय समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। धान को बारिश से बचाने के लिए उपार्जन केन्द्रों में कैप कवर, ड्रेनेज सहित सभी जरूरी इंतजाम किए जाएं। धान खरीदी केंद्रों पर किसानों की सहूलियत का ध्यान रखा जाए, धान उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर बारिश से धान को सुरक्षित रखने की सभी व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।

छत्तीसगढ़ से दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी के बाद अक्टूबर महीने से ही प्रदेश में हल्की ठंड की शुरुआत हो चुकी है।

वहीं आज मौसम ने करवट बदली है। सोमवार सुबह से ही राजधानी रायपुर समेत अन्य जिलों में बादल छाए हुए हैंइस बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

**सार संक्षेप**

### नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का आज अनावरण

**नई दिल्ली।** नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का मंगलवार को यहां अनावरण किया जायेगा। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह तथा रक्षा मंत्रालय और मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। इस युद्धपोत का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया और यह प्रोजेक्ट 15 बी श्रेणी का तीसरा विध्वंसक पोत है जो निर्देशित मिसाइल प्रणाली से लैस है। अप्रैल 2019 में इसके शुभांरभ के समय इस युद्धपोत को इम्फाल नाम दिया गया और एमडीएल द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को इसे भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया।

### आयरिश लेखिका पॉल लिंच ने जीता बुकर पुरस्कार

**डबलिन ।** आयरिश लेखिका पॉल लिंच ने अपने उपन्यास 'प्रोफेट सॉन्ग' के लिए 2023 बुकर पुरस्कार जीता है। साहित्यिक पुरस्कार के आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक बयान में कहा, सुश्री पॉल लिंच का पांचवां उपन्यास बुकर पुरस्कार 2023 का विजेता है। प्रॉफेट सॉन्ग को 26 नवंबर को लंदन में एक समारोह में बुकर पुरस्कार 2023 का विजेता घोषित किया गया। आयोजकों ने बताया कि सुश्री लिंच यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाली पांचवीं आयरिश लेखिका भी बनीं।

### भाजपा शुरू से ही आरक्षण विरोधी है : ललन सिंह

**पटना।** यह तो जाना हुआ मामला है न। भाजपा शुरू से ही आरक्षण विरोधी है। उसको आरक्षण पसंद नहीं हैं। बिहार में जो जातीय गणना करवाया गया उसके आधार पर जो रिपोर्ट आया तो उसी के अनुसार आरक्षण तय किया गया। सबसे पहले तो उन्होंने ही कानून तोड़ा जब 50 फीसदी से अधिक 10 फीसदी सवर्ण का आरक्षण देकर इस नियम को तोड़ डाला। तो हम लोगों जाति आधारित करना करवाए इस गणना के आधार पर यह काम कर रहे हैं। न्यायालय में जाना तो भाजपा का पुराना काम है। लेकिन जितना न्यायालय गए हैं उतना बार हमारा काम हुआ या नहीं हुआ। हर बार उनको मूंह की खानी पड़ी है।

# भारतीय राजदूत के साथ खालिस्तानी समर्थकों ने की धक्का-मुक्की

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने न्यूयॉर्क में एक गुरुद्वारे के बाहर अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू के साथ धक्का-मुक्की की और उन पर सिख कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करने और प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नून की 'हत्या की साजिश रचने' का आरोप लगाया।

यह घटना 22 नवंबर को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के उस बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए हैं और ये इनपुट दोनों देशों के लिए चिंता का कारण हैं और उन्होंने इस पर कार्रवाई करने का फैसला किया है। यह घटना न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे में हुई।

# बारिश से अचानक बढ़ी ठंड

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। देश में सर्दी ने दस्तक दे दी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु के कई शहरों में रविवार देर रात बारिश हुई है। कुछ राज्यों में बारिश अभी भी जारी है। इसके चलते इन राज्यों में अचानक से ठंड बढ़ गई है। राजस्थान में दिन का पारा 8 डिग्री और दिल्ली में 10 डिग्री तक लुढ़क गया है। दिल्ली में कई जगहों पर बारिश भी हुई है।



- राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में बारिश के आसार
- जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में तापमान शून्य डिग्री दर्ज

मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली बर्फीली हवाओं से पारा और गिर सकता है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को तापमान शून्य डिग्री दर्ज किया गया है। इससे एक दिन पहले यहां पारा शून्य से एक डिग्री नीचे था।

गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। यहां बिजली गिरने से 24 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 दाहोद, 3-3 बनासकांठा और भरूच, 2 तापी, अहमदाबाद, अमरेली, आनंद, खेड़ा, द्वारका, पंचमहल, पाटन, बोटाद, मेहसाणा, साबरकांठा, सूरत और सुरेंद्रनगर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में अगले 24 घंटे में भारी बारिश की आशंका जताई है। यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश उत्तराखंड और देश के दक्षिणी राज्यों में अगले दो-तीन दिन बारिश की आशंका है। मौसम विभाग ने इस हफ्ते के अंत तक देश भर में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है।

# मैं तेलंगाना में बदलाव की बयार देख रहा हूं : मोदी

**करीमनगर**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह तेलंगाना में बदलाव की बयार देख रहे हैं और अगले पांच साल राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।



श्री मोदी ने कहा, पहली बार तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनेगी और पिछड़ा वर्ग (बीसी) नेता मुख्यमंत्री होगा। करीमनगर के लोगों ने हुजूराबाद उपचुनाव में मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव को हार का ट्रेलर दिखाया। अब विधानसभा चुनाव में आप उन्हें घर भेजने जा रहे हैं। तेलंगाना में भाजपा सरकार बनाना बहुत जरूरी है, क्योंकि 2024 में भाजपा फिर से केंद्र की सत्ता में आएगी और डबल इंजन सरकार बनने से राज्य में विकास और प्रगति काम में तेजी आएगी।

उन्होंने कहा, हम दिखाएंगे कि तेलंगाना देश में नंबर वन कैसे बनेगा। आप तेलंगाना के भविष्य को भाग्य पर नहीं छोड़ सकते। हमें ध्यान रखना होगा। हमारे लिए हर राज्य सहित देश का विकास महत्वपूर्ण है। जब भी आप लोगों को बताएंगे आपने विकास के लिए, देश के गौरव के लिए, जन समर्थन के लिए और गरीबों के कल्याण के लिए वोट किया है, जनता के मन में एक ही नाम आता है वह है भाजपा।

# बीआरएस सरकार ने तेलंगाना में बढ़ाई गरीबी : प्रियंका

## केवल चुनाव प्रबंधन करती है बीआरएस

**हैदराबाद**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) केवल चुनाव प्रबंधन करती है और उन्होंने तेलंगाना के लोगों से सत्ताधारी पार्टी को यह दिखाने की अपील की कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं। यदाद्री भोंगिर जिले के भोंगिर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बीआरएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह अमीर हो गया है जबकि तेलंगाना के गरीब और गरीब हो गए हैं।



उन्होंने कहा, चुनाव के समय, वे चुनाव प्रबंधन करते हैं लेकिन लोगों को उन्हें बताना चाहिए कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं। कांग्रेस महासचिव ने लोगों से बीआरएस को यह दिखाने का आग्रह किया कि उन्होंने अपने अधिकारों के लिए पहले भी लड़ाई लड़ी थी और वे अब भी लड़ सकते हैं।

उन्होंने दावा किया कि बीजेपी 10 साल में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई और उसने देश की संपत्ति अपने बड़े उद्योगपति दोस्तों को सौंप दी. बीआरएस तेलंगाना की सबसे अमीर पार्टी बन गई। इसके भ्रष्ट नेता अपने महलों में रहते हैं। वे लोगों से नहीं मिलते।'

# आपराधिक मामलों पर स्थाई समिति को उपराज्यपाल ने किया भंग

नई दिल्ली, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आपराधिक मामलों में जांच की गुणवत्ता और उनके अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए आप सरकार द्वारा गठित स्थाई समिति को यह कहते हुए भंग कर दिया है कि यह 2014 के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का घोर उल्लंघन है। राज निवास के एक आदेश में यह जानकारी दी गई। सोमवार को मीडिया के साथ साझा किए गए एक नोट में उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने आपराधिक मामलों में जांच की गुणवत्ता और उनके अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए आप सरकार द्वारा गठित मौजूदा स्थाई समिति को यह कहते हुए भंग कर दिया है कि यह 2014 के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और केंद्र के बाद के दिशा निर्देशों का घोर उल्लंघन है। दिल्ली उच्च न्यायालय के स्थाई वकील फौजदारी की अध्यक्षता और अतिरिक्त स्थाई वकील की सदस्यता वाली मौजूदा स्थाई समिति को भंग करते हुए सक्सेना ने इसके पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसमें एक अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रधान सचिव गृह अध्यक्ष और प्रधान सचिव विधि, निदेशक अभियोजन और विशेष पुलिस आयुक्त, सदस्य होंगे।

# मणिपुर में कुकी समूह ने राष्ट्रीय राजमार्ग खोले

## 12 दिन से ब्लॉक कर रखे थे राष्ट्रीय राजमार्ग, कानून व्यवस्था पर प्रशासन को घेर रहे थे

**इंफाल**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर में एक प्रभावशाली कुकी समूह ने सोमवार को दो नेशनल हाईवे को खोल दिया, जिन्हें 12 दिन से बंद कर रखा था। कांगपोकपी की कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने 15 नवबंर को इन हाईवे को बंद किया था। उनका कहना था कि कुकी-जो बहुल इलाकों में कानून व्यवस्था बहाल करने में प्रशासन का रैवया ढुलमुल रहा है। इस कम्युनिटी ने प्रशासन के रवैये के प्रति विरोध जताते हुए इस नगालैंड के शहर दीमापुर और असम के शहर सिलचर से इंफाल को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे के कुछ हिस्सों को ब्लॉक कर रखा था, ताकि इंफाल और मणिपुर के बाकी शहरों तक सामान की सप्लाई न हो सके। लेकिन, बाद में कमेटी ने इन इलाकों में ट्राइबल्स की



परेशानियों को समझते हुए अस्थायी तौर पर ये इकोनॉमिक ब्लॉकेज हटा दिया। हालांकि कमेटी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे बंद हटाने के फैसले का रिव्यू करेंगे और इसे दोबारा लागू करेंगे।

**'मणिपुर की समस्या राजनीतिक'**

भारतीय सेना के ईस्टर्न कमांड चीफ राणा प्रताप कलीता ने कहा है कि मणिपुर की समस्या राजनीतिक है, इसलिए इसका समाधान भी राजनीतिक होना चाहिए। कलीता ने ये बात 21 नवंबर को गुवाहाटी के प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि हिंसा रुके। राजनीतिक समस्या का शांतिपूर्ण समाधान निकालना होगा, इसके लिए दोनों पक्षों को प्रेरित किया जाना चाहिए। हिंसा काबू करने में हमें बड़े पैमाने पर कामयाबी भी मिली है। लेकिन कुकी और मैतेई का ध्रुवीकरण हुआ है, इसलिए कुछ छिटपुट घटनाएं हो जाती हैं।

# कर्नाटक सरकार के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 30 नवम्बर को मतदान कराए जाएंगे। इस बीच कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को लेकर भाजपा चुनाव आयोग पहुंच गई है। पार्टी का आरोप है कि कर्नाटक की सरकार तेंलंगाना के आसपास के राज्यों के अखबारों में तेलुगु भाषा में विज्ञापन छपवा कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। सोमवार को भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। भाजपा नेता ने कहाकि पिछले दो दिनों से कर्नाटक की कांग्रेस सरकार सरकारी खर्चे पर आध्र प्रदेश, तेलंगाना और आस-पास के राज्यों के अखबारों में तेलुगु भाषा में विज्ञापन छपवा रही है। ऐसा करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग अपने अधिकार का इस्तेमाल कर इसे रोके।

**खुलासा** एडीआर व तेलंगाना इलेक्शन वॉच ने किया विश्लेषण, 103 विधायकों की औसत संपत्ति 9 करोड़ रुपए बढ़ी

# तेलंगाना में दोबारा चुनाव लड़ रहे विधायकों की संपत्ति बढ़ी

**नई दिल्ली, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में विभिन्न दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों की औसत संपति 23.87 करोड़ रुपए है, जो 2018 के 14.44 करोड़ रुपए से लगभग 9 करोड़ रुपए अधिक है, और 90 विधायकों की संपति सोमवार को एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह तीन फीसदी से लेकर 1,331 फीसदी तक बढ़ गई है। 13 विधायकों की संपति एक फीसदी से 79 फीसदी तक घट गई है।**

*रिपोर्ट में कहा गया है कि भोंगिर निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस उम्मीदवार पैला शेखर रेड्डी ने 136.47 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ संपत्ति में अधिकतम वृद्धि की घोषणा की है। यह रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और तेलंगाना इलेक्शन वॉच द्वारा तेलंगाना विधानसभा चुनाव 2023 में फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण करने के बाद तैयार की गई है। फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों में से 90 विधायकों की संपत्ति तीन फीसदी से लेकर 1,331 फीसदी तक बढ़ गई है और 13 विधायकों की संपत्ति माइनस एक फीसदी से माइनस 79 फीसदी तक घट गई है। 2018 में विभिन्न दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा फिर से चुनाव लड़ रहे इन 103 विधायकों की औसत संपत्ति 14.44 करोड़ रुपए थी। रिपोर्ट में कहा गया है, '2023 में फिर से चुनाव लड़ रहे इन 103 विधायकों की औसत संपत्ति 23.87 करोड़ रुपए है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2018 और 2023 के तेलंगाना विधानसभा चुनावों के बीच इन 103 फिर से चुनाव लड़ने वाले विधायकों की औसत संपत्ति वृद्धि 9.43 करोड़ रुपये है, जो प्रतिशत वृद्धि 65 प्रतिशत है।*

***पैला शेखर रेड्डी की संपत्ति 136.47 करोड़ बढ़ी***

*भोंगिर निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस पैला शेखर रेड्डी ने 136.47 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ संपत्ति में अधिकतम वृद्धि की घोषणा की है। 2018 में उनकी संपत्ति 91.04 करोड़ रुपए थी, जो 2023 में बढ़कर 227.51 करोड़ रुपए हो गई। देवरकादरा निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस के अल्ला वेंकटेश्वर रेड्डी की संपत्ति 59.02 करोड़ रुपए बढ़ गई है, जो 2018 में 20.15 करोड़ रुपए से बढ़कर 2023 में 79.17 करोड़ रुपए हो गई है। इसी तरह, इब्राहिमपटनम निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस के मंचिरेड्डी किशन रेड्डी की संपत्ति 2018 में 7.99 करोड़ रुपए से 52.59 करोड़ रुपए बढ़कर 2023 में 60.58 करोड़ रुपए हो गई है।*

## शाहरुख खान स्टारर 'चक दे इंडिया' मेरी पसंदीदा स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है : शरद केलकर

**मुंबई।** 'स्लम गोल्फ' में कोच राणे की भूमिका निभा रहे एक्टर शरद केलकर ने अपने फेवरेट स्पोर्ट्स ड्रामा के बारे में खुलकर बात की। वेब सीरीज 'स्लम गोल्फ' एक युवा लड़के पवन की प्रेरणादायक कहानी है, जो अपने सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ता और समाज की सभी बाधाओं से लड़ता है। यह सीरीज उन स्पोर्ट्समैन की सच्ची कहानियों पर आधारित है, जो गोल्फ प्लेयर बन गए, विशेष रूप से बॉम्बे प्रेसीडेंसी गोल्फ कोर्स के अनिल माने, जिन्हें 'स्लम गोल्फ' को लोकप्रिय बनाने का श्रेय दिया जाता है। शरद ने कहा कि मुझे इनसाइड एज का पहला सीज़न पसंद है, जो प्राइम वीडियो पर था। इसके अलावा, जब स्पोर्ट्स ड्रामा की बात आती है, तो ऐसा लगता है कि इसका चयन सीमित है।

## महिलाओं को मजबूत किरदार के रूप में पेश करने की कोशिश : रानी मुखर्जी

**पणजी,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने कहा कि उन्होंने हमेशा भारतीय महिलाओं को मजबूत किरदार के रूप में पेश करने की कोशिश की है। गोवा में रविवार को 54वें भारतीय



अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में रानी मुखर्जी के साथ 'सम्मोहक प्रदर्शन देने' की थीम पर एक सत्र आयोजित किया गया। गलाट्टा प्लस के प्रधान संपादक और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म समीक्षक बरद्वाज रंगन द्वारा संचालित चर्चा में रानी मुखर्जी के जीवन और शानदार करियर पर प्रकाश डाला गया।

अभिनेत्री ने कहा कि भारत के बाहर, फिल्मों और उनके पात्रों को हमारी भारतीय संस्कृति के प्रति खिड़की के रूप में देखा जाता है। हमेशा मजबूत फिल्मों और भूमिकाओं के साथ खड़े रहना महत्वपूर्ण है। कभी-कभी आपको उस अवधि में दर्शकों की स्वीकृति नहीं मिल पाती है, लेकिन सिनेमा के इतिहास में ऐसी फिल्मों और किरदारों को जगह मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यदि कोई अभिनेता बहुमुखी है, तो वह जीवन के विभिन्न पहलुओं को चित्रित कर सकता है। मैं अपने किरदारों को जितना अधिक विविधतापूर्ण बना सकती हूं, यह दर्शकों और मेरे लिए उतना ही दिलचस्प होगा। किरदारों में यह विविधता मुझे भी प्रेरित करती है।

रानी मुखर्जी ने साझा किया कि विशेष भूमिकाएं करने के लिए अभिनेता अक्सर अपनी शारीरिक विशेषताओं को सही करने के लिए वास्तविक जीवन के लोगों से मिलते हैं। लेकिन यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि वे किन भावनाओं से गुजर रहे हैं।

### शोधकर्ताओं ने पायरेथ्रोइड्स नामक कीटनाशकों में साबुन मिलाने का किया परीक्षण

# साबुन मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों से लड़ने में कर सकता है मदद



- मलेरिया एक विनाशकारी मच्छर जनित बीमारी
- उप-सहारा अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका ज्यादा प्रभावित
- मलेरिया में बुखार, थकान, सिरदर्द और ठंड जैसे लक्षण

**न्यूयॉर्क,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। एक शोध के अनुसार मलेरिया के खिलाफ दशकों से चली आ रही लड़ाई का समाधान साबुन से मिल सकता है। एल पासो में टेक्सस विश्वविद्यालय (यूटीईपी) के वैज्ञानिकों ने पाया कि कीटनाशकों के कुछ वर्गों में तरल साबुन की थोड़ी मात्रा उनकी क्षमता को दस गुना से अधिक बढ़ा सकती है।

यूटीईपी में जैविक विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर और मुख्य लेखक कोलिन्स कामडेम ने कहा कि यह खोज एक आशाजनक खबर है क्योंकि मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों में वर्तमान कीटनाशकों के प्रति बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता दिखाई देती है।

कामडेम ने कहा कि पिछले दो दशकों में मच्छर अधिकांश कीटनाशकों के प्रति प्रतिरोधी हो गए हैं। अब कार्रवाई के नए तरीकों के साथ वैकल्पिक मिश्रण को विकसित करने की दौड़ चल रही है।

यूटीईपी में अनुसंधान सहायक प्रोफेसर कैरोलिन फौएट ने कहा कि प्रयोगशाला परीक्षणों और क्षेत्र परीक्षणों दोनों से पता चला है कि नियोनिकोटिनोइड्स, कीटनाशकों का एक विशेष वर्ग, मौजूदा कीटनाशकों के प्रति प्रतिरोध दिखाने वाली लक्षित आबादी के लिए एक आशाजनक विकल्प है।हालांकि, नियोनिकोटिनोइड्स मच्छरों की कुछ प्रजातियों को तब तक नहीं मार सकते जब तक कि उनकी क्षमता को बढ़ाया न जाए।

इस मामले में फौएट ने कहा कि साबुन शक्ति बढ़ाने वाला पदार्थ है। मलेरिया एक विनाशकारी मच्छर जनित बीमारी है जो उप-सहारा अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में प्रचलित है, जिससे बुखार, थकान, सिरदर्द और ठंड लगती है। यह रोग घातक हो सकता है। रोग नियंत्रण केंद्र के अनुसार, 2020 में दुनिया भर में मलेरिया के अनुमानित 241 मिलियन मामले थे, जिसके परिणामस्वरूप 627,000 मौतें हुईं। पीएलओएस नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज में शुक्रवार को प्रकाशित एक नए अध्ययन में, टीम ने तीन कम लागत वाले अलसी तेल आधारित साबुन का चयन किया जो उप-सहारा अफ्रीका में प्रचलित हैं। टीम ने अध्ययन में लिखा है कि सभी मामलों में, कीटनाशकों ने क्षमता में काफी वृद्धि की है।कैमरून के याउंडे विश्वविद्यालय के पहले लेखक और डॉक्टरेट छात्र आशु फ्रेड ने कहा कि साबुन के सभी तीन ब्रांड कीटनाशकों का उपयोग करने की तुलना में मृत्यु दर को 30 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बढ़ाते हैं। टीम ने पायरेथ्रोइड्स नामक कीटनाशकों के एक वर्ग में साबुन मिलाने का भी परीक्षण किया। हालांकि, उन मामलों में, उन्हें कोई लाभ नहीं मिला। टीम को उम्मीद है कि कीटनाशकों को बढ़ाने के लिए कितने साबुन की आवश्यकता है, यह स्थापित करने के लिए अतिरिक्त परीक्षण किया जाएगा। कामडेम ने कहा कि हम एक साबुन-कीटनाशक फॉर्मूलेशन बनाना पसंद करेंगे जिसका उपयोग अफ्रीका में घर के अंदर किया जा सके और उपयोगकर्ताओं के लिए स्वस्थ हो।

# गर्भवती महिला की गर्भाशय की दीवारों से चिपकी प्लेसेंटा की सफल सर्जरी

**मुंबई,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के वीएन देसाई अस्पताल में डॉक्टरों और नर्सों की एक महिला टीम ने एक गर्भवती महिला की गर्भाशय की दीवारों से चिपकी प्लेसेंटा के साथ जटिल सिजेरियन सेक्शन सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की। 16 नवम्बर को एक 32 वर्षीय महिला को अंधेरी में बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के वीएन देसाई अस्पताल में प्रसव के लिए ले जाया गया था।

टीम प्रमुख, वरिष्ठ सलाहकार और डीएनबी शिक्षिका डॉ. कोमल चव्हाण ने कहा कि जो सामान्य सीजेरियन सेक्शन लग रहा था, वह प्रसूति रोग विशेषज्ञ के लिए सबसे बुरा सपना साबित हुआ, जिसके मां-बच्चे दोनों के लिए संभावित घातक परिणाम हो सकते हैं। डॉ. चव्हाण ने बताया कि यह लगभग पूरे 40 सप्ताह की गर्भावस्था थी और रोगी के दो सिजेरियन पहले हो चुके थे।



**वीएन देसाई अस्पताल में 4 किग्रा वजन वाली स्वस्थ बच्ची को महिला ने दिया जन्म**

महिला का प्लेसेंटा नीचे की ओर झुका था और ब्लड प्रेशर बहुत हाई था। महिला के पहले दो बेटे हैं।

गर्भाशय की दीवार की तुलना में प्लेसेंटा की स्थिति की जांच करने के लिए एक स्कैन कराया गया। लेकिन, सोनोग्राफी रिपोर्ट में प्लेसेंटा के अटके होने की बात खारिज होने के बाद, महिला की सिजेरियन डिलीवरी के लिए 17 नवम्बर तय की किया।

डॉ. चव्हाण ने अपनी टीम के साथियों, डॉ. स्नेहल शिंदे, डॉ. नेहा पनवार, डॉ. सुभानी महापात्रा, डॉ. सपना वाधवानी और वरिष्ठ नर्स सयाली गुरव के साथ सर्जरी शुरू की और उन्होंने 4 किलोग्राम वजन वाली एक स्वस्थ बच्ची को जन्म देने में मदद की। हालांकि, उनके लिए एक चौंकाने वाला आश्चर्य था क्योंकि प्लेसेंटा पूरी तरह से महिला की गर्भाशय की दीवार से चिपक गया था, और इसका एक हिस्सा बुरी तरह से धंसा हुआ था, जिससे मेडिकल टीम के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो गई।

डॉ. चव्हाण ने कहा कि भारी रक्तस्राव के कारण हमें मरीज की एक कठिन प्रसूति हिस्टेरेक्टॉमी करने का बहुत जल्दी निर्णय लेना पड़ा, और उसकी पिछली सर्जरी के कारण हमने उसकी जान बचाने के लिए गर्भाशय को हटा दिया।

डॉ. चव्हाण ने बताया कि प्लेसेंटा अटकने के ऐसे मामले हजारों प्रसवों में से एक में दुर्लभ थे, लेकिन अब यह एक बढ़ती प्रवृत्ति बन गई है। डॉ. चव्हाण ने बताया कि गर्भाशय की प्रजनन क्षमता बढ़ाने वाली सर्जरी, फाइब्रॉएड उपचार, कुछ प्रकार की दवा आदि के कारण सभी प्रसवों में लगभग 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। वीएन देसाई अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरभंस सिंह बावा ने अपने उत्कृष्ट टीम वर्क का प्रदर्शन करने के लिए महिला टीम की प्रशंसा की। पिछले सप्ताहांत, नवजात शिशु और उसकी मां दोनों को छुट्टी दे दी गई है।

# चिकित्सकों के नोट्स को सटीक रूप से तैयार करने के लिए नया चैटजीपीटी जैसा एआई टूल

**न्यूयॉर्क,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। एक स्टडी के अनुसार, नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंप्यूटर प्रोग्राम डॉक्टरों के नोट्स इतनी अच्छी तरह से तैयार कर सकता है कि दो चिकित्सक अंतर नहीं बता सकते।

इस प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट स्टडी में, चिकित्सकों ने पेशेंट नोट्स की समीक्षा की, जिनमें से कुछ वास्तविक डॉक्टरों द्वारा लिखे गए थे, जबकि अन्य नए एआई प्रोग्राम द्वारा बनाए गए थे और चिकित्सकों ने केवल 49 प्रतिशत मामलों में ही सही लेखक की पहचान की।

एनवीडिया और फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के 19 शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक नए मॉडल, गेटोरट्रॉन जीपीटी के आधार पर मेडिकल रिकॉर्ड तैयार करने के लिए सुपर कंप्यूटर को प्रशिक्षित किया, जो चैटजीपीटी के समान कार्य करता है।





**गेटोरट्रॉन और गेटोरट्रॉन जीपीटी यूनिक एआई मॉडल**

फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य परिणाम और बायोमेडिकल सूचना विज्ञान विभाग के प्रमुख लेखक योंगहुई वू के अनुसार, गेटोरट्रॉन मॉडल के फ्री वर्जन को एक ओपन-सोर्स एआई वेबसाइट हगिंग फेस से 4,30,000 से ज्यादा डाउनलोड मिले हैं। गेटोरट्रॉन मॉडल क्लिनिकल रिसर्च के लिए साइट पर उपलब्ध एकमात्र मॉडल हैं। वू ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल में हर कोई इन मॉडलों के बारे में बात कर रहा है। गेटोरट्रॉन और गेटोरट्रॉन जीपीटी यूनिक एआई मॉडल हैं, जो चिकित्सा अनुसंधान और स्वास्थ्य देखभाल के कई पहलुओं को सशक्त बना सकते हैं। फिर भी, उन्हें बनाने के लिए बड़े पैमाने पर डेटा और व्यापक कंप्यूटिंग शक्ति की आवश्यकता होती है।

हम स्वास्थ्य सेवा में एआई की क्षमता का पता लगाने के लिए एनवीडिया के इस सुपर कंप्यूटर, हाइपरगेटर के लिए आभारी हैं।

एनपीजे डिजिटल मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित इस रिसर्च के लिए, टीम ने लार्ज लैंग्वेज मॉडल डेवलप किया जो कंप्यूटर को नेचुरल ह्यूमन लैंग्वेज की नकल करने की अनुमति देता है।

ये मॉडल स्टैंडर्ड राइटिंग या कन्वर्सेशन के साथ अच्छी तरह से काम करते हैं, लेकिन मेडिकल रिकॉर्ड अतिरिक्त बाधाएं लाते हैं, जैसे मरीजों की गोपनीयता की रक्षा करने की आवश्यकता और अत्यधिक तकनीकी होना। डिजिटल मेडिकल रिकॉर्ड को गूगल पर सर्च या विकिपीडिया पर शेयर नहीं किया जा सकता है।

इन बाधाओं को दूर करने के लिए, शोधकर्ताओं ने 82 बिलियन उपयोगी चिकित्सा शब्दों को रखते हुए दो मिलियन मरीजों के स्वास्थ्य चिकित्सा रिकॉर्ड का उपयोग किया। इस सेट को 195 बिलियन शब्दों के दूसरे डेटासेट के साथ जोड़कर, उन्होंने जीपीटी-3 आर्किटेक्चर, या जेनेरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर, न्यूरल नेटवर्क आर्किटेक्चर का एक रूप, के साथ मेडिकल डेटा का विश्लेषण करने के लिए गेटोरट्रॉन जीपीटी मॉडल को प्रशिक्षित किया। इसने गेटोरट्रॉन जीपीटी को मेडिकल डॉक्टरों के नोट्स के समान क्लीनिकल टेक्स्ट लिखने की अनुमति दी।

मेडिकल जीपीटी के कई संभावित उपयोगों में से एक विचार में एआई द्वारा रिकॉर्ड किए गए और प्रतिलेखित नोट्स के साथ दस्तावेज़ीकरण के टेडियम को बदलना शामिल है। ह्यूमन राइटिंग के साथ ऐसी समानता तक पहुंचने के लिए एआई उपकरण के लिए, प्रोग्रामर अरबों शब्दों के आधार पर क्लीनिकल शब्दावली और भाषा के उपयोग के साथ सुपर कंप्यूटर की प्रोग्रामिंग में कई सप्ताह बिताते हैं।

### अभिनेता रोहित रॉय ने किया खुलासा

## अमिताभ बच्चन का है गहरा प्रभाव



**मुंबई,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेता रोहित रॉय ने कहा है कि उनके एक्टिंग करियर पर मेगास्टार अमिताभ बच्चन का गहरा प्रभाव है और अपने दोस्त और बिग बी के बेटे अभिषेक बच्चन से ईर्ष्या होने के कारण का खुलासा किया।

रोहित ने बिग बी के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि मैं अमिताभ बच्चन का बहुत बड़ा फैन हूं। उनकी स्क्रीन उपस्थिति और वास्तविक जीवन मुझे आकर्षित करता है। जिस तरह से वह खुद को स्क्रीन पर पेश करते हैं वह मुझे पसंद है और आज मैं उनकी वजह से एक अभिनेता हूं। मुझ पर पड़े उनके प्रभाव ने मुझे उनके जैसा अभिनेता बनने के लिए प्रेरित किया। एक्टर ने अपने ड्रीम रोल पर चर्चा करते हुए कहा कि मेरे मन में कोई स्पेशल रोल नहीं है। बचपन में, मैं 'जंजीर' में अमिताभ जी का किरदार निभाने की इच्छा रखता था।

## नानी बेहद विनम्र और बहुत पसंदीदा नाम हैं : अंगद बेदी

**मुंबई,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अंगद बेदी की साउथ की पहली फिल्म 'हाय नन्ना' का पहला लुक जारी कर दिया गया है और वह तेलुगु स्टार नानी के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने के लिए तैयार हैं। अंगद ने कमेंट किया कि 'हाय नन्ना' का हिस्सा बनना एक रोमांचक जर्नी है, इस फिल्म के जरिए मैं तेलुगु इंडस्ट्री में एंटर कर रहा हूं। नानी जैसे बहुमुखी अभिनेता के साथ काम करना एक शानदार एक्सपीरियंस रहा। नानी बेहद विनम्र और बहुत पसंद किया जाने वाला नाम है और यह मेरे लिए एक रोमांचक सहयोग है।

अंगद एक बार फिर मृणाल ठाकुर के साथ काम करते दिखेंगे। इससे पहले दोनों 'लस्ट स्टोरीज' में दिखाई दिए। अंगद ने शेयर किया कि मृणाल के साथ दूसरी बार टीम बनाने से प्रोजेक्ट



में एक स्पेशल टच जुड़ गया है। नानी और मेरी जोड़ी के साथ हमारा सौहार्द, दर्शकों के लिए एक सिनेमाई मनोरंजन का वादा करता है। हाय नन्ना का निर्देशन नवोदित शौरयुव ने किया है। इसका निर्माण व्यारा एंटरटेनमेंट्स के तहत मोहन चेरुकुरी (सीवीएम), विजेंदर रेड्डी टीगाला और मूर्ति केएस द्वारा किया गया है।

# छह दिवसीय रामायण मेले में सजेगा दस दिवसीय राम बाजार

## अवधी संस्कृति, शिल्प व कला का प्रतिबिंब बनेगा बयालीसवां रामायण मेला

- ग्राम शिल्प को उभारने के लिए हो रही है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना
- 'खर खोदर' के उपयोग से बनी सुंदर सुंदर वस्तुएं मिलेंगी 'राम बाजार' में

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। अयोध्या में आयोजित होने वाला रामायण मेला बयालीस वर्ष का हो चुका है। राममंदिर प्राणप्रतिष्ठा के पहले चौदह से उन्नीस दिसम्बर तक रामकथा पार्क में होने वाले इस मेले की परिकल्पना डाक्टर लोहिया ने किया था। छह दिवसीय मेले में दस दिवसीय राम बाजार प्रमुख आकर्षण होगा। रामायण मेला की पत्रिका तुलसी दल में अयोध्या के विकास व रामायण मेला की भूमिका भी समाहित होगी।

हम जरा सी असुविधा के चलते गांव को उजाड़कर शहर भाग आये। आज जब 'लौट चलो गांव की ओर का नारा' लगाते हैं तो गांव में बनी वस्तुओं की ये बाजारें गांव लौट चलने को बाध्य करती हैं। गांव ने हर जरूरत का समाधान अपने आस-पास खोज लिया, उन्हें उजड़ने, बसने और लौटने की जरूरत न पड़ी। 'खर-खोदर' यानि घास व पतवार के उपयोग से सुंदर-सुंदर वस्तुएं राम बाजार में मिलेंगी। गजानन माधव मुक्तिबोध अपनी कविता



में लिखते हैं कि मैं हर टहनी में डंठल में, एक-एक स्वप्न देखता हुआ,पहचान रहा प्रत्येक जतन से जमा रहा, टोकरी उठा मैं चला जा रहा हूं। टोकरी उठाना चलन नहीं, वह फैशन के विपरीत, इसलिए निगाहें बचा बचा आड़े तिरछे चलता हूं। अब निगाह चुराने की जरूरत नहीं क्योंकि टहनियों से बनी वस्तुएं फैशन बन गई हैं।

जुल्फ संवारने के लिए नीम की लकड़ी से बनी नक्काशीदार कंघियां, बालों को बिखरने से बचाने के लिए क्लैचर, भोजन करने के लिए खूबसूरत चम्मच, चाबी छल्ले मेले का आकर्षण होंगे। गुड़ की सोंधी महक बाजार में गमकेगा। बैठने के लिए मोढ़े, पेन रखने का स्टैंड, मूंज से बने सजावटी सामान, बेंत नरकुल की कुर्सियां के माध्यम से गांव के हुनर का जलवा बिखरेगा। कंघियों के संदर्भ में आरज़ू लखनवी का वो शेर याद आता हैं जिसमें उन्होंने बड़े ही प्यार और मोहब्बत से कहा कि पूछा जो उनसे चांद निकलता है किस तरह, जुल्फ़ों को रूख पे डाल के झटका दिया कि यूं। ये गेसुओं की घनी छांव हैं मेरी ख़ातिर, ये होंठ और ये बाहें मेरी अमानत हैं। हर मोहबत का दीवाना अपनी महबूबा की जुल्फों की छांव में रहना चाहता हैं, उसे संवारना चाहता है और उससे खेलना चाहता हैं। यह मेला दीवानों की हसरत भी पूरी करेगा। जुल्फों को संवारने के लिए नीम की लकड़ी से बनी नक्काशीदार कंघियां यह अहसास दिलाएंगी कि आधुनिक युग हो या पाषाण युग, जुल्फों का साया तो हमेशा संवरता रहा है।

जन्म काल से लेकर टीनएज तक रामायण मेला अपने उद्देश्यों की खुशबू देश दुनिया में बिखेर रहा था। पिछले दो दशक से यह मेला औपचारिक बन गया था लेकिन विगत वर्ष जब इसकी कमान आशीष मिश्र के हाथों आई तो यह निखर उठा। मेला के वैश्विक प्रचार प्रसार के लिए आशीष की रणनीति में पर्यटन की दुनिया से जुड़े ट्रैवल ऑपरेटर, टूर ऑपरेटर, ब्लॉगर, यूट्यबर्स, चैनल, प्रिंट मीडिया, पत्रिका के प्रमुखों को अयोध्या बुलाना शामिल है। रामायण मेला के माध्यम से गांव का हुनर रामकथा पार्क में निखरेगा। इसे राम बाजार का नाम दिया गया है। रामायण मेला छह दिन चलेगा लेकिन राम बाजार दस दिन तक खुला रहेगा।

ग्राम शिल्प के प्रति रुचि व उनकी प्रतिभाओं की राष्ट्रीय ख्याति दिखाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्धता सराहनीय है। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में टूरिज्म बढ़ाने के कई कदम उठाए हैं, क्योंकि सरकार बाजार की दृष्टि से भी विकास को देख रही है। राम बाजार में भारत सरकार के वस्त्र हस्तशिल्प मंत्रालय एवं राज्य सरकार की तरफ से एक जनपद एक योजना के अनेकों स्टाल लगाए जाएंगें। यहां साज सज्जा, गृह उपयोग की ऐसी वस्तुओं का संग्रह होगा जो आपका मनमोह लेंगी।

मणिराम दास छावनी में महंत नृत्य गोपाल दास की अनुमति से रामायण मेला समिति अयोध्या के कार्यवाहक अध्यक्ष महंत कमलनयन दास की अध्यक्षता में बयालीसवें रामायण मेला की बैठक हुई। जिसमें रामायण मेला की अवधि चार दिवस से बढ़ाकर छह दिवस किया गया। रामायण मेला समिति के संरक्षक पूर्व कांग्रेसी सांसद डॉ. निर्मल खत्री ने कहा राम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या की संस्कृति एवं वैभव को विश्व स्तर पर ले जाने में रामायण मेला को बृहद एवं विस्तार रूप इस वर्ष प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि रामायण मेला के अवसर पर प्रकाशित होने वाली पत्रिका तुलसी दल में इस वर्ष रामायण मेले की अयोध्या के विकास मे चार दशकों रही भूमिका तथा अयोध्या धाम के धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के सभी प्रमुख स्थानों पर विशेष प्रकाश डालने का प्रस्ताव है।



## तिगरीधाम मेले में तीस लाख से अधिक ने लगाई हाजिरी

**अमरोहा,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तरी भारत के धार्मिक महत्व के प्रसिद्ध तिगरीधाम गंगा स्नान मेले में आज़ तीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। लगभग दस किलोमीटर दूर तक फैले कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले में रविवार देर शाम लगभग चार बजे गंगा तट पर दीप-दान आरंभ हो गया था। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के पश्चात भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर पांडवों ने अपने सगे संबंधियों की आत्मा की शांति के लिए दीप-दान किया था। महाभारत कालीन परंपरा का निर्वहन आज़ भी श्रद्धा और विश्वास से निरंतर जारी है। रविवार शाम को दीपदान शुरू होते ही पतित पावनी, मोक्षदायिनी मां गंगा के तट जगमगा उठे।

गौरतलब है कि 18 नवम्बर से ही ट्रैक्टर ट्रालियों में सगे संबंधियों तथा परिवारों सहित से किसानों ने मेला स्थल, गंगा की रेती पर तंबू गाड़ दिए थे, जबकि मेले का विधिवत शुभारंभ 23 नवम्बर को कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह और पुलिस महानिरीक्षक मुरादाबाद मुनीराज जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। मेले में धूलरहित चौड़ी सड़कें, बेहतरीन पुलिसिंग, फागिंग मशीन द्वारा कीटनाशक छिड़काव, साफ-सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संचालिका मुख्य अध्यापिका मंजू पंवार द्वारा श्रोताओं की भीड़ को बांधे रखने की शैली, गंगा की रेती पर धूनी रमाए साधुओं की मंडली, दस दिन तक जीवन के तमाम झंझावातों को भूलकर उल्लास और और उमंग से लबरेज श्रद्धालुओं का सैलाब, राष्ट्र की खुशहाली और परलोक को संवारने की कामना को लेकर गंगा स्नान, दिन-रात पूजा ध्यान, दान पुण्य, अखंड पाठ भंडारे, खेल तमाशे, जीवन को उल्लास और उमंग के साथ जीने की आस लिए ब्रह्ममुहुर्त के समय से स्नान के बाद श्रद्धालुओं का कारवां घर वापस लौटते समय सारे दिन हर हर गंगे हर हर महादेव गूंजायमान रहा।

देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार 28 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मोदी को बेनकाब करता सोनिया गांधी का लेख

आधारहीन होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस पार्टी, उनके नेताओं एवं सरकारों की जिस अशोभनीय तरीके से आलोचना करते हैं, उसकी कलई अब धीरे-धीरे खुलने लगी है। चाहे भ्रष्टाचार हो या वंशवाद का सन्दर्भ अथवा सरकार के कामकाज से सम्बन्धित कोई तथ्य हो- अब मोदी, उनकी सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपनाये जाने वाले दोहरे मानदंडों वाले व्यवहार का भी पर्दाफाश हो गया है। सच तो यह है कि मोदी के दूसरे कार्यकाल के समाप्त होते न होते उनके झूठ व प्रपंच पूरी तरह से जगजाहिर हो गये हैं। विकास के मुद्दों पर तो मोदी यही रटी-रटायी बात करते थे कि पिछले 70 वर्षों में कुछ भी नहीं हुआ है, वहीं वे यह बताते थे कि उनकी पूर्ववर्ती डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार (दो कार्यकाल) पूरी तरह से कठपुतली सरकार थी जो सोनिया गांधी के इशारे पर काम करती थी। वे हाल के चुनाव प्रचार तक यही कहते रहे हैं कि मनमोहन सिंह का रिमोट मैडम (आशय- सोनिया गांधी) के हाथ में रहता था। मोदी का यह भी कहना रहा है कि राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (नेशनल एडवाइज़री काउंसिल- एनएसी) दूसरा पॉवर सेंटर बन गया था जिसका संचालन सोनिया गांधी करती थीं।

इस मुद्दे पर सोनिया गांधी ने अब जो जवाब दिया है वह लोगों के लिये आंखें खोल देने वाला तो है ही, मोदी एवं उनके जैसों को निरूत्तर करने के लिये भी काफी होना चाहिये, बशर्ते उनमें सच्चाई का सामना करने का साहस तथा नैतिकता का तकाज़ा हो। अपनी आने वाली एक किताब में सोनिया गांधी ने इस पर स्पष्टीकरण तो दिया ही है, मोदी सरकार पर गम्भीर आरोप जड़ दिये हैं। उन्होंने कहा है कि उन पर मनमोहन सिंह सरकार को नियंत्रित करने का आरोप लगाने वाले मोदी की अपनी सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आदेशों के अनुसार काम करती है जो न विश्वसनीय है न निर्वाचित। उन्होंने इससे इंकार किया कि एनएसी कोई दूसरा शक्ति केन्द्र था। उनके अनुसार यह लोगों के अधिकारों व उनके सशक्तिकरण सम्बन्धी सुझाव देती है। किताब में 'एन्हैंसिंग पीपल्स राइट एंड फ्रीडम- एनएसी रिविजिटेड' शीर्षक वाले अध्याय में उन्होंने कहा है कि यह विडम्बना है कि एनएसी को अपमानित किया गया है जबकि मौजूदा एनडीए सरकार अपनी नीतियों को लेकर आरएसएस से निर्देश लेती है। उन्होंने आगे बताया है कि 2015 में केन्द्रीय मंत्रियों ने अपनी नीति का पूरा खाका उनके सामने प्रस्तुत किया था जिसे स्वयं मोदी ने 'सरकार को मार्गदर्शन' का नाम दिया था पर ये लागू नहीं किये गये।

सोनिया गांधी ने साफ किया है कि एनएसी का काम केवल सुझाव देना था। अमल करना या न करना प्रधानमंत्री व सरकार के विवेक पर निर्भर था। उन्होंने याद दिलाया कि जब अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातियों के लिये अलग से बजट बनाने और गैर संगठित क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिये भी सामाजिक सुरक्षा का कार्यक्रम बनाने का सुझाव दिया गया था तो वे फैसले नहीं माने गये। यूपीए की अध्यक्ष एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का संकेत प्रधानमंत्री के विवेकाधिकार की ओर ध्यान दिलाना था जो शक्ति केन्द्र नहीं है। वह केवल पीएम के सलाहकार निकाय के रूप में कार्यरत थी। सोनिया का यह कहना भी बिलकुल सही है कि एनएसी की आलोचना इसलिये की जा रही है क्योंकि उसकी अध्यक्ष व कांग्रेस की अध्यक्ष वे ही थीं। उन्होंने लेख बताया कि केवल बाजार ही लोगों के विकास को सुनिश्चित नहीं कर सकता। इसके लिये लोगों के अधिकारों को अक्षुण्ण बनाये रखना एवं उनमें इज़ाफ़ा करना भी आवश्यक होता है जो करने की कोशिश उनके रहते परिषद द्वारा की गई थी।

सोनिया का लेख बतलाता है कि मोदी की समझ न केवल संकीर्ण व पूर्वाग्रह से ग्रस्त है वरना वह दोषपूर्ण भी है। मनमोहन निश्चित रूप से सोनिया की ही पसंद के व्यक्ति थे क्योंकि उन्होंने पीएम बनने से इंकार कर दिया था, लेकिन यह भी सच है कि उन्होंने पूरी आज़ादी से काम किया था। तत्कालीन एनएसी ने भी बेहतरीन सुझाव देते हुए भारत की खुशहाली में बड़ा योगदान दिया था। मनमोहन सिंह के अनेक कार्यों की रूपरेखा पर पहले उनकी सलाहकार परिषद में भी विचार-विमर्श हुआ और उसे मनमोहन सिंह जैसे कुशाग्र व्यक्ति द्वारा परिमार्जित कर लागू किया गया था। इसके बेहतरीन नतीजे भी प्राप्त हुए थे। एनएसी की सलाह पर सरकार ने सूचना का अधिकार लागू किया जिससे लोगों की पहुंच आवश्यक जानकारियों तक हो सकी है। इससे सरकार की जवाबदेही बढ़ी तथा लोक सेवा की प्रणाली अधिक सक्रिय हुई है। भोजन के अधिकार ने बड़े पैमाने पर लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। कुपोषण की समस्या से भी एक बड़ी आबादी को छुटकारा मिल सका था। शिक्षा के अधिकार ने साधनविहीन परिवार के बच्चों को भी गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने वाले परन्तु महंगे स्कूलों में प्रवेश दिलाया ताकि सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हो। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना (मनरेगा) को नहीं भुलाया जा सकता, जिसने रोजगार को अधिकार के साथ जोड़ा है। जब ग्रामीणों के पास जीविकोपार्जन के साधन नहीं रहते, उनके द्वारा मांग करने पर रोजगार देने के लिये शासन को बाध्य करने वाला कानून इसी एनएसी के जरिये आया था। इसने देश की एक बड़ी आबादी को कोरोना काल में भूखे मरने से बचाया था। इसका महत्व इसी बात से लगाया जा सकता है कि संसद में इसे कांग्रेस सरकार की 'विफलता का स्मारक' बतलाने वाले मोदी की पार्टी इसके तहत हुए कामों का बखान अपने चुनावी घोषणापत्र में करती दिखाई दी। सोनिया का लेख मोदी को बेनकाब करता है।

# संविधान दिवस यानी पाखंड पर्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देशवासियों को संविधान दिवस की बधाई देने के जरिए, प्रकारांतर से संविधान में अपनी निष्ठा की बात भी दोहराई। यह दूसरी बात है कि इस बार किन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री ने, 26 नवंबर की अपनी ''मन की बात'' में संविधान दिवस की महत्ता का बखान करने पर ही संतोष कर लिया। पिछले वर्षों के विपरीत इस बार उन्होंने संविधान दिवस के मौके पर, अपने हिसाब से संविधान को ही देखने की कोई नयी दृष्टि देना जरूरी नहीं समझा, जैसे कि मिसाल के तौर पर 2019 से वह संविधान के संदर्भ में मौलिक अधिकारों के मुकाबले में, मौलिक कर्तव्यों को ज्यादा महत्व दिए जाने का आग्रह संविधान के संदर्भ में उनके संबोधनों की मुख्य थीम बना रहा है। इसे पिछले साल इसी मौके पर, सर्वोच्च न्यायालय के आयोजन में अपने संबोधन में भी प्रधानमंत्री ने दोहराया था।

हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार इस सिलसिले में यह याद दिलाना कभी नहीं भूलते हैं कि 1949 में संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर को संविधान के स्वीकार किए जाने के दिन को, संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत 2015 से वर्तमान निजाम में ही हुई थी। इससे पहले तक तो, 1950 में इस संविधान के लागू होने के दिन, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाना ही, संविधान में निष्ठा जताने के लिए काफी समझा जाता था। लेकिन, मोदी राज के सरकारी कैलेंडर में, गणतंत्र दिवस से अलग, संविधान दिवस के पालन को जुड़वाने के पीछे, संविधान के साथ ठीक वैसा ही सलूक छुपा हुआ है, जैसा सलूक अंबेडकर, सरदार पटेल आदि से लेकर सुभाषचंद्र बोस आदि तक के मौजूदा राज के ''सम्मान'' के साथ लगा रहता है। और यह है सम्मान या नामस्मरण के नाम पर प्रतिमा पर माला चढ़ाने से लेकर स्मारक बनाने तक के पाखंड और इस पाखंड की ओट में, ठीक उल्टे रास्ते पर चलना। इसी सलूक का एक और उदाहरण, भारत के ''मदर ऑफ डैमोक्रेसी'' होने का ढोल पीटना और वास्तविक अमल से यह सुनिश्चित करना है कि शेष दुनिया भारत को ''आंशिक जनतंत्र'' से लेकर ''चुनावी तानाशाही'' या ''चुनावी निरंकुश शासन'' तक कहे और प्रेस की स्वतंत्रता के सूचकांक पर भारत, कुल 180 देशों में 161वें स्थान पर हो!

संविधान के साथ मौजूदा निजाम के इसी शत्रुतापूर्ण सलूक के जीते-जागते सबूत के तौर पर, देश के सर्वोच्च न्यायालय को इस बार संविधान दिवस के कर्मकांड से सिर्फ दो दिन पहले, इस निजाम के राज्यपालों की एक प्रकार से संवैधानिक व्यवस्था को ही पलटने की कोशिशों के खिलाफ काफी सख्त फैसला सुनाना पड़ा था। पंजाब के राज्यपाल, बनवारी लाल पुरोहित के द्वारा राज्य विधानसभा द्वारा पारित किए गए विधेयकों को रोक कर रखे जाने और वास्तव में विधानसभा की बैठकों को ही अमान्य ठहराने के खिलाफ, राज्य की निर्वाचित सरकार की याचिका पर 23 नवंबर को सुनाए गए अपने महत्वपूर्ण निर्णय में, सुप्रीम कोर्ट को एक न्यूनतम पूर्वाधार के रूप में संवैधानिक व्यवस्था के इस बुनियादी सिद्धांत को दोहराना पड़ा है कि, ''राज्य के एक अनिर्वाचित प्रमुख के रूप में राज्यपाल को कुछ संवैधानिक शक्तियां सौंपी गयी हैं'', लेकिन ''इस शक्ति का उपयोग राज्य विधायिका (सरकार) द्वारा कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को विफल करने के लिए नहीं किया जा सकता है।'' और यह भी कि राज्यपाल, ''एक प्रतीकात्मक प्रमुख हैं और वह राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई रोक नहीं सकते हैं।''



राजेन्द्र शर्मा

> प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार इस सिलसिले में यह याद दिलाना कभी नहीं भूलते हैं कि 1949 में संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर को संविधान के स्वीकार किए जाने के दिन को, संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत 2015 से वर्तमान निजाम में ही हुई थी। इससे पहले तक तो, 1950 में इस संविधान के लागू होने के दिन, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाना ही, संविधान में निष्ठा जताने के लिए काफी समझा जाता था।

अनिर्वाचित, प्रतीकात्मक प्रमुख के रूप में राज्यपालों के निर्वाचित विधायिका के विधान बनाने के काम को ही विफल करने की इस प्रवृत्ति पर और इसके लिए राज्यपालों द्वारा राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर लंबे समय तक बैठे रहकर, विधायी प्रक्रिया को ही रोक देने की कोशिशों को, सुप्रीम कोर्ट ने अनिर्वाचित प्रतीकात्मक प्रमुख की निर्वाचित राज्य विधायिका पर वीटो हासिल करने की कोशिश करार देते हुए, ऐसी कोशिशों को दो-टूक शब्दों में संविधान के विरुद्ध के रूप में अमान्य कर दिया है। इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने किसी भ्रम की गुंजाइश नहीं छोड़ते हुए, अपने निर्णय में यह भी स्पष्ट किया है कि, निर्वाचित राज्य विधायिका द्वारा विधेयक पारित किए जाने के बाद, राज्यपाल के पास तीन ही विकल्प होते हैं—विधेयक को मंजूरी देना, नामंजूर हो तो उसे संशोधन या सुझाव के साथ या पुनर्विचार के अनुरोध के साथ विधायिका को लौटाना और विधेयक राष्ट्रपति को रैफर करना। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया इनके अलावा, अनंतकाल तक विधेयक को रोके रखने जैसा कोई चौथा विकल्प, राज्यपाल को उपलब्ध नहीं है। उल्टे सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल द्वारा 'यथाशीघ्र' निर्णय लेकर, विधायिका को सूचित किए जाने की अनिवार्यता को रेखांकित करते हुए याद दिलाया कि, ''राज्यपाल को किसी विधेयक को बिना किसी कार्रवाई के अनिश्चितकाल तक लंबित रखने की आजादी नहीं दी जा सकती है।''

हालांकि सुप्रीम कोर्ट का 23 नवंबर का उक्त निर्णय, पंजाब के राज्यपाल के आचरण के संबंध में निर्वाचित राज्य सरकार की याचिका के विशेष संदर्भ में आया है, लेकिन सच्चाई यह है कि मोदी निजाम द्वारा बैठाए गए राज्यपालों ने विपक्ष शासित राज्यों में, शासन का काम-काज बाधित करने के जो हथकंडे विकसित किए हैं, विधानसभाओं द्वारा पारित किए गए विधेयकों को लंबे अर्से तक रोके रखन, इन हथकंडों में से एक महत्वपूर्ण हथकंडा है। इसका सहारा लेकर, राज्यपाल इस स्पष्ट संवैधानिक व्यवस्था को धता बता सकता है कि राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयक, राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार के लिए लौटाए जाने के बाद, अगर विधानसभा उसे दोबारा पारित कर देती है, तो राज्यपाल को उसके लिए मंजूरी देनी ही होगी। ठीक उसी समय जबकि पंजाब में मामले में सुप्रीम कोर्ट उक्त सख्त और दो-टूक निर्णय दे रही थी, सुप्रीम कोर्ट में ही तमिलनाडु और केरल की विपक्षी सरकारें भी, अपने राज्यपालों के ठीक ऐसे ही विधेयकों पर दो-दो साल से बैठे रहने के खिलाफ पहुंची हुई थीं। तमिलनाडु की याचिका चंद दिनों में सुप्रीम कोर्ट लेने जा रही है, जबकि केरल की याचिका के सिलसिले में उक्त निर्णय सुनाने के अगले ही दिन, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के राज्यपाल को अपने इस निर्णय का अध्ययन करने और जाहिर है कि उसकी रौशनी में जरूरी सुधार करने की सलाह दे दी। शीर्ष अदालत शीघ्र ही इस मामले पर भी गौर करने जा रही है।

मोदी राज द्वारा छांट-छांटकर जिस तरह के राज्यपाल बैठाए गए हैं, उन्होंने विपक्ष-शासित राज्यों में जैसे आम तौर पर विपक्ष की सक्रिय भूमिका ही संभाल लेने की कोशिश की है। अव्वल तो इनमें से अधिकांश संघ-भाजपा के सक्रिय नेता ही रहे हैं, जो स्वाभाविक रूप से ऐसी भूमिका अपनाने के लिए उत्सुक हैं और कुछेक अगर नहीं भी हैं तो पुरुस्कार या दंड के जरिए, उन्हें इस रास्ते पर धकेल दिया जाता है। इसका नतीजा लगभग सभी विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों के कमोबेश, निर्वाचित सरकार के काम में अड़चनें खड़ी करने में लगे होने के रूप में ही सामने आ रहा है। बहरहाल, राज्यपालों और विपक्षी सरकारों के बीच के इस टकराव में, एक महत्वपूर्ण समान तत्व उच्च शिक्षा संस्थाओं पर, संघ का कब्जा कराने के लिए, अपना निरंकुश नियंत्रण कायम करने की राज्यपालों की कोशिशों का है। केरल, तमिलनाडु तथा अन्य विपक्ष शासित राज्यों में भी सरकारों ने, राज्यपालों की उच्च शिक्षा संस्थाओं के प्रतीकात्मक प्रमुख से आगे बढ़कर, निरंकुश कार्यपालक प्रमुख बनने की कोशिशों को रोकने के लिए, संबंधित कानूनों में संशोधन पारित किए हैं। लेकिन, राज्यपाल दो-दो बरस से इन संशोधनों पर बैठे हुए हैं और राज्यों की उच्च शिक्षा व्यवस्था में अराजक स्थितियां पैदा कर रहे हैं।

अनिर्वाचित प्रतीकात्मक प्रमुखों के, निर्वाचित सरकारों की सत्ता व अधिकार हड़पने की इस कहानी के मामले में, औपचारिक रूप से उप-राज्यपाल कहलाने वाले लैफ्टीनेंट गवर्नर तो, राज्यपालों से भी दो कदम आगे नजर आते हैं। दिल्ली में उपराज्यपाल ने तो केंद्र के प्रत्यक्ष आशीर्वाद से एक प्रकार से दुहरी शासन व्यवस्था ही थोपी हुई है, जिसका नतीजा अनेक महत्वपूर्ण मामलों में शासन-प्रशासन का काम अटके रहने से लेकर ठप्प होना तक है। यह स्थिति इसके बावजूद है कि सुप्रीम कोर्ट, कम से कम दो अलग-अलग मौकों पर, स्पष्ट रूप से यह कह चुकी है कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार ही, दिल्ली की वास्तविक सरकार है। लेकिन, मोदी सरकार ने हर बार, दिल्ली से संबंधित कानूनों में संशोधन कर के जमीन पर यह स्थापित करने की कोशिश की है कि लैफ्टीनेंट गवर्नर और जाहिर है कि उसके माध्यम से केंद्रीय गृहमंत्रालय ही, दिल्ली की वास्तविक सरकार है। ताजातरीन संशोधन तो नौकरशाहों की नियुक्ति, तबादले आदि के मामलों के संबंध में, इसी साल कुछ ही महीने पहले किया गया है। और यह सब तब है जबकि दिल्ली में सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस तथा जमीन के मामले पहले ही सीधे केंद्र के हाथों में हैं। दिल्ली की ही तरह, जब तक पुदुच्चेरी में विपक्षी सरकार थी, भाजपा नेता से लैफ्टीनेंट गवर्नर बनाकर बैठाई गईं किरण बेदी ने, उसका काम करना मुश्किल बनाए रखा था। यहां तक कि एक मौके पर तो खुद मुख्यमंत्री को उप-राज्यपाल के खिलाफ धरने पर भी बैठना पड़ा था।

बेशक, अनिर्वाचित राज्यपालों/ उप-राज्यपालों के जरिए, निर्वाचित राज्य सरकारों की सत्ता का अपहरण करने के इस संविधानविरोधी खेल का ही और भी बड़ा रूप, हमें जम्मू-कश्मीर में देखने को मिल रहा है। वहां छः साल से ज्यादा से सीधे केंद्र तथा केंद्र के एजेंट का शासन चल रहा है, लेकिन निर्वाचित सरकार की कोई सुनगुन ही नहीं है। इसी दौरान राज्य के बांटे जाने तथा उसका दर्जा घटाकर केंद्र शासित क्षेत्र का किए जाने के बाद भी, चार साल गुजर जाने के बावजूद और विधासभाई सीटों के परिसीमन तथा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के सारे काम पूरे हो जाने और आतंकवाद पर काबू पाए जाने के सारे दावों के बावजूद, विधानसभाई चुनाव को कहीं कोई जिक्र नहीं है। हैरानी की बात नहीं होगी कि जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस का पाखंडपूर्ण कर्मकांड भी शायद ही हुआ हो।

संविधान दिवस के पाखंडपूर्ण कर्मकांड मात्र होने पर ही जैसे मोहर लगाते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी ''दुर्भाग्यपूर्ण'' करार देते हुए याद दिलाई कि संविधान में 'पहला संशोधन वाणी की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए किया गया था।' पर इस पर अफसोस का पाखंड उस सरकार का मुखिया कर रहा था, जो ठीक उसी समय परंपरागत तथा इलैक्ट्रोनिक मीडिया को लगभग पूरी तरह से कांख में दबाने के बाद, सामाजिक तथा अन्य नये मीडिया व मनोरंजन प्लेटफार्मों की भी मुश्कें कसने में जुटी हुई है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# असम में इंडिया साझेदारों में सीट बंटवारे पर माथापच्ची

■ आशीष विश्वास

पड़ोसी पश्चिम बंगाल की तरह, 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ इंडिया गठबंधन के घटकों द्वारा आमने-सामने की लड़ाई सुनिश्चित करने के प्रयास असम में भी ठीक नहीं चल रहे हैं, जो 14 सीटों के साथ पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा राज्य है।

राष्ट्रीय स्तर पर, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसी पार्टियां सीटों की साझेदारी के प्रमुख मुद्दे पर तत्काल समझौते के लिए दबाव डाल रही थीं, परन्तु सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता और नये इंडिया गठबंधन के स्पष्ट राजनीतिक केंद्र के रूप में, कांग्रेस जवाब नहीं दे रही थी।

उनका व्यापक तर्क था: व्यापक विपक्षी गठबंधन में इतने सारे दलों और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी और विभिन्न क्षेत्रीय दलों के बीच स्पष्ट नीतिगत मतभेदों, और संभवत: कुछ के बदमिजाजी के कारण कोई भी सीट समायोजन अभ्यास समय साध्य होना ही था। यह संपूर्ण भाजपा-विरोधी विपक्ष को एक छतरी के नीचे लाने के बड़े महत्वाकांक्षी उद्देश्य का अब तक का सबसे कठिन हिस्सा था।

> टीएमसी और आप दोनों ही राजनीतिक रिकॉर्ड के मामले में राज्य के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र में नये लोगों की श्रेणी में हैं! चूंकि राज्य में सीटों की संख्या केवल 14 है, अनौपचारिक बातचीत की ऐसी प्रवृत्ति इस बात का स्पष्ट संकेत देती है कि असम में सीट समायोजन वार्ता कितनी कठिन साबित हो सकती है। जहां तक पश्चिम बंगाल की बात है, वहां स्थिति और भी खराब थी।

इसके अलावा, अधिकांश क्षेत्रीय दलों ने, अनौपचारिक रूप से सीटों की प्रारंभिक मांग रखते हुए भी, यह स्पष्ट कर दिया था कि पूरे भारत में, उन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उनके हितों को समायोजित करेगी, जो राजनीतिक नेतृत्व का एक महान उदाहरण स्थापित करेगी। इसके साथ ही, उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी पार्टी बताया, जिसका पतन हो चुका है और अगर भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर हराना पहली प्राथमिकता है, तो उसे क्षेत्रीय दलों की मदद की सख्त जरूरत है।

राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक वोट प्रतिशत, 2019 के लोकसभा चुनावों में लगभग 20प्रतिशत, के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के रूप मेंकांग्रेस नेताओं ने जोर देकर कहा कि कोई भी क्षेत्रीय पार्टी उनके वोट शेयर या हासिल की गई सीटों की संख्या के करीब भी नहीं आई। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी की प्रभावशाली भारत जोड़ो यात्रा को काफी लोकप्रिय समर्थन मिला है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि वे इसी कारण पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के नतीजे आने तक सीट समायोजन वार्ता के लिए इंतजार करने के लिए इंडिया गठबंधन की छोटी पार्टियों पर हावी हो गये। गैर-कांग्रेसी इंडिया गठबंधन साझेदारों को 3 दिसंबर के नतीजों के लिए अनिच्छा से इंतजार करना पड़ा।

जहां तक असम का सवाल है, टीएमसी और आप दोनों ने अनौपचारिक रूप से कम से कम 5 सीटों पर लड़ने का दावा किया है! यह, सीपीआई (एम), सीपीआई, रायसर दल, असम जातीय परिषद और मैदान में अन्य स्थानीय स्थापित पार्टियों की सीटों के लिए की जाने वाली समान मांगों के संदर्भ या चर्चा के बिना है।

ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि टीएमसी और आप दोनों ही राजनीतिक रिकॉर्ड के मामले में राज्य के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र में नये लोगों की श्रेणी में हैं! चूंकि राज्य में सीटों की संख्या केवल 14 है, अनौपचारिक बातचीत की ऐसी प्रवृत्ति इस बात का स्पष्ट संकेत देती है कि असम में सीट समायोजन वार्ता कितनी कठिन साबित हो सकती है।

जहां तक पश्चिम बंगाल की बात है, वहां स्थिति और भी खराब थी। विवाद में 42सीटों के साथ, सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम या कांग्रेस जैसे प्रमुख इंडिया सहयोगी सत्तारूढ़ टीएमसी से बात करने को भी तैयार नहीं हैं। जैसा कि सीपीआई (एम) और कांग्रेस के राज्य नेता खुले तौर पर कहते हैं, कि टीएमसी के साथ सीटें साझा करने की बात पर वे अपने केंद्रीय नेतृत्व से सहमत नहीं होंगे, क्योंकि बंगाल में सभी विपक्षों को खत्म करने के लिए टीएमसी की घोर ज्यादतियां, भ्रष्टाचार और आधिकारिक मशीनरी का दुरुपयोग है।

गौरतलब है कि न तो केंद्रीय सीपीआई (एम) नेताओं और न ही कांग्रेस आलाकमान ने कोई संकेत दिया है कि वे राज्य के पार्टी नेताओं को अपने टीएमसी विरोधी रुख को नरम करने के लिए दृढ़ता से निर्देश देंगे। हालांकि, ऐसे संकेत हैं कि दिल्ली स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएमसी के साथ कुछ समायोजन करने की बहुत कोशिश कर रहे हैं, अगर टीएमसी सबसे पुरानी पार्टी को कम से कम 5/6सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति देती है।

इस नाजुक स्थिति में, असम कांग्रेस के नेता भूपेन बोरा और देबब्रत सैकिया ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी आलाकमान ने असम के लिए सीट समायोजन प्रस्तावों की जांच करने और उन्हें अंतिम रूप देने के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति या पार्टी अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, अन्य दलों के साथ बातचीत के बाद सीट समायोजन और अन्य मुद्दों पर पार्टी की अंतिम स्थिति की घोषणा करेंगे।

असम से नवीनतम मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, असम कांग्रेस के अध्यक्ष श्री बोरा और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता श्री सैकिया ने स्पष्ट किया कि सीट समायोजन पर कांग्रेस नेताओं द्वारा घोषित अंतिम निर्णय इंडिया गठबंधन के भीतर बाध्यकारी होगा।

यह अप्रत्याशित नहीं कि आप और टीएमसी दोनों ने इसका जोरदार और तुरंत विरोध किया। आप इस बात पर जोर देने की इच्छुक है कि वह नये गठबंधन के भीतर मुख्य भूमिका के रूप में क्या देखती है, खासकर पंजाब में जीत के बाद, जो दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश के बाद उसकी बेल्ट के तहत दूसरा राज्य है। कांग्रेस के बाद, वह खुद को भाजपा-विरोधी समूह में पहले स्थान पर देखती है। इसके नेताओं ने कुछ मामलों में त्रिपुरा, गोवा या असम में अपनी छाप छोड़ने में टीएमसी की विफलता का जिक्र करते हुए टीएमसी पर भी कटाक्ष करना शुरू कर दिया है।

राज्य स्थित टीएमसी और आप नेताओं ने असम में मीडिया से कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि केंद्रीय कांग्रेस नेतृत्व द्वारा राज्य में सीट बंटवारे के बारे में घोषित निर्णय को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में उसके गैर-कांग्रेसी सहयोगियों के लिए 'बाध्यकारी' माना जाये।

स्पष्ट रूप से, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में विपक्षी नेताओं ने अपनी अलग-अलग राजनीतिक मजबूरियों को देखते हुए, भाजपा विरोधी एक महत्वपूर्ण राजनीतिक एकजुटता हासिल करने के लिए अपना काम बंद कर दिया है।

## पावन प्रसंग

# ध्यान कैसे करें

ध्यान क्या है ? ध्यान कैसे करें, ध्यान करने की सबसे अच्छी विधि क्या है ? ध्यान कितने समय तक करना चाहिए ? क्या आंखें बंद कर करके ईश्वर का स्मरण करना ही ध्यान है ? क्या किसी आसन विशेष में बैठकर किसी वस्तु, व्यक्ति या बिंदु पर मन को एकाग्र करना ध्यान है ? आदि अनेक प्रश्न साधकों व जिज्ञासुओं के मन में उठते हैं। ध्यान ईश्वर की अनुभूति का, परमानंद की प्राप्ति का एक श्रेष्ठ साधन है। ध्यान की कई विधियां हैं और उन सबका उद्देश्य एक ही है- ईश्वर की अनुभूति व परमानंद की प्राप्ति। इसे ऐसे महसूस करें कि जैसे पूर्णिमा का चांद अपने संपूर्ण स्वरूप में चमक रहा है। वह समुद्र की सतह पर प्रतिबिंबित हो रहा है, पर समुद्र में उठ रही ऊंची-ऊंची लहरों पर चंद्रमा का प्रतिबिंब टिक नहीं पा रहा, स्थिर, नहीं हो पा रहा। फलस्वरूप हम उसके संपूर्ण स्वरूप का, सौंदर्य का दर्शन, दिग्दर्शन नहीं कर पा रहे। पर अचान जैसे ही समुद्र में उठने वाली ऊंची-ऊंची लहरें कुछ पल के लिए शांत होती हैं, वैसे ही चंद्रमा अपने पूर्ण, संपूर्ण सौंदर्य, स्वरूप में दिखने लगा और उसके इस अप्रतिम, अनुपम सौंदर्य को देखकर कोई भी हो, आनंदित, आह्लादित, प्रफुल्लित हुए बिना नहीं रह सकेगा।

इसी तरह से यह भी सत्य है कि हमारी आत्मा में भी परमपिता परमात्मा, का वास है, पर प्रश्न उठता है कि अपनी आत्मा में ही विराज रहे परमात्मा की हमें अनुभूति क्यों नहीं हो पाती ? ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे मन में, हमारे चित्त में भी ऊंची-ऊंची लहरें उठती हैं। हमारे मन में अच्छाओं की ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं उन लहरों के कारण ही हमें अपने ही भीतर विराजमान परमात्मा के होने की अनुभूति नहीं हो रही। अत: विभिन्न पूजा पद्धतियों व ध्यान की विधियों का एक ही उद्देश्य है- मन में उठ रही उन सभी लहरों को शांत कर लेना, समाप्त कर लेना।

ध्यान मन की लहरों को शांत करता है, चित्त को स्थिर रखता है, संस्कारों से मुक्त रखता है। मन की इच्छाओं को शांत करता है,हमें हमारी आत्मा में प्रकाश स्वरूप परमात्मा के दर्शन होने लगते हैं। हमारे अंदर आनंद का अजस्र स्रोत फूट पड़ता है। हमारा अंतस ईश्वरीय आलोक से आलोकित होने लगता है। यह ऐसा आनंद है जो अवर्णनीय है, अलौकिक है, अद्वितीय है, अनुपम है। यह परम आनंद हमारी आत्मा से प्रस्फुटित होता है, क्योंकि हम स्वयं भी सत चित्त आनंद स्वरूप परमात्मा से बने हैं। हम स्वयं भी उन्हीं परमात्मा के अंश हैं जो आनंदस्वरूप हैं। यह हमारी अपनी ही चेतना है, जो ईश्वरीय चेतना से जुड़कर स्वयं भी सत चित्त आनंदस्वरूप परमात्मास्वरूप हो जाती है।

अब प्रश्न यह उठता है कि ध्यान की शुरुआत कहां से और कैसे करें ? इसकी शुरुआत हम निस्संदेह एकाग्रता से कर सकते हैं। हम जो भी कार्य करें, उसे एकाग्रचित्त होकर करें। यदि हम भोजन पर बैठे हैं तो उसे पूरी एकाग्र होकर करें यदि हम खेल रहे हैं तो हमारी पूरी एकग्रता खेल में ही होनी चाहिए। यदि हम पढ़ रहे हैं तो हमारी पूरी एकाग्रता पढ़ने में ही होनी चाहिए। इससे हमारा मन अधिक एकाग्र और संवेदनशील होता जाएगा और ध्यान के अनुकूल होता जाएगा। हम भोजन की टेबल पर बैठे भोजन कर रहे होते हैं और राजनीति तथा अन्य विषय की चर्चाएं भी चल रही होती हैं। हम स्नान कर रहे होते हैं और अन्य विषयों पर विचार भी कर रहे होते हैं। यह ठीक नहीं है क्योंकि इससे मन की एकाग्रता क्षीण पड़ती है। जिस काम को करें उसमें पूर्णत: एकाग्र हो जाएं। यदि हम गुनगुनी धूप में बैठे हैं तो सूर्य की किरणों को यों महसूस करें मानो इन किरणों के माध्यम से सूरज ने अपने हाथ हम तक फैला दिए हैं, मानो सूरज हमें स्पर्श कर रहा हो। हमारे चेहरे पर पड़ती सूरज की गुनगुनाती धूप हमारे हृदय को आंदोलित करने लगे। हम चलते हुए हवा के स्पर्श को महसूस करें मानो हवा के झोंकों ने हमारे संपूर्ण अस्तित्व को छू लिया हो।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# जवाबदेह महिला ही क्यों बने ?

समाज में औरतों को हमेशा से ही बंधनों में बांधकर रखा गया है, जिससे कि अगर उसके साथ किसी भी प्रकार की कोई हिंसा होती है तो वह अपने लिए न्याय के लिए लड़ने से भी डरती है क्योंकि अगर वह कुछ कहती है तो समाज ही उसे गलत ठहरा कर चुप करा देता है। ऐसे में यदि किसी लड़की के साथ किसी प्रकार की हिंसा होती है तो वह इसके खिलाफ आवाज़ भी नहीं उठा पाती है। यहां तक कि वह इसे किसी के सामने रखने से भी डरती है। बात चाहे शहर की हो या गांव की, सभी जगह महिलाएं स्वयं को शत प्रतिशत सुरक्षित नहीं मानती हैं। शहरों में जहां महिला हिंसा का अलग रूप देखने को मिलता है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक मान्यताओं के नाम पर महिलाओं के साथ सबसे अधिक हिंसा होती है। कभी उसे शारीरिक तो कभी मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। लेकिन किशोरियों के साथ होने वाली हिंसा सबसे अधिक चिंता का विषय बनती जा रही है। जिन्हें स्कूल या कॉलेज आते जाते समय कभी लड़कों तो कभी अन्य पुरुषों द्वारा फब्तियां और गंदे कमेंट्स का सामना करना पड़ता है।

अफ़सोस की बात यह है कि इस प्रकार का कृत्य जहां किशोरियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है वहीं दूसरी ओर यह समाज के नैतिक पतन की ओर इशारा भी करता है। शहरों में लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के कई अवसर मिल जाते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों के लिए यह आज भी अपेक्षाकृत काफी मुश्किल होता है। ऐसा ही एक ग्रामीण क्षेत्र है पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिला अंतर्गत रौलियाना गांव। जहां लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए कई प्रकार की बाधाओं से गुज़रना पड़ता है। इनमें सबसे बड़ी बाधा लड़कों और पुरुषों द्वारा फब्तियां और गंदे कमेंट्स कर उन्हें मानसिक रूप से परेशान करना है। यह एक ऐसी हिंसा है जो किशोरियों को मानसिक रूप से तोड़ देती है। इस संबंध में नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर गांव की एक किशोरी बताती है कि 10वीं पास करने के बाद आगे की शिक्षा के लिए किशोरियां राजकीय इंटर कॉलेज, मेगडी स्टेट में अपना नामांकन कराती हैं, जो रौलियाना से करीब 7 किमी दूर है. यह इस गांव से सबसे करीब इंटर कॉलेज है। इतना ही नहीं यह इंटर कॉलेज अन्य गांव जैसे जोड़ा स्टेट और पिंगलो से भी सबसे नज़दीक है, जिसके कारण इन सभी गांवों की लड़कियां यहीं पढ़ने आती हैं। यहां पढ़ने वाली 90 प्रतिशत लड़कियां आर्थिक रूप से बेहद पिछड़े परिवार से होती हैं. जिसकी वजह से वह प्रतिदिन 7 किमी पैदल चलकर आती हैं। यह शिक्षा के प्रति इनके लगन और मेहनत को दर्शाता है लेकिन लड़कियों के प्रति मानसिक रूप से पिछड़े समाज की सोच और कमेंट्स उनके मनोबल को तोड़ देती हैं। एक अन्य किशोरी बताती है कि अपने खिलाफ होने वाली इस हिंसा को हम लड़कियां व्यक्त भी नहीं कर पाती हैं। न तो हम इस संबंध में अपनी शिक्षिका से कह पाती हैं और न ही हम घर में इसकी शिकायत कर पाती हैं क्योंकि हमें ऐसा लगता है कि इससे हमारे ही परिवार की बदनामी होगी और सकता है कि हमारी पढाई रुकवा दी जाए क्योंकि हमने देखा है कि यदि कुछ लड़कियां हिम्मत करके इसके खिलाफ आवाज़ उठाती भी हैं स्वयं परिवार भी उनका साथ देने की जगह इसका दोष उन्हीं लड़कियों पर डाल दिया जाता है। कई परिवारों ने इस प्रकार की घटना के बाद लड़की का इंटर कॉलेज जाना ही बंद करवा दिया। वह सवाल करती है कि आखिर इसमें उस लड़की का क्या दोष होता है ? क्यों परिवार उसका साथ देने की जगह उसे ही शिक्षा से वंचित कर देता है ?

**पूजा गोस्वामी, रौलियाना, उत्तराखंड**

# देश विदेश

## अमेरिका में तीन फिलिस्तीनी कॉलेज विद्यार्थियों को गोली मारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वरमोंट में तीन फिलिस्तीनी कॉलेज विद्यार्थियों को गोली मार दी गई। सीएनएन ने पुलिस सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रविवार को एक श्वेत व्यक्ति ने फिलिस्तीनी छात्रों पर गोलियां चलाईं और फरार हो गया। गोली लगने से घायल छात्रों में दो की हालत स्थिर है और एक की स्थिति गंभीर बतायी गयी है। इनका इलाज जारी है। ब्रिटेन में फिलिस्तीनी राजदूत हुसाम जोमलॉट के अनुसार तीनों छात्रों को पर उस समय निशाना बनाया गया, जब वे एक पारिवारिक रात्रिभोज के लिए जा रहे थे।

# बंधकों के मुक्त होने तक अस्थायी संघर्ष विराम जारी रहने की उम्मीद : बाइडेन

**वाशिंगटन,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल

■ मुक्त हुए नागरिकों को सुरक्षात्मक तरीके से गाजा से स्थानांतरित किया गया



और हमास के बीच अस्थायी संघर्ष विराम बंधकों को रिहा किए जाने तक जारी रहने की उम्मीद जतायी है। श्री बाइडेन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम तब तक जारी रहेगा जब तक कि बंधकों को मुक्त नहीं कर दिया जाता। उन्होंने कहा चार साल की बंधक अबीगैल एडन ने गत सात अक्टूबर को इज़रायल में हमास के लड़ाकों द्वारा किए गए हमले के दौरान अपने माता-पिता को मरते हुए देखा था। एडन को उसी समय से बंधक बनाकर रखा गया है। उसने जो सहा वह अकल्पनीय है। इस बीच हमास ने कहा है कि इजरायल फिलिस्तीनी बंदियों को मुक्त करने का प्रयास करता है तो वह बंधकों की रिहाई के क्रम में चौथे दिन सोमवार को अंतिम बंधकों को छोड़ने पर सहमत होगा।

हमास ने यह भी कहा है कि उसने 13 इजरायली, तीन थाई और रूसी नागरिकता वालों को मुक्त कर दिया है।

## दुबई में कॉप28 में शामिल नहीं होंगे बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन आगामी 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक दुबई में शुरू होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप28) में भाग नहीं लेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स ने व्हाइट हाउस के अधिकारी के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के इस तरह के फैसले का कारण इजरायल और हमास के बीच चल रहा संघर्ष हो सकता है, जिसने हाल ही में उनका काफी समय लिया है। रिपोर्ट के अनुसार सम्मेलन में लगभग 200 देशों के नेताओं के साथ-साथ पोप फ्रांसिस के भी भाग लेने की उम्मीद है।

## इजरायल-गाजा संघर्ष पर बाइडेन प्रशासन में मतभेद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन हाल ही में इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष पर एकमत होने में असमर्थता के कारण आंतरिक विभाजन से ग्रस्त हो गया है। वाशिंगटन पोस्ट ने व्हाइट हाउस के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले नवंबर में व्हाइट हाउस के लगभग 20 कर्मचारियों ने गाजा पट्टी में नागरिकों की मृत्यु दर को कम करने के लिए वर्तमान प्रशासन की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के शीर्ष सलाहकारों के साथ एक बैठक का अनुरोध किया था। व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ जेफ जिएंट्स, वरिष्ठ सलाहकार अनीता डन और उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर के साथ एक बैठक पर टिप्पणी करते हुए, अधिकारियों में से एक को यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि कर्मचारियों की बात सुनने के बावजूद सहयोगियों ने परिचित बातों का सहारा लिया।

## इजरायल ने की रिहा किए जाने वाले बंधकों की सूची प्राप्त होने की पुष्टि

**यरूशलेम।** इजरायल ने पुष्टि की है कि उसे रातों-रात बंधकों की एक सूची मिल गई है जिन्हें सोमवार को हमास द्वारा रिहा किया जाना है। आई24 ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी। हमास ने अब तक कुल 58 बंधकों को रिहा किया है जबकि इजरायल ने 117 फिलीस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। पिछले हफ्ते कतर ने इजरायल और हमास के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम तथा कुछ कैदियों एवं बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के समझौते में मध्यस्थता की थी। इजरायली और विदेशी बंधकों के पहले समूह को शुक्रवार को एन्क्लेव से रिहा कर दिया गया। इससे पहले इजरायल ने हमास के साथ संघर्ष विराम समझौते के अंतर्गत रविवार को 39 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया, जिनमें 24 महिलाएं भी शामिल हैं। हमास की ओर से महिलाओं और बच्चों सहित 13 बंधकों के समूह को मुक्त किया गया। हमास और इजरायल इस सप्ताह की शुरुआत में गाजा पट्टी में चार दिवसीय युद्धविराम पर एक समझौते पर पहुंचे। समझौते के तहत, हमास इजरायल में बंद लगभग 150 फिलिस्तीनी बंदियों के बदले में गाजा से कम से कम 50 बंधकों को रिहा करेगा। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष में अब तक 15,700 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 28 नवम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 1

### राशिफल

मेष - आज के दिन अपने निजी विचारों को छोडकर दूसरों के विचारों को अपनाने की जरुरत है। घर तथा परिजनों के काम करते समय आपके लिए समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभ - आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान देंगे तथा कहीं निवेश की योजना भी बना सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना हैं। मन में उत्साह तथा विचारों की स्थिरता के कारण सभी काम आप अच्छी तरह से कर सकेंगे।

मिथुन - आपकी वाणी और व्यवहार के कारण असमंजस की स्थिति न उत्पन्न हो, इसका ध्यान देने की जरूरत है। आवेश और उग्रता के कारण किसी से तकरार न हो, इसका ध्यान रखें। स्वास्थ्य को लेकर समस्या रहेगी।

कर्क - आज का दिन आपके लिए लाभकारी है। नौकरी और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकते हैं। अविवाहित लोगों के लिए आज विवाह के योग हैं। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

सिंह - आप अपने दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से सभी काम को सफलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी बौद्धिक प्रतिभा दिखेगी। नौकरी में पदोन्नति के योग बन सकते हैं।

कन्या - आपका आज का दिन आनंददायक रहेगा। आर्थिक लाभ होगा तथा विदेश में रहनेवाले सगे- संबंधियों के समाचार मिलेंगे, इससे आप काफी प्रसन्न रहेंगे। धार्मिक काम या धार्मिक यात्रा के पीछे खर्च होगा।

तुला - आज आपको किसी भी नए काम का आरंभ नहीं करने की सलाह दी जाती है। अपनी वाणी और व्यवहार को नियंत्रण में रखें। गलतफहमी के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

वृश्चिक - आप आज के दिन पूरी तरह से आमोद-प्रमोद में बिताना पसंद करेंगे। अपने दैनिक कामों से मुक्त होकर अपने लिए थोड़ा समय निकाल सकेंगे। मित्रों के बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। कहीं घूमने जा सकते हैं।

धनु - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थता और मानसिक रुप से खुशी मिलेगी। नौकरी और व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा।

मकर - आज मन में किसी बात की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का मामला कमज़ोर रहेगा। दफ्तर में उच्च अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। संतान के साथ मतभेद होने की संभावना है। उनके स्वास्थ्य की भी चिंता रहेगी।

कुंभ - आज आपका मन बहुत संवेदनशील रहेगा और आप मानसिक रूप से अस्वस्थ्य रहेंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। सौंदर्य प्रसाधन के पीछे खर्च होगा।

मीन - अति आवश्यक काम को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी रचनात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। वैचारिक दृढ़ता एवं मानसिक स्थिरता के कारण काम सफल रहेंगे। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1520 - फर्डिनान्द मैगलन ने प्रशांत महासागर को पार करने की शुरुआत की।

1676 - बंगाल की खाड़ी के तट पर पूर्वी भारत के उपजाऊ क्षेत्र और महत्वपूर्ण बंदरगाह पुड्डुचेरी पर फ़्रांसीसियों का क़ब्ज़ा हो गया।

1814 - द टाइम्स ऑफ लंदन को पहली बार स्वचालित प्रिंट मशीन से छापा गया।

1821 - पनामा ने स्पेन से आजाद होने की घोषणा की।

1893 - न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय चुनाव में पहली बार महिलाओं ने मतदान किया।

1912 - इस्माइल कादरी ने तुर्की से अल्बानिया के आजाद होने की घोषणा की।

1966 - डोमनिकन रिपब्लिक ने संविधान अपनाया।

1990 - जान मेजर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।

1996 - कैप्टन इन्द्राणी सिंह एयरबस ए-300 विमान को कमांड करने वाली पहली महिला बनीं।

1997- प्रधानमंत्री आई के गुजराल ने अपने पद से इस्तीफा दिया।

1999 - एशिया कप हॉकी का ख़िताब दक्षिण कोरिया ने पाकिस्तान को हराकर जीता, भारत ने कांस्य पदक मलेशिया को हराकर जीता।

2002 - कनाडा ने हरकत उज मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया।

2006 - नेपाली सरकार और माओवादियों के मध्य हथियारों के मैनेजमेंट पर संधि सम्पन्न।

2012 - सीरिया की राजधानी दमिश्क में दो कार बम धमाकों में 54 मरे और 120 घायल हुए।

## स्वच्छता संबंधी अपराधों के लिए भारतीय मूल के स्टोर मालिक को सामुदायिक सजा

**लंदन,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के बर्मिंघम शहर में भारतीय मूल के एक स्टोर मालिक के स्टोर में पिछले साल चूहे के मल और जहर से दूषित भोजन पाए जाने के बाद सामुदायिक आदेश जारी किया गया है। बर्मिंघम लाइव समाचार वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार, 39 वर्षीय अवतार सिंह ने स्वच्छता संबंधी सात अपराध स्वीकार कर लिए। इसके बाद उन्हें 12 महीने के सामुदायिक आदेश की सजा सुनाई गई, जिसमें 120 घंटे के अवैतनिक कार्य को पूरा करना होगा। बर्मिंघम मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें 1,430 पाउंड लागत और 114 पाउंड पीड़ित अधिभार का भुगतान करने का भी आदेश दिया। सिंह के अपराध पिछले साल 25 अक्टूबर के हैं जब नगर परिषद के अधिकारियों ने सोहो रोड पर सिंह के डायमंड ड्रिंक्स में कई उल्लंघन पाए थे। एक आरोप में कहा गया है कि परिसर में चूहों की गतिविधि थी और दूसरा आरोप संरचना में खाली जगह के बारे में था जिससे चूहे घुस सकते थे। एक अन्य आरोप में कहा गया है कि सिंह ... यह सुनिश्चित करने में विफल रहे कि भोजन को किसी भी संदूषण से बचाया जाए, जिससे भोजन मानव उपभोग के लिए वह अनुपयुक्त न हो उस अवस्था में खाने से भोजन के पैकेट चूहे के मूत्र और चूहे मारने वाले केक से दूषित हो गए।

## ऑस्ट्रेलिया की सीनेट के लिए चुने गए भारतीय मूल के लिबरल डेव शर्मा

**मेलबर्न,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व सांसद डेव शर्मा न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) सीनेट पद जीतने वाले विपक्षी लिबरल पार्टी से भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बनकर ऑस्ट्रेलियाई संसद में लौट रहे हैं।

विदेश मंत्री मैरिस पायने द्वारा खाली की गई सीट के लिए रविवार को लिबरल पार्टी के सदस्यों के वोट में डेव ने पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष एंड्रयू कॉन्स्टेंस को 251-206 से हराया।



लिबरल पार्टी के नेता पीटर डटन ने मध्य पूर्व की स्थिति का जिक्र करते हुए एक बयान में कहा, लिबरल पार्टी के हिस्से के रूप में डेव का सीनेट में प्रवेश विदेश और घरेलू कार्यक्रमों को देखते हुए एक महत्वपूर्ण समय पर हुआ है। सीट हासिल करने पर शर्मा को बधाई देते हुए डटन ने कहा, उनकी कूटनीतिक और विदेश नीति विशेषज्ञता और अनुभव पूर्वी यूरोप, मध्य पूर्व और इंडो-पैसिफिक में अनिश्चित परिस्थितियों को देखते हुए सार्वजनिक नीति बहस को काफी वजन और ज्ञान प्रदान करेगा। डटन ने कांटे की टक्कर वाली दौड़ में कॉन्स्टेंस और पूर्व मंत्री जेड सेसेलजा दोनों का समर्थन किया था, जहां 10 उम्मीदवारों ने रिंग में अपनी टोपी फेंकी थी, लेकिन डेव सर्वसम्मति के उम्मीदवार के रूप में उभरे। डेव ने कहा, मैं (प्रधान मंत्री एंथनी) अल्बानी सरकार को उसके कई गलत कदमों और गलत निर्णयों के लिए सीनेट में जवाबदेह ठहराने और लेबर की लागत से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे एनएसडब्ल्यू के कई परिवारों के लिए लड़ने का अवसर देने के लिए पार्टी सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं- जीवन-यापन का संकट। 2019 से 2022 तक वेंटवर्थ की सीट के लिए संसद के संघीय सदस्य, शर्मा ने 2013 से 2017 तक इज़राइल में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत के रूप में भी कार्य किया। डटन ने कहा, डेव सीनेट में तर्क की आवाज बनेंगे और ग्रीन्स और अन्य लोगों के सीनेटरों को उनकी यहूदी विरोधी भावना और शर्मनाक नैतिक समकक्षता के लिए जवाबदेह ठहराने में मदद करेंगे।

## हौथी ने अमेरिकी नौसेना विध्वंसक पर मिसाइलें दागी

**लंदन,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। ईरान समर्थित हौथी विद्रोहियों ने मध्य पूर्व में अमेरिकी बलों के साथ महत्वपूर्ण तनाव में यमन के तट पर अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक पर मिसाइलें दागी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया, यूएसएस मेसन ने अदन की खाड़ी में इजरायल से जुड़े एक रासायनिक टैंकर से एक संकटपूर्ण कॉल का जवाब दिया था, जिसे सशस्त्र विद्रोहियों ने जब्त कर लिया था। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, सेंट्रल पार्क टैंकर फॉस्फोरिक एसिड



का माल ले जा रहा था, जब उसके चालक दल ने मदद के लिए पुकारते हुए कहा कि उन पर किसी अज्ञात संस्था ने हमला किया है। यूएसएस मेसन सहित अदन की खाड़ी और सोमालिया के तट पर सक्रिय समुद्री डकैती रोधी टास्क फोर्स के सहयोगी जहाजों ने मदद के लिए कॉल का जवाब दिया और टैंकर तक पहुंचने पर जहाज को छोड़ने की मांग की। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा, इसके बाद, पांच हथियारबंद व्यक्ति जहाज से उतरे और अपनी छोटी नाव के माध्यम से भागने का प्रयास किया, मेसन ने हमलावरों का पीछा किया, जिसके परिणामस्वरूप अंततः उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। कुछ घंटों बाद, हौथी-नियंत्रित यमन से दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं।

## फ्रांस में तीन युवा पुत्रियों की पिता ने की हत्या

**क्रेटेइल,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस में अपनी तीन युवा पुत्रियों की हत्या करने वाले व्यक्ति ने रविवार को पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। स्थानीय मीडिया ने अभियोजकों और पुलिस सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पेरिस के दक्षिणपूर्वी उपनगर अल्फोर्टविले निवासी 41 वर्षीय व्यक्ति ने उत्तरी तटीय शहर डाइपे के पुलिस थाने में जाकर कबूल किया कि उसने अपनी तीन पुत्रियों की हत्या कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को मृत पाया। एक सरकारी अभियोजक ने चार, 10 और 11 वर्ष की तीन युवा पुत्रियों की मौत की पुष्टि की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच के शुरुआती निष्कर्षों के अनुसार तीनों युवतियों की चाकू मारकर हत्या की गयी। आरोपी पिता को 2021 में घरेलू हिंसा का मामले में दोषी ठहराया गया था।

## सीरिया में बारूदी सुरंग विस्फोट में सरकार समर्थक 4 लड़ाकों की मौत, 18 घायल

**दमिश्क।** सीरिया के पूर्वी प्रांत डेर अल-जौर में इस्लामिक स्टेट द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंग के विस्फोट के कारण रविवार को सरकार समर्थक चार लड़ाके मारे गए और 18 अन्य घायल हो गए।सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार यह घटना तब हुई जब राष्ट्रीय रक्षा बलों के ये सदस्य डेर अल-ज़ौर में रेगिस्तानी क्षेत्र के सरकार-नियंत्रित क्षेत्र में अल-शजेरी गांव की तलाशी ले रहे थे। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता ने कहा कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुयी है। संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया में अज्ञात बारूदी सुरंगों और अन्य विस्फोटकों के खतरे के बारे में बार-बार चेतावनी दी है।

**आयोजन** दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का आयोजन

## आलोचकों ने अल जाबेर के जीवाश्म ईंधन के प्रति 'समर्थन' पर चिंता जताई

**नई दिल्ली,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। दुबई में संयुक्त अरब अमीरात द्वारा आयोजित दो सप्ताह तक चलने वाले 2023 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन या सीओपी28 वार्ता से दो दिन पहले आलोचकों ने सीओपी के मनोनीत अध्यक्ष सुल्तान अल जाबेर द्वारा जीवाश्म ईंधन के प्रति समर्थन पर चिंता जताते हुए कहा कि वे इसे ग्रह को बचाने के लिए काम करने वाले शीर्ष जलवायु वार्ताकार के हितों के टकराव के रूप में देख रहे हैं।

जाबेर दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनियों में से एक, अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

बीबीसी की सोमवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएई ने संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता के मेजबान के रूप में अपनी भूमिका का उपयोग तेल और गैस सौदे करने के अवसर के रूप में करने की योजना बनाई है।

बीबीसी को लीक हुए ब्रीफिंग दस्तावेजों से पता चला है कि 15 देशों के साथ जीवाश्म ईंधन सौदों पर चर्चा करने की योजना का खुलासा हुआ है। सीओपी28 शिखर सम्मेलन के लिए जिम्मेदार संयुक्त राष्ट्र निकाय ने बीबीसी को बताया कि मेजबानों से पक्षपात या स्वार्थ के बिना कार्य करने की अपेक्षा की जाती है। बीबीसी ने यूएई टीम का हवाला देते हुए कहा



शीर्ष जलवायु वार्ताकार के हितों के टकराव के रूप में देख रहे

कि उसने व्यावसायिक वार्ता के लिए सीओपी28 बैठकों का उपयोग करने से इनकार नहीं किया है और कहा है कि निजी बैठकें निजी हैं।

बैठकों में क्या चर्चा हुई, इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि इसका काम सार्थक जलवायु कार्रवाई पर केंद्रित है। बीबीसी के मुताबिक, सीओपी28 ‑ यूएई ने तेल सौदा करने के लिए जलवायु वार्ता का उपयोग करने की योजना बनाई है। बीबीसी के साथ काम करने वाले सेंटर फॉर क्लाइमेट रिपोर्टिंग के स्वतंत्र पत्रकारों द्वारा प्राप्त किए गए दस्तावेज में कहा गया है कि यूएई की सीओपी28 टीम ने 30 नवंबर से शुरू होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले कम से कम 27 विदेशी सरकारों के साथ बैठकों के लिए एजेंडे तैयार कर लिए हैं। दस्तावेज में प्रस्तावित बातचीत के बिंदु शामिल थे, जैसे कि चीन कहता है कि संयुक्त अरब अमीरात की राज्य तेल कंपनी एडनोक, मोजाम्बिक, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में अंतर्राष्ट्रीय एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) के अवसरों का संयुक्त रूप से मूल्यांकन करने के लिए तैयार है। दस्तावेज कोलंबियाई मंत्री को यह बताने का सुझाव देते हैं कि एडनॉक कोलंबिया को उसके जीवाश्म ईंधन संसाधनों को विकसित करने में समर्थन देने के लिए तैयार है। जर्मनी और मिस्र सहित 13 अन्य देशों के लिए चर्चा के बिंदु हैं।

## सुडोकू 6389


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 4 | | 6 | |
| | 8 | 5 | 3 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | 3 | | 5 | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| 1 | 5 | | 7 | | | 6 | 3 | |
| | | | | | 5 | 9 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | | 3 |
| 5 | | | | | 2 | | 1 | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6389



**बायें से दायें:-**

१. वह स्त्री जिसने हाल ही में किसी बच्चो कौ जन्म दिया हो
४. कर्ण
६ मेघ, बादल
७. रहना, रहने की जगह
८. विघ्न, बाधा
९. नस, खून को पूरे शरीर में प्रवाहित करने वाली शिरा
१३. जलजला
१४. प्रश्न (उर्दू)
१५. जांचना, भले-बुरे की पहचान करना
१७. ध्वनि, आवाज
२०. पुरस्कार (उर्दू)
२१. एक प्रसिद्ध पक्षी
२२. टेढ़ी मेढ़ी, चतुराई भरी चाल चलने वाला
२४. कुआं आदि खोदने पर निकलने वाला प्रारंभिक पानी

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिवालिया
२. प्रयत्नशील
३. ऊष्मा के प्रभाव को रोकने वाला
४. भीतरी, आंतरिक
५. नीरज, कमल
९. ऊंगलियों से छूकर पता लगाना
११. जिसकी पत्नी का देहांत हो गया हो
१२. बनाना, निर्माण करना
१३. बिसारना
१४. बर्दाश्त करना
१५. पकना, मेच्योर्ड
१६. वह जगह जहां खेतों से काटकर फसल रखी जाती है
१८. गर्जना
१९. आविष्कार (उर्दू)
२०. बुद्धि
२३. मछली

### वर्ग पहेली-6388



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### चीन में 'बुजुर्ग देखभाल व्यवस्था' है बेहद शानदार

**बीजिंग,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन... जगजीत सिंह के हृदयस्पर्शी सुरों से सजी इस गजल के यूं तो कई मायने हो सकते हैं, लेकिन वृद्धावस्था के संदर्भ में सुनने पर ये और मनमोहक लगती है। उम्र के सभी पड़ावों में से वृद्धावस्था भी एक है, फर्क सिर्फ इतना है कि ये जीवन का अंतिम पड़ाव है। दुनिया भर के तमाम देश वृद्धजनों का जीवन सुलभ बनाने के लिए आए दिन नई कोशिशें करते रहते हैं ताकि जीवन की सांझ सुकून भरी हो। वृद्धावस्था के मामले में चीन दूसरे देशों से ज़रा अलग है। चीन में वृद्धों का जीवन एकाकी तो है लेकिन एकांत नहीं, जीवन के रंगमंच पर अपने हिस्से का किरदार जी चुके लोग अपनी विदा से पहले जीवन के उत्सव को भरपूर तरीके से जीते हैं। चीन में वृद्धों के जीवन और इस उम्र की दुश्वारियां कमोबेश बाकी देशों जैसी ही हैं। लेकिन, सरकारी स्तर के प्रयास उनके जीवन को काफी हद तक सुलभ बना देते हैं। लेकिन, चीन में मोक्ष की अवधारणा भारत से अलग है। चीन के वृद्ध जीवन के अंतिम पड़ाव को उत्सव की तरह जीते हैं।

# खेल जगत

## विश्व कप के दौरान बाहर बैठना बुरा लगा : ईशान

**तिरुवनंतपुरम,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार अर्धशतक बनाने के बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन वर्ल्ड कप 2023 के दौरान प्लेइंग-11 से बाहर होने पर थोड़ा बुरा महसूस करने के बाद वह अपने अवसरों का ज्याद से ज्यादा लाभ उठा रहे हैं। एक बार जब शुभमन गिल डेंगू से उबर गए, तो ईशान किशन को विश्व कप के दो मैच खेलने के बाद प्लेइंग-11 से बाहर कर दिया गया। टूर्नामेंट में भारत का दमदार प्रदर्शन रहा लेकिन फाइनल में टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली। विशाखापत्तनम में टी20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में 39 गेंदों में 58 रन बनाने के बाद, किशन ने तिरुवनंतपुरम में दूसरे मैच में 32 गेंदों में 52 रन बनाए। मैच खत्म होने के बाद ईशान ने जियो सिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि यह सब भूख है। विश्व कप में हम एक चैंपियन टीम की तरह खेले और मैं चूक गया। मुझे थोड़ा बुरा लग रहा था, लेकिन आप इसमें कुछ नहीं कर सकते।



# भारत ने दूसरी टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 44 रनों से हराया



**तिरुवनंतपुरम** 26 नवम्बर (एजेंसियां) भारतीय खिलाड़ियों ने बल्ले के बाद गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टी-20 मुकाबले में आज 44 रनों से हरा दिया। भारत की ओर से जायसवाल,गायकवाड़ और किशन ने अर्धशतकी पारी खेल कर बड़ा स्कोर खड़ा किया। वहीं रवि बिश्नोई और प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को कमर तोड़ दी। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। 236 रनों के लक्ष्य का पीछ करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही है और तीसरे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट 19 का विकेट खो दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में बिश्नोई ने जोश इंग्लिस दो रन को पवेलियन भेज दिया। अक्षर पटेल ने छठें ओवर में ग्लेन मैक्सवेल 12 रन को जयसवाल के हाथों कैच आउट कराया। मार्कस स्टॉयनिस 45 रन और टिम डेविड 37 रन ने अच्छी साझेदारी करते हुए कुछ बेहतरीन शॉट लगाये। मार्कस स्टॉयनिस को मुकेश ने अक्षर के हाथों कैच आउट कराया। वहीं टिम डेविड, बिश्नाई की गेंद पर गायकवाड़ के हाथों लपके गये। शॉन ऐबट एक रन और नेथन एलिस एक रन को पी कृष्णा ने बोल्ड आउट कर ऑस्ट्रेलिया की कमर तोड़ दी। 17वें ओवर में अर्शदीप ने जम्पा को एक रन बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया का नौवां विकेट गिरा दिया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड 23 गेंदों में 42 रन बनाकर तथा तनवीर संघा दो रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 191 रन ही बना सकी। भारत की ओर से रवि बिश्नोई और प्रसिद्ध कृष्णा के तीन-तीन विकेट लिये। वहीं अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और मुकेश कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 53 रन, ऋतुराज गायकवाड़ 58 रन और उसके बाद इशान किशन 52 रनों के अर्धशतकों तथा रिकूं के नौ गेंदों में 31 रनों की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला में दूसरे मुकाबले में रविवार को ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 236 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 5.5 ओवरों में 77 रन जोड़ कर टीम को जोरदार शुरुआत दी। एलिस ने जम्पा के हाथों कैच कराकर यशस्वी जायसवाल 53 रन को पवेलियन भेज कर भारत को पहला झटका दिया। जायसवाल ने 25 गेंदों में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 53रन बनाये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये इशान किशन ने आक्रामक रूख अख्तियार करते हुए 32 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 52 रन ठोक डाले। उन्हें स्टॉयनिस ने एलिस के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दो छक्कों की मदद से 10 गेंदों में 19 रन बनाये। उन्हें एलिस की गेंद पर स्टॉयनिस ने कैच आउट किया। 20 ओवर की दूसरी गेंद पर ऋतुराज गायकवाड़ 58 रन पर चौथे विकेट के रूप में आउट हुये। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। रिंकू सिंह नौ गेदों में 31 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। तिलक वर्मा सात रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत ने टी-20 मुकाबले के निर्धारित 20 रनों में 235 रनों का ऐतिहासिक स्कोर खड़ा किया है।

## सभी खिलाड़ी काफी अच्छा खेल रहे है : सूर्यकुमार

तिरुवंनतपुरम। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि सभी खिलाड़ियों के अच्छा खेलने से कप्तान के रूप में मेरे ऊपर दबाव नहीं बनने दे रहे है। सूर्यकुमार यादव ने कल टी-20 श्रृंखला का दूसरा मुकाबला जीतने के बाद कहा, सभी खिलाड़ी काफी अच्छा कर रहे हैं। साथ ही वह मेरे ऊपर एक कप्तान के तौर पर ज्यादा दबाव नहीं बनने दे रहे हैं। मैंने पहले ही अपने खिलाड़ियों से कह दिया था कि पहले बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहें और उसी हिसाब से तैयार करें। पिछले मैच में भी हमने रिंकू सिंह को देखा था और इस मैच में भी उन्होंने काफी अच्छा खेला। रिंकू सिंह ने कहा, मैंने पहले भी कहा है कि मैं काफ़ी समय से इस पोज़िशन पर खेल रहा हूं। मैं पूरा प्रयास करता हूं कि स्वयं को शांत रखूं। मैं ज्यादा कुछ नहीं सोचता, बसी यही चाहता हूं कि जैसा गेंद आए, वैसा शॉट खेला जाए। हमारे ड्रेसिंग रूम का माहौल काफ़ी अच्छा है। मुझे फ़िनिश करने का काम दिया गया है और मैं अपने दिमाग में भी वही रखता हूं। मैं अभ्यास भी उसी तरह से करता हूं कि मुझे अंतिम के पांच-छह ओवर में बल्लेबाज़ी करने को मिलेगा।

## भारत का बेस्ट फिनिशर बनने के लिए तैयार हैं रिंकू सिंह



**तिरुवनंतपुरम,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज में रिंकू सिंह धूम मचा रहे हैं। पहले मैच में 14 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाकर भारत की सफल जीत के आखिरी क्षणों में अहम भूमिका निभाने के बाद, रिंकू सिंह एक बार फिर नौ गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाकर स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने में सफल रहे। इसमें 19वें ओवर में सीन एबॉट पर लगाए गए तीन चौके और दो छक्के शामिल हैं।

आईपीएल 2023 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से लाइमलाइट में आने वाले रिंकू सिंह आज टीम इंडिया के बेस्ट फिनिशर बन चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरज में वो अपनी फिनिशिंग टच से फैंस का दिल जीत रहे हैं। सीरीज के पहले मैच में चेज करते हुए उन्होंने अंतिम ओवरों में टीम की जीत पक्की की। फिर, दूसरे मैच में अंतिम ओवरों में तूफानी पारी खेलकर टीम को एक विशाल स्कोर तक पहुंचटा दिया।

उनकी पारी ने सुनिश्चित किया कि भारत को 235/4 का स्कोर मिले, जो रविवार रात ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया पर 44 रन से जीत दिलाने के लिए पर्याप्त था। रिंकू ने फिनिशर के रूप में अपनी सफलता का श्रेय शांति और अपने बल्लेबाजी स्थान के प्रति सचेत रहने को दिया।

मैच के बाद उन्होंने कहा, मैं इस नंबर पर काफी बल्लेबाजी करता हूं। इसलिए, मैं इस स्थिति को जानकर निश्चिंत हूं। मैं प्रत्येक गेंद को उस स्थान के अनुसार खेलना पसंद करता हूं जहां वह गिरती है। मैं यह देखने की कोशिश करता हूं कि यह धीमी गेंद है या तेज और मैं उसी के अनुसार प्रतिक्रिया देता हूं।

रिंकू ने यह भी बताया कि वह मैचों के दौरान फिनिशर के रूप में अपनी भूमिका के लिए कैसे तैयारी करते हैं।

रिंकू ने कहा, मुझे पता है कि मुझे खेल ख़त्म करने के लिए कभी-कभी 5-6 ओवर या शायद कभी-कभी 2 ओवर मिलेंगे। मैं बिल्कुल इसी तरह अभ्यास करता हूं जैसे कि मैं अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी कर रहा हूं। वीवीएस सर ने भी मुझे नेट्स में खेलने के लिए यही कहा है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 के लिए भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रिंकू की फिनिशिंग क्षमताओं की प्रशंसा की।

सूर्यकुमार ने यह भी संकेत दिया कि रिंकू की फिनिशिंग क्षमताएं उन्हें किसी खास खिलाड़ी की याद दिलाती हैं जो भारत के लिए ऐसा ही करते थे। लेकिन उन्होंने नाम उजागर नहीं करने का फैसला किया।

हालांकि, हर कोई जानता है कि भारत के लिए यह किसने किया है और सूर्या एमएस धोनी की बात कर रहे थे। भारत अब पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है।

## बंगलादेश की बदली हुई टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले को बनाएगी रोमांचक : हथुरुसिंघा



**सिलहट,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली आगामी टेस्ट श्रृंखला में युवाओं के समायोजन वाली बदली हुई टीम मुकाबले को रोमांचक बनायेगी।

बंगलादेश के मुख्य कोच चंडिका हाथुरुसिंघा का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला युवाओं के लिए एक रोमांचक अवसर है।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के निराशाजनक अभियान के बाद न्यूजीलैंड के साथ घरेलू मैदान पर होने वाले दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम प्रारूप में बदलाव करेगा।

इस सीरीज में कई वरिष्ठ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से श्रृंखला से बाहर हो रहे हैं, टीम एक नए रूप में होगी। शाकिब अल हसन उंगली की चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे, लिटन दास को पितृत्व अवकाश पर है और तस्कीन अहमद को कंधे की चोट के कारण बाहर रहेंगे। इसके अलावा सीनियर ओपनर तमीम इकबाल भी दावेदारी से बाहर हैं।

आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार हाथुरुसिंघा ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि इतना अनुभव खोना बंगलादेश के लिए एक बड़ा झटका है।

> इस सीरीज में कई वरिष्ठ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से श्रृंखला से बाहर हो रहे हैं, टीम एक नए रूप में होगी। शाकिब अल हसन उंगली की चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे, लिटन दास को पितृत्व अवकाश पर है और तस्कीन अहमद को कंधे की चोट के कारण बाहर रहेंगे: हथुरुसिंघा

उन्होंने कहा, किसी भी टीम से विशेषकर बंगलादेश के लिए इतना अनुभव खोना चुनौतीपूर्ण है। वे लोग 15 साल से अधिक समय से हर प्रारूप में टीम का हिस्सा रहे हैं इनमें से कुछ दस साल से टीम में है।

उन्होंने कहा कि इसका मतलब केवल यह है कि बंगलादेश की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए अवसर खुल गए हैं। हथुरुसिंघा ने कहा, हालांकि यह आगे देखने वाली बात है कि युवा क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव का भी समय है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि हमें कुछ ऐसे खिलाड़ियों से आगे बढ़ने की ज़रूरत है जो लंबे समय से खेल रहे हैं। वे हमेशा वहां नहीं रहने वाले हैं।

उन्होंने कहा, चुनौती यह है कि इन लोगों ने अभी तक पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है। इसलिए आगे बढ़ने के लिए हमारी योजना इससे थोड़ी बेहतर होनी चाहिए और गेंदबाजी और बल्लेबाजी में हर स्थिति के लिए खिलाड़ियों का एक बड़ा पूल उपलब्ध कराना होगा।

बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मंगलवार से सिलहट में खेला जायेगा।

## हम जू. महिला हॉकी विश्व कप में सकारात्मक नतीजो के साथ पदक जीतने को बेताब : सुनीलिता टोपो

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। ओडिशा की 16 बरस की तेज तर्रार स् ट्राइकर सुनीलिता टोपो बुधवार से सांतियागो (चिली) में शुरु हो रहे एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 में फुलबैक प्रीति की अगुआई में शिरकत करने जा रही भारतीय महिला हॉकी टीम की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। सुनीलिता भारत की ओर से दुनिया के सबसे बड़े मंच पर खेल कर अपने कौशल को दिखाने के लिए बेहद रोमांचित हैं। सुनीलिता टोपो भी ओडिशा की उसे हॉकी उर्वर अंचल सुंदरगढ़ से आती हैं जिसने भारत को हॉकी इंडिया के मौजूदा अध्यक्ष चार ओलंपिक में भारत की नुमाइंदगी कर चुके फुलबैक दिलीप टिर्की जैसे बेहतरीन फुलबैक और नमिता टोपो, दीप ग्रेस एक्का जैसी बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी दी हैं।

सुनीलिता ने भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए इसी साल जूनियर महिला एशिया कप में खेल कर आगाज किया। मात्र केवल 16 बरस की होने के बावजूद 2023 में सुनीलिता के शानदार खेल के कारण उन्हे भारतीय सीनियर महिला हॉकी शिविर के लिए भी बुलावा आया। सुनीलिता बताती हैं, % मैं एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व के लिए भारतीय जूनियर टीम का हिस्सा बन फख्र महसूस कर रही हूं। मेरे यह जूनियर महिला हॉकी विश्व कप बड़े मंच पर अपने देश की नुमाइंदगी का मौका है। हमारी जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में कई ऐसी बेहतरीन खिलाड़ी हैं,जिन्होंने बीते एक बरस में देश के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमें देश के लिए विभिन्न टूर्नामेंट में खेल कर बेशकीमती अनुभव मिला। हमें पूरा भरोसा है कि इस अनुभव के साथ हम जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन कर पाएंगी। हम जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ अपना कौशल दिखाने को बेताब हैं। हम जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में सकारात्मक नतीजों के साथ पदक जीतने को बेताब हैं।'



■ हम दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ अपना कौशल दिखाने को बेताब

सुनीलिता ने साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) में हॉकी खेलने शुरू की, जहां की लड़कियों के वहीं रहकर हॉकी सहित कई खेलों के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। 2018 में सुनीलिता को हॉकी खेलते हुए कंधे में चोट लग गई लेकिन तब सपोर्ट स्टाफ उनकी मदद को आगे आया और उन्हें बताया कि चोट से कैसे बचा जा सकता है। ओडिशा की गुजरात 2022 के राष्ट्रीय खेलों में हॉकी में बढिया़ प्रदर्शन के बाद सुनीलिताा का राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए चयन हुआ।

सुनीलिता टोपो बताती हैं। %जब मैने अपने गांव के उत्सव में जब पहली बार महिलाओं को हॉकी खेलते देखा तभी उसे हॉकी की बाबत मालूम पड़ा। मैंने तब अपने पिता को हॉकी खेलने की इच्छा की बाबत बताया। मेरे पिता ने तब उन्होंने मेरा परिचय मेरे गांव के करीब के एक कोच से कराया। जब मैंने पहले पहल हॉकी खेलना शुरू किया तब मेरे पास हॉकी खेलने के लिए ढंग की हॉकी स्टिक नहीं थी। तब मुझे बांस से बनी हॉकी से हॉकी खेलनी पड़ी। तब हॉकी खेलने के मेरे जुनून को जानकर मेरे करीब के रिश्तेदार मेरी मदद को आए और हॉकी खेलने के लिए हॉकी स्टिक जैसा जरूरी सामान मुहैया कराया। '

## मुंबई ने ट्रेड विंडो के जरिए हार्दिक को अपनी टीम में शामिल किया

**मुंबई,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। आईपीएल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान हार्दिक पांड्या दोनों फ्रेंचाइजी के बीच ट्रेड के बाद अपनी पहली फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में वापस जाने के लिए तैयार हैं। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटन्स के साथ दो महत्वपूर्ण वर्ष बिताए और उनके अभियान का आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व किया। 2022 में जीटी के पहले सीज़न में हार्दिक ने एक शानदार शुरुआत की, जिसमें टीम ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। जबकि, वे दूसरे सीजन में एक रोमांचक फाइनल में आखिरी गेंद पर खिताब से चूक गए और उपविजेता रहे। एक अन्य ट्रेड में मुंबई इंडियंस ने कैमरन ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों ट्रेड कर दिया है। मुंबई इंडियंस ने पिछली आईपीएल नीलामी के दौरान 17.50 करोड़ रुपये बोली लगाकर कैमरन ग्रीन को खरीदा था। अब मुंबई ने हार्दिक को अपने साथ जोड़ने के लिए यह बड़ा फेरबदल किया है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने आईपीएल में शानदार शुरुआत की। ग्रीन ने एक नाबाद शतक और दो अर्धशतक लगाए जबकि छह विकेट भी लिए। दोनों ट्रेड मौजूदा खिलाड़ी की फीस के अनुसार किए गए हैं।



## गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल को बनाया टीम का नया कप्तान

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए टीम का नया कप्तान बनाया है। गुजरात फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा के अनुसार शुभमन गिल आईपीएल के अगले सत्र के लिए टीम के कप्तान होंगे। गिल पहली बार आईपीएल में किसी टीम का नेतृत्व करेंगे। गिल ने गुजरात टाइटंस की कप्तानी मिलने पर कहा, मुझे गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने पर खुशी और गर्व है और इतनी अच्छी टीम का नेतृत्व करने के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए फ्रेंचाइजी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, हमारे पास दो असाधारण सीज़न हैं और मैं क्रिकेट के हमारे रोमांचक ब्रांड के साथ टीम का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं। उल्लेखनीय है कि रविवार को गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में चले गए थे। मुंबई ने आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी ट्रेड करते हुए 15 करोड़ में हार्दिक को अपनी टीम में शामिल किया था।



## अक्षर व बिश्नोई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : प्रसिद्ध

**तिरुवनंतपुरम,** 27 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन-गेंदबाजी जोड़ी की प्रशंसा की, जिन्होंने 44 रनों की जीत के दौरान अपने महत्वपूर्ण विकेटों से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी-20 मुकाबला तिरुवनन्तपुरम में खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने 236 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में कंगारू टीम 191 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर रवि बिश्नोई मैच में छाए रहे। दोनों को 3-3 विकेट भी मिले। जबकि, अक्षर, अर्शदीप और मुकेश कुमार ने 1-1 विकेट लिया। प्रसिद्ध ने मैच के बाद कहा, अक्षर और बिश्नोई ने जिस तरह से ओस पड़ने के बावजूद गेंदबाजी की वो शानदार था। उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि भारत विशाखापत्तनम में टी-20 सीरीज के शुरुआती मैच से ही ओस से निपटने की योजना बना रहा था। इसका प्रभाव तिरुवनंतपुरम में शुरू हुआ जब मुकेश कुमार आठवां ओवर फेंक रहे थे।

प्रसिद्ध ने कहा, हम विजाग में भी ओस से निपटने की योजना बना रहे थे। लेकिन, सौभाग्य से हमें ऐसा नहीं करना पड़ा। हम जानते थे कि ओस एक बड़ी भूमिका निभाएगी। यह वास्तव में गीला था, यहां तक कि आठवें ओवर में जब मुकेश गेंदबाजी कर रहे थे, उन्होंने मुझे बताया कि बहुत अधिक ओस थी। यह भारत में खेलने की चुनौती का हिस्सा है। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमें इससे निपटना सीखना होगा। पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल की अनुपस्थिति के बाद प्रसिद्ध ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें हार्दिक पांड्या के प्रतिस्थापन के रूप में वनडे विश्व कप टीम में देर से शामिल किया गया।

## सार संक्षेप

### इटली ने 47 साल बाद जीता डेविस कप खिताब

**मलागा।** यानिक सिनर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इटली ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर 47 साल बाद डेविस कप 2023 का खिताब जीत लिया। स्पेन के मलागा में रविवार को टेनिस में दुनिया की चौथी वरीयता प्राप्त सिनर ने एलेक्स डि मिनोर को फाइनल के दूसरे एकल मुकाबले में 6-3, 6-0 से हराकर इटली की 2-0 से जीत सुनिश्चत की। मातियो अर्नाल्डी ने पहले एकल मुकाबले में एलेक्सेई पोपिरिन को 7-5, 2-6, 6-4 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में सिनर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवोक जोकोविच को एकल और युगल दोनों मुकाबलों में पराजित किया था। डेविस कप को टेनिस का विश्वकप कहा जाता है।

### बीबीएल सीजन 13 में वापसी करेंगे स्टीव स्मिथ

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने एक बार फिर सिडनी सिक्सर्स की मैजेंटा जर्सी पहनकर बिग बैश लीग (बीबीएल) में अपनी वापसी का खुलासा किया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में 8 दिसंबर को बीबीएल सीजन 13 का पहला मैच होगा, जहां सिडनी सिक्सर्स का मुकाबला मेलबर्न रेनेगेड्स से होगा। क्रिकेट.कॉम.एयू के हवाले से स्मिथ ने कहा कि फ्रेंचाइजी के साथ वापस आना बहुत अच्छा है और वह आगामी सीज़न में अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं। स्मिथ ने कहा, सिक्सर्स शर्ट में वापस आना बहुत अच्छा है। मेरे पास सिक्सर्स के लिए खेलने की कुछ बहुत अच्छी यादें हैं। इसलिए मैं फिर से वहां जाने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि, बीबीएल 13 में स्मिथ की उपस्थिति की संख्या अनिश्चित बनी हुई है।

### सुडोकू 6389 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 4 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 4 |
| 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 6 |

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.48 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.18 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.16 प्रतिशत |
| टेक महिन्द्र | 0.61 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.48 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.11 प्रतिशत |
| एम एंड एम | 1.91 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 1.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.05 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.02 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# रियल एस्टेट शेयर करीब 15 साल के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मजबूत बिक्री और आरबीआई की दरों में बढ़ोतरी पर रोक के बाद रियल्टी इंडेक्स मार्च 2019 के निचले स्तर से 89 फीसदी ऊपर है। जेफ़रीज़ ने एक रिपोर्ट में कहा है कि सेक्टर वैल्यूएशन (पीबीएक्स) अब 2021 के पीक के करीब है, जिससे रीरेटिंग हेडरूम, विदेशी ब्रोकरेज कम हो गया है। ग्राहक प्रतिक्रिया का मतलब है कि पूर्व-बिक्री अनुमानों में अपग्रेड अभी भी संभव है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि लगभग 15 साल के उच्चतम स्तर पर प्रोपर्टी शेयरों में गड़बड़ी की गुंजाइश कम है। इसमें कहा गया है कि मार्च 2023 में आरबीआई की दर पर रोक के बाद सेक्टर का मूल्यांकन 2021 के चरम स्तर तक पहुंच गया। त्योहारी सीजन में उछाल के कारण अक्टूबर 2023 में बिक्री शीर्ष-7 शहरों में सालाना आधार पर 20 फीसदी बढ़कर 50,000 से अधिक यूनिट के स्तर पर पहुंच गई है। इन्वेंट्री स्तर में अभी भी गिरावट आ रही है, और मूल्य निर्धारण मजबूत है।



दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन ने हमारे 10-सूचीबद्ध डेवलपर नमूने की बिक्री को 1एच में प्लस 35 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। नवंबर 2023 में मजबूत लॉन्च के साथ, हमारा मानना है कि रिकॉर्ड तीसरी तिमाही की संभावना है। अक्टूबर 2023 के लिए प्रोपेक्विटी के आंकड़ों के हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि रिकॉर्ड दूसरी तिमाही के बाद मजबूत तीसरी तिमाही की अच्छी शुरुआत हुई है। शीर्ष-7 शहरों में वॉल्यूम (बेचा गया क्षेत्र) के हिसाब से साल-दर-साल प्रीसेल प्लस 25 प्रतिशत है, 10 प्रतिशत सालाना मिश्रित मूल्य निर्धारण लाभ के साथ।

### गुरुग्राम में 70 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं संपत्ति के दाम

गुरुग्राम में संपत्ति की कीमतों में अभूतपूर्व 70 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि जिला प्रशासन ने वर्ष 2024 के लिए नए कलेक्टर रेट प्रस्तावित किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित दरों पर लोगों से 7 दिसम्बर तक आपत्तियां मांगी गई हैं। जिला प्रशासन ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रस्तावित नए कलेक्टर रेट जिला प्रशासन की वेबसाइट पर पोस्ट कर दिए हैं। कलेक्टर रेट पर लोग अपनी आपत्तियां और सुझाव 7 दिसंबर तक दे सकेंगे। दावे और आपत्तियों की सुनवाई के बाद प्रशासन की ओर से कलेक्टर रेट सरकार को भेजे जाएंगे। जिला राजस्व अधिकारी पूनम बब्बर ने बताया कि दर्ज आपत्तियों पर आए सुझावों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'इसके लिए अलग-अलग समितियां काम करेंगी। सभी सुझावों को ध्यान में रखते हुए नई प्रस्तावित दरें और सुझाव राज्य सरकार को भेजे जाएंगे। सरकार द्वारा नियुक्त समिति अपनी प्रक्रिया पूरी करेगी और प्रशासन को जानकारी भेजेगी।' प्रशासन के सुझाव के अनुसार, बादशाहपुर में कृषि और वाणिज्यिक भूमि की दरों में 40 से 80 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। फर्रुखनगर में कृषि भूमि के लिए 87 प्रतिशत और वाणिज्यिक भूमि के लिए 35 प्रतिशत तक बढ़ी हुई कीमतें प्रस्तावित की गई हैं। वजीराबाद तहसील क्षेत्र में आवासीय और वाणिज्यिक भूमि की दरों में 61 से 70 प्रतिशत तक बदलाव का प्रस्ताव किया गया है।

# अगस्त से भारत के मिडकैप शेयरों में पैसे नहीं डाल रहे हैं एफआईआई

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशियों के भारत के मिडकैप फंडों में निवेश 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में चरम पर था। एलारा सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने पिछले दो महीनों से मिडकैप में कोई खास निवेश नहीं किया है।

सभी निवेश लार्ज कैप फंडों में जा रहे हैं। मिड और स्मॉलकैप निवेश सपाट हैं। हालांकि, घरेलू स्मॉल कैप निवेश के चलते मिड/स्मॉल कैप मजबूत प्रदर्शन कर रहे हैं। मिडकैप फंडों के लार्जकैप से बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद, हमने देखा है कि एफआईआई उस क्षेत्र में निवेश नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, चूंकि प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है, इसलिए हमें कोई आउटफ्लो दबाव भी नहीं दिख रहा है। भारत के कुल मार्केट कैप में निफ्टी के मार्केट कैप का अनुपात अक्टूबर 2020 से नीचे गिर रहा है और ऐतिहासिक निचले स्तर पर आ गया है। ऐसी कम रीडिंग पहले जनवरी 2004, सितंबर 2007, नवंबर 2010 और जनवरी 2018 में देखी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर बार, निचले स्तर से इस अनुपात में विस्तार के साथ बाजार में सुधार हुआ। निचले स्तर से उलटफेर के चरण में, निफ्टी में सुधार पूरे बाजारों की तुलना में छोटा है। मौजूदा चक्र में, हमने इस अनुपात को सितंबर 2022 में निचले स्तर पर पहुंचते देखा (जहां हमने स्मॉल कैप सुधार का एक मजबूत दौर देखा)। हालांकि घरेलू छोटे निवेश में मजबूत पुनरुद्धार ने अप्रैल 2023 के बाद से अनुपात को फिर से नीचे खींच लिया। जैसे ही अनुपात अगस्त 2023 के निचले स्तर पर पहुंचा, हमने देखा कि भारत के मिडकैप फंडों में एफआईआई का प्रवाह रुक गया है। तब से, सभी एफआईआई तरलता लार्ज कैप में जा रही है।




# इंडिगो ने पूछताछ, टिकट बुकिंग के लिए जीपीटी-4 तकनीक के साथ एआई चैटबॉट पेश किया

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। इंडिगो ने जीपीटी-4 तकनीक द्वारा संचालित एक एआई चैटबॉट, 6ईस्काई लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य 10 अलग-अलग भाषाओं में यात्रियों के प्रश्नों के जवाब देना और संपूर्ण नेटवर्क पर देश भर में टिकट बुकिंग के लिए अपनी तरह का पहला प्लेटफॉर्म पेश करना है।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के निकट सहयोग से इंडिगो की डिजिटल टीम द्वारा पूरी तरह से इन-हाउस विकसित, एआई चैटबॉट एयरलाइन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस सफलता के साथ, इंडिगो यात्रियों के अनुभव को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक एआई तकनीक का उपयोग करने वाली क्षेत्र की पहली कुछ एयरलाइनों में से एक बन गई है। प्रवक्ता ने कहा, 'सॉफ्ट लॉन्च के शुरुआती नतीजों से ग्राहक सेवा एजेंट के कार्यभार में उल्लेखनीय 75 प्रतिशत की कमी का संकेत मिलता है, जो बॉट की दक्षता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।' प्रवक्ता ने कहा, एआई बॉट प्रभावशाली 1.7 लाख करोड़ मापदंडों का दावा करता है, जो इसे आम तौर पर पूछे जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का आसानी से उत्तर देने की अनुमति देता है। इंडिगो के डेटा वैज्ञानिकों की टीम ने जेनरेटिव प्रीट्रेंड ट्रांसफार्मर (जीपीटी) पर गहन शोध किया है और व्यापक प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग का उपयोग करके बॉट को प्रोग्राम किया है। यह मानव व्यवहार की नकल करता है, भावनाओं पर प्रतिक्रिया देता है और यहां तक कि बातचीत में हास्य शामिल कर अपने यात्रियों के लिए अधिक आकर्षक और मनोरंजक अनुभव सुनिश्चित करता है।' प्रवक्ता ने आगे कहा कि 6 ईस्काई कई प्रकार के कार्य करने में सक्षम है, जिसमें टिकट बुक करना, प्रमोशनल छूट लागू करना, ऐडऑन बुक करना, वेब चेक-इन करना, सीट चयन में मदद करना, यात्रा की योजना बनाना, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर देना और ग्राहकों को एक एजेंट के साथ जोड़ना शामिल है। इसके अलावा, बॉट न केवल लिखित या टाइप की गई भाषा को समझने में सक्षम है, बल्कि स्पीच-टू-टेक्स्ट मॉडल का उपयोग करके मौखिक निर्देशों को भी समझने में सक्षम है। इंडिगो के इफ्लाई विभाग और कस्टमर एक्सपीरियंस की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुम्मी शर्मा ने कहा, 'ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए हमारी चल रही प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में हम अपने एआई-संचालित चैट असिस्टेंट 6ईस्काई को पेश करते हुए रोमांचित हैं।' शर्मा ने कहा, 'यह अभिनव उपकरण हमारे यात्रियों को निर्बाध सहायता प्रदान करेगा, उनकी यात्रा आवश्यकताओं के लिए त्वरित और व्यक्तिगत सहायता प्रदान करेगा, जो तकनीकी प्रगति और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के प्रति इंडिगो के समर्पण को दर्शाता है।'




## सार संक्षेप

### टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस ने गेमिंग डिवीजन में बड़े पैमाने पर छंटनी की शुरू

**सैन फ्रांसिस्को।** टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइटडांस ने अपने गेमिंग डिवीजन में बड़े पैमाने पर छंटनी शुरू कर दी है, जिसके चलते 'नुवर्स' कर्मचारियों के बीच हलचलें तेज हो गई हैं। टेकक्रंच के अनुसार, दो साल के सुस्त प्रदर्शन के बाद नुवर्स नामक गेमिंग डिपार्टमेंट अपने परिचालन को काफी हद तक कम कर रहा है। बाइटडांस के प्रवक्ता ने टेकक्रंच को बताया, 'हम नियमित रूप से बिजनेस रिव्यू करते हैं और लॉन्ग-टर्म स्ट्रैटेजी ग्रोथ एरिया पर फोकस करते हैं। हालिया रिव्यू के बाद, हमने अपने गेमिंग बिजनेस को पुनर्गठित करने का मुश्किल फैसला लिया है।' 2021 में नुवर्स में लगभग 3,000 लोग थे और पिछले कुछ सालों में कर्मचारी संख्या उसी स्तर पर बनी हुई है। बाइटडांस ने 4 बिलियन डॉलर के डील में शंघाई-गेमिंग स्टूडियो मूनटन टेक्नोलॉजी का अधिग्रहण किया। यह जुलाई 2016 में रिलीज हुए मोबाइल मल्टीप्लेयर ऑनलाइन बैटल एरेना (एमओबीए) गेम मोबाइल लीजेंड्स, बैंग बैंग के लिए जाना जाता है। ऐसी रिपोर्ट भी सामने आईं कि बाइटडांस मूनटन को बेचने के विकल्प तलाश रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, बाइटडांस डेवलपमेंट के तहत गेमिंग प्रोजेक्ट्स को बंद कर देगा और संभावित रूप से नुवर्स में मौजूदा गेमिंग टाइटल बेच देगा। नुवर्स का सबसे अच्छा गेम ऑनलाइन कार्ड गेम 'मार्वल स्नैप' है, जिसे यूएस स्टूडियो सेकेंड डिनर द्वारा विकसित किया गया है। अन्य टाइटल 'वन पीसः द वॉयज' और 'क्रिस्टल ऑफ एटलैंड' हैं।

### अनिल गोयल के जाने के बाद बायजू ने जिनी थाटिल को सीटीओ नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** एडटेक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायजू ने अनिल गोयल के कंपनी छोड़ने के बाद सोमवार को जिनी थाटिल को अपना मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त करने की घोषणा की। गोयल तीन साल बाद कंपनी छोड़ रहे हैं। कंपनी ने कहा, थाटिल, जो इंजीनियरिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं, उनके पास इंजीनियरिंग टीमों के निर्माण और विस्तार, व्यवसाय और ग्राहक परिणाम देने और कई उत्पाद लाइनों तथा प्लेटफार्मों में नवाचार लाने का व्यापक अनुभव है। बायजू के भारत सीईओ अर्जुन मोहन ने एक बयान में कहा, 'हमें जिनी थाटिल को बायजू के सीटीओ के रूप में पदोन्नत करते हुए खुशी हो रही है। उनका व्यापक अनुभव और नेतृत्व कौशल उन्हें इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाता है क्योंकि हम अधिक दक्षता और स्थिरता के लिए पुनर्निर्माण जारी रखते हैं।' कंपनी के अनुसार, यह परिवर्तन परिचालन दक्षता को और बढ़ाने के लिए बायजू के चल रहे रणनीतिक पुनर्गठन और अपनी नेतृत्व टीम के पुनर्संरचना का हिस्सा है। सॉफ्टवेयर उद्योग में 25 वर्षों से अधिक के करियर वाले थाटिल ने ई-कॉमर्स, विज्ञापन, एनालिटिक्स, भुगतान, ऑनलाइन बैंकिंग, व्यक्तिगत वित्त, बिजनेस इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर और परिवहन सहित विविध डोमेन में नेतृत्व और गहरी समझ का प्रदर्शन किया है।

# पूर्वांचल के युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए गीडा में खुलेगा स्किल डेवलपमेंट सेंटर

**गोरखपुर,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को इसी अंचल के उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल बनाकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोला जाएगा। गीडा की पहल पर यह सेंटर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) द्वारा खोला और संचालित किया जाएगा।



गीडा के स्थापना दिवस समारोह 30 नवंबर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इस स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए एमओयू का आदान-प्रदान किया जाएगा। समारोह में प्लास्टिक पार्क के उद्यमियों को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए गैस ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) के साथ भी समझौता करार का हस्तांतरण होगा।

गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा कौशल विकास प्रशिक्षण देकर इस क्षेत्र के युवाओं को यहीं रोजगार उपलब्ध कराने की है। इसके दृष्टिगत नाइलिट के साथ एमओयू किया जा रहा है। इस एमओयू का आदान-प्रदान गीडा दिवस पर सीएम योगी के सामने किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी के मुताबिक स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए गीडा की तरफ से नाइलिट को 9,280 वर्ग मीटर स्थान में निर्मित भवन निशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। यहां स्थानीय युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केंद्र में नए सेक्टर जैसे इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी (आईटी), आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशिन लर्निंग आदि के लिए भी ट्रेनिंग दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि गीडा के स्थापना दिवस पर महत्वाकांक्षी प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट को और गति मिलेगी। प्लास्टिक पार्क में लगने वाली यूनिट्स को परियोजना स्थल पर ही गेल की तरफ से कच्चा माल सुलभ होगा। इसके लिए 30 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने एमओयू का आदान-प्रदान संपन्न होगा। गीडा की तरफ से प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे सेक्टर-28 में 88 एकड़ विकसित किया गया है। यहां प्लास्टिक उद्योग की 92 इकाइयों के लिये स्थान एवं समस्त आवश्यक अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसमें लगभग 5,000 व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। प्लास्टिक पार्क में 35 उद्यमियों को भूखंड आवंटन की कार्यवाही की जा चुकी है। इस आवंटन में लगभग 165 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है।

# तीसरी तिमाही में सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर फर्म बनी एनवीडिया, इंटेल, सैमसंग, टीएसएमसी को पछाड़ा

**सैन फ्रांसिस्को,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ग्राफिक्स चिप की दिग्गज कंपनी एनवीडिया इस साल की तीसरी तिमाही में इंटेल, सैमसंग और ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) को पछाड़कर सबसे अधिक मुनाफा कमाने वाली सेमीकंडक्टर कंपनी बन गई है। ताइपे स्थित वित्तीय विश्लेषक डैन निस्टेड ने 2021 की पहली तिमाही के बाद से सभी तिमाहियों के लिए इंटेल, एनवीडिया, सैमसंग सेमीकंडक्टर और टीएसएमसी से वित्तीय परिणाम संकलित किए और आंकड़ों से पता चला कि एनवीडिया दुनिया की सबसे अधिक लाभदायक चिप कंपनी बनने के लिए अन्य सभी को पीछे छोड़ चुकी है।



निस्टेड्ट ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एनवीडिया ने टीएसएमसी, इंटेल और सैमसंग को पछाड़ते हुए तीसरी तिमाही में चिप इंडस्ट्री के राजस्व का ताज अपने नाम कर लिया, क्योंकि जेनेरिक एआई प्रवृत्ति लगातार मजबूत हो रही है।' उन्होंने कहा, एनवीडिया 2023 में इंटेल और सैमसंग को पछाड़कर पूरे साल के चिप राजस्व में दूसरा स्थान हासिल कर सकता है, जबकि टीएसएमसी खिताब लेने की राह पर है।' यह खबर सबसे पहले सैममोबाइल द्वारा रिपोर्ट की गई। इस साल की तीसरी तिमाही में एनवीडिया का राजस्व 18.12 बिलियन डॉलर था, 10.42 बिलियन डॉलर के लाभ के साथ, 206 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि, डेटा केंद्रों के लिए एआई चिप्स के साथ अधिकांश लाभ हुआ। इसकी तुलना में, दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट चिप निर्माता कंपनी टीएसएमसी ने 17.28 अरब डॉलर का राजस्व और 7.21 अरब डॉलर का मुनाफा कमाया। 2023 की तीसरी तिमाही में इंटेल का राजस्व 14.16 बिलियन डॉलर था, लेकिन उसे 8 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। सैमसंग सेमीकंडक्टर, सैमसंग की चिप डिजाइनिंग और विनिर्माण शाखा का राजस्व 12.52 बिलियन डॉलर था लेकिन घाटा 2.86 बिलियन डॉलर था।

# जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 3767 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की तेजी के साथ 50.95 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# सैमसंग ने नए व्यावसायिक अवसर तलाशने के लिए नई यूनिट का किया अनावरण

**सोल,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। मेमोरी चिप्स और स्मार्टफोन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सोमवार को कहा कि उन्होंने अपने टॉप-लेवल के अधिकारियों के वार्षिक फेरबदल के हिस्से के रूप में नए व्यावसायिक अवसरों को एक्सप्लोर करने के लिए एक यूनिट की स्थापना की है। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'फ्यूचर बिजनेस प्लानिंग डिवीजन' नामक यूनिट का नेतृत्व लंबे समय से सैमसंग के कार्यकारी जून यंग-ह्यून करेंगे, जो वर्तमान में सैमसंग समूह की डिस्प्ले यूनिट सैमसंग एसडीआई कंपनी के उपाध्यक्ष हैं।

वार्षिक फेरबदल में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के दो सह-सीईओ हान जोंग-ही और क्यूंग के-ह्यून ने अपने पद बरकरार रखे, जो कंपनी के नेतृत्व को स्थिर करने के लिए एक स्पष्ट कदम था, चेयरमैन ली जे-योंग के पदभार संभालने के लगभग एक साल बाद। चेयरमैन ली जे-योंग के पदभार संभालने के लगभग एक साल बाद, वार्षिक फेरबदल में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के दो सह-सीईओ हान जोंग-ही और क्यूंग के-ह्यून ने कंपनी के नेतृत्व को स्थिर करने के लिए एक स्पष्ट कदम में अपने पदों को बरकरार रखा। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने बयान में कहा, यह यूनिट को उसके मौजूदा परिचालन से परे नए व्यावसायिक अवसरों को एक्सप्लोर करने के लिए बनाया गया। फेरबदल के तहत दो उपाध्यक्षों को भी पदोन्नत किया गया। योंग सेओक-वू, जिन्होंने कंपनी के डिस्प्ले डिवीजन में विभिन्न पदों पर काम किया है, को अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया और वह डिस्प्ले डिवीजन के प्रभारी होंगे।




किम वोन-क्योंग, जो 2012 में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में शामिल हुए थे, को अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया और वह वैश्विक सार्वजनिक मामलों पर कंपनी के प्रभाग का नेतृत्व करेंगे। सैमसंग के लेटेस्ट फेरबदल का दायरा पिछले फेरबदल की तुलना में छोटा था। पिछले साल, कुल सात अधिकारियों को अध्यक्ष पद पर पदोन्नत किया गया था, जिसमें कंपनी की पहली महिला अध्यक्ष ली यंग-ही भी शामिल थीं। इस फेरबदल को एक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है कि सैमसंग टॉप लेवल के कार्यकारी पदों के लिए अधिक युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए आगे बढ़ रहा है, जिसमें योंग 1970 के दशक में पैदा हुए पहले कंपनी अध्यक्ष बने हैं। यह फेरबदल ऐसे समय में हुआ है, जब लंबे समय से चली आ रही वैश्विक आर्थिक मंदी और संघर्षरत सेमीकंडक्टर उद्योग ने सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के तिमाही प्रदर्शन पर संकट के बादल मंडरा दिए हैं। इस साल की पहली और दूसरी तिमाही में, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने क्रमशः 640.2 बिलियन वॉन (491 मिलियन डॉलर) और 668.5 बिलियन वॉन का परिचालन लाभ दर्ज किया, जो 2009 की पहली तिमाही के बाद से सबसे कम तिमाही आय है।

# दीपावली अवकाश में छात्र-छात्राओं ने मेक टू होम शीर्षक से शैक्षिक व कलात्मक सामग्री का निर्माण कर प्रस्तुत किए



**महासमुंद,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। आशी बाई गोलछा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महासमुन्द में संस्था के प्रधान पाठक गैंद राम साहू के दिशानिर्देश में दीपावली अवकाश में बच्चों की सृजनात्मक एवं कलात्मक क्षमता विकसित करने मेक टू होम शीर्षक देकर अपने आसपास में उपलब्ध सामग्री जिसमे लागत कम से कम हो, इस प्रकार के विभिन्न उपयोगी कलात्मक एवं घरेलू उपयोग किया जाने वाले विविध सामग्री तैयार कर अवकाश पश्चात शाला में प्रदर्शनी का आयोजन कर निर्मित सामग्री का प्रदर्शन एवं व्याख्या कर उसका उपयोग बताने बच्चों को निर्देशित किया गया था। जिसे बच्चों ने प्रभारी शिक्षिका लता वैष्णव के मार्गदर्शन में चूड़ी, उन, धागा, कागज व गत्ते से झूमर, आइसक्रीम स्टिक से पेन स्टैंड एवं धान के बालियों से धन मोरी का कलात्मक वस्तुएं बना कर बहुत रोचक तरीके से प्रस्तुत किए। प्रतिभागी विद्यार्थियों में नीतू चंद्राकर, रितेश यादव, डागेश्वरी साहू, प्रीति यादव, डिंपल गोस्वामी, पल्लवी, ईशवी, पावनी साहू, देव कुमार निर्मलकर, वीणा निषाद आदि ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपने अपने दक्षता को बखूबी प्रस्तुत किये। प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्रधान पाठक एवं समस्त स्टाफ के शिक्षकगण गायत्री साहू, चंचला गुप्ता, व्ही राव, आबिदा खान, तृप्ति साहू सभी ने बच्चों के कला कौशल की तारीफ करते हुए प्रोत्साहित किये।

# लक्ष्मी को सदैव नारायण जी के साथ पूजना चाहिए: यशवंत शर्मा



पंडा परिवार के भागवत महापुराण को श्रवण करने उमड़ रही भक्तों की भीड़

**महासमुंद,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। रूखमणी मां लक्ष्मी की अवतार है और भगवान श्री कृष्ण नारायण जी के। लक्ष्मी सदैव नारायण की होती हैं परंतु आज के परिवेश में सभी लक्ष्मी को अपना बनाना चाहते हैं। मां लक्ष्मी जब अकेले आती है तो उल्लू में बैठ कर आती हैं और उल्लू बनाकर चली जाती हैं पर जब मां लक्ष्मी भगवान नारायण जी के साथ आती हैं तब उनका वाहन श्री गरुड़ होते हैं जिनके पंखों से वेद वेदांत के मंत्र प्रवाहित होते रहते हैं। इसलिए मां लक्ष्मी को सदैव नारायण जी के साथ पूजना चाहिए उससे घर में सुख.शांति समृद्धि वैभव की प्राप्त होती है। महाराज डॉक्टर यशवंत शर्मा ने भागवत महापुराण में उपस्थित श्रोताओं को कथा के पांचवे दिन कंस वध, कृष्ण और रूखमणी विवाह की कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि भगवान ने वेद विहित विवाह करके समाज को एवं मानव जीवो को गृहस्थ रूपी गाड़ी को धर्म के पद पर बढ़ाने का एवं धर्म का पालन करते हुए अपने मोक्ष के साधन को और आत्मबोध को जागृत करने का मार्ग प्रशस्त किया। भगवान श्री कृष्ण गृहस्थ जीवन अनुकरणीय रहा है। आज के परिवेश में विवाह होते ही लोग अलग परिवार में रहना चाहते हैं। ऐसे लोग अपने माता.पिता के त्याग तपस्या को भूल कर कृतघ्न बन जाते है। पर इसके विपरीत भगवान ने अपने माता.पिता को कंश के कारावास से मुक्ति दिलाई और कंश का वध कर उनका भी उद्धार कर धर्म की स्थापना की। माता.पिता की सेवा और एक अच्छे राजा व एक अच्छे शासक के रूप में प्रजापालन कर पितृ ऋण, देव ऋण और ऋषि ऋण तीनों से भगवान ऋण से मुक्त होकर हमे बताया। भगवान ने बताया कि हमे तीनो ऋण का पालन कैसे करना चाहिए और तीनो ऋण से अऋणी कैसे हो सकते हैं।

# पवनी में विधिक शिविर



**बिलाईगढ़,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। तालुका विधिक सेवा समिति बिलाईगढ़ के द्वारा संविधान दिवस 26 नवंबर अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवनी में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्था के अध्यापकगण एवं व्यवहार न्यायालय बिलाईगढ़ से अधिवक्ता यज्ञ कुमार सिंह, विष्णु साहू एवं वालेटियर सूर्यकुमार सिंह ने विभिन्न कानून के संबंध में जानकारी दिए। छात्र-छात्राओं को संविधान के बारे में भारतीय संविधान के मूल अधिकार उद्देश्य एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार से बताया गया तथा धारा 354 धारा, 67 आईटी एक्ट एवं चोरी, धारा 403, मारपीट, जमानतीय - अजमानतीय अपराध और पास्को एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# ग्रामीण युवाओं में खेल क्षमताओं की कमी नहीं : लक्ष्मण



**महासमुंद,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित खेल खुद प्रतियोगिता का शुभारंभ लक्ष्मण पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष महासमुन्द के मुख्य अतिथ्य एवं सरपंच पवन ध्रुव, योगेश्वर चंद्राकर, धर्मेन्द्र डडसेना, सरपंच रथ कुमार, राधेश्याम भोई, दिनेश यादव की उपस्थिति में शाण् पूर्व माध्यमिक विद्यालय रुमेकेल प्रांगण में सरस्वती माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। पश्चात क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से आई टीमों द्वारा मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी गई।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री पटेल ने कहा कि ग्रामीण युवाओं में काफी खेल क्षमता है। ग्रामीण खेल प्रतिभाएं भी बेहतर है। खेल सुविधाएं व प्रोत्साहन मिलने पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई बार देखने को मिला है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली कई प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाडी ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी हैं। जो देश के लिए सौभाग्य की बात है। लक्ष्मण पटेल ने एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकारों को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। ताकि ग्रामों में छिपी खेल प्रतिभाएं निखर कर सामने आ सकें। खिलाड़ियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों के साथ ही सभी खेल प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि एकल अभियान के तहत छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ संस्कार, भारतीय संस्कृति की जानकारी, हिंदू ग्रंथों का ज्ञान, पर्यावरण, स्वच्छता आदि सहित अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जाता है।

# देव संस्कृति स्कूल में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विविध आयोजन

**महासमुंद,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय देव संस्कृति उमावि में शनिवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि साइकोलॉजिस्ट श्रीमती मेघा ताम्रकार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने मां सरस्वती के छायाचित्रों पर पुष्पमाला, गुलाल तथा द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा छठवीं से 12वीं तक की बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसका विषय था .राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम। इस पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 40 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्र.छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं। मिडिल विभाग से कुण्साधना देवांगन, टीकम साहू, कु लतिका कश्यप। हाई स्कूल विभाग से कु नीलम साहू, केशव साहू, ण्प्रिते श्वरी चंद्राकर। हायर सेकेंडरी विभाग से कुण्डाली साहू मुस्कान तारक निधि कनौजे। सांत्वना पुरस्कार में .चांदनी साहू, योगिता साहू, चहक चंद्राकर, पल्लवी बघेल, दामिनी साहू, तन्नू ढीमर। मॉनिटर के रूप मे प्रत्येक कक्षा से प्रेम साई यादव, तन्मय पटेल, भूपेन निषाद, योगेश साहू। इसमें सभी प्रतिभागी विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि के कार्यक्रमों से पुरस्कृत किया गया। वहीं संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने अपनी उद्बोधन में कहा भारत में तंबाकू की खेती 1605 में पुर्तगालियों द्वारा शुरू की गई थी प्रारंभ में इसे गुजरात की फेरा और मेहसाणा जिले में उगाया जाता था। उसके बाद दूसरे नंबर पर आंध्र प्रदेश है। तंबाकू पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश 2005 में भूटान था। तंबाकू की खोज सबसे पहले मेसो अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के मूल लोगों ने की थी। इसका उपयोग अमेरिका 12,300 साल पहले की थी। वही कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साइकोलॉजिस्ट श्रीमती मेघा ताम्रकार ने कहा 2023 में विश्व ने इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2023 की थीम है .हमें भोजन की आवश्यकता है, तंबाकू की नहीं। 7 अप्रैल 1988 को प्रथम विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। भारत सरकार ने 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वर्ष 2007.08 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया गया जिसका उद्देश्य तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावो के बारे में जागरूकता पैदा करना, उत्पादन कम करना और तंबाकू उत्पादों की आपूर्ति, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003, लोगों को तंबाकू छोड़ने में मदद करना है। कार्यक्रम का मंच संचालन संस्था की वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती गरिमा साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री शशि प्रभा थिटे, नंद कुमार साहू, लोकेश कुमार चंद्राकर, अजय कुमार ताण्डी, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेंद्र चक्रधारी, ऋषभ साहू, चौलेंद्र कुमार भोई, योगेंद्र देवांगन, दूषण लाल साहू, अनीता पिल्लई, चित्रलेखा साहू, जयश्री श्रीवास्तव, किरण विश्वकर्मा, बसंती यादव, संजू पारेश्वर, योगिता कन्नौजे, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, सुनीता साहू, योगिता महाकुर, विद्या सिंहा, डिगेश्वरी चक्रधारी, मीनाक्षी पांडे, गौरी साहू, गायत्री साहू, लक्ष्मी साहू, भारती साहू, जनक लाल साहू आदि का सहयोग रहा। उकत जानकारी संस्था के वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी हैं।

# नवीन कैम्प ओढ़ में सीआरपीएफ ने आयोजित किया सिविक एक्शन प्रोग्राम



**गरियाबंद,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। रविवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल रेंज रायपुर 65 वी वाहनी के द्वारा जिले के मैनपुर ब्लाक के दुर्गम पहाड़ी स्थल में बने नवीन एफओपी ग्राम ओढ़ में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कमांडेंट विजय कुमार सिंह एवं द्वितीय अधिकारी विक्रम कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजन इस कार्यक्रम में ओढ़, अमलौर, हथौड़डीह वा अमामोरा के 275 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर सीआरपीएफ द्वारा गर्म कम्बल, साड़ी, बर्तन, लूंगी, गमछा, चप्पल, मच्छरदानी, अतिरिक्त खाद्य सामग्री वा अन्य कृषि उपयोगी जरूरत के समान का वितरण किया गया। इस दौरान उप कमांडेंट डेनियल एल, सहायक कमांडेंट गणेश चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

**PUBLIC NOTICE**
**U/S 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932**

Notice is change in the constitution of the firm **M/s Shree Salasar Ispat Udyog.** The constitution of firm **M/s Shree Salasar Ispat Udyog** Registration No. 222202163583 date of registration **20/05/2021** has been amended as under- **Smt. Shashi Agrawal** has been joined the firm and **Smt Bimla Parakh** has been retired from the firm w.e.f. **24/11/2023.**

For, M/s Shree Salasar Ispat Udyog
(Jay Kumar Agrawal)
Partner
Place :- Raipur
Date - 24.11.2023

# संविधान दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**महासमुंद,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्लान आफएक्सन के तहत विशेष दिवस पर किए जाने वाले शिविर एवं कार्यक्रम के तहत संविधान दिवस 26 नवंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के तत्वावधान में विधिक जागरूकता पर अधारित शिविरों का आयोजन किया गया। इसी परिपेक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा तथा सिविल न्यायाधीश महासमुंद राहुल शराफद्वारा कस्तुरबा गांधी अवासीय विद्यालय में नालसा द्वारा संचालित योजनाओं तथा विधिक जागरूकता पर अधारित विषयों पर सामूहिक चर्चा की तथा छात्राओं के उत्सुक विचारों पर जवाब माध्यम से सरल व सहजता पूर्ण भाषाओं के माध्यम से विधिक जागरूकता पर अधारित शिविर का आयोजन किया गया। सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा अपने उद्बोधन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 में सभी के लिए न्याय सुनिश्चत किया गया है। गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गो के लिए नि:शुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 के तहत राज्य का यह उत्तरदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करे। समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गो को सक्षम विधिक सेवा प्रदान करने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पास किया गया। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा का गठन किया गया हैए जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा नवकिरण एकेडमी महासमुंदए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती योगिता विनय वासनिक एवं प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीश सुश्री खुशबु जैन द्वारा शासकीय नर्सिग कॉलेज महासमुंद, ग्राम सुखरीडबरी में अविनाश टोप्पो, प्री मैट्रिक आदिवासी छात्रावास सरायपाली में अपर सत्र श्रीमती शोभना कोष्ठा, सोना सिल्ली पिथौरा के आंगनबाड़ी भवन में सिविल न्यायाधीश गिरिवर सिंह राजपूत, होलीफेथ स्कूल में सचिव श दामोदर प्रसाद चन्द्रा तथा महाप्रभुवल्लाभार्च स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में एनएसएस के छात्र.छात्राओं के साथ सिविल न्यायाधीश सुश्री योगिता जांगड़े तथा प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीश सुश्री खुशबु जैन द्वारा उपस्थित छात्र.छात्राओं को भारत के संविधान तथा उनके महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा जिला न्यायालय परिसर महासमुंद में भी न्यायालयीन अधिकारी.कर्मचारियों द्वारा संविधान के उद्देशिका का सामुहिक वाचन किया गया।

# सड़क दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी : रश्मि

**महासमुंद,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रश्मि चंद्राकर ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि आज युवाओं ने तेज गति से और बिना हेलमेट बाइक चलाने को फैशन बना लिया है, इसके कारण वे दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। उन्हें यह समझना चाहिए कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए ही नियमों के पालन की अपील करती हैं। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि दुर्घटनाएं चिंता का विषय हैं, इसलिए हमें अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ख्याल रखकर यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं से बचना है तो सड़क पार करते समय दोनों तरफ देखना चाहिए। नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी यातायात नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाएं और कार चलाते समय सीट बेल्ट करें। अत्यधिक गति ओवर स्पीड से बाहर ना चलाएं। यातायात के नियमों के पालन से वाहन चालक खुद के साथ दूसरों की भी जिदगियां बचा सकते हैं। सुरक्षा के लिहाज से यातायात के नियमों का पालन करना भी जरूरी है। जागरूक वाहन चालक ऐसा करके सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या कम कर सकते हैं। नशे की हालत में वाहन न चलाएं, निर्धारित से अधिक सवारी न बैठाएं, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें

## संविधान दिवस मनाया गया



**महासमुंद,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत खरोरा में संविधान दिवस मनाया गयाएवं संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, सचिव चंद्रमणि चंद्राकर, पंच गण एवं गांव के जागरूक नागरिक हेमेंद्र चंद्राकर, धनंजय चंद्राकर, देवेश चंद्राकर, संदीप चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, हीरालाल चंद्राकर आदि उपस्थित हुए।

# घर में घुसा सीमेंट मटेरियल टेंकर



## बाल-बाल बचे परिवारजन पशुधन की हुई हानि

**बलौदाबाजार,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम ढाबाडीह में सीमेंट संयंत्र के मटेरियल सप्लाई करने वालें टेंकर एक घर में जा घुंसा जिससे घर वाले बाल-बाल बचे लेकिन पशुधन के चपेट में आने से एक पशु की हुई मृत्यु वहीं एक घायल हुआ। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय बलौदाबाजार से हथबंद-सिमगा जाने वाली मार्ग पर भारी वाहनों का आवा गमन सीमेंट संयंत्रों के लिए बना रहता है जिससे आये दिन दुर्घटनाएं होती है। इस पर यातायात एवं पुलिस प्रशासन का जो सिकंजा होना चाहिए वह नही होने से इन वाहनों का आवा गमन धडल्ले से जारी रहता है। इसी के तहत अनुसूचित जाति बाहुल गांव ढ़ाबाडीह में भी घटना घटी जहां एक घर में सीमेंट संयंत्र मटेरियल दस चक्का टेंकर मकान में घुसा। जिससे मकान आंशिक क्षतिग्रस्त हुआ। लेकिन परिवार जन बाल-बाल बचे। लेकिन दो पशुधन चपेट में आने से एक की मृत्यु हुई वहीं एक घायल हुआ। समाचार भेजे जाने तक उक्त घटना की शिकायत पुलिस थाने तक नही पहुंच पायी थी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00048 फाफाडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440723600041

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00048 के अंतर्गत ग्राम फाफाडीह के वर्तमान भूमिस्वामी परिवर्तित भूमि पिता/पति पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 210/5 0.0023 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती लीना जुमनानी पिता/पति श्री कैलाश कुमार जुमनानी पता गोपी आटा चक्की के पास नहरपारा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.07.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.06.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**आम सूचना**

दो नाम का एक ही व्यक्ति ( महिला ) होने के संबंध में

मैं राधिका नेताम पति स्व. राधेश्याम नेताम जाति -गोंड़ निवासी ग्राम मोखा वार्ड क्रमांक 03 तह.-गुरूर जिला-बालोद की निवासी हूं। मेरा बजाज एलयांज शाखा धमतरी के पालिसी संख्या 0205467454 में मेरा नाम राधिका नेताम दर्ज है लेकिन आधार कार्ड में राधिका राधेश्याम नेताम दर्ज है। इसी प्रकार बैंक खाता में भी राधिका राधेश्याम नेताम दर्ज है मैं राधिका नेताम एवं राधिका राधेश्याम नेताम दोनों नाम की एक ही महिला हूं। मुझे दोनों ही नाम से जाना एवं पहचाना जाता है।

दोनों नाम की मैं एक ही महिला होने की पुष्टि में मैने दिनांक 08 नवम्बर 2023 को नोटरी महोदय-गुरूर के समक्ष एक शपथ पत्र भी निष्पादित करा दी हूं। इस प्रकार मैं राधिका नेताम एवं राधिका राधेश्याम नेताम दोनों नाम की एक ही महिला हूं।

तदनुसार यह आम सूचना एवं शपथ पत्र प्रस्तुत है।
दिनांक::-27.11.2023

भवदीय
राधिका नेताम
राधिका राधेश्याम नेताम
निवासी ग्राम मोखा तह. -गुरूर
जिला-बालोद ( छ.ग. )

**कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धमतरी, ( छ.ग. )**

**निविदा की संक्षिप्त सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 92401/2023 धमतरी
दिनांक 22/11/2023

जिला एवं सत्र न्यायालय, धमतरी के जिला मुख्यालय एवं बाह्य न्यायालय ( कुरूद ) के न्यायालय कक्षों एवं न्यायाधीश विश्राम कक्षों में संस्थापन हेतु आई.एफ.बी. /एल.जी./वोल्टास /ब्लूस्टार कंपनी के निर्माताओं/अधिकृत विक्रेत्ताओं/अधिकृत प्रतिनिधि से 2.0 टन क्षमता, 3 स्टार, कॉपर क्वाईलिंग, इस्टालेशन सहित 06 नग ए.सी. तथा 1.5 टन क्षमता, 3 स्टार, कॉपर क्वाईलिंग, इंस्टालेशन सहित 03 नग ए.सी. क्रय किया जाना है। क्रय किये जाने वाले ए.सी. की मेक/कंपनी का निर्धारण क्रय समिति द्वारा गुणवत्ता, दर, सर्विसिंग आदि के आधार पर किया जावेगा। ( क्रय किये जाने वाले ए.सी. की संख्या अनुमानित व परिवर्तनशील है )

उक्त संबंध में निविदा सूचना दिनांक 22/11/2023 को प्रकाशित की गई है एवं उक्त निविदा की सूचना एवं शर्तें जिला न्यायालय, धमतरी के वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/dhamtari में अपलोड की गई है। उपरोक्त निविदा की शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथी 12.12.2023 शाम 04.00 बजे तक नियत की गई है।

स्थान- धमतरी
दिनांक- 22/11/2023

अध्यक्ष
क्रय समिति
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश
धमतरी, जिला धमतरी ( छ.ग. )
जी-06155

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KHURSHID S/O OF ALI AHMAD resident of HOUSE NO 69 GRAM KHAIRJHITI POST DARRI TEHSIL PENDRAROAD DISTRICT BILASPUR 495117 (C.G) have changed my old name KHURSHID S/O ALI AHMAD, so in future I should be recognized by my new name that is KHURSHID AHMED IRAQUI in all Government and other documents.

**KHURSHID AHMED IRAQUI**
HOUSE NO 69 GRAM KHAIRJHITI POST DARRI TEHSIL PENDRAROAD DISTRICT BILASPUR 495117 (C.G)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAMESH KUMAR DHRUW S/O MEHAR SINGH DHRUV resident of HOUSE NO-204, SECTOR-01, STREET-03, BEHIND SARVODAY SCHOOL PROFESSOR COLONY, RAIPUR, PIN -492001, (C.G.) have changed my old name RAMESH KUMAR DHRUW S/O MEHAR SINGH DHRUV so in future I should be recognized by my new name that is RAMESH KUMAR DHRUV S/O MEHAR SINGH DHRUV in all Government and other documents.

**RAMESH KUMAR DHRUV**
HOUSE NO- 204, SECTOR-01, STREET-03, BEHIND SARVODAY SCHOOL PROFESSOR COLONY, RAIPUR, PIN -492001, (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KUMUD DHRUW D/O JHADU RAM UYAKE resident of BEHIND SANTOSHI MANDIR, NEAR BUS STAND BHANUPRATAPPUR, KANKER, PIN-494669 (C.G.) have changed my old name KUMUD DHRUW D/O JHADU RAM UYAKE so in future I should be recognized by my new name that is KUMUD DHRUV D/O JHADU RAM UYAKE in all Government and other documents.

**KUMUD DHRUV**
BEHIND SANTOSHI MANDIR, NEAR BUS STAND BHANUPRATAPPUR, KANKER, PIN-494669 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHIRIN KHAN D/O JUMMAN DIN KHAN resident of MIG 13/14, SAHAYOG PARK, MAHAVEER NAGAR, PURENA, RAIPUR (CG) PIN-492006 have changed my old name SHIRIN KHAN D/O JUMMAN DIN KHAN so in future I should be recognized by my new name that is SHIRIN GANDHOK W/O ANKIT GANDHOK in all Government and other documents.

**SHIRIN GANDHOK**
MIG 13/14, SAHAYOG PARK, MAHAVEER NAGAR, PURENA, RAIPUR (CG) PIN-492006

# छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी में संविधान दिवस का आयोजन

- न्यायपालिका के समक्ष मौजूद चुनौती एवं निराकरण विषय पर संगोष्ठी आयोजित
- मुख्य न्यायाधीश सिन्हा के प्रयासों से राज्य की न्यायिक व्यवस्था में तेजी से हो रहा सुधार





**रायपुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में 26 नवम्बर को छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने समस्त न्यायाधीशों को संविधान दिवस की बधाई दी है। गौरतलब है कि मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल के लिए नई दिल्ली प्रवास पर है। संविधान दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जस्टिस श्री नरेंद्र कुमार व्यास एवं विशिष्ठ अतिथि जस्टिस श्री राकेश कुमार पांडेय सहित राज्य के सभी जिलों के जिला न्यायाधीश, माननीय उच्च न्यायालय रजिस्ट्री के अधिकारी गण और बिलासपुर जिले में पदस्थ न्यायाधीश गण शामिल हुए।

कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित न्यायाधीशों द्वारा संविधान की उद्देशिका का पठन किया गया। इस अवसर पर जस्टिस श्री नरेंद्र कुमार व्यास ने कहा कि संविधान के पालन में न्याय व्यवस्था को सरल बनाकर जन-जन को इससे जोड़ना न्यायाधीशों का प्राथमिक कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान में नागरिकों को अनेक अधिकार प्रदान किए गए है। न्यायपालिका का यह दायित्व है कि पारदर्शी न्याय व्यवस्था बनाए रखते हुए हर व्यक्ति को न्याय मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। श्री व्यास ने इस अवसर पर न्यायपालिका के समक्ष की मौजूद चुनौती जैसे आधारभूत संरचना की कमी, न्यायाधीशों की कमी, प्रकरणों की अधिक संख्या आदि के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जस्टिस श्री राकेश कुमार पांडेय द्वारा भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान नागरिकों के हितों और उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है। जस्टिस पाण्डेय संविधान दिवस के महत्व और उदेश्य, संविधान के निमार्ण एवं विकास में योगदान देने वाले सभा के सम्मानीय सदस्यों के बारे में भी संक्षेप में जानकारी दी।

यहां यह उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा राज्य में न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ और न्याय की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसके चलते न्यायालयों की व्यवस्था एवं सुविधाओं में अपेक्षित सुधार दिखाई देने लगा है। उच्च न्यायालय भवन बिलासपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा की स्थापना, संविधान की उद्देशिका की पट्टिका और राष्ट्र चिन्ह अशोक स्तंभ की स्थापना, मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा की विशेष प्रयासों से हुई है, जिससे उच्च न्यायालय परिसर की गरिमा और बढ़ी है।

मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी के द्वारा 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर राज्य के समस्त जिलों के जिला न्यायाधीश की संगोष्ठी आयेजित की गई थी। इस संगोष्ठी का उद्देश्य न्यायपालिका के समक्ष मौजूद चुनौती एवं उनके निराकरण हेतु उठाये जाने वाले कदनों के संबंध में चर्चा करना था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने बीते सात माह में राज्य के समस्त जिलो का भ्रमण कर न्यायालयों में नजर आने वाली कमियों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किये हैं। उनके कार्यभार संभालने के बाद राज्य के जिला न्यायालयों की कार्य शैली में सकारात्मक बदलाव आया है। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा के द्वारा न केवल राज्य न्यायिक अकादमी में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में व्यक्तिगत रूचि लेकर स्तर को बेहतर बनाया है, बल्कि संविधान की मंशा के अनुरूप राज्य के स्वास्थ सेवाओं, निर्माण कार्यों, शिक्षा हेतु बच्चों के स्कूल पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए व्यक्तिगत रूचि लेते हुए समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार पर स्वमेव संज्ञान लेकर इन समाचारो को आधार जनहित याचिका के रूप में दर्ज कर इन अव्यवस्थाओं में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण आदेश पारित किये हैं।

# पुलिसकर्मी ने कई लोगों को रौंदा, बवाल

**कोरबा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। बालको जाने वाले मुख्य मार्ग ढेंगुरनाला के पास पुलिसकर्मी ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए गौरा गौरी विसर्जन कर लौट रही भीड़ को अपनी चपेट में ले लिया और ऑटो को भी ठोकर मारी। इस घटना की सूचना तत्काल 108 और सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई।

- जांच में जुटे अफसर

जिले में शराब के नशे में धुत पुलिसकर्मी ने गौरा गौरी विसर्जन कर लौट रहे लोगों को तेज रफ्तार कार से रौंद दिया। साथ ही एक सवारी ऑटो को भी ठोकर मार दी। हादसे में 6 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जिसमें से एक महिला गंभीर रूप से घायल है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और नशे में धुत कार चालक की जमकर पिटाई कर दी। यह मामला सिविल लाइन थाना थाना क्षेत्र का है।

जहां एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल के लिए रवाना किया गया. बताया जा रहा है कि हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इस हादसे के बाद लोग आक्रोशित नजर आए और चालक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।



# राजिम और नवापारा को जोड़ने वाला महानदी का पुराना पुल वर्षों से क्षतिग्रस्त

- पुल की टूटी रेलिंग हादसों को दे रहा खुला आमंत्रण





**राजिम,** 27 नवंबर (देशबंधु)। राजिम और नवापारा को जोडने वाली महानदी के पुराने पुल वर्षों से क्षतिग्रस्त है। पुल की टूटी रेलिंग हादसों को खुला निमंत्रण दे रही है। अनदेखी से कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। शहर के लोगों ने पुल के मरम्मत की मांग किया है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में सैलानी त्रिवेणी संगम का विहंगत दृष्य का लुफ्त उठाते हैं।

वहीं शहर सहित आस पास गांव के लोग मार्निंग व इवनिंग वॉक में आते है। पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, वरिष्ठ नागरिक अशोक गंगवाल, एन के साहू, रिटायर्ड शिक्षक प्रफुल्ल दुबे, डा, बलजीत सिंग, मनमोहन अग्रवाल, सुनील बोथरा, वकील सुभाष शर्मा सहित अनेक नागरिकों की मांग है कि इस पुल पर लगी रेलिंग व क्षतिग्रस्त जगहों को संबंधित विभाग द्वारा जल्द से जल्द ठीक की जाए। पुराने पुल में नगर के वरिष्ठ नागरिकों का एक बड़ा वर्ग सुबह शाम घूमने जाता है, पुल का बाउंड्री वाल जगह जगह से टूट गया है जिसमें कभी भी दुर्घटना हो सकती है,, वरिष्ठ नागरिक अशोक गंगवाल, एन के साहू, रिटायर्ड शिक्षक प्रफुल्ल दुबे, डा, बल्जीत सिंग, मनमोहन अग्रवाल, सुनील बोथरा, वकील सुभाष शर्मा सहित अनेक नागरिकों ने नगर पालिका नवापारा, राजिम, पीडब्ल्यूडी से तुरंत आवश्यक सुधार करने की अपील की।

# पति ने की पत्नी की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी पति का मानसिक स्थिति बीच बीच में हो जाता था खराब

**धमतरी,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना केरेगांव में 26 नवम्बर सूचना मिली की पथरापारा कमार डेरा बाजार बाजार कुर्रीडीह में धनेश्वरी कुंजाम पति देवसिंह कुंजाम उम्र 30 वर्ष को आज सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति ने धार दार हथियार से टंगिया से गर्दन में मार दिया है जिससे खून बह रहा है जिसकी की सूचना पर थाना प्रभारी केरेगांव द्वारा मय स्टॉफ के मौके पर पहुंच कर प्रथम दृष्टया में ही हत्या प्रतीत होने से शव का मौका मुआयना व पंचनामा कर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं डीएसपी. भावेश साव के नेतृत्व में थाना प्रभारी केरेगांव द्वारा त्वरित जॉच की कार्यवाही करते शव परिक्षण कर हत्या का मामला पाये जाने से मौके पर पाये साक्ष्य के आधार एवं निरीक्षण एवं जॉच विवेचना के दौरान आरोपी की पता तलाश की जा रही थी, आस पास से भी पूछताछ किया गया।






घटना के बाद सुबह आरोपी पति देवसिंह कुंजाम पिता मेघनाद कुंजाम उम्र 35 वर्ष साकिन पथरा पारा कमार डेरा बाजार कुर्रीडीह, थाना केरेगांव, जिला-धमतरी घर से निकलकर अपने दुसरे घर में छूपा हुआ था जिसको केरेगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया पूछताछ के दौरान घटना में संलिप्तता नजर आई, जिसको कड़ाई से पूछताछ के दौरान उसने बताया की 26 नवम्बर को सुबह 5 बजे उठकर सोये हुए अपने पत्नी के उपर टंगिया से वार कर हत्या कर दिया था।

परिजनों ने पूछताछ पर बताया की आरोपी का मानसिक स्थिति भी बीच बीच में खराब हो जाता है। आरोपी के मेमोरेंडम कथन एवं पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपी के विरुद्ध थाना केरेगांव में धारा 302 भादवि0 कायम कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजी जा रही है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी केरेगांव सउनि. प्रदीप सिंह, प्रआर. कांति लाल साहू, डिकेश सिन्हा आर. मनोहर सिंग, ललित रघुवंशी, रमेश सोनबेर का विशेष योगदान रहा।

# भांसी में नक्सलियों का तांडव, सड़क निर्माण में लगे 14 वाहनों को फूंका

- रेल लाईन दोहरीकरण में लगे एक पोकलेन में भी आगजनी
- सड़क ठेकेदार के कैंप में बीती रात आ धमके सैकड़ों नक्सली
- दो किलोमीटर दायरे में तीन सुरक्षा कैंप, फिर भी नहीं मिली आहट
- कुछ वर्ष पूर्व नक्सल मुक्त घोषित हुआ था भांसी



**दंतेवाड़ा/बचेली,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने लंबी खामोशी के बाद एक बार फिर उपद्रव मचाया है। बीती रात 1 बजे लगभग डेढ़ सौ की संख्या में पहुंचे नक्सलियों ने भांसी थाने के ठीक करीब सड़क निर्माण कंपनी के कैंप पर धावा बोल दिया और डामर प्लांट सहित वहां खड़ी 14 गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। रेल लाईन दोहरीकरण में लगी एक पोकलेन को भी आग के हवाले किया गया है। जहां पर यह वारदात हुई उसके दो किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा बलों के तीन कैंप हैं। इसके बावजूद फोर्स का सूचना तंत्र इतना कमजोर रहा है कि इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के आने की उन्हें आहट भी नहीं मिली। भांसी इलाके में ये नक्सल वारदात हुई, जिसे पुलिस ने तीन वर्ष पहले नक्सल मुक्त पंचायत घोषित किया था। इस घटना के बाद पुलिस के दावों पर सवाल उठने लगे हैं।

नाहर कंपनी, दंतेवाड़ा से बैलाडीला तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य कर रही है। यह काम पिछले साल भर से जारी है। कार्य की धीमी रफ्तार और खेतों में डायवर्सन को लेकर ग्रामीणों की नाराजगी भी रही है। यह मुख्य कंपनी है और इससे पेटी में एक अन्य कंपनी ने काम लिया है। भांसी के आगे बंगाली कैंप में इस कंपनी का अस्थायी कैंप बनाया गया है, जहां चौकीदार और सुपरवाइजर रहते हैं। रात को एक बजे सौ से डेढ़ सौ की संख्या में पहुंचे नक्सलियों ने पहले चौकीदार, सुपरवाइजर को अपने कब्जे में लिया, फिर उनके मोबाइल छिने और उसके बाद वहां खड़ी सभी गाड़ियों में आग लगानी शुरू कर दी। 14 गाड़ियां पूरी तरह जल कर क्षतिग्रस्त हुई है। इससे करोड़ो के नुकसान की आशंका जतायी गई है। आरसी नाहर कंपनी के कामकाज को लेकर भी काफी असंतोष देखने को मिल रहा था। नक्सलियों ने यहां पर्चे भी फेंके हैं, जिसमें काम बंद करने की चेतावनी भी दी गई है। आग जनी के दौरान एक नक्सली को मिर्गी का दौरा भी पड़ा था, जिसे दूसरे नक्सली अपने साथ लाद कर ले गए।

प्रत्यक्षदर्शी बुधराम मरकाम ने बताया कि रात करीब एक बजे काफी संख्या में नक्सली वहां पहुंचे, जिनमें से 50 से 60 हथियारबंद नक्सली डामर प्लांट पहुंचे। वहां बंदूक की नोंक पर मोबाइल छीन लिया। डामर प्लांट के किनारे सभी को खड़ा कर गाड़ियों से डीजल निकाला और डामर प्लांट सहित सभी गाड़ियों में आग लगा दी। इसके बाद सभी नक्सली फरार हो गए। चौकीदारों को धमकी दी, पोस्टर भी फेंके। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने नक्सली घटना की पुष्टि की है। नक्सलियों ने भांसी डामर प्लांट में आग लगाने के साथ ही 4 हाइवा, 2 शिफ्टर, 2 पानी टंकी, 1 मिक्सर मशीन, 1 एजाक्स, 1 पिकअप, 3 हाइड्रा और एक डीजल गाड़ी को जला कर बर्बाद कर दिया। रेलवे दोहरीकरण काम में लगे एक पोकलेन वाहन को भी नक्सलियों ने नहीं छोड़ा। घटना की सूचना जैसे ही भांसी थाने को मिली, फोर्स रवाना की गई। इसके साथ ही डीआरजी के जवान भी रवाना किये गए, तब तक नक्सली घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। विधानसभा चुनाव के दौरान शांत रहने वाले नक्सली अचानक उग्र कैसे हो गए ? यह महत्वपूर्ण सवाल है। सुरक्षा बलों की चिंता भी अब बढ़ गयी है।

# महिला पर हिरण ने किया हमला एक की मौत, एक घायल

**बीजापुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के उसूर ब्लाक के वनांचल गांव सेमलडोडी में गाय-बकरी चराने जंगल गई दो महिलाओं पर हिरण ने हमला कर दिया। हिरण के हमले से एक महिला की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।



उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर मृत महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सेमलडोडी गांव की रहने वाली अनिता ताती (62 वर्ष) व सोढ़ी पोज्जे (60वर्ष) रविवार को गाय-बकरी चराने जंगल गई थी।

इसी दौरान दोपहर 2-3 बजे के लगभग अचानक एक सींगधारी हिरण ने दोनों पर हमला कर दिया। हमले में अनिता की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी महिला सोढ़ी पोज्जे (60वर्ष) गंभीर रूप घायल हो गई।

घायल महिला के पुत्र सोढ़ी ने बताया कि हिरण के हमले में उनकी मां सोढ़ी पोज्जे पेट में गंभीर चोंट आई है। इलमिडी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। परिजनों के द्वारा थाना इलमिडी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

**पीड़ित परिवारों को मुआवजा दी जाएगी**

इधर वन विभाग के एसडीओ प्रकाश नेताम व इलमिडी के डिप्टी रेंजर ने अस्पताल पहुंचकर घायल महिला का हालचाल जाना। विभाग की ओर सहयोग करने का आश्वासन दिया।

एसडीओ प्रकाश नेताम ने बताया कि यह पहला मामला है कि हिरण ने हमला किया। इसके पीछे विभिन्न कारण हो सकते है। इसके लिए मौक पर जाकर जांच किया जाएगा। पीड़ित परिवारों को वन अधिनियम के तहत जो भी सहायता व मुआवजा दी जाएगी।

# महिला और बच्चे की पैरावट में मिली जली हुई लाश

**रायगढ़,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के एक गांव में एक महिला और बच्चे की जली हुई लाश मिली है. मेन रोड से लगे खेत में रखे पैरा में महिला और बच्चे को जलते देख लोगों की भारी भीड़ लग गई. इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. इस पर पुलिस अपनी फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. घटना शहर के जूटमिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेतनागर ग्राम की है.



- लोगों ने कहा- कुछ लोग कार में आए और बॉडी जलाकर चले गए

फिलहाल अभी महिला और बच्चे की पहचान नहीं हुई है. लोगों का कहना है कि कुछ लोग कार में आए और बॉडी जला कर चले गए. दोनों का शरीर इस तरह से जल चुकी है कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है. इस मामले में एसएसपी सदानंद कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है. महिला और बच्चे की कहीं और हत्या कर यहां पर लाशों को ठिकाने लगाने की कोशिश की गई है. पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है. इसके लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया है. लाशों के पोस्टमॉर्टम के बाद स्थिति और स्पष्ट हो पाएगी. फिलहाल लाश की शिनाख्ती नहीं हो पाई है. इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौके पर मौत, जाँच में जुटी पुलिस

**सूरजपुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां एनएच 43 पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवक 24 वर्षीय सुमित, बारपारा कोरिया जिला निवासी और उसका साथी 20 वर्षीय सचिन बुढार कोरिया जिला निवासी कल सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत सरस्वतीपुर कोनाखार अपने ससुराल गए हुए थे. यहां से देर रात वापस अपने घर के लिए जा रहे थे. इसी बीच बरबसपुर पहुंचे ही थे कि अचानक अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक को ठोकर मार दी. इस हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और मामले की जांच में जुट गई है।

# जेल में बंद कैदी ने की आत्महत्या की कोशिश

**सारंगढ़,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। सारंगढ़ उप जेल में एक विचाराधीन बन्दी द्वारा आत्महत्या करने की कोशिश का मामला सामने आया है। बताया जा रहा कि पॉक्सो एक्ट के मामले में विचाराधीन बन्दी लक्ष्मण मिश्रा पिछले 16 महीनों से उप जेल में दाखिल हैं।

जेल प्रहरी के अनुसार जेल के अंदर पोताई का काम चल रहा था और पोताई उपयोग में आने वाले तारपीन तेल को उठाकर बन्दी पी लिया. जिसके बाद उन्हें उल्टी और चक्कर आने लगा जिसको तत्काल सारंगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। फिलहाल अभी बन्दी की स्थिति सामान्य हो गया है अब वो स्वस्थ हैं। लेकिन उप जेल में इस तरह की घटना के बाद उप जेल प्रबंधन पर भी सवाल खड़ा होना लाजमी है। इस घटना के बाद वहाँ के बन्दी कितनी सुरक्षित होंगे उस पर भी अंदाजा लगाया जा सकता हैं। क्योंकि पहले भी एक बन्दी इस जेल में 1 वर्ष पहले भी आत्महत्या कर चुका हैं। बहरहाल ऐसे में शासन-प्रशासन को बंदियों की सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखाने की जरूरत है तांकि ऐसी घटना की पुनरवित्ति न हो।

**NECC**

| 28.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.35 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 550 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर- तुमने आने में देर कर दी।
पिंटू- क्यों डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास?
डॉक्टर- मर नहीं रहे हो, 6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

## संपादकीय

# बच्चों की जान से खिलवाड़ करते लोग

बड़ी संख्या में मासूमों को बड़ों की लापरवाही के चलते अपूरणीय हानि उठानी पड़ती है। इनमें उन्हें होने वाली मानसिक प्रताड़ना या शारीरिक हानि से लेकर जान गंवाने तक की घटनाएं देखने-सुनने को मिलती हैं। शहर हों या गांव, सभी जगह बच्चों के लिये प्रकारान्तर से एक जैसी खतरनाक परिस्थितियां हैं। कभी उन्हें घर या बाहर, खासकर स्कूलों में प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है तो कई बार वे यौन शोषण का शिकार भी होते हैं। इनमें छोटी बच्चियां ज्यादा होती हैं। कभी उन्हें अकेले कहीं काम पर भेज दिया जाता है तो कभी बिना किसी की देख-रेख के घरों पर छोड़ दिया जाता है। इसके कारण कभी कोई उनसे मार-पीट कर जाता है तो कभी उनका अपहरण हो जाता है या वे खो भी जाते हैं। ऐसे हालात में उनकी हत्याएं तक होती देखी गई हैं। कभी उन्हें गहरे तालाबों या नदियों में अकेले या गिने-चुने उनके हमउम्र मित्रों या भाई-बहनों के साथ नहाने भेज दिया जाता है जिस दौरान वे डूब जाते हैं।

ऐसे भी मामले सामने आते हैं कि उनके जीवन के साथ सीधे-सीधे खिलवाड़ होता नज़र आता है। मस्तूरी थाना के अंतर्गत पाराघाट में ऐसा ही वाकया हुआ है। शनिवार की सुबह अंजली यादव नामक 6 वर्षीय बच्ची स्कूल जाने के लिये निकली। वह गांव की एक दूकान के पास खड़ी थी तभी उसे वहां से ट्रेक्टर पर गुज़र रहे एक परिचित व्यक्ति ने स्कूल छोड़ने के लिये ट्रैक्टर के इंजिन पर बिठा लिया। तेजी से चलते ट्रैक्टर के झटकों में वह बच्ची खुद को स्थिर नहीं रख पाई और छिटककर गिर गई। इतना ही नहीं, वह उसी ट्रैक्टर के पहियों के नीचे आ गई जिसके कारण उसकी दुखद मौत हो गई। पिता रामनारायण यादव ने ट्रैक्टर चालक धरमपाल बघेल के खिलाफ लापरवाही बरतते हुए बच्ची की जान लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

यह बहुत ही दुर्भाग्यजनक है परन्तु इससे सबक लेते हुए सभी पालकों व अभिभावकों को चाहिये कि इस प्रकार बच्चों को अकेला छोड़ना उचित नहीं। यथासम्भव घर का ही कोई व्यक्ति उन्हें स्कूल तक छोड़ने और वहां से घर लाने के लिये जाये। अगर यह सम्भव न हो तो उस स्कूल में ही पढ़ने वाले किसी बड़े बच्चे के साथ छोटे बच्चों को भेजना चाहिये। अब गांवों की स्थिति पहले की तरह नहीं रह गई है। सभी तरह के वाहन अब गांवों में भरपूर संख्या में हो गये हैं। सड़कें भी अच्छी होने के कारण वे तेज गति से चलाए जाते हैं। ऐसे में तथा अन्य कई कारणों से जब बड़ों के ही जीवन सुरक्षित नहीं हैं तो यह कैसे उम्मीद की जाये कि मासूम व नासमझ बच्चों का जीवन सुरक्षित है या वे अपनी सुरक्षा की चिंता खुद ही कर लेंगे?

# प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में हुआ अरदास और कीर्तन




**मत्था टेक कर लोगों ने बाबा से मांगी दुआएं**


**जगदलपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। सिक्ख समुदाय ने हर्षोल्लास के साथ प्रकाश पर्व मनाया। गुरु नानक देव जयंती पर श्री गुरुसिंघ सभा की ओर से न्यू बस स्टैण्ड के पास स्थित गुरुद्वारा में अखण्ड पाठ का आयोजन किया गया था। 48 घंटे के पाठ के बाद सोमवार की सुबह समापन के बाद कीर्तन हुआ। इस अवसर पर सिक्ख समुदाय के श्रद्धालु बड़ी संख्या में गुरुद्वारा पहुंच कर मत्था टेक कर अरदास किया।

प्रकाश पर्व पर आयोजित लंगर में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर लंगर प्रसाद ग्रहण किया। नगर के बस स्टैंड गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रकाश पर्व पर अमृतसर से पहुंचे कविशर जत्था के भाई लखविंदर सिंह दरदी ने जीवन में गुरू के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सज्जन गुरु शिष्य को भी सज्जन बना देता है। गुरु नानक जी की शक्ति अनोखी थी। उन्होंने लोगों को मानवता, एकता और भक्ति का पाठ पढ़ाया। उन्होंने अपने विचार से संगत को निहाल कर दिया। इस अवसर पर किर्तन के दौरान वाहे गुरु, वाहे गुरु गाकर सभी को भक्ति में डूबो दिया। अरदास के बाद लंगर में प्रसाद ग्रहण करने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। गुरुनानक जयंती पर विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों ने गुरुदारे पहुंचकर आशीर्वाद लिया। गुरुसिंघ सभा के अध्यक्ष स्वर्ण सिंह ने बताया कि गुरूनानक देव ने पूरे जीवन में दूसरों के हित के लिए काम किए। गुरूनानक देव ने दूसरों के जीवन को संवारने के लिए अपने पारिवारिक जीवन और सुख की चिंता नहीं की वे बस दूसरे लोगों के जीवन में प्रकाश भरते रहे। इसलिए सिख समुदाय उनके जन्मदिवस को प्रकाश पर्व के तौर पर मनाते हैं।

### सिंधी समाज ने निकाली गुरु की शोभायात्रा

सिंधी समाज के लोगों ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अखंड पाठ साहिब की समाप्ति पश्चात् लंगर प्रसाद का आयोजन किया गया। शाम को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान सिंधी समाज की महिलाओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। जगह जगह-प्रसाद वितरण किया गया।

# सिंधी गुरुद्वारा में भक्ति संगीत और अरदास के साथ मनाएं गुरुनानक जयंती

**जगदलपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। श्री गुरुसंगत द्वारा कमेटी के द्वारा सोमवार को गुरुनानक जी के 554 वां जन्मोत्सव मनाया गया। 27 नवम्बर की सुबह 10 बजे से भक्ति संगीत और सप्ताहिक श्री गुरुग्रंथ साहिब की पाठ समाप्ति के बाद आरती, अरदास, भोग साहिब के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। सिंधु भवन में आम लंगर का आयोजन किया गया। संध्या 6 बजे गुरुद्वारा से शोभायात्रा निकाली कर नगर भ्रमण किया गया।

धमतरी से पधारे भाई साहिब हितेश जज्ञासी और रोशनी जज्ञासी एवम साथियों द्वारा भजन-कीर्तन पर समाज के लोग भक्ति के रंग में रंग गए।

**बंद रहें नगर के दूकान और संस्थान:** गुरुद्वारा कमेटी सचिव शंकर नानकानी ने बताया कि सिन्धी समाज सदस्यों से निवेदन किया गया था कि 27 नवम्बर सोमवार को अपने संस्थान बन्द रखकर समस्त आयोजन में सपरिवार शामिल होना है।

समाज के लोगों ने अपनी प्रतिष्ठान बंद रखा और गुरुनानक जन्मोत्सव कार्यक्रम के साथ शोभायात्रा में बढ़ चढ़ कर शामिल हुए।

**घर और दूकान में किए दीप प्रज्वलित:** सिन्धी पंचायत सचिव मनीष मूलचंदानी ने बताया कि समाज के लोगों ने 26 नवम्बर को दुकान के बाहर लाइट जलाकर ही छोड़ दिया, वहीं 27 नवम्बर को प्रकाश पर्व में दुकान और अपने घर के बाहर दिप जला कर रोशन किया गया।

# मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। विवेक दास पिता शनि दास निवासी गंगा नगर वार्ड के घर से 22 नवंबर की शाम 6ः00 बजे लगभग अपने घर के सामने अपनी मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी -17- के वाई-4589 को चोरी हो जाने की रिपोर्ट लिखाई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बोधघाट में अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही करते हुए चोरी हुए मोटर सायकल की पता तलाश कर साक्ष्य और मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी शुभम पटेल पिता स्व. मिश्री लाल के कब्जे से चोरी किये गए मोटर सायकल को जप्त कर उक्त आरोपी को थाना बोधघाट जगदलपुर में अपराध धारा 379 भा.द.वि. के अंतर्गत गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

# सफाई अभियान का आयुक्त स्वयं कर रहे निगरानी

**सड़कों एवं नालियों में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई करें : आयुक्त**



**जगदलपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत आज तीसरे दिवस शहर के विभिन्न मार्गों में सफाई अभियान चलाया गया। कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं सफाई अभियान का सुबह आयुक्त हरेश मंडावी ने स्वयं स्थल में रहकर अभियान का निरीक्षण किया। विशेष सफाई अभियान के तहत आज शहर के जिला ग्रंथालय से नयापारा मार्ग, चित्रकूट रोड एवम कुम्हारपारा रोड में सफाई अभियान चलाया गया।

आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्वच्छता विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को साफ सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। आयुक्त ने कर्मचारियों अधिकारियों को कहा कि शहर में वार्ड से नुक्कड़ों को समाप्त कर कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई करने का कार्य प्रारंभ करें। साथ ही सफाई कर्मचारी वार्ड एवं दुकानों में लोगों से कचरा नालियों एवं सड़कों पर न डालने की अपील करते क्षेत्र का सतत निगरानी करें और कचरा नाली एवं सड़कों पर डालने वालों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास, सुशील कर्मा, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सक्षम के जिलाध्यक्ष बने भागीरथी हेमराज उपाध्यक्ष मनोनीत



**जगदलपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) ने बस्तर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिले की कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष पद पर भागीरथी प्रसाद मौर्य को मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही हेमराज कश्यप को जिला उपाध्यक्ष के पद का दायित्व दिया गया है। सक्षम के सक्रिय कार्यकर्ताओं को लगातार पदोन्नति दी जा रही है। इसी क्रम में सक्षम अध्यक्ष अविनाश सिंह गौतम व संगठन महामंत्री कुणाल चालीसगांवकर ने भागीरथी व हेमराज को जिले की कमान सौंपी है। अविनाश व कुणाल ने संयुक्त रूप से बताया कि सनातन क्षेत्रीय मंच का ध्येय वाक्य हिंदू एक मंच पर है। ऐसे में सनातन धर्म से जुड़े सभी लोगों के साथ ही संगठनों को भी एकजुट होने का आह्वान सक्षम ने किया है। इसके साथ ही धर्मांतरण पर प्रतिबंध, गौरक्षा, लव जिहाद पर रोक और पर्यावरण रक्षा को लेकर सक्षम लगातार काम कर रहा है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में तीन दिवसीय आउट डोर स्टडी कैंप संपन्न



**कोण्डागांव,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार द्वारा विकास नगर कोंडागांव में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय कोंडागांव में कलेक्टर सहअध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति और संजय सिंह प्राचार्य के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय आउट डोर स्टडी कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें आर्ट शिक्षिका नारायणी कुमारी दुर्ग नवोदय के भूतपूर्व छात्र शिवचरण शिक्षक मड़ानार और उनके विद्यालय के बच्चों द्वारा सिलम्बम गतका खेल की बारीकियों और वॉल पेंटिंग का प्रशिक्षण से विद्यालय की दीवाल पर बच्चों द्वारा सुन्दर चित्रकारी किया गया है। इस दौरान विद्युत विभाग के उप अभियंता मिर्जा सत्तर बेग द्वारा बच्चों को गुरुनानक जयंती के अवसर पर गतका खेल किट नवोदय के बच्चों को भेंट किया गया। बच्चों के साथ विद्यालय के शिक्षक आर.के.कश्यप, सचिन कुमार, अंकित सोलंकी, समीर देवांगन, ए.के.मिश्र, रूपेश कुमार, भूपेंद्र कुमार, शिक्षिका अनुप्रिया स्वराज कृष्णवेणी भावना मेहलावत, आकांक्षा गर्ग, प्रीति चैहान, विधु त्रिपाठी और अन्य स्टॉफ षंकर संतोष लक्ष्मण रामशिला रेवती दीदी ने भी इस कार्यशाला में उत्साह के साथ योगदान दिया।

# शहर के मैरिज गार्डनों का री-असेसमेंट करने का कार्य हुआ शुरू

**री-असेसमेंट का कार्य को पूरे ईमानदारी के साथ करें : आयुक्त**



**जगदलपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने विगत दिनों निगम राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शहर के सभी मैरिज गार्डन का पुनः री असेसमेंट करने का निर्देश दिया था। जिस संबंध में आयुक्त ने री असेसमेंट के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था। उस राजस्व विभाग की टीम के द्वारा निर्देशों का पालन करते निगम राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का राजस्व अधिकारी के नेतृत्व में मैरिज गार्डन का री असेसमेंट करने का कार्य टीम बनाकर प्रारंभ कर दिया गया है जिसके तहत शहर के चंपा बाग, तक्षशिला, गुप्ता लॉन, ड्रीमलैंड, वृंदावन गार्डन, अभिनंदन पार्क एवं जमाल मिल का री असेसमेंट करने का कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष बचे मैरिज गार्डन का री असेसमेंट का कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इस अभियान में राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग, राजस्व विभाग के विनय श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, नागेंद्र, विजय निषाद एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में बच्चों ने किया संविधान की उद्देशिका का वाचन




**मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों की दी जानकारी**

**कोण्डागांव,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में संविधान दिवस का आयोजन किया गया जहां बच्चों द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया, वहीं विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी भी दी गई।

कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में संविधान दिवस छब्बीस नवंबर के अवसर पर संविधान दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। प्रधान अध्यापिका मधु तिवारी ने संविधान में निहित मौलिक अधिकार कर्तव्यों के साथ शिक्षा का अधिकार के बारे में विस्तार से बताया। संविधान निर्माण में 2 वर्ष 11 मा 18 दिन का समय लगा सर्वप्रथम 29 अगस्त 1947 को संविधान प्रारूप समिति डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की नेतृत्व में बनाई गई। गहन विचार के बाद संविधान का एक प्रारूप तैयार किया गया, जिससे 25 फरवरी 1948 को प्रस्तुत किया गया। 17 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने प्रारूप का तीसरा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# बाबा साहब सेवा संस्था कोंडागाव ने भारतीय संविधान दिवस मनाया



**संविधान विरोधी ताकतों के षडयंत्र, प्रशासनिक बाधाओं के बावजूद**

**कोण्डागांव,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। भारत के संविधान की रक्षा व सम्मान पर बात करने के लिए 26 नंवबर 2023 को बस्तर संभाग के हृदय स्थल कोंडागांव में 'भारतीय संविधान दिवस' जो तमाम प्रशासनिक बाधाओं एवं कुछ संविधान विरोधी ताकतों के षडयंत्रों के बावजूद 'बाबा साहब सेवा संस्था' कोंडागाव के संविधान के प्रति दृढ़ निष्ठा व समाज समुदायों को जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित 'भारतीय संविधान दिवस' को सफलतापूर्वक मनाया गया। उक्त उद्देश्य परख आयोजन के 'मुख्य अतिथी' ओबीसी समाज के अंतर्राष्टीय वक्ता प्रोफेसर 'डॉ.लक्ष्मण यादव का आगमन 26 नंवबर को कोण्डागांव में हुआ। इस शानदार आयोजन का आगाज तमाम अतिथियों के स्वागत से किया गया। खुले चैपाटी मैदान में अनुमति को लेकर प्रशासनिक विरोध उहापोह के चलते कार्यक्रम के लिए सर्व आदिवासी समाज का नवनिर्मित व्यवसायिक कांप्लेक्स भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संभाग भर से आए संविधान प्रेमियों से भवन खचाखच भर गया। स्वागत सत्कार से ही दर्शक दीर्घा का उत्साह देखते बनता था। जब प्रोफेसर लक्ष्मण यादव का उद्बोधन आरंभ हुआ तो जय भीम, जय संविधान, जय जोहार के नारों से सारा महफिल गुंज उठा। भीड़ इतनी थी कि भवन की छत पर भी लोगों ने खड़े होकर, वक्ता को सुना। उतने ही लोगों ने भवन के बाहर डिजिटल स्क्रीन पर लाइव सुना। जिसे जहां स्थान मिला उसने वहां से संविधान दिवस में शरीक होकर वक्ता के प्रखर उद्बोधन का लाभ उठाया। कई श्रोता तो आज खुद को पहली दफा तमाम गुलामी की थोपी हुई बाधाओं से मुक्त महसूस करते, नव जोश व ऊर्जा से चमत्कृत दिखे। प्रोफेसर ने पाखंड पर सीधे वार करते हुए कहा कि हम अपने ही उत्थान के विमुख किसी और के इशारे पर चल रहे हैं, हमें जागने की जरूरत है, आज के दिन ये संदेश पूरे राष्ट्र को जाना चाहिए कि 'संविधान से छेड़खानी बर्दाश्त नहीं की जा सकेगी'

कार्यक्रम में वक्ता डॉ.लक्ष्मण यादव, धनीराम बंजारे, हेमंत केसरिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मानव आयोग अधिकार फेडरेशन दुर्ग संभाग भंते ज्ञान बुद्धि, भंते धंमधार, राधेश्याम साहू प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग समाज छग, सुनील रामटेक अखिल भारतीय एसटीएससी फेडरेशन भिलाई स्टील प्लांट, बस्तर संभाग, गौतम साहू ओबीसी महासभा छग, डी नागेश्वर संरक्षक मेहर समाज, डी.पी.मेश्राम, बौद्ध कमलेश रामटेक समाज जगदलपुर, बीरबल गढ़पाले, अशोक वी.के., गुसेश्वर साहू कांकेर, जगदीश, कमिश्नर दिलीप वासनिकर, सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष बंगाराम सोरी, मन्नाराम नेताम शासकीय ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आदिवासी परिवार के साथ जमकर मारपीट हुई घटना की रिपोर्ट नहीं लिखने वाले खल्लारी थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग



**बागबाहरा,** 27 नवंबर (देशबंधु)। खल्लारी थाने के अंतर्गत ग्राम खम्हारमुड़ा (कमरौद) में आदिवासी परिवारों के साथ हुई जमकर मारपीट, गाली-गलौच के मामले में पीड़ित परिवारों को दो दिनों तक थाने में कई घंटों तक बैठाने के बाद भी उचित कार्यवाही नहीं करने वाले थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग सर्व आदिवासी समाज महासमुंद ने की है। पीड़ित आदिवासी परिवारों के साथ गांव के लोगों ने दबंगई दिखाते हुए उसके घर में जबरन घुसकर गाली-गलौच, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देते हुए महिला पुरुष के अलावा पुत्री के साथ बेरहमी से मारपीट किया गया। इस मामले की रिपोर्ट लिखाने खम्हारमुड़ा (कमरौद) की दंपत्ति परिवार खल्लारी थाने में पहुंचे। लेकिन उन्होंने दो दिनों तक कई घंटों थाने में बैठाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई अपराध कायम नहीं किया गया। उसके बाद पीड़ित परिवार महासमुंद के अजाक थाने में पहुँच कर लिखित में आवेदन देकर इस मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है। दबंगई के साथ आदिवासी परिवारों के साथ हुई घटनाक्रम को लेकर सर्व आदिवासी समाज में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। इस मामले की खल्लारी थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं होने से आदिवासी समाज के लोग और भी आक्रोशित हो गए हैं। गांव के कुछ लोगों द्वारा दबंगई के साथ पीड़ित परिवारों के साथ मारपीट एवं गाली-गलौच की गई है। जो अपराध करने की श्रेणी में आता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खल्लारी थाने के अंतर्गत ग्राम खम्हारमुड़ा (कमरौद) निवासी प्रार्थिया श्रीमती पार्वती दीवान पति मयाराम दीवान ने बताया कि गत 22 नवंबर की रात 8 बजे गांव के निवासी तोषण साहू, हीरा राम साहू, मनोज कुमार साहू, मनोहर साहू एवं परमेश्वर साहू हाथ में डंडे लेकर उनके घर पहुंचे। उसके बाद उनके पति के सम्बन्ध में पूछताछ करते हुए गाली-गलौच करने लगे। पति के घर में न होने की बात कहने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर डंडे से मारपीट किया गया। इसी दौरान प्रार्थिया पार्वती दीवान के पति मयाराम दीवान आए, तो गांव के पांचो लोगों ने जमकर दबंगई दिखाते हुए डंडे से उनके साथ मारपीट एवं गाली-गलौच किया। इतना सबकुछ करने के बाद भी आरोपियों का मन पूरी नहीं होने पर पीड़िता की 19 वर्षीय पुत्री के साथ भी गाली-गलौच एवं मारपीट की गई। जो मूलत: अपराध की श्रेणी में आता है। लेकिन पुलिस थाना खल्लारी के प्रभारी द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। आदिवासी महिला परिवार के घर में जबरदस्ती घूँसकर पीड़ित परिवारों के साथ गाली-गलौच एवं मारपीट किया गया। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने खल्लारी थाने में पहुंचे ग्राम खम्हारमुड़ा (कमरौद) के पीड़ित परिवारों को दो दिनों तक चक्कर कटवाकर कई घंटों तक थाने में जबरदस्ती थाना प्रभारी द्वारा बैठाकर रखा गया था। उसके बाद अंतत: हार खाकर उक्त पीड़ित आदिवासी परिवार ने महासमुंद के विशेष आदिवासी हरिजन थाना में जाकर अपना शिकायती आवेदन देकर प्रस्तुत किया।

सर्व आदिवासी समाज महासमुंद के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भीखम सिंह ठाकुर ने बताया कि खल्लारी थाने के खम्हारमुड़ा गांव के आदिवासी परिवार के साथ दबंगई दिखाते हुए गाली-गलौच एवं मारपीट के घटना की जानकारी मुझे मिली है। पीड़ित परिवार द्वारा सम्बन्धित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे लोगों की रिपोर्ट दर्ज थाना प्रभारी द्वारा नहीं की गई। बल्कि उक्त पीड़ित आदिवासी परिवारों को दो दिनों तक कई घंटों थाने में बैठाए रखा गया। लेकिन इतने बड़े मामले को लेकर उन्होंने इस दिशा में कोई उचित कार्यवाही नहीं किया। जो कानूनन आदिवासी एक्ट की श्रेणी में अपराध पंजीबद्ध होना पाया जाता है। लेकिन थानेदार ने पीड़ित परिवारों की मदद एवं उचित कार्यवाही करने के बजाय कोई कार्रवाई न कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाकर गांव के दबंगई करने वाले लोगों के हौसले बुलंद कर दिए।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर ठाकुर ने बताया कि खल्लारी थाने के ग्राम खम्हारमुड़ा (कमरौद) के निवासी श्रीमती पार्वती दीवान पति मयाराम दीवान के परिवार के साथ गांव के कुछ दबंगई लोगों द्वारा उसके घर में जबरन घूँसकर गाली-गलौच एवं मारपीट करने का मामला सामने आया है। खल्लारी के थाना प्रभारी द्वारा पीड़ित आदिवासी परिवारों को

थाने में दो दिनों तक कई घंटों बैठाए रखने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर उन्होंने हैरान होकर अंतत: महासमुंद के विशेष आदिवासी हरिजन थाना में जाकर आवेदन प्रस्तुत किया। तब

**पुलिस प्रशासन की सोई हुई निद्रा**

जाग उठी। इस गंभीर मामले में घोर लापरवाही एवं कोताही बरतने वाले खल्लारी थाने के थाना प्रभारी इंद्रभूषण सिंह को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग पुलिस प्रशासन से की गई है। उक्त थानेदार को निलंबित नहीं किए जाने पर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी सर्व आदिवासी समाज द्वारा दी गई है। उक्त थाना प्रभारी की कार्यशैली एवं उसके आचरण व्यवहार को लेकर लोग काफी नाखुश हैं।

# मुनिचूंआ दर्शन करने उमड़ा जन सैलाब



**बिलाईगढ़,** 27 नवंबर। ग्राम सलिहा के जंगल में गुप्त गंगा मुनिचुआ स्थित है। माना जाता है कि पूर्व में यहां पर किसी मुनि ने तप किया था और इस गुप्तगंगा के जल में स्नान एवं सेवन करते थे, जिसके कारण इस स्थान का नाम मुनिचुआ पड़ा। यह भी माना जाता है कि इस गुप्त गंगा का सीधा संबंध नरसिंहनाथ एवं समुद्र से मिला है,इसके गहराई का अभी तक किसी ने अंदाजा नहीं लगा पाया है। जिसके कारण इस गुप्त गंगा में स्नान करने एवं इसके जल को सेवन से मनुष्य के पाप धुल जाते हैं और उनके मनोकामना पूर्ण होती है। गुप्त गंगा भगवान शिव को समर्पित है।गुप्त गंगा के दर्शन कार्तिक पूर्णिमा को, देव दिवाली के दिन करते हैं। इस दिन गुप्तगंगा मुनि चुआ में विशाल मेला लगता है,दूर- दूर से लोग गुप्तगंगा के दर्शन करने आते हैं। इस वर्ष शिव जी के वार सोमवार होने से गुप्तगंगा मुनिचुआ दर्शन करने जन सैलाब उमड़ पड़े।भीड़ को देखते हुए लोगों की सुरक्षा के लिए शासन-प्रशासन के द्वारा जगह-जगह पर पुलिस की व्यवस्था की गई है। लोग गुप्त गंगा के दर्शन कर प्रसादी के रूप में भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किये। यहां पर हजारों लोगों के लिए भण्डारे एवं प्रसादी का व्यवस्था किया गया था। मेला में बिलाईगढ़ राजघराने से महाराज ओंकारेश्वर सरण सिंह दीवान साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जहां पर पूरे दिन भर पण्डवानी गायिकाओं के द्वारा विविध कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में ग्राम छुईहा, धनसीर,धौराभाठा, सलिहा, छपेरी, भोगडीह, मलुहा, परसापाली,लाखडबरी,बिजयनगर, बघमल्ला, सुरगुली सहित अनेक गांवों के लोग पहले से ही भण्डारे एवं परसादी की व्यवस्था में लगे हुए थे। जहां पर हजारों लोगों ने परसादी एवं भोजन ग्रहण किया।

# पलारी के पुन्नी मेला में जुटी भीड़



**पलारी,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को पलारी के ऐतिहासिक बालसमुँद तट पर मेला का आयोजन हुआ मेले का लुफ्त लेने आसपास के ग्रामीणों के अलावा दुर दराज से बड़ी सँख्या मे लोग सम्मिलित हुए।रात 12 बजे के बाद से ही श्रद्धालुओं का बालसमुँद तालाब मे आने का सिलसिला शुरू हुआ और देखते ही घाट पर पुन्नी स्नान करने वालो जमघट लग गई खासकर बड़ी सँख्या मे महिलाओं ने पुण्य स्नान कर बालसमुँद तालाब मे दीप दान की पश्चात सिद्धेश्वर भोलेनाथ और सिद्ध बाबा भगवान की दर्शन कर पूजा अर्चना की गई, श्रद्धालुओं द्वारा लाल ईँटो से निर्मित अतिप्राचीन मँदिर मे फोटो शुट कर इस यादगार लम्हे को सहेजा गया, यादव समाज द्वारा राधाकृष्ण मँदिर मे पारँपरिक यादव नृत्य का प्रदर्शन किया गया वही गुरूघासीदास मँदिर मे पालो चढाकर पूजा अर्चना की गई। अलसुबह से लेकर देर रात भक्तो ने पुजा अर्चना के लिए लाईन मे लगे हुए थे।भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की चाक चौबँध व्यवस्था रही वही आवाजाही को लेकर दिनभर व्यवस्थित करते रहे।

# सरस्वती निषाद ने किया संजीवनी रक्तदाता संघ की सदस्यता ग्रहण



**रक्तदान के लिए दिखाई जिज्ञासा**

**खरोरा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। 26 नवंबर को मुंबई आतंकी हमला में शहीद हुए वीर जांबाज अधिकारियों एवं नागरिकों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए क्षेत्र की तेजस्वी महिला सरस्वती निषाद ने संजीवनी रक्त दाता संघ का सदस्यता ग्रहण करते हुए संस्था के नियमों का पालन ? करने का संकल्प लिया है वहीं रक्तदान करने में जिज्ञासा दिखाई है। रायपुर जिला तिल्दा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरूवाडीह कला निवासी सरस्वती निषाद ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले का स्मरण करने हुए शहीद हुए वीर जांबाज अधिकारियों एवं निर्दोष नागरिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए क्षेत्र में संचालित संजीवनी रक्त दाता संघ की सदस्यता ग्रहण किया है।वहीं उन्होंने जरूरत मंदों को रक्त दान करने में जिज्ञासा भी दिखाई है। गौरतलब हो कि संजीवनी रक्त दाता संघ अंचल में सदस्यता जोडो अभियान की शुरुआत किया है ताकि लोग रक्त की महत्ता को समझते हुए जरूरत मंदों को रक्त मुहैया कराकर जान बचा सके। इस अभियान का कड़ी बनते हुए सरस्वती निषाद ने संजीवनी रक्त दाता संघ में जुडकर जरूरत मंदों को रक्तदान करने की इच्छा जताई है। उनका कहना है कि मेरे पति प्रेरणा श्रोत है। जिन्होंने रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने में भागीदारी निभाते आ रहा है।वहीं संजीवनी रक्त दाता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान का भी आभार ब्यक्त किया है जिन्होंने संस्था में सदस्यता दिलाकर मानव सेवा का अवसर दिया है। सरस्वती निषाद का संजीवनी रक्त दाता संघ में सदस्यता ग्रहण करने से ? संस्था का अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान सहित उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष, सचिव सहित अन्य सदस्यों ने आत्मीय स्वागत किया है।

# एक लाख के गांजे के साथ यूपी का युवक गिरफ्तार

**बागबाहरा,** 27 नवंबर ( देशबंधु)। ओड़िशा से बाइक में गांजा लेकर यूपी जा रहे एक युवक को कोमाखान पुलिस ने टेमरी नाका के पास रंगेहाथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 ख नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपी को व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में प्रस्तुत किया गया। जहाँ से आरोपी युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक सीजी 04 सीबी 8090 में गांजा लेकर नुआपाड़ा ओड़िशा से खरियाररोड होते हुए टेमरी नाका कोमाखान की ओर आ रहे थे। जिसे रोककर पूछताछ करने पर बाइक सवार युवक विक्रम सिंह 29 वर्ष जिला बांदा उत्तरप्रदेश निवासी ने बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल में एक नीले रंग की बैग में पांच किलो गांजा रख कर ओड़िशा से लेकर उसे उत्तरप्रदेश में बिक्री करने हेतु ले जा रहा था। आरोपी युवक के कब्जे से कोमाखान पुलिस ने एक नीले रंग के बैग से पांच किलो गांजा कीमती 1 लाख रुपए सहित परिवहन में प्रयुक्त बाइक एवं मोबाइल को जब्त कर थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के द्वारा की गई इस धरपकड़ की कार्यवाही में मुखबीर के अलावा कोमाखान थाने के पुलिस कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा है। इसके पहले भी कोमाखान थाने के पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में ओड़िशा की ओर से आ रहे अवैध गांजा एवं शराब की धरपकड़ की जा चुकी है। जिसके कारण बॉर्डर में स्थित यह थाना प्रशंसनीय कार्य के लिए स्वयमेव मौजूद है।

# शा. प्राथमिक शाला मुंधा में आंवलातरी का कार्यक्रम आयोजित



**सरायपाली,** 27 नवंबर (देशबंधु)। शासकीय प्राथमिक शाला मुंधा में आंवलातरी का कार्यक्रम रखा गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं प्रधान पाठक के द्वारा तुलसी वृक्ष, आंवला वृक्ष एवं शालिग्राम की पूजा अर्चना चंदन, तिलक ,धूप ,अगरबत्ती, फल, फूल नारियल चढ़ाकर किया गया। बच्चों द्वारा पूजा स्थल को रंगोली और फूलों से सजाया गया। पंडित महाराज द्वारा माता तुलसी ,आंवला वृक्ष की मंत्र उपचार से वातावरण को भक्ति मय बना दिया। गांव की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति के लिए आह्वान किया गया। बच्चों के ज्ञानवृद्धि एवं स्वास्थ्य लाभ के लिए वृक्षों की फेरा लगाकर मनोकामना किया गया। सामूहिक महाआरती पाठ कर भोग चढ़ाया गया। भंडारा प्रसाद ग्रहण कर बच्चे खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगत राम श्रीवास, प्रधान पाठक शीला विश्वास,सहायक शिक्षक हीरा राम पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री यादव ,पुष्पा नायक, समस्त सदस्य, ग्रामवासी एवं प्यारे बच्चे उपस्थित थे।

# विभिन्न स्कूलों में संविधान दिवस पर हुए विविध आयोजन

**सरायपाली,** 27 नवंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के परिपालन के साथ बीईओ सरायपाली प्रकाशचंद्र मांझी, बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल एवं एबीईओ द्वय देवनारायण दीवान, जितेन्द्र रावल के मार्गदर्शन में विकासखण्ड सरायपाली के विद्यालयों में च्संविधान दिवसज् का आयोजन किया गया। बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने संविधान दिवस क्विज़ में स्वयं प्रतिभागी बनकर ऑनलाइन प्रमाण पत्र हासिल कर सभी को प्रोत्साहित किया।

विकासखण्ड सरायपाली के चयनित 10 हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों शास. कन्या हायर ., मा सदा गो मंदिर स्कूल, सेजेस, हायर सेक. पैकिन, किसड़ी, बलोदा, केना, केदुवां, बानीगिरोला, मोहदा के विद्यार्थियों के लिए च्विधिक जागरूकता शिविरज् अंतर्गत संविधान दिवस पर च्निबंध लेखनज् प्रतियोगिता 1. मौलिक अधिकार, 2. मौलिक कर्तव्य, 3. भारत में संविधान का महत्व विषय पर निबंध लेखन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम को चयनित कर पुरस्कृत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 26 नवंबर को च्संविधान दिवसज् मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 ई. को संविधान सभा में अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया है। संविधान दिवस, 26 नवंबर 2023 को मनाए



जाने हेतु भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा एक वेबपोर्टल का निर्माण किया गया है। भारत के संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) के ऑनलाइन पठन हेतु एक लिंक और इसके साथ ही च्भारत - लोकतंत्र की जननीज् विषय पर ऑनलाइन क्विज़ के लिंक को शेयर किया गया था। वेबपोर्टल 26 नवंबर 2023 के लिए उपलब्ध था, जिसमें भारत के सभी नागरिकों भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते थे। ऑफलाइन मोड पर भी कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देश दिए गए थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - केना में प्राचार्य एम एल नायक के नेतृत्व में कार्यक्रम संयोजक व्याख्याता शैलेन्द्र कुमार नायक ने संविधान निर्माण के इतिहास और महत्व को साझा किया तथा की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराया। आयोजन में व्याख्याता गण पी एन बेहेरा, रुद्रसिंह राय, अनूप मेश्राम, निर्मल प्रधान, शंभु कुशवाहा, लिपिक राकेश डड़सेना सहित समस्त स्टाफ तथा शाला नायक अमित साहू, उपशाला नायक ललिता राणा, बाल संसद के सदस्य गण ज्योति साव, स्नेहा प्रधान, रीतु ग्वाल, अभिषेक गार्डिया एवं सभी विद्यार्थी गण की सक्रिय सहभागिता रही।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - किसड़ी में व्याख्याता किशोर रथ के नेतृत्व में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने संविधान दिवस पर प्रस्तावना का वाचन किया। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल - सरायपाली के प्राचार्य मनोज पटेल के संयोजन में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज़ किया।इस आयोजन में विकासखण्ड सरायपाली के शास. प्राथ. शाला बालसी, सिरसोभा, कसडोल, बोंदा, लिमाऊगुड़ा, खैरमाल, भीखापाली एवं उच्च. प्राथमिक शाला तथा हाईस्कूल व हायर सेक. विद्यालयों की भी सक्रिय सहभागिता रही।

# सीईओ रीना बाबा साहेब कंगाले के प्रस्ताव को ईसीआई ने किया मंजूर

**छग के 15 विस में अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए**

**बिलाईगढ़,** 27 नवंबर(देशबंधु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले के प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंजूरी प्रदान किया है। इसके अनुसार अब छत्तीसगढ़ के 15 विधानसभा में अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिले के सारंगढ़ विधानसभा 17 में कोमल प्रसाद साहू, नायब तहसीलदार सारंगढ़, रूपाली मेश्राम, नायब तहसीलदार सारंगढ़, श्री राजेश पांडेय, सीएमओ सारंगढ़ और श्रीमती संजू पटेल, सीईओ जनपद पंचायत सारंगढ़ को अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा-43 में अर्पण कुर्रे, नायब तहसीलदार भटगांव, बंदेराम भगत, नायब तहसीलदार सरसींवा, पी.सी. कुर्रे, एसडीओ (पीडब्ल्यूडी) बिलाईगढ़, और शैलेन्द्र वर्मा, एसडीओ (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा-आरईएस) नियुक्त अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के विधानसभा सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, पामगढ़, सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बीजापुर और कोन्टा के लिए भी अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है।

## निधन

### अम्बा बाई गोस्वामी

**धमधा,** 27 नवंबर। वार्ड नं. 11 निवासी श्रीमती अम्बा बाई गोस्वामी का निधन 27 नवंबर को धमधा में हो गया। उम्र लगभग 60 वर्ष की थी। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर चली गई। वे गौकरण गिरी गोस्वामी, खेमगिरी गोस्वामी की माता थी। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### प्राथमिक शाला जोन्दरापदर ...

वाचन किया और प्रारूप में कुल 395 अनुच्छेद 22 भागों पर चर्चाएं की गई। 26 नवंबर 1949 को स्वीकृत किया गया। साथ ही संविधान निर्माताओं डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर एव संविधान सभा के अविभाजित बस्तर के सदस्य रामप्रसाद पोटाई के व्यक्तित्व कृतित्व व उनके योगदान से बच्चों को परिचित कराया। संविधान दिवस पर शिक्षिका स्मिता नेताम आदि उपस्थित रहे।

### भारतीय संविधान दिवस मनाया ...

अनुसूचित जाति जनजाति शासकीय सेवक संघ, धनीराम सोरी एसटी एससी ओबीसी मूलनिवासी, रामलाल नेताम, सूरज मतलाम, श्रीमती शारदा कश्यप जिला अध्यक्ष महिला प्रभाग बस्तर, कैलाश रामटेक, डी.नागेश्वर बीजापुर, डॉ.मनीष मेश्राम धनु डॉ.मांडवी, संस्था के संरक्षक पंचूराम सागर, तिलक पांडे, रामसिंह नाग, जगदीश महेशकर, प्रमोद भारती, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, उपाध्यक्ष पुष्कर सिंह मांडवी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश नाग, सचिन रमेश पोयम, मुख्य सलाहकार बुध सिंह नेताम, पी.पी. गोडांने, मोहम्मद यासीन, सतवीर सिंह गिल, राकेश रामटेके, झटकू मरकाम, वीरेंद्र नेताम, भुवनलाल मारकंडेय, नरसिंह देव मांडवी, संदीप वासनिकर, अमरनाथ साहू, संदीप कोर्राम, हितेंद्र श्रीवास, देवानंद चैरे, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष सानू मारकंडेय, सिद्धार्थ महाजन, हेमंत तुरकर, शरद कोडप्पी, सतीश सोरी, मंगउ देवांगन, पनकु नेताम, सोनधर नेताम ब्लॉक अध्यक्ष गोंडवाना, रोशन गावड़े जिला युवा प्रभाग गोंडवाना, शिव नेताम युवा प्रभाव, सर्व आदिवासी, रूपेंद्र कोर्राम जिला व समाज के प्रमुख व संभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

# विरासत का संरक्षण कर अंचल का नाम रोशन करने की जरूरत

**सरायपाली,** 27 नवंबर (देशबंधु)। भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) सरायपाली अध्याय द्वारा विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर च्छत्तीसगढ़ में मंदिरों की स्थापत्य कलाज् विषय पर व्याख्यान का आयोजन लक्ष्मीनारायण मंदिर (सत्संग भवन) सरायपाली में किया गया। इंटैक सरायपाली अध्याय संयोजक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि इंटैक के आजीवन सदस्य एवं समाजसेवी विश्वजीत गुप्ता के विशेष सहयोग एवं समन्वय में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता धरोहर संरक्षण विशेषज्ञ एवं अध्यक्ष धरोहर सरंक्षण समिति रायपुर, सुप्रसिद्ध आर्किटेक्ट श्रीमती शिवी जोशी ने मंदिरों की स्थापत्य कला के सन्दर्भ में व्यापक जानकारी दी,उन्होंने छत्तीसगढ़ के साथ ही अन्य राज्यों में स्थित मंदिरों की निर्माण शैली का रोचक वर्णन किया। अध्यक्षता कर रहे भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक)के छत्तीसगढ़ राज्य अध्याय संयोजक अरविंद मिश्र ने सरायपाली के नागरिकों की जागरुकता से प्रभावित होकर यहां इंटैक के कार्यों की व्यापक संभावनाओं पर चर्चा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी पर जयनारायण गुप्ता (वरिष्ठ समाजसेवी) उपस्थित रहे जिन्होंने अतिथियों को स्वरचित संक्षिप्त रामायण पुस्तक एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। विशिष्ट अतिथि इंटैक महासमुन्द अध्याय के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को आपस में मिलकर विरासत संरक्षण एवं जागरुकता हेतु कार्य करने और विलुप्ति के कगार पर आ खड़े हुए कलाओं को सहेजने की




आवश्यकता है। विरासत संरक्षण कर अंचल का नाम रोशन करने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने अपनी सेवा सरायपाली क्षेत्र को देने अपनी तत्परता दिखाई और इस आयोजन की खूब प्रशंसा किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बागबाहरा एवं अंचल के कुशल मंच संचालक रूपेश तिवारी ने च्ऐ गा जवईया सुन तोर ठहराव कहां हे,शहरिया चकाचौंध मा तोर गांव कहां हे ज् छत्तीसगढ़ी गीत का सुंदर काव्य पाठ किया।

विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं सह संयोजक इंटैक महासमुन्द अध्याय बंधु राजेश्वर खरे एवं सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक (उद्योग) सुनील बघेल की गौरवमयी उपस्थिति कार्यक्रम में रही। मंदिरों से संबंधित हमारी अद्भुत संस्कृति / विरासत को जानने समझने हेतु यह विशिष्ट कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम का विधिवत् संचालन सरायपाली अध्याय संयोजक यशवंत कुमार चौधरी द्वारा किया गया एवं विरासत संरक्षण प्रेमी संजय शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया एवं इंटैक के संयोजक यशवंत कुमार चौधरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिक शामिल रहे।

इंटैक अध्याय द्वारा अतिथियों का स्वागत गमछा भेंट कर किया गया एवं समस्त अतिथियों को बेल मेटल (बस्तर आर्ट) कलाकृति की स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में अध्याय सहसंयोजक राधेश्याम चौधरी,समाजसेवी/ बिजनेसमैन संजय शर्मा एवं समाजसेवी कामता पटेल, इंटैक के आजीवन सदस्य विश्वजीत गुप्ता, शिक्षाविद्/ व्याख्याता डॉ अनिल कुमार प्रधान,पत्रकार सौरभ गोयल,इंटैक आजीवन सदस्य पुष्पांजली चौधरी,सोशल एक्टिविस्ट विवेक शर्मा,बिजनेसमैन राजेश मित्तल,शिक्षिका राधा शर्मा,सीएसी गिरधारी लाल पटेल,व्याख्याता प्रकाश कुमार ठेठवार,शिक्षक ज्योति कुमार ठेठवार, विनोद कुमार चौधरी,शिक्षिका नीतू पाणिग्राही,सीना साहु,वंदिता बोहीदार,मिनाती पाणिग्राही,दुर्गेश साहु,आर्यन चौधरी,अयांश चौधरी आदि की उपस्थिति विशेष रूप से रही। सभी उपस्थितजनों ने शहर के हृदय स्थल पर स्थित लक्ष्मीनारायण मन्दिर का दर्शन लाभ लिया और इसकी विशेषताओं से अवगत होकर काफ़ी गदगद हुए।

# कार्तिक पूर्णिमा पर शंखनी-डंकनी संगम पर पुण्य स्नान





- सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया ओम नमः शिवाय का अखण्ड जाप
- दीप दान और पूजा-अर्चना के साथ भक्ति की अविरलधारा
- शक्ति पीठ दंतेवाड़ा में मेला जैसा रहा माहौल

**दंतेवाड़ा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा पर शक्ति पीठ दंतेवाड़ा में भी श्रद्धालुओं ने शंखनी-डंकनी संगम पर पूण्य स्नान किया। गुमरगुंडा से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने रात भर ओम नमः शिवाय का जाप किया। आज बड़ी सुबह स्नान कर मांई दंतेश्वरी और भगवान महादेव की पूजा-अर्चना की। धर्म नगरी दंतेवाड़ा में भक्ति की यह अविरलधारा प्रवाहित होती रही।

आज सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने डंकनी नदी के तट पर पहुंच आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य स्नान कर दीपदान किया। कार्तिक स्नान व दीपदान पश्चात माई दंतेश्वरी के मंदिर पहुंच श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव के साथ माता के दर्शन पूजन कर गरीबों में अन्न एवं वस्त्र का दान पुण्य किया और माईजी से सुख शांति व समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने डंकनी नदी घाट व संगम तट पर पहुंच पवित्र स्नान कर कटहल एवं केले के पत्ते के नाव बनाकर दीपदान किया और घाट पर ही भगवान कार्तिकेय व श्री हरि विष्णु जी की पूजा की। डंकनी नदी घाट एवं संगम तट पर दीपदान एवं स्नान के लिये अल सुबह लोगों की अपार भीड़ उमड़ी थी, जिसमें महिलाओं की संख्या काफी ज्यादा थी। बड़ी संख्या में महिला, पुरूष एवं बच्चे नदी घाट में पहुंच स्नान करते रहे। पुण्य स्नान पश्चात श्रद्धालु माई दंतेश्वरी के मंदिर पहुंचे, जहां गरीबों को रूपए, वस्त्र व अन्न दान किया। तत्पश्चात माता के दर्शन पूजन कर आर्शीवाद लिया। महिलाएं कार्तिक पुर्णिमा के अवसर पर व्रत भी रखती हैं। कार्तिक पुर्णिमा के अवसर पर आज सुबह माई दंतेश्वरी मंदिर, शनि मंदिर, शिव मंदिर व हनुमानजी के मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। देवी देवताओं के दर्शन कर लोगों ने परिवार में सुख शांति व आरोग्य का आर्शीवाद मांगा। गुमरगुंडा स्थित शिव मंदिर, टेकनार शिव मंदिर, समलूर मंदिर, एवं बारसूर स्थित अनेक मंदिरों व शिवालयों में भी कार्तिक पुर्णिमा पर विशेष पूजा संपन्न हुई। इसमें दूर दराज क्षेत्रों से भारी तादात में श्रद्धालु शामिल होने पहुंचे थे।

कार्तिक स्नान को शास्त्रों में काफी शुभ माना गया है। ऐसी मान्यता है कि आज के दिन सूर्योदय से पूर्व नदी, सरोवर व कुण्ड में स्नान करने से मनुष्य के पिछले सारे पाप कट जाते हैं। सिक्ख समुदाय में कार्तिक पूर्णिमा को प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया जाता है क्योंकि इस दिन सिख सम्प्रदाय के संस्थापक गुरू नानक देव का जन्म हुआ था। आज के दिन सिख अनुयायी सुबह स्नान कर गुरूद्वारों में जाकर गुरूवाणी सुनते हैं और नानक जी के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। रविवार की शाम शंखनी-डंकनी नदी संगम पर गुमरगुंडा, टेकनार, बारसूर, समलूर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और ओम नमः शिवाय का अखण्ड जाप प्रारंभ किया। पूरी रात यह जाप चलता रहा और आज सुबह कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान, दान और पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई नदियों में डुबकी, मंदिरों में लगी रही भक्तों की भीड़



**जगदलपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने इंद्रावती नदी के घाटों पर लगाई डुबकी और अपने पूर्वजों को दीपदान किया। मध्य रात्रि से ही श्रद्धालु घाटों पर स्नान के लिए पहुंचने लगे थे। स्थानीय महादेव घाट में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों ने खीर और चाय श्रद्धालुओं को पिलाई। इंद्रावती नदी में स्नान कर श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव की पूजा अर्चना की और दान पुण्य भी किया। कार्तिक पूर्णिमा को मनाते हैं देव दीपावली। इस बार देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा से एक दिन पहले ही मनाई गई। जबकि कार्तिक पूर्णिमा का स्नान-दान और व्रत देव दीपावली के अगले दिन सुबह लोगों ने किया। 26 नवंबर रविवार के दिन दोपहर 3ः53 बजे से कार्तिक पूर्णिमा ति?थि प्रारंभ हो गई। यह ति?थि 27 नवंबर सोमवार के दिन दोपहर 2ः45 मिनट तक रही। विभिन्न मंदिरों में भजन कीर्तन का कार्य देर शाम तक चलता रहा।

# शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस




**जगदलपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, जगदलपुर में राष्टीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्यान प्रतियोगिता में 8 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें कु. एकता पाण्डे, कु.हेमलता टण्डन, डिगेश्वरी साहू, कु.सृष्टि चन्द्रा, कु. निकिता कुमावत, दिशांत, उमंग सिन्हा एवं प्रतीक तथा पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागी प्रदीप मोहले, कु. दीपाली नेताम, कु. हेमलता टण्डन, कु. डिगेश्वरी साहू, कु. वैष्णवी व खेमराज साहू इत्यादि थे। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागी दिनकर रजक, अंकित आनंद, आदित्य वर्मा, नीलेश, कु. गुंजन सुरन, कु. निकिता कुमावत एवं रंगोली गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा संविधान के उद्देशिका का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर डॉ एच के पात्र, डॉ बीना सिंह, डॉ आर आर कंवर, एम बी तिवारी एवं 170 से अधिक की संख्या में छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

# भाजपा ने जताई बैलेट मतपत्र में गड़बड़ी की आशंका



- कोषालय की जगह स्ट्रांग रूम में रखने की मांग
- जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**दंतेवाड़ा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा जिलाध्यक्ष व विधानसभा प्रत्याशी दंतेवाड़ा चैतराम अटामी एवं भाजपा पदाधिकारियों ने बैलेट पेपर द्वारा हुए मतदान की मत पेटियों की सुरक्षा बढ़ाये जाने तथा मत पेटियों को स्ट्रांग रूम में संधारित किये जाने हेतु आज कलेक्टर एवं मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

श्री अटामी ने बताया कि विधान चुनाव, 2023 में चुनाव ड्यूटी तथा आवश्यक सेवा में नियुक्त शासकीय कर्मचारियों हेतु बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की व्यवस्था की गयी थी। इसके अतिरिक्त 80 वर्ष से अधिक एवं विकलांग मतदाताओं हेतु भी बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की विशेष व्यवस्था की गयी थी। बैलेट पेपर से हुए मतदान की इन मत-पत्र पेटियों को प्रत्येक जिला मुख्यालय की ट्रेज़री में संधारित किया गया है। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि ट्रेज़री में अनाधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही अत्यधिक है जिस कारण इन मतपत्रों में हेराफेरी की प्रबल संभावना है। इसके अतिरिक्त कांग्रेस के पक्ष में पूर्वाग्रह से ग्रसित कुछ अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा भी मतपत्रों में अनधिकृत हस्तक्षेप किया जा रहा है। इस स्थिति में इन मतपत्रो की सुरक्षा कर्मी की संख्या बढ़ाकर तथा सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाकर सुरक्षा बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त यह आवश्यक है कि इन मतपत्रो को ट्रेज़री के स्थान पर स्ट्रांग रूम में संधारित किया जाए। अतः त्वरित रूप से बैलेट पेपर द्वारा हुए मतपत्रों की सुरक्षा कर्मी की संख्या बढ़ाकर तथा सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाकर सुरक्षा बढ़ाई जाये एवं इन मतपत्रो को ट्रेज़री के स्थान पर स्ट्रांग रूम में रखा जाए।

## कोपरा में मनाया गया संविधान दिवस

**कोण्डागांव,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम कोपरा में संविधान निर्माता बाबा डॉ.भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर रविवार को संविधान दिवस मनाया गया और संविधान के उद्देशिका का वाचन किया गया। इस दौरान श्यामलाल मरकाम पूर्व सरपंच, डॉ. पियूष नेताम (कृषि वैज्ञानिक), छबि मंडावी शिक्षक सहित ग्राम के नागरिक उपस्थित रहे।

## भारतीय संविधान ही सर्वोपरि : प्रधान न्यायाधीश



**खरोरा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय जेल रायपुर में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर में श्रीमान हेमंत सर्राफ प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रायपुर द्वारा अभिरक्षा में रह रहे बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान ही सर्वोपरि है। इस अवसर पर माननीय श्रीमान अगम कुमार कश्यप नवम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर द्वारा अपने उद्बोधन में नागरिकों के मौलिक अधिकारों तथा कर्तव्यों को एक सिक्के के दो पहलू बताया वहीं माननीय श्री लीलाधर साय यादव द्वादश अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा भी संबोधित किया गया। इस अवसर पर माननीय श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह डांगी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक रायपुर माननीय श्रीमती धारिणी राणा पंचम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दो रायपुर पैरालीगल वालिन्टियर जयेन्द्र कुमार साहू शंकर लाल साहू हीरा बघमार भी शिविर में सम्मिलित हुए।

# कोंडागांव जन शिक्षण संस्थान में मनाया गया संविधान दिवस

## अधिवक्ता तिलक पांडे ने दी भारत का संविधान की जानकारी



**कोण्डागांव,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। 26 नवम्बर को कोंडागांव जन शिक्षण संस्थान में संविधान दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी और अधिवक्ता तिलक पांडेय उपस्थित रहे। सर्वप्रथम संस्था के निदेशक पुष्पराज अनंत एवं कार्यक्रम अधिकारी उत्तम मानिकपुरी ने पुष्प गुच्छ से तिलक पांडेय का स्वागत किया। तत्पश्चात् तिलक पांडेय ने संविधान के बारे में विस्तारपुर्वक जानकारी देते हुए बताया कि भारत का संविधान की रुपरेखा सन 1909 से तैयार की जा रही थी, जिसमें सुधार करके स्वतंत्रता के बाद 2 साल 11 महीने 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को हमारा पूर्ण संविधान का निर्माण हुआ। जिसे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडर ने लिखा था। भारत का संविधान अमेरिका, आष्ट्रेलिया, जापान, जैसे 60 देशों के संविधान की बारीकियों से अध्ययन करने के बाद बनाया गया है। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा और लचीला संविधान है। संविधान सभा की अंतिम बैठक संविधान निर्माण के लिए 24 नवम्बर 1949 को आयोजित की गई। इस दिन 284 लोगों ने संविधान पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर करने वाले देश के पहले व्यक्ति जवाहरलाल नेहरू और राजस्थान से हस्ताक्षर करने वाले पहले व्यक्ति मास्टर बलवन्त सिंह मेहता थे। अन्त में तिलक पांडेय ने कहा कि हमें अधिकार के साथ देश के प्रति कर्तव्य भी मिले हैं, जिनका हमें पूर्ण निष्ठा से पालन करना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में पुष्पराज अनंत (निदेशक), उत्तम मानिकपुरी (कार्यक्रम अधिकारी), वासुदेव कटेन्द्र, राम नेताम, कु. सीमा सेठिया एवं सभी प्रशिक्षिका/प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# मतगणना के प्रत्येक चरण को गंभीरता से समझें : सीईओ



- मास्टर ट्रेनर्स ने पर्यवेक्षक और सहायक को दिया प्रशिक्षण
- मतगणना केन्द्र में मोबाइल पर रहेगी पूर्णतः पाबंदी

**दंतेवाड़ा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के तृतीय तल में स्थित सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर के द्वारा मतगणना में लगे मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक को पावर पॉइंट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन ने सभी मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक को सभी पार्ट को अच्छे से सीखने का निर्देश दिया गया, ताकि गणना कार्य में कोई त्रुटि की संभावना नहीं हो। गणना कार्य को नियमों का पालन के तहत संपादित करवाना है। इस प्रशिक्षण में मतगणना कार्यों में प्रत्यक्ष सम्मलित अधिकारियों, मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था, गणना हाल में अनुशासन व शिष्टाचार, सामग्री प्रबंधन, प्रमुख वैद्यानिक प्रावधान-लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमों के धाराओं की जानकारी दी गई। साथ ही मतगणना के दौरान आवश्यक तैयारी, ईव्हीएम मशीनों की स्थिति का आंकलन, मतगणना के सभी दस्तावेजों की जांच और सभी जानकारी से अवगत कराया गया। इसके अलावा ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के लिए आवश्यक सावधानियां और गणना की कार्यवाही करने, खारिज मतों की गिनती, कंट्रोल यूनिट के डिस्प्ले में परिणाम प्रर्दशित नहीं होने की स्थिति में किए जाने वाले कामों, वीवीपीएटी कागज पर्ची गणना की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। सीईओ ने सभी मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायको से कहा कि वे मतगणना नियमों के आधार पर ही कार्य करें। मतगणना केंद्र में मोबाईल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना स्थल पर किसी को भी मोबाइल लाना प्रतिबंधित रहेगा। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, रिटर्निंग ऑफिसर शिवनाथ बघेल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, डिप्टी कलेक्टर सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बाखरा, विश्रामपुरी में संविधान दिवस मनाया गया



**कोण्डागांव,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ.भीमराव आंबेडकर के 125 वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा 26 नवम्बर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया।

जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि 26 नवंबर 2023 को संकुल केन्द्र विश्रामपुरी विकास खंड बड़ेराजपुर के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका अवासीय विद्यालय 100 सीटर कन्या छात्रावास में संविधान दिवस सामूहिक रूप से मनाया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केषकाल जज अंजली सिंह, सेवानिवृत्त वकील मनीषा तिवारी, विश्रामपुरी थाना प्रभारी संजय कुमार वट्टी, अधीक्षिका फुलबाशन नाग, अधीक्षिका कस्तूरबा आश्रम संध्या ध्रुव, लैला मरकाम, आश्रम के कर्मचारी हेमलता वाशुदेव, इंदुबाला नेताम, सुशीला, राजबत्ती, अनिल मंडावी व 300 छात्राएं उपस्थित रही। जिला विधिक प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया जिसमे अंजली सिंह जज के द्वारा बच्चों को साइबर क्राइम, मोटर यान अधिनियम, चिटफण्ड मामला, सविधान के अधिकारों के बारे मे तथा कानून की शिक्षा बच्चों को दी गई। मनीषा तिवारी के द्वारा अभिव्यक्ति एप्प, जिला विधिक प्राधिकरण, पाक्सो एकट की जानकारी दी गई। सभी अतिथियों व बालिकाओं के द्वारा सविधान के उद्देशिका का शपथ लिया गया। माध्यमिक शाला बाखरा एवं हाई स्कूल बाखरा में प्रभात फेरी निकाला गया एवं संस्था में बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा संविधान की उद्देशिका का शपथ लिया गया।

# फायरिंग व आईईडी विस्फोट में शामिल नक्सली गिरफ्तार



- बाल सम्प्रेषण गृह भेजे गए दो नाबालिग
- अरनपुर इलाके में विस्फोट के दौरान घायल हुआ था जवान
- सर्चिंग के दौरान पुलिस को मिली कामयाबी

**दंतेवाड़ा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् जिला सुकमा एवं दन्तेवाड़ा के सरहदी ग्राम बड़ेपल्ली, बेनपल्ली, परलगट्टा, गोंदपल्ली एवं उरसागल क्षेत्रांर्गत मुखबिर से मिली सूचना की तस्दीक हेतु थाना अरनपुर से डीआरजी, बस्तर फाईटर दन्तेवाड़ा, यंग प्लाटून सीआरपीएफ 231वी वाहिनी एवं सीआरपीएफ 231वी वाहिनी एफ/जी कंपनी का संयुक्त बल रवाना किये गए थे। गश्त सर्च कर वापसी के दौरान ग्राम बड़ेपल्ली एवं परलगट्टा के बीच नक्सलियों द्वारा अवैध स्वचालित हथियारों से फायरिंग की गई। इसके जवाब में पुलिस पार्टी द्वारा भी आत्मसुरक्षार्थ में जवाबी कार्यवाही की गई। पुलिस की जवाबी कार्यवाही से नक्सली जंगल पहाड़ी का आढ़ लेकर भाग गये।

गस्त सर्चिंग वापसी के दौरान बड़े पल्ली एवं परलगट्टा के बीच पहाड़ी जंगली रास्ते पर नक्सलियों द्वारा पूर्व से लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से 1 जवान गंभीर घायल हुआ था, जिस पर थाना किरन्दुल में अप.क्र. 124/2023 धारा 147,148,149,307 भादवि. 25,27 आर्म्स एक्ट 3,5 वि.प.अधि. 13(1), 38(2) 39(2) विधि. विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस घटना में शामिल नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी एवं 231वीं वाहिनी एफ/जी कंपनी एवं यंग प्लाटून सीआरपीएफ के संयुक्त बल के द्वारा उस क्षेत्र में नक्सल गश्त सर्चिंग अभियान के लिए रवाना हुई थी। गश्त के दौरान परलगट्टा एवं बड़ेपल्ली के जंगल पहाड़ में 3 संदिग्ध क्रमशः हुंगा कुजाम पिता स्व0 सुक्का कुंजाम उम्र 28 वर्ष निवासी परलागट्टा एवं अन्य 2 नाबालिग फोर्स को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे, जिसे अभिरक्षा में लेकर बारिकी से पूछताछ करने पर उनके द्वारा उक्त फायरिंग एवं आईईडी ब्लास्ट के अपराध में शामिल होना बताया गया। इनके कब्जे से 1 नग टिफिन बल मय डेटोनेटर वायर करीब 1 मीटर वजनी करीब 5 कि.ग्राम, 7 नग टाइगर बम फटाका, 5 मीटर बिजली वायर लाल रंग का, 4 नग लोहे का सरिया स्पाइक, 1 नग लोहे का सबल, 1 नग टार्च नीला कलर, नक्सल साहित्य पुस्तक 1 नग, 2 नग नोट बुक, 2 नग डेटोनेटर, सिविल पिट्ठू 1 नग एवं दैनिक उपयोगी की सामाग्री जब्त की गई। इन संदिग्धो को अप.क्र. 124/2023 में शामिल होने की वजह से आज विधिवत रूप से गिरफ्तार कर 1 को न्यायिक रिमाण्ड व अन्य दो नाबालिगों को बाल सम्प्रेषण गृह भेजा गया। उल्लेखनीय है कि आईजी सुन्दरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ विकास कठेरिया के मार्गदर्शन में एसपी गौरव राय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी कामयाबी हासिल हो रही है।

उल्टा पुल्टा

**पत्नी** (पति से) : कल रात तुम मुझे नींद में गालियां दे रहे थे ?

**पति** (पत्नी से) : तुम्हारी गलतफहमी है।

**पत्नी** : कैसी गलतफहमी ?

**पति** : यही कि मैं नींद में था।

# बजट की तैयारियां शुरू, 1.30 लाख करोड़ से अधिक का होगा वर्ष 2024-25 का बजट

**रायपुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में 2024-25 के बजट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अधिकारियों के अनुसार 2023-24 के बजट से अधिकतम सात प्रतिशत बढ़ोतरी का आदेश शासन से प्राप्त हुआ है। लिहाजा इस बार का बजट 1.30 करोड़ रुपये के करीब होगा। साथ ही विभिन्न विभागों में खाली पदों की जानकारी भी मंगाई गई है। ऐसे में संकेत साफ है कि नई सरकार के गठन के बाद विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेज होगी।

वित्त विभाग के अधिकारियों के अनुसार पुलिस विभाग के अलावा अन्य विभागों में खाली पदों के लिए भी बजट में प्रविधान बनाए जा रहे हैं। शासन ने वाणिज्यिक कर, राजस्व, खनिज, परिवहन को राजस्व वसूली की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश जारी किए हैं। इससे पहले वित्त विभाग ने सभी विभागों को 30 नवंबर तक बजट प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं।



### साल-दर-साल बढ़ा बजट का आकार

राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक अधिकतम कुल 1.21 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक रहा। वर्ष 2014-15 में बजट का आकार पहली बार 50 हजार करोड़ र के पार पहुंचा था।

अनुपूरक को मिलाकर इसका कुल आकार 54 हजार 710 करोड़ रुपये हुआ। यह 2013-14 की तुलना में 24 प्रतिशत ज्यादा रहा। 2018 में डा. रमन सिंह ने भाजपा सरकार का अंतिम बजट 83 हजार 179 करोड़ रुपये का पेश किया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2019 में अपना पहला बजट 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्तुत किया। 2022-23 में इसका आकार एक लाख चार हजार करोड़ रुपये व 2023-24 में यह 1.21 लाख करोड़ रुपये हो गया, जिसमें 6,031 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया गया था।

### वाणिज्यिक कर विभाग को 11 हजार करोड़ का राजस्व

राजस्व में प्रमुख योगदान देने वाले विभागों को राजस्व वसूली की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। वाणिज्यिक कर विभाग (राज्य जीएसटी) ने अक्टूबर महीने तक 11,900 करोड़ का राजस्व प्राप्त कर लिया है, जो कि तय लक्ष्य का 54 प्रतिशत है। वाणिज्यिक कर विभाग ने इस वर्ष 22 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रखा है।

### चुनावी वादा पूरा करने में खर्च होंगे 65 हजार करोड़

विधानसभा चुनाव के घोषणा-पत्र में कांग्रेस-भाजपा ने जो घोषणाएं की हैं, उसमें 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने का अनुमान है। इनमें धान खरीदी, किसानों की कर्ज माफी, रसोई गैस सब्सिडी, महिला स्व-सहायता समूहों की कर्ज माफी आदि शामिल हैं। वित्त विभाग के अनुसार वर्तमान में छत्तीसगढ़ पर अलग-अलग बैंकों व वित्त समूहों का 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है।

## संपादकीय

### बच्चों की जान से खिलवाड़ करते लोग

*बड़ी संख्या में मासूमों को बड़ों की लापरवाही के चलते अपूरणीय हानि उठानी पड़ती है। इनमें उन्हें होने वाली मानसिक प्रताड़ना या शारीरिक हानि से लेकर जान गंवाने तक की घटनाएं देखने-सुनने को मिलती हैं। शहर हों या गांव, सभी जगह बच्चों के लिये प्रकारान्तर से एक जैसी खतरनाक परिस्थितियां हैं। कभी उन्हें घर या बाहर, खासकर स्कूलों में प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है तो कई बार वे यौन शोषण का शिकार भी होते हैं। इनमें छोटी बच्चियां ज्यादा होती हैं। कभी उन्हें अकेले कहीं काम पर भेज दिया जाता है तो कभी बिना किसी की देख-रेख के घरों पर छोड़ दिया जाता है। इसके कारण कभी कोई उनसे मार-पीट कर जाता है तो कभी उनका अपहरण हो जाता है या वे खो भी जाते हैं। ऐसे हालात में उनकी हत्याएं तक होती देखी गई हैं। कभी उन्हें गहरे तालाबों या नदियों में अकेले या गिने-चुने उनके हमउम्र मित्रों या भाई-बहनों के साथ नहाने भेज दिया जाता है जिस दौरान वे डूब जाते हैं।*

*ऐसे भी मामले सामने आते हैं कि उनके जीवन के साथ सीधे-सीधे खिलवाड़ होता नज़र आता है। मस्तूरी थाना के अंतर्गत पाराघाट में ऐसा ही वाकया हुआ है। शनिवार की सुबह अंजली यादव नामक 6 वर्षीय बच्ची स्कूल जाने के लिये निकली। वह गांव की एक दूकान के पास खड़ी थी तभी उसे वहां से ट्रेक्टर पर गुज़र रहे एक परिचित व्यक्ति ने स्कूल छोड़ने के लिये ट्रैक्टर के इंजिन पर बिठा लिया। तेजी से चलते ट्रैक्टर के झटकों में वह बच्ची खुद को स्थिर नहीं रख पाई और छिटककर गिर गई। इतना ही नहीं, वह उसी ट्रैक्टर के पहियों के नीचे आ गई जिसके कारण उसकी दुखद मौत हो गई। पिता रामनारायण यादव ने ट्रैक्टर चालक धरमपाल बघेल के खिलाफ लापरवाही बरतते हुए बच्ची की जान लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई।*

*यह बहुत ही दुर्भाग्यजनक है परन्तु इससे सबक लेते हुए सभी पालकों व अभिभावकों को चाहिये कि इस प्रकार बच्चों को अकेला छोड़ना उचित नहीं। यथासम्भव घर का ही कोई व्यक्ति उन्हें स्कूल तक छोड़ने और वहां से घर लाने के लिये जाये। अगर यह सम्भव न हो तो उस स्कूल में ही पढ़ने वाले किसी बड़े बच्चे के साथ छोटे बच्चों को भेजना चाहिये। अब गांवों की स्थिति पहले की तरह नहीं रह गई है। सभी तरह के वाहन अब गांवों में भरपूर संख्या में हो गये हैं। सड़कें भी अच्छी होने के कारण वे तेज गति से चलाए जाते हैं। ऐसे में तथा अन्य कई कारणों से जब बड़ों के ही जीवन सुरक्षित नहीं हैं तो यह कैसे उम्मीद की जाये कि मासूम व नासमझ बच्चों का जीवन सुरक्षित है या वे अपनी सुरक्षा की चिंता खुद ही कर लेंगे?*

## तीरंदाजी, 30वी सीनियर में छग को मिला मेडल

**रायपुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। तिरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका ने बताया कि क 30वी सीनियर एनटीपीसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता 24 से 30 नवंबर 2023 अयोध्या उत्तर प्रदेश में आयोजित हो रही है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 30 तीरंदाज कोच मैनेजर का दल शामिल हुए है। इस प्रतियोगिता में 50 मी इंडियन वर्ग में छत्तीसगढ़ के तीरंदाज विकास कुमार ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। विकास कुमार पूर्व में गोवा नेशनल में भी मेडल छत्तीसगढ़ की झोली में डाल चुका है, और अभी अयोध्या में इंडियन वर्ग, कंपाउंड वर्ग, रिकवर वर्ग, की प्रतियोगिता चल रही है। इसके पहले भी 43 जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता 15 से 22 नवंबर भरतपुर राजस्थान में हुई है जिसमें हमारे तिरंदाजो ने अच्छा परफॉर्मेंस किया है। मेडल तो नहीं मिला था भरतपुर में लेकिन परफॉर्मेंस अच्छा था।

## दूसरों को मूर्खों का सरदार बोलते है तब आपको बुरा नहीं लगता : भूपेश बघेल

**रायपुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने दो दिवसीय तेलंगाना दौरे से वापस लौट आए है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने वाले बयान पर तंज कसते हुए पलटवार किया। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट (आई टी) की वजह से सभी कर्मचारी पहले से ही दबाव में है। भाजपा अब जबरदस्ती क्यों नौटंकी कर रही है। हमने चुनाव के दौरान देखा है कि सामग्री बांटे जाने की शिकायत के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। सभी को धमकी दी गई है कि देख लो ई डी और आई टी तुम्हारे यहां भी आ सकती है।



■ ईडी और आई टी के चलते कर्मचारी दबाव में है, अब क्यों कर रहे जबरदस्ती नौटंकी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तेलंगाना चुनाव को लेकर कहा कि तेलंगाना में सभी दल के स्टार प्रचारक पहुंचे हुए हैं। वहां जबरदस्त चुनावी सभा और कश्मकश देखने मिल रही है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी लगातार तेलंगाना का दौरा कर रहे है। वहां भी हमें कांग्रेस की सरकार आती हुई दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी के राहुल गांधी को लेकर दिए गए बयान पर भूपेश बघेल ने कहा कि जब आप दूसरों को मूर्खों का सरदार बोलते हैं तब आपको बुरा नहीं लगता ? जो आप दूसरों को दे रहे हैं आपको वही मिलेगा। लौट कर जब बात आई तब बुरा मान गए।

भारत-आस्ट्रेलिया क्रिकेट मैच

## एक हजार जवान, दो आइजी, तीन डीआइजी, आठ एसपी,16 एएसपी, 30 डीएसपी, 80 निरीक्षक तैनात

**रायपुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। एक दिसंबर को नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले भारत और आस्ट्रेलिया के बीच टी-20 क्रिकेट मैच की तैयारियों में प्रशासनिक अमला जुट गया है। खिलाडि़यों के ठहरने की व्यवस्था के साथ ही उनकी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आइजी रतनलाल डांगी सुरक्षा प्रभारी बनाए गए हैं। उन्होंने सुरक्षा का पूर्वाभ्यास 28 नवंबर को स्टेडियम में ही करने के निर्देश दिए हैं।

■ प्रशासनिक अमला आईजी डांगी के साथ आज करेगा सुरक्षा व्यवस्था का पूर्वाभ्यास

क्रिकेट मैच देखने राज्य के अलावा दूसरे प्रदेशों से हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमियों के आने की संभावनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन को मैच की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए क्रिकेट स्टेडियम समेत आसपास के क्षेत्रों में एक हजार से अधिक पुलिस जवानों को तैनात करने का फैसला लिया गया है। साथ ही दो आइजी, तीन डीआइजी, आठ एसपी, 16 एडिशनल एसपी, 30 डीएसपी और 80 निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के कंधों पर सुरक्षा की कमान सौंपी गई है।

रायपुर ग्रामीण एडिशनल एसपी नीरज चंद्राकर ने बताया कि भारत-आस्ट्रेलिया के बीच होने वाले टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट मैच के लिए एक हजार से ज्यादा पुलिस जवानों को तैनात किया जाएगा। यह बल एयरपोर्ट से लेकर क्रिकेट स्टेडियम तक सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करेगी।

पुलिस ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसमें आइपीएस, राज्य प्रशासनिक सेवा के पुलिस अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। इनमें से अधिकांश पुलिस जवान व अधिकारी पिछले मैचों में ड्यूटी कर चुके हैं। मैच के दौरान स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ होगी। लिहाजा खिलाडि़यों की सुरक्षा, यातायात के अलावा कानून व्यवस्था के हिसाब से तगड़ी व्यवस्था रहेगी। 28 नवंबर तक सारे पुलिस अधिकारी रायपुर आ जाएंगे। अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की रणनीति तैयार कर स्टेडियम में पूर्वाभ्यास किया जाएगा।



### दोनों टीम के खिलाड़ी कल पहुंचेंगे, जनरेटर के भरोसे होगा मैच

छत्तीसगढ़ के शहीद वीर नारायण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 1 दिसंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 का मैच खेला जाएगा. दोनों टीमों के खिलाड़ी 29 नवंबर को रायपुर पहुंचेंगी। स्टेडियम का लाखों का बिजली बिल नहीं भरने से वहां की बिजली कनेक्शन काट दी गई है। अस्थायी कनेक्शन और जनरेटर के भरोसे यह मैच होगा।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के पदाधिकारी तरुणेश परिहार ने बताया, पिछले बार सुरक्षा में जो चूक हुई थी उससे सबक लिया गया है। पूरे ग्राउंड में तेज रनर की टीम तैनात रहेगी। अगर कोई खिलाड़ियों के बीच जाने की कोशिश करता है तो उन्हें तत्काल रोक दिया जाएगा। पिछले बार एक बच्चा ग्राउंड के बीच खिलाड़ी के पास पहुंच गया था।

## निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए : सुनील सोनी

**रायपुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। सांसद सुनील सोनी ने कहा है कि निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए। निर्वाचन आयोग में लगातार हो रही शिकायत को लेकर उन्होंने कहा मैं पहले दिन से कह रहा हूं। हमने लगभग 150 से अधिक शिकायत की है, कुछ का समाधान हुआ है लेकिन गंभीर शिकायत थी। उसको गंभीरता के साथ लेना चाहिए जिसमें उनसे चूक हुई है। अभी हमारा कहना है कि अब अंतिम चरण में है। 3 तारीख को मतगणना है और सरकार बनेगी। ऐसे समय के अंदर में हम आपसे शिकायत कर रहे हैं। बीजापुर कलेक्टर और पाटन अधिकारी की शिकायत सांसद विजय बघेल ने की तो उसपर तत्काल कार्रवाई करना चाहिए। मतगणना के समय बदमाशी ना हो ऐसी मांग हम कर रहे हैं। उसपर तत्काल कार्रवाई करना चाहिए। तुरंत फैसला लेकर व्यवस्था करनी चाहिए।

निर्वाचन में शिकायत मामले में मुख्यमंत्री ने कहा था कि नोटिस आएगा तो जवाब देंगे। इस पर संसद सुनने सोनी ने कहा कि नोटिस मिला ये थोड़ी बता रहे हैं। अब आएगा तो जवाब क्या देंगे, अब प्रश्न यह खड़ा है। एक तरह से हड़बड़ाए और हताश दिख रही हैं और यह हताशा उनके चेहरे में दिख रही है। उनके जितने भी बयान देखेंगे सब बेतुका ही आ रहे हैं जिसमें कोई तर्क नहीं है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर जिस प्रकार से बयान दे रहे हैं यह दुर्भाग्य जनक है। सांसद सुनील सोनी ने लगातार ट्रेन रद्द होने पर कहा कि दो-तीन दिन से कुछ ट्रेन व्यवस्थित नहीं है। हम भी दुखी हैं। हम भी इस पर लगातार मांग भी कर रहे है, शिकायत भी कर रहे हैं और समाधान भी मांग रहे हैं। अभी जी एम ने भी स्टेटमेंट दिया था। तीसरी चौथी लाइन का काम बचा है। उसके बाद तेजी से ट्रेन चलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार आजादी के बाद से 6 हजार करोड़ रुपये केवल रेल दोहरीकरण के लिए दिया है। ताकि फास्ट ट्रेन यहां पर चले। छत्तीसगढ़ ट्रेन को व्यवस्थित करने के लिए जुड़े, इस बात की कल्पना है। जब नया निर्माण चलता है तो समय लगता है। आने वाला समय सुखद रहेगा।



■ रद्द हो रही ट्रेन से हम भी हैं दुखी

### मतगणना एजेंट तैयार

3 दिसंबर को मतगणना को लेकर भाजपा-कांग्रेस दोनों पार्टी ने एजेंट बनाए हैं। इस पर सुनील सोनी ने कहा कि उसके लिए हम हमारी सभी लोगों से बातचीत हो गई है। सभी विधानसभा के जो मतगणना एजेंट बैठते हैं वो बैठने वाले हैं। मतगणना में पूरी ईमानदारी का रिजल्ट आएंगे, ऐसा हमारा विश्वास है।

### भाजपा की आ रही सरकार

3 दिसंबर को होने वाले मतगणना को लेकर सुनील सोनी ने कहा, भाजपा की सरकार आ रही है. कहीं कोई संसय नहीं है। परिवर्तन तय है। कांग्रेस की सरकार जा रही है, भाजपा की सरकार आ रही है।

## मिक्स नेटबॉल चैंपियनशिप में छग ने जीता स्वर्ण पदक

**रायपुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। पांचवी फेडरेशन कप मिक्स नेटबॉल चैंपियनशिप के फायनल में छग की टीम ने कर्नाटका को 16-7 से पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। वेस्ट बंगाल में आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम पिछले वर्ष सीनियर नेशनल की विनर टीम होने के कारण पुल ए में रखा गया। अपने पुल में छत्तीसगढ़ की टीम ने असम को 29-14 से पराजित किया। उत्तरप्रदेश को 32-15 से पराजित किया, पश्चिम बंगाल को 39-6 से पराजित करते हुए सेमीफाइनल मैच में प्रीति बंछोर बिजौरा, अनिता अवस्थी, आकांक्षा , रवि एवं राहुल के प्रदर्शन से मेघालय को 31-17 से पराजित कर छत्तीसगढ़ मिक्स नेटबॉल की टीम फाइनल में कर्नाटका को 16-7 से पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। ऐश्वर्य पाठक, सोनिया पाठक, सरिता यादव, धीरेन्द्र वर्मा, अभिनव श्रीवास्तव एवं अंजलि सोनकर का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान अर्जुन अवार्डी तथा सांसद प्रसुन बेनर्जी ने खिलाडि़यों को आशीर्वाद दिया। यह जानकारी हनुमान अवार्डी छत्तीसगढ़ मिक्स नेटबॉल संघ के सचिव छत्तीसगढ़ टीम के कोच सुधीर वर्मा ने दी है।



प्रदेश में धीमी धान खरीदी को लेकर पूर्व मंत्री ने कहा

## जनता को मोदी की गारंटी पर विश्वास : बृजमोहन

**रायपुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी धीमी गति को लेकर बीजेपी के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला है. बृजमोहन ने कहा कि धान बेचने के लिए कम किसान नहीं पहुंच रहे, बल्कि किसानों को ये विश्वास है कि राज्य में बीजेपी की सरकार आएगी. लोगों को पीएम मोदी की 3100 रूपये की दर से 21 क्विंटल धान खरीदने की गारंटी है पर विश्वास है.

कांग्रेस के 3200 रुपए क्विंटल देने वाले सवाल पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 3200 रूपये की दर से 20 क्विंटल धान की कीमत 64 हजार रूपये होती है. जबकि 3100 रूपये क्विंटल की दर से 21 क्विंटल का दाम 65 हजार रूपये होता है. किसानों को ज्यादा कोई दे रहा है तो बीजेपी दे रही है. बीजेपी किसानों को 2 साल का बकाया बोनस भी देगी. यह कर्ज माफी से कहीं ज्यादा है. 70त्न किसान छोटे किसान हैं, छोटे किसानों को जब चार किस्तों में अतिरिक्त पैसा मिलता है तो उसकी कोई उपयोगी नहीं रह जाती है. हम किसानों को एक साथ पैसे देंगे तो वो उनके बच्चों के लिए परिवार के लिए कुछ काम आएगा. बृजमोहन ने कांग्रेस पर पीएससी घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि पीएससी घोटाले की वजह से नौजवानों को रोजगार नहीं मिला है. 2500 रूपये बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला है. पूरे प्रदेश का युवा कांग्रेस से नाराज है, उनको ऐसा लगता है कि घोटाला 2023 में नहीं हुआ 2018 से हुआ है. बीजेपी की महतारी वंदन योजना को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को साल में 12 हजार रूपये देने की गारंटी दी है. ऐसा पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी राजनीतिक दल की ओर से शहरी इलाकों में रहने वाले मीडियम लोअर क्लास वाले लोगों के लिए लायी गई हो. अब तक शहर में रहने वाला मीडियम लोअर क्लास का व्यक्ति यही कहता था कि सभी योजनाएं एसटी/एससी वर्ग के लोगों के लिए लायी जाती है. हमारे लिए कोई योजना नहीं है. इसलिए हम ये योजना लेकर आए. महतारी वंदन योजना को लोगों ने हाथों-हाथ लिया है. इससे महिलाओं में हमारे प्रति विश्वास पैदा हुआ है. हमने मात्र 500 रूपये में गैस सिलेंडर देने की बात कही है. निर्वाचन आयोग में शिकायत को लेकर ब्रजमोहन अग्रवाल ने कहा कि चुनाव के काम में लगे हुए कर्मचारी अधिकारी सत्तारूढ़ पार्टी से प्रभावित है. वह उनके दबाव में है. इसलिए जो हमें चुनाव की निष्पक्षता की उम्मीद करनी चाहिए वह नहीं दिखाई दे रही है।



## एयरपोर्ट की पार्किंग में बदलाव, अब फास्ट टैग से कटेगा शुल्क

**रायपुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की पार्किंग व?यवस?था में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। इसके तहत एयरपोर्ट की पर्किंग में कैश का सिस?टम पूरी तरह बंद करने की योजना है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने पार्किंग ठेकेदार के खिलाफ मिल रही लगातार शिकायतों को देखते हुए यह फैसला लिया है।

एयरपोर्ट की पर्किंग में लोगों से मनमाना शुल्क वसूली और रंगदारी की शिकायतें आम हो गई हैं। हाल ही इस संबंध में समाचार पत्रों ने खबर भी प्रकाशित किया था। हरकत में आए एयरपोर्ट प्रबंधन ने बैठक की और पार्किंग ठेकेदार को नोटिस जारी कर तलब किया। बैठक में पार्किंग ठेकेदार के अलावा बैठक में वाणिज्यिक, संचालन विभाग के प्रमुख और एएआई के मुख्य सुरक्षा अधिकारी भी शामिल हुए। इस बैठक में तय किया गया कि किसी भी मानवीय हस्तक्षेप को कम करने के लिए जल्द से जल्द आरएफआईडी की स्थापना और फास्टटैग के माध्यम से पार्किंग शुल्क का स्वचालित संग्रह। एजेंसी को 7 कार्य दिवसों के भीतर सिस्टम की स्थापना और कमीशनिंग का काम पूरा करने का निर्देश दिया गया है



पार्किंग ठेकेदार को निर्देश दिया गया है कि वह व्यस्त समय के दौरान यातायात प्रबंधन के लिए अधिक कर्मचारियों को नियुक्त करे, गलती करने वाले कर्मचारियों को बदल दे और भीड़भाड़ से बचने के लिए वाहनों का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करे। पार्किंग नीति की सक्रिय निगरानी और कार्यान्वयन और यदि कोई पार्किंग संबंधी समस्या है तो उसके त्वरित निवारण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति का गठन किया गया है। हवाई अड्डे पर यात्रियों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार पूरी तरह से अस्वीकार्य है और एजेंसी को सचेत कर दिया गया है कि आगे किसी भी शिकायत पर अनुबंध की समाप्ति सहित अनुबंध के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**जैन समाज का चातुर्मास समाप्त**

**रायपुर,** 27 नवम्बर। इस वर्ष जैन समाज का चातुर्मास पांच महिनों का था जो रविवार को सम्पन्न हुआ उस दिन भाईयों और बहनों ने सायंकालीन चौमासी प्रतिक्रमण कर सभी जीवों से 'खामेमि सब्बे जीवा, सव्वे जीवा खमन्तु में' कहकर क्षमायाचना की।



# महादेव घाट में उमड़ा आस्था का सैलाब



## नदी में स्नान कर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की

**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। महादेव घाट में पुन्नी मेले की शुरुआत आज से हो गई है बड़ी संख्या में लोग मेले का आनंद लेने के लिए महादेव घाट पहुंचते नजर आए यह मेला 27 से 29 नवंबर तक जारी रहेगा मेला का आनंद लेने के लिए आसपास के ग्रामीणों के साथ-साथ शहर के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचने नजर आए कार्तिक पूर्णिमा के दिन आज सबसे पहले जहां लोगों ने नदी में स्नान किया उसके बाद हाटकेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की और मनोकामना पूर्ति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

आपको बता दे की आज कार्तिक पूर्णिमा का पर्व शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ विभिन्न स्थानों में लगने वाले मेलो का आनंद लेने के लिए भी लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व रहता है इसमें जहां नदियों में स्नान करने के साथ पूजा अर्चना की परंपरा बनी हुई है वहीं दूसरी तरफ भगवान भोलेनाथ की भी विशेष पूजा अर्चना भक्तों के द्वारा की गई। हटकेश्वरनाथ धाम में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचे कुछ भक्तों से हमने बात की तो उन्होंने बताया कि खारुन नदी के तट पर बने इस मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा आराधना साल भर होती है. लेकिन सावन, महाशिवरात्रि और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यहां पर मेले जैसे माहौल रहता है. इस मंदिर में आने वाले भक्तों और श्रद्धालुओं की हर मनोकामना और मनोरथ पूरी होती है। आपको बता दें कि इस बार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगभग 500 से अधिक दुकाने लगी हुई नजर आई वहीं मीना बाजार आकर्षण का केंद्र बना हुआ नजर आया बच्चों के लिए तरह-तरह के झूले और मनोरंजन के साधन मौजूद थे जिसका आंनद बच्चों ने लिया।

# कांग्रेस की विदाई तय, छग में बनेगी भाजपा की सरकार : श्रीचंद सुंदरानी



**रायपुर**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना को लेकर भाजपा प्रवक्ता श्रीचंद सुंदरानी ने कहा, इस बार भाजपा की सरकार बनेगी. किसान भाजपा के पक्ष में हैं. मजदूर, महिलाओ ने भी भाजपा के पक्ष में मतदान किया. प्रत्याशियों के फीडबैक को देखते हुए हम कह सकते हैं कि 3 दिसंबर को कांग्रेस की विदाई होगी. मंडियों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या कम होने के मामले में बीजेपी प्रवक्ता श्रीचंद सुंदरानी ने कहा, किसान मंडियों में धान नहीं ला रहे. भाजपा ने 3100 रुपए प्रति चिंटल की दर से धान खरीदी का निर्णय लिया है. भाजपा किसानों को एकमुश्त राशि देगी. दो साल का बोनस भी उन्हें मिलेगा. कांग्रेस की सरकार में उन्हें नुकसान होगा इसलिए वे मंडियों में धान नहीं ला रहे. किसानो को लगता है कि भाजपा की सरकार बनेगी तो उन्हें फायदा होगा।

## यूटेलसैट वनवेब सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं को इंडियन स्पेस रेगुलेटर से मंजूरी प्राप्त

**रायपुर,** 27 नवंबर। वनवेब इंडिया को आज भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं लॉन्च करने के लिए इंडियन नेशनल स्पेस प्रोमोशन एंड ऑथोराइजेशन सेंटर से आवश्यक अधिकार प्राप्त हो गए हैं। वनवेब इंडिया यह अधिकार प्राप्त करने वाला पहला संगठन है। लो-अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) ऑपरेटर, यूटेलसैट वनवेब, यूटेलसैट ग्रुप का हिस्सा है। उपरोक्त मंजूरी का मतलब है कि यूटेलसैट वनवेब सरकार द्वारा स्पेक्ट्रम आवंटन होते ही सेवाएं शुरू करने में सक्षम है। भारती ग्रुप के चेयरमैन और यूटेलसैट ग्रुप के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के वाइस-प्रेजिडेंट (को-चेयर) सुनील भारती मित्तल ने कहा हमें भारत में यूटेलसैट वनवेब उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाओं को लॉन्च करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष नियामक से हरी झंडी पाकर अत्यंत खुशी हो रही है।

## रॉयल एनफील्ड ने ऑल न्यू हिमालयन लॉन्च किया

**रायपुर,** 27 नवंबर। आज रॉयल एनफील्ड ने ब्रांड के सबसे बड़े मोटरसाइकिल फेस्टिवल, मोटोवर्स 2023 में अपने एडवेंचर टूरर, ऑल न्यू हिमालयन का लॉन्च किया, जो क्षमता और उपयोगिता का बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है। यह हर सड़क पर और बिना सड़क के चलने के लिए बनाई गई है। इस महीने ईआईसीएमए 2023 में अनावरण के बाद ऑल न्यू हिमालयन आज से भारत में रिटेल बिक्री और बुकिंग के लिए उपलब्ध हो गई, और मार्च 2024 से पूरे यूरोप में मिलने लगेगी। इस मोटरसाइकिल के लॉन्च के बारे में रॉयल एनफील्ड के सीईओ, बी गोविंदराजन ने कहा, नई हिमालयन बनाने के लिए हमने पूरी दुनिया में घूमने वाले, खोज करने वाले और एथलीटों के साथ अपने राइडिंग समुदाय के अनुभव का उपयोग किया।

# भाजपा के चलते ही जन-सरोकार से संबंधित विधेयक राजभवन में अटके

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाया आरोप



**रायपुर**, 27 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में विपक्ष की भूमिका निभाने में भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से नाकाम रही है।नकारे जाने के बाद अब केवल झूठ और षडयंत्रों की राजनीति कर रहे हैं। राज्य विधान सभा द्वारा पारित सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में आरक्षण बढ़ाने के उद्देश्य से पारित 76 प्रतिशत नवीन आरक्षण विधेयक सहित नौ कानून लंबे समय से राज्यपाल की सहमति के लिए लंबित हैं।उनमें से कई 2020 की शुरुआत से हैं भाजपाईयों की साजिश के चलते राजभवन में रोके गए हैं।

राज्य विधानसभा द्वारा 2020 से 2022 के बीच विधानसभा द्वारा पारित कुल नौ विधेयक राजभवन में लंबित हैं। लंबित विधेयकों में महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2020, छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2020, पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ (संशोधन) विधेयक 2020, छत्तीसगढ़ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2020, इंदिरा शामिल हैं। कला संगीत विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2020, छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक 2020, छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक 2020, और छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण) संशोधन विधेयक 2022 और छत्तीसगढ़ शैक्षिक संस्थान (प्रवेश में आरक्षण) संशोधन विधेयक।विश्वविद्यालय विधेयकों में संशोधन किया। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय विधेयकों में से एक, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, विश्वविद्यालय का नाम बदलकर चंदूलाल चंद्राकर पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय करने का प्रावधान करता है। ये सभी विधेयक राज्यपाल अनुसुइया उइके के कार्यकाल में विधानसभा द्वारा पारित कर सहमति के लिए राजभवन भेजे गए थे, जो आज तक लंबित है।

श्री बैज ने कहा है कि भाजपा का राजनैतिक चरित्र मूलत: लोकतंत्र विरोधी है।जन सरोकार के महत्वपूर्ण विधेयक को रोकना तीन चौथाई से बड़ी बहुमत से निर्वाचित सरकार का अपमान है, विधायिका का अपमान है, छत्तीसगढ़ की जनता का अपमान है।

# ऑटो चालकों पर सख्ती



**रायपुर,** 27 नवंबर। ऑटो रिक्शा चालकों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी इसके बाद यातायात विभाग में आज विभिन्न चौक चौराहा पर ऑटो रिक्शा चालकों से विभिन्न जानकारियां ली एवं चालक मापदंडों में कमी पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की।

आपको बता दे कि शहर में ऑटो रिक्शा की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती हुई नजर आ रही है कई ऑटो चालकों द्वारा मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा था जिसको लेकर लगातार यातायात विभाग में विभिन्न माध्यमों से शिकायतें आ रही थी वहीं पुलिस विभाग द्वारा आज विभिन्न चौक चौराहा पर ई-रिक्शा सहित विभिन्न ऑटो चालकों से जानकारियां ली गई और मापदंडों में कमी पाई जाने पर चालानी कार्रवाई भी की गई बहुत से ऐसे ऑटो चालक हैं जो ग्रामीण परमिट होने पर भी शहर के अंदर गाड़ियां चलाते हैं ऐसे चालकों के ऊपर भी कार्रवाई की गई इसके साथ ही कुछ चालक ऐसे हैं जिनके द्वारा यातायात नियमों को ताक पर रखकर ऑटो का संचालन किया जाता रहा है इन पर भी पुलिस द्वारा कढ़ाई करते हुए करवाई किए जाने की सूचना मिली है। देखा जाए तो कहीं ना कहीं शहर के अंदर ई-रिक्शा सहित ऑटो की संख्या काफी बढ़ गई है जिसके कारण अवस्था का आलम बना हुआ है स्थिति को सुधारने के लिए यातायात विभाग को ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है इसके साथ ही ई-रिक्शा सहित ऑटो की संचालन के लिए एक उचित स्थान निर्धारित करने की जरूरत है चालकों द्वारा मनमानी तरीके से ऑटो की पार्किंग शहर की प्रमुख सड़कों में कर दी जाती है जिसकी वजह से आम राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ऐसे चालकों पर यातायात विभाग को उक्त स्थान पर पहुंचकर ही कार्रवाई करने की आवश्यकता नजर आती है।

## निधन

### अम्बा बाई गोस्वामी

**धमधा,** 27 नवंबर। वार्ड नं. 11 निवासी श्रीमती अम्बा बाई गोस्वामी का निधन 27 नवंबर को धमधा में हो गया। उम्र लगभग 60 वर्ष की थी। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर चली गई। वे गौकरण गिरी गोस्वामी, खेमगिरी गोस्वामी की माता थी। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।

### खिलेश कुमार साहू



**डौण्डी,**27 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम बिरेतरा धमतरी निवासी खिलेश कुमार साहू 40 साल का शनिवार की रात इलाज के दौरान धमतरी की निजी अस्पताल में निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को बिरेतरा गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे दैनिक भास्कर डोडी के संवाददाता तेजराम साहू तथा जिला पंचायत धमतरी के सहकारिता समिति के सभापति गोविंद साहू बिरेतरा रामायण मंडली के टीकाकर देवराम साहू के छोटे भाई थे। अंतिम संस्कार में उपस्थित ग्रामवासियों ने स्व. खिलेश कुमार साहू को श्रध्दांजलि अर्पित करते हुए कहा की भगवान इनकी आत्म को अपने चरणों में स्थान प्रदान करे व परिवार को दुख सहने की शक्ति दे।

### रामप्रसाद कोसरिया



**रायपुर,** 27 नवंबर। रामप्रसाद कोसरिया पिता स्व. कन्हैया लाल कोसरिया (पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन) का जन्म 9 जनवरी 1947 को हुआ था । जिनका स्वर्गवास दिनांक 27 नवंबर 2023 को हो गया है । स्वर्गीय श्री कोरिया जी छत्तीसगढ़ के जाने-माने वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार थे। जिनको छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष द्वारा समरसता सम्मान प्रदान किया गया था। वे गुरु घासीदास साहित्य एवं साहित्यिक एवं साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अकादमी के संस्थापक सदस्य थे। 16 दिसंबर को की जाने वाली सतनाम समाज के शोभायात्रा के जनक थे। इनके अलावा भी सतनामी समाज के प्रेरणा स्त्रोत थे एवं अग्रणी लेखक भी थे। 76 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उनके तीन पुत्र मनीष, सतीश और नवीन है। उनका अंतिम संस्कार 27 नवंबर को तेलीबांधी श्मशान घाट में किया गया।

# प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज

## आसमान में छाए बादल बारिश की संभावना



**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ से दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी के बाद अक्टूबर माह से ही प्रदेश में हल्की ठंड की शुरुआत हो चुकी है। वहीं आज मौसम ने करवट बदली है।सोमवार सुबह से ही राजधानी रायपुर समेत अन्य जिलों में बादल छाए हुए हैं. इस बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिनों तक यानि 27 और 28 नवंबर को प्रदेश के एक दो जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस बीच तापमान में खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में अगले दो दिनों तक तापमान में खास बदलाव होने की संभावना नहीं है।सेंट्रल मध्य प्रदेश में चक्रवात बना हुआ है. इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ के एक दो स्थानों पर सोमवार और मंगलवार को हल्की वर्षा होने की संभावना है। वहीं प्रदेश में सबसे कम तापमान में अंबिकापुर में 9.8 डिग्री दर्ज किया गया हैं।रायपुर में 18.1 बिलासपुर में 15.6, जगदलपुर में 17.4 डिग्री. दुर्ग में 16 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है।

# बैलेट मतपत्रों की सुरक्षा, भाजपा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुंमारी चौधरी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने बैलेट मतपत्र से हुए वोटिंग में हेराफेरी और गड़बड़ी की संभावना को लेकर जिला कलेक्टर महासमुन्द को ज्ञापन सौपा है। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुंमारी ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि अभी सम्पन्न हुए चुनाव कार्य मे लगे हुए शासकीय कर्मचारियों,80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और विकलांग मतदाताओं के लिए बैलेट पेपर से मतदान की व्यवस्था की गई थी। और इन बैलेट मतपत्र वाले पेटियों को स्ट्रांग रूम में रखने की बजाए लोगों की आवाजाही वाले स्थान ट्रेजरी में रखा गया गया है। जिलाध्यक्ष रूपकुंमारी ने जिला कलेक्टर को सौपे गए ज्ञापन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में बैलेट पेपर से हुए मतपत्रों को साधारण स्थान पर रखा जाना अनेकों आशंकाओं को जन्म दे रहा है। ट्रेजरी जैसे लोगों की आसानी से आवाजाही वाले स्थान में रखी हुई मतपेटियों में पूरी तरह गड़बड़ी और हेराफेरी की संभावना है। प्रशासन पूरी तरह सत्तापक्ष के दबाव में है। इन सभी मतपेटियों को स्ट्रांग रूम में तत्काल रखा जाना चाहिये और कैमरों के जरिये में इनपर निगरानी रखी जाए। भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए चुनाव के समय ही आयोग तक त्वरित प्रमाण सहित शिकायत किया कि मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने चुनाव प्रचार बन्द होने के बाद भी 16 नवम्बर को चुनावी रैलियों की और सत्ता पक्ष के दबाव में अधिकारी कर्मचारी उन रैलियों में शामिल थे। जिलाध्यक्ष रूपकुंमारी चौधरी सहित ज्ञापन देने सराईपाली विधानसभा की प्रत्याशी श्रीमती सरला कोसरिया,बसना विधानसभा प्रत्याशी सम्पत अग्रवाल,महासमुन्द विधानसभा प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा, सराईपाली के चुनाव संचालक पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल,महासमुन्द विधानसभा संचालक संदीप दीवान, बसना संचालक अखिलेश भोई,महासमुन्द निर्वाचन अभिकर्ता ऐतराम साहू,सराईपाली निर्वाचन अभिकर्ता देवेंद्र शर्मा सहित भाजपा नेता प्रकाश सिन्हा, धर्मेंद्र ठाकुर,गोपाल वर्मा,पार्षद मंगेश टांकसाले,प्रकाश शर्मा,दिग्विजय साहू,दामजी साहू,सोनाधर सोनवानी,सोमेश,भुवन साहू,बरातू साहू,लेख राम ,लिलेंद्र शामिल रहे। भाजपा नेताओं ने प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनाक्रोश और सत्ता परिवर्तन के भय से दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 5 साल में जनता से की गई वादाखिलाफी का परिणाम शीघ्र ही सामने आने वाला है।

# बिना रायल्टी पर्ची ओवरलोड वाहनों से रेत गिट्टी का हो रहा परिवहन

**बेमेतरा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। बिना रायल्टी पर्ची के रेत गिट्टी का ओवरलोड वाहनों से परिवहन हो रहा है जिसके तरफ जिला स्तर के अधिकारी की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते जैसा कार्रवाई होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है जिसके कारण अवैध रूप से वाहनों के माध्यम से रेट गिट्टी ले जाने वाले जाने वालों के हौसला इन दिनों बुलंदी पर हैबलौदा बाजार जिले में स्थित महानदी और बेमेतरा जिले के शिवनाथ नदी से प्रतिदिन 50 से 60 हाईवा रेत एवं गिट्टी का बिना रायल्टी पर्ची ओवरलोड वाहनों से बेखौफ परिवहन हो रहा है। प्रतिदिन लाखों रुपए का खनिज रॉयल्टी की चोरी की जा रही है, पर्ची के नाम पर रेत गिट्टी परिवहन करने वाले वाहन मलिक जरूरतमंद लोगों से 2000 से लेकर ?3000 रायल्टी पर्ची के नाम पर वसूल रहे हैं। जिसके कारण रेत और गिट्टी की कीमत 15000 से लेकर 17000 रुपए प्रति हाईवा बेचा जा रहा है। इसी तरह गिट्टी ओवरलोड वाहन रात्रि के समय परिवहन किया जा रहा है । पुलिस और खनिज विभाग द्वारा बिना रायल्टी पर्ची और ओवरलोड परिवहन करने वाले भवन निर्माण सामग्री वाले वाहनों के खिलाफ जांच पड़ताल की कार्यवाही नहीं करने के कारण शिवनाथ नदी से बड़े पैमाने पर रेत का अंधाधुंध परिवहन हो रहा है।

महानदी के अलावा शिवनाथ नदी से प्रतिदिन बड़े पैमाने पर रेत एवम गिट्टी बेमेतरा जिले से होकर कवर्धा जिले को भी 40 से 50 हाईवा का परिवहन हो जाता है। रेत परिवहन के समय खदान से ही रायल्टी पर्ची लेना अनिवार्य है , लेकिन अतिरिक्त कमाई की लालसा में ट्रांसपोर्टरो के द्वारा बिना रायल्टी पर्ची के ही रात्रि के समय रेत का परिवहन किया जाता है। वहीं रायल्टी पर्ची के नाम पर ग्राहकों से पैसे वसूले जा रहे हैं। जिला प्रशासन के द्वारा ऐसे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अब तक एक भी बार बड़ी कार्यवाही नहीं की गई। निजी आवास मकान तथा सरकारी भवनों के निर्माण के अनुसार बेमेतरा जिले में प्रतिदिन 40 से 50 ट्रिप रेत हाईवा की खपत है ,इसी तरह 50 से 60 हाईवा रेत एवम गिट्टी वाली ट्रक ,हाईवा बेमेतरा से होकर कवर्धा जिले के लिए परिवहन होता है। लगभग डेढ़ सौ से अधिक हाईवा रेत प्रतिदिन बेमेतरा एवम कवर्धा जिले में खपत हो रहा है। इसी तरह गिट्टी भी 25 से 30 हाईवा जिले में बिक रहा है। ऐसे में इन हाईवा के माध्यम से परिवहन किए जाने वाले भवन निर्माण सामग्रियों के रायल्टी पर्ची की जांच पड़ताल लंबे समय से बंद है। जिससे शासन को प्रतिदिन लाखों रुपए की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। हालांकि संबंधित विभाग सरकार से मिले टारगेट को ही फोकस कर 100 फीसदी रॉयल्टी वसूली की जानकारी दी जा रही है।

# बीच सड़क पार्किंग, किनारों पर फास्ट फूड के ठेले

## अतिक्रमण की खुली छूट शहर में



**भाटापारा**, 27 नवंबर (देशबन्धु)। जहां मनाही, वहीं खूब। बीच सड़क पर पार्किंग। किनारों पर फास्ट फूड काउंटर। जी हां, यह शहर भाटापारा है, जहां नियम तोड़ने की खुली छूट मिलती है। लिहाजा ऐसे दृश्य हर समय देखे जा सकते हैं।

अव्यवस्थाओं के बीच जीना सीख रहा है अपना शहर। मालूम है कि शिकायतें नहीं सुनी जाएंगी। आपत्तियां दरकिनार कर दी जाती है। यह इसलिए क्योंकि जिम्मेदारों ने दूरी बना ली है जिम्मेदारी उठाने से। खासकर अतिक्रमण के मामले में तो इस शहर का मुकाबला कोई नहीं कर सकता।

**गौरव पथ के गौरव**

जतन से बनाया गया था गौरव पथ। उद्देश्य था निर्बाध आवाजाही। शुरुआती कुछ बरस तो ठीक रहे। आज स्थिति बदल चुकी है। गौरव पथ के दोनों किनारों पर फास्ट फूड काउंटर, पान की दुकानें लगतीं हैं। स्थाई दुकानों का सामान भी प्रदर्शन के लिए इसी पथ पर रखती हैं संस्थानें। सुबह-शाम मिल्क काउंटर भी लगते हैं। ऐसे में आवाजाही निर्बाध कैसी होती होगी?

**यहां कैसे**

रेस्ट हाउस और गर्ल्स स्कूल। संवेदनशील माने जाते हैं यह दोनों, लेकिन यहीं खूब लगतीं हैं खान-पान की सामग्री बेचने वाली दुकानें। पान ठेले हमेशा से असामाजिक तत्वों के डेरा माने जाते हैं। यह भी अच्छी-खासी संख्या में हैं। इसलिए बच कर निकलती हैं छात्राएं और महिलाएं। करीब ही है शहर थाना, मगर मजाल है कि झांकने तक आते होंगे पुलिस जवान।

**बचकर निकलिए**

सुभाष बाजार। करीब ही है तीन चिकित्सा संस्थान। स्कूल और मंदिर भी हैं आसपास। ऐसे में भीड़ का होना स्वाभाविक है। विडंबना ही कही जाएगी कि यह पूरा क्षेत्र सारा दिन अस्त-व्यस्त रहता है। इसके बावजूद न प्रशासन नजर आता है, ना पुलिस। इसलिए संभल कर आवाजाही करने पर मजबूर है शहर। शाम को हालात पूरी तरह काबू से बाहर होते हैं।

**सतर्कता वांछनीय**

फिल्टर प्लांट तिराहा। जय स्तंभ चौक और राम सप्ताह होते हुए गोविंद चौक। इन क्षेत्रों से आवाजाही के दौरान सतर्कता बेहद जरूरी है। कहीं से भी, कभी भी दो पहिया या चार पहिया वाहनें निकल आती हैं। नियंत्रण में रखने के लिए लगाया गया ट्रैफिक सिग्नल बंद है, तो यातायात विभाग की मौजूदगी नजर नहीं आती। ऐसे में खुद को सतर्क रखना होगा ताकि प्रतिकूल स्थिति में दुर्घटना से बचा जा सके।

**हैं लेकिन किस काम के**

बस स्टैंड चौक। बिलासपुर, रायपुर और बलौदा बाजार के लिए निकलने वाला चौक। एक कोने में स्थित है यातायात पुलिस का कार्यालय। जवान भी नजर आते हैं, इस चौक पर लेकिन अस्त-व्यस्त यातायात और अतिक्रमण प्रमाण है इस बात का, कि लापरवाही चरम पर है। जिम्मेदार प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जिस तरह आंख मूंद रखीं हैं, वह निराशा को ही बढ़ा रही है।

# पुन्नी मेला पर हुई खारुन की महाआरती



**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। महादेव घाट, रायपुर में कार्तिक पूर्णिमा की संध्या को खारुन गंगा महाआरती एवं हटकेश्वर महादेव पूजन संपूर्ण विधि विधान से हुआ। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष श वीरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा आरंभ की गई यह परंपरा जिसमें प्रत्येक माह की पूर्णिमा की संध्या को बनारस की तर्ज पर इस महाआरती का आयोजन किया जाता है। निरंतर क्रम में 13वीं बार आरती हुई जिसमें शहर भर के श्रद्धालुओं की बृहद संख्या में उपस्थिति रही। करणी सेना परिवार छत्तीसगढ़ एवं माँ खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति द्वारा आयोजित यह महाआरती हमेशा की भाँति भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से सराबोर रही। जिसने समस्त आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आरती से पूर्व सभी ने साथ मिलकर एक स्वर में खारुन एवं भारत की समस्त नदियों को मातृ स्वरूप मानकर कृतज्ञ भाव से स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने की शपथ ली।

खारुन गंगा मैया एवं हटकेश्वर महादेव की आरती प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा सम्पूर्ण विधि-विधान से हुई। पुन्नी मेला के आगंतुकों के लिए भी यह आरती विशेष आकर्षण का केंद्र रही। आगंतुक श्रद्धालुओं को दीप उपलब्ध कराए गए, जिन्हें आरती के पश्चात् माँ खारुन को देव दीपावली के उल्लास स्वरूप समर्पित कर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में आगंतुक श्रद्धालुओं को खीर प्रसादी का वितरण किया गया।

श्री तोमर के अनुसार उन्होंने जिस संकल्प के साथ इस मुहिम की शुरुआत की थी वो आज एक विशाल महापर्व के रूप में सफ़ल होती दिखाई दे रही है। श्री तोमर ने समस्त श्रद्धालुओं एवं सनातन धर्म प्रेमियों को यह जानकारी देते हुए आमंत्रित भी किया कि माँ खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं के साथ मिलकर अगले माह पूर्णिमा के 26 दिसंबर को इस महाआरती का वार्षिकोत्सव भव्य रूप से धूम-धाम के साथ मनाया जाएगा। जिसमें देश के सुप्रसिद्ध गायक पद्मश्री कैलाश खेर अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे।

# गुरुनानक जयंती पर खालसा स्कूल में चरणदास महंत, बृजमोहन ने टेका मत्था



**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। श्री गुरुनानक देव साहिब के 554वां प्रकाश पर्व के अवसर पर आज सुबह राजधानी में विशेष दीवान सजाया गया है। खालसा स्कूल में स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीगुरुसिंह सभा की ओर से गुरुनानक देव के जन्म पर गुरु पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर अमृतसर से पहुंचे कीर्तन रागी जत्था सिमरजीत सिंह, शौक़ीन सिंह और कुलदीप सिंह अमृत गुरबाणी से सिक्खजनों को निहाल कर रहे हैं।

दिन भर शब्द कीर्तन का कार्यक्रम चला। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर हुआ, जिसमें सभी लोगों ने प्रसादी पाई। सिख समाज के लोगों ने गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका।गुरू पर्व के दौरान सुबह से ही गुरुनानक देव जी का गुणगान किया जा रहा है एवं कीर्तन के माध्यम से गुरुनानक देव को याद किया जा रहा है।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा पहुंचे। उन्होनें गुरुग्रंथ साहब पर मत्था टेक कर प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। गुरु गोविंद सिंह के त्याग और समर्पण को याद किया। जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायेमान रहा। वहीं सभी ने मिलकर लंगर में प्रसाद ग्रहण किया।वहीं इस मौके पर उन्होनें कहा कि विश्व को अज्ञानता के अंधकार से निकालने वाले गुरु नानक देव महाराज का प्रकाश गुरु पर्व आज खालसा स्कूल में बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

# मरीन ड्राइव के पास कार में लगी आग



**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के मरीन ड्राइव के सामने पार्किंग में खड़ी निसान एक्सएल कार में आग लगने से हड़कंप मच गया. कार लगभग 70 त्न जल गई है. बोनट पूरा जलकर खाक हो गया है. शॉर्ट सर्किट स्पार्क होने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है.

बताया जा रहा कि गाड़ी में बैठे दो बच्चे सहित अन्य लोग सुरक्षित हैं. आग लगते ही गाड़ी में बैठे लोग तेजी से बाहर निकले. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है.

# छत्तीसगढ़ी फिल्म में हीरो के रोल में नजर आएंगे मंत्री अमरजीत भगत

**रायपुर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)।। छत्तीसगढ़ के संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत छत्तीसगढ़ी फिल्म 'बलिदानी राजा गुरु बालकदास' में एक्शन करते हुए नजर आने वाले है. दरअसल सतनाम पंथ के गुरु बालकदास के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक फिल्म बनाई जा रही है जिसमे अमरजीत भगत शहीद वीर नारायण सिंह की भूमिका में नजर आऐंगे. कुछ दिनों पहले इस फिल्म का टीज़र भी लॉन्च किया गया था जिसे लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था.

**रायपुर समेत राज्य के कई इलाकों में जारी है शूटिंग**



जानकारी के मुताबिक इस फिल्म की कहानी सन 1818 से 1860 के बीच अंग्रेजों के खिलाफ प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित है. इसमें गुरु बालकदास और वीर नारायण सिंह की दोस्ती और प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में दोनों की भूमिका के किस्से हैं. खास बात यह है कि इसमें संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत वीर नारायण सिंह की भूमिका निभा रहे हैं.

फिल्म के प्रोड्यूसर डॉ. जेआर सोनी हैं. डॉ. सोनी के मुताबिक इस फिल्म में दर्शकों को इतिहास के कई अनछुए पहलुओं का पता चलेगा. यह स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ के लोगों की भूमिका और संगठन शक्ति की कहानी है।

# हाइवा की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में हाइवा की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। टक्कर से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान दोनों की मौत हुई है। हादसा विधानसभा थाना क्षेत्र में हुआ है। दोनों की पहचान पावनी निवासी बंटी और लक्ष्मण के रूप में हुई है। पुलिस ने हाइवा चालक पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर दो बाइक सवार युवक सोमवार सुबह 10 बजे रायपुर से पावनी (बलौदाबाजार) अपने गांव की ओर जा रहे थे। वहीं हाइवा बलौदाबाजार से रायपुर की ओर आ रहा था। इस दौरान हाइवा ने सामने से दोनों को टक्कर मार दी। इससे दोनों युवक बीच सड़क पर गिर गए। वहीं बाइक दूर तक घसीटते हुए सामने से आ रही एक कार से टकरा गई। इस संबध में थाना प्रभारी दीपक पासवान ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर तत्काल युवकों को अस्पताल भिजवाया गया। इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया है।

बीते शुक्रवार को रायपुर के आंबेडकर अस्पताल के सामने चाय पी रहे युवक को ट्रक ने रौंद दिया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक दो दिन पहले की पिता बना था। घटना के बाद मौके से ट्रक लेकर भाग रहे ड्राइवर को पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने करीब एक किलोमीटर तक पीछा करके पकड़ लिया। मौदहापारा थाना पुलिस ने आरोपित ट्रक ड्राइवर लीलाधर प्रधान को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया है।

# फैंसी स्टोर से एक लाख का सामान ले उड़े चोर

**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में सक्रिय चोर लगातार सूने मकानों और दुकानों को निशाना बना रहे हैं। गुढ़ियारी इलाके के बौद्ध विहार के सामने स्थित एक फैंसी स्टोर में चोरों ने धावा बोलकर करीब एक लाख का सामान पार कर दिया। दुकान संचालक छोटा अशोकनगर निवासी संगीता सोनी की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। हालांकि पुलिस का दावा है कि चोरी में लोकल गिरोह का हाथ है।

**लोकल गिरोह का हाथ**

गुढ़ियारी थाना के अनुसार गुढ़ियारी के छोटा अशोकनगर में प्रार्थी संगीता सोनी की बौद्ध विहार के सामने डाली फैंसी स्टोर नाम से दुकान है। दुकान में उनकी बेटी डाली सोनी बैठती है। वह 24 नवंबर को सुबह 10 बजे दुकान खोलने पहुंची तो देखा कि बाएं तरफ का शटर उठा हुआ था। शटर को पूरा खोलकर भीतर गई तो आर्टिफिशियल फैंसी व कास्मेटिक सामान गायब थे और अन्य सामान बिखरे पड़े थे। इसकी जानकारी डाली ने तत्काल घर आकर मां संगीता को दी।

**एक लाख का सामान पार**

चोरों ने दुकान से सोने का पालिस लगा 25 हार सेट, 120 नग कंगन का सेट, 18 दर्जन मंगल सूत्र, 60 नग मोती हार सेट, 60 नग चांदी का पालिस लगा पायल, 150 जोड़ी बिछिया, 600 नग कान का टाप्स, 280 नग परफ्यूम, 300 श्रृंगार पैकेट और गल्ले में रखा नगदी 5,600 रुपये सहित कुल एक लाख का सामान पार कर दिया।

## पंडित विष्णु कृष्ण जोशी जयंती समारोह -23

# पुणे के अनिरूद्ध जोशी ने दी सितार पर राग झिंझोटी की शानदार प्रस्तुति

- गाता हुआ सितार एवं कसी हुई ख्याल गायकी
- महाकौशल संगीत समिति रायपुर का आयोजन



**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। विगत 24 नवंबर को सिविल लाईन्स स्थित वृंदावन सभागार में महाकौशल संगीत समिति के संस्थापक पंडित जोशी जी की स्मृति में एक संगीत संध्या का आयोजन किया गया जिसमें पुणे के अनिरुद्ध जोशी ने सितार पर राग झिंझोटि से कार्यक्रम का प्रारम्भ किया . प्रारंभ में आलाप, जोड़ तथा झाला से राग का विस्तार किया विशेष रूप से झिंझोटि में रिषभ स्वर पर न्यास उस राग में वैचित्र्य उत्पन्न करता है , कुछ नवोन्मेष कल्पना का आभास कराता है, तंत्रकारी अंग से बजानेवाले अक्सर इस प्रकार का प्रयोग करते हुए सुने जाते हैं. अपने वादन का समापन एक धुन से अनिरुद्ध ने किया. तबले पर भिलाई के पार्थसारथी मुखर्जी ने संगति की. कार्यक्रम के उत्तरार्द्ध में कोलकाता के.युवा कलाकार देबोर्शी भट्टाचार्य ने राग मालकौंस की पारंपरिक बंदिश जिनके मन तथा द्रुत बंदिश आज मोरे घर से अपने गायन का प्रारम्भ किया पश्चात मांझ खमाज मैं एक ठुमरी और अंत में भैरवी में सुप्रसिद्ध भजन जो भजे हरी को सदा से कार्यक्रम का समापन किया. देबोर्षी की गायकी में राग विस्तार के विविध रूप सुनने मिले यानी आलापचारी,तान - बंधान ,लय के विविध प्रकार आदि, अत्यंत भावपूर्ण गायकी उनकी प्रस्तुति का प्रमुख पक्ष रहा. देबोर्षी के साथ अशोक मुखर्जी ( तबला) तथा ज्योतिर्मय बॅनर्जी ( हार्मोनियम) पर संगति की. कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि आशुतोष त्रिपाठी ( डायरेक्टर. कृष्णा पब्लिक स्कूल) द्वारा द्विप प्रज्वलन तथा स्वागत उद्बोधन से किया . उक्त आयोजन में अध्यक्ष अजय तिवारी, सचिव सुधांशु शेखर शुक्ला, संयोजक डॉ सुषमा मिश्रा तथा राजेश गनोदवाले ,अवतार सिंग धन्जल सहित पद्मजी सी डी भारती तथा पद्ममदन चौहान सहित अनेक श्रोता एवं प्रशंसक उपस्थित हुए।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2023

# छत्तीसगढ़ ने किया बेहतरीन प्रदर्शन राज्य को स्वच्छ मंडप में मिला कांस्य



**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 में छत्तीसगढ़ ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है. छत्तीसगढ़ को स्वच्छ मंडप क्षेत्र में कांस्य पदक से पुरस्कृत किया गया है. यह कार्यक्रम इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित था. स्वच्छता श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य के मंडप को कांस्य पदक मिला है.

बता दें कि देश की राजधानी नई दिल्ली में 14-27 नवंबर तक 42वां भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 का आयोजन किया गया था. इस मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए

# आईएएस अधिकारियों ने बिना अनुमति डीए का आदेश जारी कर आचार संहिता का किया उल्लंघन

**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक व भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने आईएएस अधिकारियों के खिलाफ कारवाई करने मांग की है।

**कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए डीए डीआर की अनुमति को अपने स्वार्थ में उपयोग किया**

उन्होंने एक्स के माध्यम से पोस्ट कर अवगत कराया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में सेवारत अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों ने आचार संहिता का उलंघन कर राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए दी गई अनुमति को पलट कर अपने लिए आदेश जारी कर आचार संहिता का उलंघन किया है। जबकि अनुमति प्राप्त कर्मचारियों,पेंशनरों हेतु डीए डीआर का आदेश आज तक जारी नहीं हुआ है। इस अनैतिक कार्य के लिए जिम्मेदार लोगो पर भारत निर्वाचन आयोग से कठोर कार्यवाही करने मांग की है।

जारी विज्ञप्ति में वीरेंद्र नामदेव ने बताया है कि छत्तीसगढ़ में लगातार 5 वर्षों से डीए/डीआर के लिए संघर्ष करने वाले कर्मचारी/पेंशनर संगठनों को विधानसभा चुनाव के कारण भरोसा बनी थी कि इस बार पहली बार एरियर सहित मतदान के पहले डीए डीआर के भुगतान के आदेश जरूर होगें। परन्तु निर्वाचन आयोग से अनुमति लेने में जानबूझकर लेटलतीफी करने के कारण यह संभव नहीं हो सका।

मुख्यमंत्री ने इस बारे में निर्वाचन आयोग से अनुमति लेने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया थ। राज्य सरकार द्वारा देर से अनुमति मांगने के कारण पूरा मतदान निपटने के बाद 22 नवम्बर को निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमति मिली। इस अनुमति में स्पष्ट उल्लेख है कि यह अनुमति राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए दी गई है। अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों ने तुरंत बिना देर किए 22 नवंबर को अपने लिए बिना अनुमति लिए ही उसी अनुमति को आधार बनाकर दो अलग अलग किस्त 42 और 46त्न के कुल 8त्न डीए एरियर सहित भुगतान लेने के आदेश खुद हस्ताक्षर से कर लिए हैं। जिनके लिए अनुमति दी गई उनका आदेश का अब तक कोई अता पता नहीं है।

# राजकीय पशु वन भैंसे का यह कैसा सम्मान

**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश का राजकीय पशु वन भैंसा है। राज्य निर्माण के समय इनकी संख्या 75 थी, 2005 में 61 थी और 2006 में 12 वन भैंसे बचे। छत्तीसगढ़ वन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र दिया था कि हमारे पास धन की कमी थी इसके कारण से हम इनकी रक्षा नहीं कर पाए। परंतु प्रश्न यह उठता है कि क्या वन विभाग के पास इतनी धन की कमी है की वन भैसे के अवशेषों (ट्राफी) की भी रक्षा नहीं की जा सके?

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बम्हनी झोला गांव में किसी समय एक छोटे से कमरे में एक वन भैंसा के सिंग की ट्राफी सुरक्षित करके रखी गई थी। बताया जाता है कि मुंह भी वन भैंसा का ओरिजिनल था। यहाँ अन्य वन्यजीवों के अवशेषों को भी संरक्षित रखा गया था।

राज्य निर्माण के पूर्व तक यह पूर्णत: संरक्षित था परंतु बाद में इस एक कमरे के म्यूजियम का क्या हुआ पता नहीं परन्तु वन भैंसा के सिंग की ट्राफी को 'विश्व खाद्य गोदाम' के खुले बरांडे में रख दिया गया। कालान्तर में विश्व खाद गोडाउन भी बंद हो गया परन्तु ट्राफी बरांडे में ही रह गई। वर्तमान में इस 'विश्व खाद्य गोदाम' में कई अन्य वन्यजीवों के अवशेषों की भी दुर्दशा हो रही है। वन भैंसा के सिंग की ट्राफी की कंडीशन और गोडाउन की स्थिती बताती है कि जीवित तो क्या मृत वन भैंसे के अवशेषों की भी वन विभाग को चिंता नहीं है, और उसको संरक्षित रखने के लिए धन की कमी है।

# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज में अब केवल अध्यक्ष का होगा चुनाव, कार्यकाल 4 वर्ष



**रायपुर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। सरयूपारीण ब्राह्मण सभा की रविवार को दिवाली मिलन समारोह व आमसभा की बैठक में 40 वर्ष पुराने संविधान में किए गए संशोधन के प्रस्तावों को सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई। सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर इसका समर्थन किया। संशोधन के तहत अब केवल अध्यक्ष का चुनाव होगा।कार्यकारिणी के अन्य पदों पर मनोनयन का अधिकार निर्वाचित अध्यक्ष को दिया गया है। वहीं कार्यकाल को दो वर्ष से बढ़ाकर चार वर्ष कर दिया गया है।सभा ने तय किया है कि अब केवल एक ही तरह की आजीवन सदस्यता रहेगी। सदस्यता शुल्क बढ़ाकर 2100 रु करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। युवा सभा के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तय की गई है।

अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला की अध्यक्षता में संशोधन के बाद दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। सुरेश शुक्ला ने बताया कि सरयूपारीण ब्राह्मण सभा का गठन 1984 में किया गया था।जिसमें वर्तमान समय अनुरुप कुछ संशोधन किए जाने थे।आमसभा में कार्यकारिणी के द्वारा अनुमोदित संशोधन प्रस्तावों पर चर्चा की गई एवम सर्वसम्मति से सभी प्रस्तावों को स्वीकार कर संशोधन किए गए।सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया।सभी ने एक दूसरे को बधाई देते हुवे समाज के सभी लोगों से सक्रियता बढ़ाने का आव्हान किया। कार्यक्रम का समापन रात्रि भोजन के साथ समाप्त हुआ।

**सदस्यता शुल्क बढ़ाकर 2100 रु आमसभा की बैठक में मिली मंजूरी**

सभा मे मुख्य रूप से दयाशंकर पांडे,अजय तिवारी,प्रेमशंकर तिवारी राममूरत तिवारी ,बी के मिश्रा,मित्रोश दुबे,राजेन्द्र शर्मा ,राजेशत्रिपाठी,,रामहृदय तिवारी ,आचार्य त्रिपाठी ,संजय तिवारी,प्रमोद शर्मा विनोद पांडे,प्रमोद गौतम कमलेश मिश्रा विनीत तिवारी आर के तिवारी,डीसी त्रिपाठी, त्रिभुवन तिवारी, सीए विजय मिश्रा, राजू महराज, अरुण कुमार मिश्रा, रमाशंकर दुबे, ओमप्रकाश मिश्रा, राघवेंद्र शुक्ला, महेन्द्र द्विवेदी, कृपा शंकर शुक्ला, विद्याकान्त मिश्रा, संजीव मिश्रा, नागेन्द्र तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, बृजेश त्रिपाठी, अजय तिवारी, रवि तिवारी, बालमुकुंद तिवारी, संतोष दुबे, यमुना प्रसाद मिश्रा ,कृपा शंकर त्रिपाठी, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अपर्णा तिवारी,ममता तिवारी ,ज्योति शुक्ला डॉ अभिलाषा शुक्ला अनुकृति शुक्ला ममता तिवारी, मनोज्ञा त्रिपाठी ,ज्योति दुबे सहित काफी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही।

उल्टा पुल्टा

पत्नी (पति से): कल रात तुम मुझे नींद में गालियां दे रहे थे ?
पति (पत्नी से) : तुम्हारी गलतफहमी है।
पत्नी: कैसी गलतफहमी ?
पति : यही कि मैं नींद में था।

## संपादकीय

# बच्चों की जान से खिलवाड़ करते लोग

*बड़ी संख्या में मासूमों को बड़ों की लापरवाही के चलते अपूरणीय हानि उठानी पड़ती है। इनमें उन्हें होने वाली मानसिक प्रताड़ना या शारीरिक हानि से लेकर जान गंवाने तक की घटनाएं देखने-सुनने को मिलती हैं। शहर हों या गांव, सभी जगह बच्चों के लिये प्रकारान्तर से एक जैसी खतरनाक परिस्थितियां हैं। कभी उन्हें घर या बाहर, खासकर स्कूलों में प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है तो कई बार वे यौन शोषण का शिकार भी होते हैं। इनमें छोटी बच्चियां ज्यादा होती हैं। कभी उन्हें अकेले कहीं काम पर भेज दिया जाता है तो कभी बिना किसी की देख-रेख के घरों पर छोड़ दिया जाता है। इसके कारण कभी कोई उनसे मार-पीट कर जाता है तो कभी उनका अपहरण हो जाता है या वे खो भी जाते हैं। ऐसे हालात में उनकी हत्याएं तक होती देखी गई हैं। कभी उन्हें गहरे तालाबों या नदियों में अकेले या गिने-चुने उनके हमउम्र मित्रों या भाई-बहनों के साथ नहाने भेज दिया जाता है जिस दौरान वे डूब जाते हैं।*

*ऐसे भी मामले सामने आते हैं कि उनके जीवन के साथ सीधे-सीधे खिलवाड़ होता नज़र आता है। मस्तूरी थाना के अंतर्गत पाराघाट में ऐसा ही वाकया हुआ है। शनिवार की सुबह अंजली यादव नामक 6 वर्षीय बच्ची स्कूल जाने के लिये निकली। वह गांव की एक दूकान के पास खड़ी थी तभी उसे वहां से ट्रेक्टर पर गुज़र रहे एक परिचित व्यक्ति ने स्कूल छोड़ने के लिये ट्रैक्टर के इंजिन पर बिठा लिया। तेजी से चलते ट्रैक्टर के झटकों में वह बच्ची खुद को स्थिर नहीं रख पाई और छिटककर गिर गई। इतना ही नहीं, वह उसी ट्रैक्टर के पहियों के नीचे आ गई जिसके कारण उसकी दुखद मौत हो गई। पिता रामनारायण यादव ने ट्रैक्टर चालक धरमपाल बघेल के खिलाफ लापरवाही बरतते हुए बच्ची की जान लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई।*

*यह बहुत ही दुर्भाग्यजनक है परन्तु इससे सबक लेते हुए सभी पालकों व अभिभावकों को चाहिये कि इस प्रकार बच्चों को अकेला छोड़ना उचित नहीं। यथासम्भव घर का ही कोई व्यक्ति उन्हें स्कूल तक छोड़ने और वहां से घर लाने के लिये जाये। अगर यह सम्भव न हो तो उस स्कूल में ही पढ़ने वाले किसी बड़े बच्चे के साथ छोटे बच्चों को भेजना चाहिये। अब गांवों की स्थिति पहले की तरह नहीं रह गई है। सभी तरह के वाहन अब गांवों में भरपूर संख्या में हो गये हैं। सड़कें भी अच्छी होने के कारण वे तेज गति से चलाए जाते हैं। ऐसे में तथा अन्य कई कारणों से जब बड़ों के ही जीवन सुरक्षित नहीं हैं तो यह कैसे उम्मीद की जाये कि मासूम व नासमझ बच्चों का जीवन सुरक्षित है या वे अपनी सुरक्षा की चिंता खुद ही कर लेंगे?*

# प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारे में दिनभर गूंजते रहे गुरूओं के उपदेश कीर्तन



**दुर्ग,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरूनानक देव जी के प्राकट्य दिवस प्रकाश पर्व पर आज पूरे दिन स्टेशन रोड स्थित सिक्ख गुरूद्वारा में गुरू नानक जी के उपदेशों पर आधारित भजन कीर्तन एवं शब्द कीर्तन गूंजते रहे। पूरे दिन सिक्ख समाज के अलावा अन्य धर्मों से जुड़े जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों ने भी गुरूद्वारा में मत्था टेका व समाज के लोगों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, महापौर धीरज बाकलीवाल, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, युवा कांग्रेस के संदीप वोरा, सुमित वोरा, तथा कांग्रेस, भाजपा व अन्य दलों के नेताओं ने गुरूद्वारा पहुंचकर प्रकाश पर्व पर लोगों को बधाईयां दी।

गुरुनानक देव जी की जयंती प्रकाश पर्व पर आज अनेक नये सिक्ख प्रतिष्ठानों का शुभारंभ किया गया। घरों में भी कीर्तन पाठ कराया जाता रहा। स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारा में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। पूरे दिन चले शबद कीर्तन के कार्यक्रम में हुजूरी जत्था भाई प्रताप सिंघ जी तथा हम चाकर गोविंद के बच्चों ने भी सुमधुर कीर्तन किया। स्त्री सत्संग के जत्थे ने भी भजन कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। नये ज्ञानी ओमवीर सिंह जी ने अपने संछिप्त सारगर्भित उद्बोधन में सिक्ख समाज की सेवा भावना गुरूओं के संदेशों से जनमानस को प्रेरित किया तथा लोगों को गुरू नानक देव जी एवं सभी गुरूओं के आदर्शों को अपनाने की अपील की।

श्री गुरूद्वारा के मुख्य सभागार से लेकर मैदान में बनाये गये विशाल पंडाल में हजारों स्त्री पुरूष श्रद्धालुगण एकत्रित होकर गुरू के भक्तिभाव में तल्लीन रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन श्री गुरूसिंघ समाज के प्रधान अरविंदर सिंह खुराना ने किया। दोपहर में अट्ट लंगर का आयोजन किया गया। लंगर में सिक्ख समाज के साथ ही अन्य समाज के हजारों लोगों ने संपूर्ण भक्तिभाव से गुरू का लंगर छका।

आज के आयोजन में सुबह लगभग साढ़े 8 बजे से लेकर रात्रि 12 बजे तक भक्तिभाव से परिपूर्ण कार्यक्रम किये गये। बच्चों के भी दस्तार बांधने सहित विभिन्न धर्म रिवाज संबंधी कार्यक्रम किये गये। बच्चों को सिक्ख धर्म से संबंधित विभिन्न मामालों की जानकारी दी गई। पूरे आयोजन में श्री गुरूसिंघ सभा के महासचिव दलप्रीत सिंह भाटिया, जितेन्द्र सिंह, सुखदेव सिंह राजू, जितेन्द्र सिंह, अवतार सिंह रंधावा, हरविंदर सिंह जी, सुरेन्दर सिंह जी कब्बरवाल, राजेन्द्र पाल अरोरा, खालसा एजुकेशन सोसायटी के सचिव गुलवीर सिंह भाटिया, खालसा स्कूल मैनेजमेंट के अध्यक्ष रजिन्दर पाल सिंह भाटिया, सचिव हरमीत सिंह भाटिया, राजू भाटिया, तरसेम सिंह भाटिया, इंदर सिंह भाटिया, ए.आर, मथारू, फत्तेह सिंह भाटिया, मनदीप सिंह भाटिया, सहित सिक्ख समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में बधाईयां व शुभकामनाएं दी।

**सरोज पाण्डेय ने दी बधाईयां** –राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय ने भी प्रकाश पर्व पर सिक्ख समाज के लोगों को बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर सैकड़ों लोगों ने शिवनाथ नदी में लगाई डुबकी

## दीपदान के साथ मेले का लिया आनंद





**दुर्ग,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा पर आज जहां हजारों श्रद्धालुओं ने शिवनाथ नदी के पावन जल में आस्था की डुबकी लगाई वहीं नदी के आसपास के मंदिरों में विभिन्न देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। यहां लगाये गये विशाल मेले का भी आनंद उठाया।

कार्तिक पूर्णिमा पर नदी स्नान को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा गया। सूर्योदय पूर्व नदी स्नान की कामना लेकर हजारों लोगों ने सूर्योदय पूर्व नदी के तट पर पहुंचकर नदी में उतरकर सूर्य की ओर ध्यान आकर्षित किया। सूर्य की प्रथम किरण देखते हुए उत्साहित श्रद्धालुओं ने नदी में डुबकियां लगानी शुरू कर दी। स्नान ध्यान के बाद पूजा अर्चना कर जल में आटे से बने जलते दीप को प्रवाहित किया। इस अवसर पर नदी की लहरों पर हजारों दीपकों का अपना अलग आनंद था।

यहां नदी तट पर स्थित भगवान शिव के विशाल मंदिर के साथ ही भगवान विश्वकर्मा , देवी माताओं व अन्य मंदिरों में लोग जल, दूध इत्यादि से अभिषेक करते रहे। यहीं पर विशाल मेला भी लगाया गया था। जहां खेल खिलौने, खाने पीने के वस्तुओं के स्टाल, झूला, होजियारी, मनिहारी आयटम की अनेक दूकानें सजाई गई थी। यहां पर बड़ी संख्या में पुलिस सुरक्षा बल भी तैनात थे। शाम को दिन डूबने तक लोग मेले का आनंद उठाते रहे।

# मतगणना : अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर का अनुमोदन

**दुर्ग,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतगणना हेतु अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन के लिए सहायक नियंत्रक, नापतौल विभाग दुर्ग, उप संचालक उद्यानिकी दुर्ग, सहायक अभियंता नगर पालिक निगम रिसाली एवं संयुक्त संचालक कृषि दुर्ग, विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाटन, सहायक श्रमायुक्त दुर्ग, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग एवं सहायक अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई, विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर के लिए रोजगार अधिकारी दुर्ग, कार्यपालन अभियंता तांदुला जल संसाधन दुर्ग, प्राचार्य आईटीआई भिलाई एवं सहायक अभियंता नगर पालिक निगम दुर्ग, विधानसभा भिलाई नगर के लिए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अंत्यावसायी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग एवं कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दुर्ग, विधानसभा वैशाली नगर के लिए सहायक आयुक्त ➢➢ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➢

# शीतल मुनि का चातुर्मास पूर्ण आज अंतिम महामंगल पाठ



**दुर्ग,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। शीतल छाया वर्षावास समिति के तत्वावधान में गुरूदेव श्री शीतलराज का चातुर्मास सामयिक साधना व अनेक धार्मिक अनुष्ठानों नवकार महामंत्र जाप के साथ किया। गुरूदेव शीतलराज के इस चातुर्मास में हुए धार्मिक कार्यक्रमों ने एक नये इतिहास की रचना कर दी है। महान साधक श्री शीतल मुनि जी प्रेरणा से हजारों की संख्या में लोगों ने रात्रिकालीन भोजन का त्याग, जमीकंद का त्याग का किया और प्रतिदिन सामायिक स्वाध्याय करने का संकल्प लिया। यह जानकारी समिति के प्रचार प्रसार नवीन संचेती ने दी।

इसी उपलक्ष्य में गुरूदेव श्री शीतल मुनि का महामंगल पाठ रहा। जैन समाज के इतिहास में पहली बार शीतल छाया वर्षावास समिति के बैनर पर जय आनंद मधुकर रतन भवन के प्रांगण में 425 से अधिक सामूहिक दया का आयोजन किया गया।

आज दोपहर महामंगल पाठ : कल 28 नवंबर को दोपहर 2 बजे से गुरूदेव शीतल मुनि का महामंगल पाठ जय आनंद मधुकर रतन भवन के प्रांगण में होगा। यह चातुर्मास काल का अंतिम महामंगल पाठ होगा। महामंगल पाठ के आयोजन में शोभाचंद निर्मल कुमार श्रीश्रीमाल परिवार इस आयोजन के लाभार्थी है। जीवनलाल, गौतमचंद निर्मल, किशोर ऋषभ श्रीश्रीमाल ने आभार व्यक्त किया। महामंगल पाठ के बाद गुरूदेव शीतल मुनि जी का विहार महावीर कालोनी की ओर होगा।

# प्राण घातक हमले का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। लगभग 18 दिनों पूर्व हुई मारपीट की घटना के एक आरोपी मनीष जसवानी उर्फ जानू पिता ओमप्रकाश जसवानी (29) को पद्मनाभपुर पुलिस ने कच्चे भानुप्रतापपुर से गिरफ्तार कर आज यहां लाकर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामला पुलिस के अनुसार आर्थिक लेनदेन से संबंधित है।



पुलिस के अनुसार मारपीट के इस मामलेमें घायल सिद्धार्थ श्रीवास्तव के बड़े भाई प्रवीण श्रीवास्तव ने पद्मनाभपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 नवंबर की रात सिद्धार्थ जब अपने मित्रों मुकेश साहू, राजा देवांगन के साथ मोटर साइकिल से अपने घर आ रहा था तभी आरोपी मनीष जसवानी अपने साथियों के साथ कार से वहां आकर सिद्धार्थ की मोटर साइकिल को गिरा दिया। सिद्धार्थ के जमीन पर गिरते ही आरोपियों ने उसे दौड़ाना शुरू कर दिया। राजेन्द्र पार्क के पास उसके साथ हाथ मुक्का, चाकू व स्टील

# सेवानिवृत्त शिक्षक के सूने घर में लाखों की चोरी


**दुर्ग,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय पद्मनाभपुर वार्ड निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जसवंत गंधर्व के निवास से लाखों रूपये मूल्य के जेवरात एवं नकद 50 हजार रूपयों की चोरी हो गई। गंधर्व परिवार अपनी पोती के जन्मदिन पर जैन भवन सेक्टर 6 गये थे और जब भवन से घर लौटे तो आलमारी का लाकर तोड़कर चोर काफी ज्वेलरी व नकद राशि लेकर भाग चुके थे।

चोरी गये जेवरात में सोने की दो अंगूठी, सोने की तेन, नाक की एक फुल्ली, 10 नगर ईयर रिंग, चांदी की पायल 10 जोड़ी, चांदी का कड़ा 2 जोड़ी, चांदी की बिछिया 10 जोड़ी, लैपटाप 1 (एचपी कंपनी का), एक कैमरा स्टेट बैंक की मरौदा शाखा के लाकर की चाबी, 50 हजार रूपयों की चोरी हो गई।


੧ੴ

**श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर लख-लख बधाईयां, हार्दिक शुभकामनाएं**

*With Best Complimentd From*




MATHAROO ENGINEERING WORKS
ANCILLARY UNIT BHILAI STEEL PLANT
NEAR OLD R.T.O. OFFICE, G.E.ROAD,
DURG 491001 (C.G.)
NEAR OLD R.T.O. OFFICE, G.E.ROAD, DURG 491001 (C.G.)

*: MANUFACTURER & SPECIALIST OF :*

C.I. Sluice Gate, Fabricated, Slide type & fixed Wheel type as per ISI Specification & Fabricators, Machining & Government Order Suppliers.
Pro. A.S.MATHAROO








੧ੴ

**श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर लख-लख बधाईयां**

:: शुभेच्छु ::



श्री राजेन्द्र पाल सिंह भाटिया
अध्यक्ष, खालसा पब्लिक स्कूल मैनेजिंग कमेटी, दुर्ग (छ.ग.)




੧ੴ

भूपेश बघेल

अरूण वोरा

**श्री गुरुनानक देव जी के जन्मदिवस प्रकाश पर्व की लख-लख बधाईयां**

: शुभेच्छु :



श्री राजू भाटिया
वरिष्ठ कांग्रेस नेता, दुर्ग (छ.ग.)



੧ੴ

**श्री गुरुनानक देव जी के जन्म दिवस प्रकाश पर्व पर लख-लख बधाईयां, शुभकामनाएं**

सरदार इंद्रपाल सिंह भाटिया, चेन्नई
सरदार गुरदीप हरमीत सिंह भाटिया
सरदार महेन्द्र पाल सिंह भाटिया, बिलासपुर
सरदार अनूप सिंह भाटिया
सरदार फतेह सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद, दुर्ग

:: विनीत ::
सरदार मनदीप सिंह भाटिया
प्रभारी, शिक्षा खेलकूद एवं युवा कल्याण समिति नगर पालिक निगम, दुर्ग



## सूने मकान में अज्ञात द्वारा चोरी

**भिलाईनगर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। वैशाली नगर थाना अंतर्गत सुने मकान में चोरी की घटना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार आजाद चौक, राजीव नगर निवासी अपने परिवार सहित दुर्ग रिश्तेदार के घर गया हुआ था। तभी अज्ञात ने सुने मकान में घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर वैशाली नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि राजीवी नगर निवासी मिर्जा साहिल 20 वर्ष निवासी आजाद चौक राजीव नगर जोशी लकड़ी टाल के पास दोपहर 3 बजे परिवार सहित दीदी के घर दुर्ग गये थे और सुबह लौटे तो घर के सामने गेट का ताला टूटा था। घर के अन्दर जाकर देखा तो आलमारी खुली थी और दूसरे कमरों का सामान बिखरा पड़ा था। सामान चेक किये तो आलमारी से एक जोड़ी सोने का झुमका 2.5 तोला, दो नग हाथ घड़ी, एक मोबाइल चोरी कर लिया गया है।

# लोकतंत्र हमारे संविधान की बदौलत : बंछोर

**भिलाईनगर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। संत शिरोमणि गुरु रविदास भवन शिवाजी नगर वार्ड 23 खुर्सीपार में भिलाई इस्पात संयंत्र एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के तत्वाधान में संविधान दिवस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय लोकतंत्र में वर्तमान संवैधानिक परिस्थितियों एवं भविष्य में चुनौतियां पर पर चर्चा आयोजित थी। मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत में संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार बंछोर अध्यक्ष ऑफिसर एसोसिएशन थे। उन्होनें कहा कि बाबा साहब ने कहा था की संविधान चाहे जितना बुरा हो वह अच्छा साबित हो सकता है यदि उसका पालन करने वाले लोग अच्छे हों। उन्होंने कहा कि आज पूरा संसार भारत के बारे में एक मत होकर यह कहती है कि भारत एक मजबूत और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह लोकतंत्र हमारे इस संविधान के बदौलत ही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने



भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। डॉ बी आर अम्बेडकर भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है। जिसके निर्माण में 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिन का समय लगा। 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान राष्ट्र को समर्पित किया गया और 26 जनवरी 1950 में इसे लागू किया गया। इसलिए 26 नवंबर को संविधान दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। संविधान भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणतंत्र घोषित करता है। यह भारतीय नागरिकों को न्याय, समानता और स्वतंत्रता की गारंटी देता है और बंधुत्व को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। भारत का संविधान सरकारी निकायों के राजनीतिक कर्तव्यों के लिए रूपरेखा तैयार करता है और देश के प्रति नागरिकों के मौलिक अधिकार, मूल सिद्धांत और कर्तव्य प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में एस के केसकर महाप्रबंधक आर डी देवरहा, अध्यक्ष गुरू घासीदास सेवा समिति, डा आर राम ज्वाइंट डॉयरेक्टर मेन हास्पिटल भिलाई, श्याम लाल नेगी, सहायक महाप्रबंधक, बहादुर जैसवारा, अध्यक्ष गुरू रविदास समाज संघ उपस्थित थे। कार्यक्रम में संविधान पर परिचर्चा हेतु विशेष वक्ता के रूप में की दास, एडवोकेट हाई कोर्ट बिलासपुर एवं सुश्री पुष्पा मैरिसा, एडवोकेट जिला न्यायालय दुर्ग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने किया। मंच संचालन महासचिव विजय कुमार रात्रे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार ने किया। कार्यक्रम को चेतन लाल, कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, शशांक प्रसाद, परमेश्वर लाल, संत ज्ञानेश्वर गायकवाड़, कालीदास बघेल, संजय कुमार, उत्तम मंडावी, कुंज लाल ठाकुर, यशवंत नेताम, उपकोषाध्यक्ष नरेश चंद्र, धर्मपाल राम जितेंद्र कुमार भारती, मुक्तानंद दास, श्रीमती कांति देवी, श्रीमती नीलिमा राणा, श्रीमती कामिनी, श्रीमती सरिता बघेल, श्रीमती उत्तर खिलवार, ममता मांडवी रीना ठाकुर, मंजू कुर्रे, सरोज बालापाहित एव सभी वक्ताओं एवं अतिथियों का भारतीय संविधान की प्रस्तावना भेंट कर सम्मान किया गया तथा महिलाओं को भारतीय संविधान की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया।

## बुरे वक्त का भी एक दिन बुरा वक्त आता है : आचार्य शास्त्री



**भिलाईनगर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 भिलाई में महर्षि दयानंद निर्माण दिवस का आज समापन हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्य अंकित शास्त्री ने मंत्रों का उच्चारण किया। स्वाति पेंढ़ारकर ने सुमधुर भजन प्रस्तुत करके महर्षि दयानंद सरस्वती को याद किया। आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा सत्य और प्रिय बोलना चाहिए, पर अप्रिय सत्य नहीं बोलना और प्रिय असत्य भी नहीं बोलना यह सनातन धर्म है। जिसकी वाणी में मिठास नहीं है, वह धर्मात्मा नहीं हो सकता। ईश्वर पर विश्वास करने वाला व्यक्ति कभी क्रोधित नहीं होता। महर्षि दयानंद सरस्वती ने कहा था कि सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिए। महर्षि दयानंद ने निर्भीक होकर सत्य बोलना सिखाया। पाप यह पुण्य जो भी हम करते हैं उसका फल हमें भुगतना ही पड़ेगा। करणी करें तो फल भरे करके क्यों पछताय वही पेड़ बबूल के आम कहां से खाए। शास्त्रों में लिखा है पाप का फल दुख और पुण्य का फल सुख है। हम सब पाप करते हैं और पुण्य का फल चाहते हैं। पुण्य करते नहीं और पुण्य का फल चाहते हैं यही हमारी विडंबना है। धर्म का सारांश महाभारत में बताया गया है कि जो व्यवहार आप दूसरों से अपने लिए नहीं चाहते वह व्यवहार अब दूसरों के लिए मत करो। आप दूसरों से झूठ नहीं चाहते तो आप झूठ मत बोलिए। दूसरों से आप अपने लिए अच्छा व्यवहार चाहते हो तो दूसरों के लिए अच्छा व्यवहार करने लग जाइए। यही धर्म है। आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा. दुनिया में मंत्री, संतरी, डॉक्टर, कलेक्टर, सब भूतपूर्व हो जाते हैं। महर्षि दयानंद अभूतपूर्व है। वे बातों के शहंशाह नहीं अपितु आचरण के आचार्य हैं। बच्चे सीखने से नहीं सीखते हैं बच्चे दिखाने से सीखते हैं। जो आप करोगे आपके बच्चे उसका अनुकरण करेंगे। अगर आप अपने बच्चों के सामने माता पिता का सम्मान करेंगे पैर छुएंगे तो आपके बच्चे भी पैर छुएंगे। मैंने कुछ इस तरह अपनी जिंदगी आसान कर ली किसी से माफी मांग ली किसी को माफ कर दिया पूर्ण ग्राम माफी मांगने से व्यक्ति छोटा नहीं होता और माफ करने से व्यक्ति बड़ा बन जाता है। जिंदगी में दुख को पकड़ो मत । जीवन अच्छाई बुराई का संकलन है उत्थान और पतन जीवन में आते रहते हैं। किसी ने कहा है बुरे वक्त का भी एक दिन बुरा वक्त आता है। इसलिए दुखी मत होइए। एक एक बार एक जहाज ऑस्ट्रेलिया से आगे बढ़ा पूर्ण ग्राम आगे बढ़ाने के बाद देखा कि जहाज में पानी भर रहा है छेद हो गया है। जहाज से मोटर लगाकर पानी बाहर फेंका गया किंतु जितना पानी बाहर फेंकते उससे दुगना पानी अंदर आ रहा था। सभी के साथ अटकी हुई थी सब ने ईश्वर को याद किया भगवान से प्रार्थना की। सभी शांत बैठ गए कि अब क्या होगा। अचानक उन्होंने देखा कि जहाज में पानी भरना बंद हो गया है। सबको आश्चर्य लगा समझ में नहीं आया। सबने ईश्वर का धन्यवाद किया। जब जहाज बंदरगाह में पहुंचा तो सब ने उसकी जांच करने का आग्रह किया। जब उसकी जांच की गई तो पता लगा कि एक बड़ी मछली की पूंछ उस छेद में फंस गई जहां से पानी आ रहा था। यह क्या है, ऐसे ही शास्त्रों में परमात्मा की अहैतुकी की कृपा कहा है। महर्षि दयानंद के जीवन में भी आता है। जब.जब उनके प्राण संकट में पड़े तब तक ईश्वर ने उनकी रक्षा की। उन पर 56 बार आक्रमण हुए। 17 बार उनको जहर दिया गया। वह ईश्वर भक्त हमेशा हंसता रहा मुस्कुराता रहा। जो साधु संतों से द्वेष करता है उसका जीवन पतन के गर्त में चला जाता है। सबसे अच्छा व्यक्ति सबके लिए अच्छा नहीं होता। कर्मशील व्यक्ति से निकम्मा व्यक्ति द्वेष करता है। आस्तिक से नास्तिक द्वेष करता है। इसलिए खुद के लिए अच्छे बनो। ईश्वर का धन्यवाद करो। यही जीवन को सार्थक बनाने की विधि है। शांति पाठ और प्रीति भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने का अरुण ने किया दावा

**भिलाईनगर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। जिला साहू संघ के युवक युवती परिचय सम्मेलन में भिलाई पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने राम के नाम पर भाजपा के धंधा करने वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राम के बारे में भूपेश बघेल हमें ना बताएं। क्योंकि कांग्रेस की पूरी पृष्ठभूमि हमें पता है। भगवान राम के लिए उन्होंने क्या कहा और क्या किया, सभी जानते हैं।



अरुण साव ने कहा कि भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की जनता के प्रश्नों का जवाब दें कि वे 2018 में क्या.क्या वादा किए थे और क्या पूरे किए। जिस प्रकार से उन्होंने जनता के हर वर्ग को धोखा दिया है। माता बहनों के सशक्तिकरण का काम बीजेपी ने हमेशा से किया है। प्रधान मंत्री श्री मोदी के पीएम बनने के बाद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, स्व सहायता समूह के माध्यम से माता-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का काम भाजपा ने ही किया है जबकि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल ने माता-बहनों को सिर्फ धोखा दिया है चाहे वह शराब बंदी का मामला हो, चाहे महिला स्व सहायता समूह के कर्ज माफ करने की बात हो या चार सिलेंडर मुफ्त देने का वायदा हो। छत्तीसगढ़ में महिलाओं पर अत्याचार अनाचार की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। कांग्रेस के सारे दावे हवा में, होर्डिंग और कांग्रेसियों के जुबान पर रहे हैं। अब 75 पार का दावा भी उनका हवा में ही रहने वाला है क्योंकि पहले 75 कहा फिर 65 और अब 55 पर आ गए हैं। 3 दिसंबर को कांग्रेसियों को पता चलेगा कि वो कहां जाएंगे क्योंकि छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है।

# सेफी के अनुरोध को पीएमओ ने लिया संज्ञान

**भिलाईनगर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। सेफी के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उपक्रमों के रणनीतिक विलय कर मेगा स्टील पीएसयू बनाने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विगत 3 अक्टूबर को पत्र दिया गया था। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा सेफी के इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय के प्रस्ताव को संज्ञान में लिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय से सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर को प्रेषित पत्र में बताया गया है कि इस प्रस्ताव को सेल प्रबंधन को इस्पात मंत्रालय के माध्यम से भेजा गया था। सेल प्रबंधन ने इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय के प्रस्ताव को केन्द्र शासन के नीतिगत विषय माना है। इसी कड़ी में सेफी ने पूर्व में केन्द्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से जुलाई 2023 में मांग की थी कि सार्वजनिक क्षेत्र के सभी इस्पात उपक्रमों का रणनीतिक विलय किया जाए। इस्पात मंत्रालय द्वारा सेफी को सूचित किया गया कि ऐसा प्रस्ताव वर्तमान में सरकार के विचाराधीन नहीं है। इस्पात मंत्रालय के अवर सचिव एन एस वेंकटेश्वरन ने यह पत्र सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर को प्रेषित किया था। सार्वजनिक इस्पात क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों का अपेक्स संगठन सेफी प्रारंभ से ही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के नीजिकरण एवं विनिवेश के स्थान पर पुर्नगठन तथा रणनीतिक समायोजन पर जोर देता रहा है। सेफी ने आग्रह किया कि विनिवेश किये जाने वाले इन इकाईयों की क्षमता पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाए तो इन इकाईयों के अलग अलग क्षमताओं तथा उपलब्ध संसाधनों को मिलाकर एक लाभकारी रणनीति बनाई जा सकती है जिसमें इन इकाईयों को विनिवेश की आवश्यकता नहीं होगी। विदित हो कि इस्पात मंत्रालय के निर्देशानुसार सेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के महारत्न कंपनी को सरकार के इस्पात नीति 2030 के तहत क्षमता विस्तार हेतु निर्देशित किया गया है। इसके तहत सेल को विस्तारीकरण का बड़ा लक्ष्य दिया गया है। जिसके तहत एक लाख दस हजार करोड़ रूपये की राशि का निवेश वित्त वर्ष 2030-31 तक करने की योजना है। श्री बंधोर ने कह कि सेफी का मानना है कि भविष्य में इस मद में की जाने वाली निवेश की राशि से आर.आई.एन.एल. एवं नगरनार इस्पात संयंत्र तथा एफ.एस.एन.एल. जैसी इकाईयों का रणनीतिक विलय कर जहां सेल के विस्तारीकरण के लक्ष्य को शीघ्र ही प्राप्त किया जा सकता है वहीं इन कंपनियों के कार्मिकों के हितों की रक्षा तथा क्षेत्र के सामाजिक दायित्वों का निवर्हन को भी प्राथमिकता देते हुए इसका बेहतर संचालन किया जा सकता है। इन राष्ट्रीय संपत्तियों को बिकने से बचाया जा सकेगा जिससे इन इकाईयों से जुड़े परिवारों, समाजों को प्राप्त प्रत्यक्ष रोजगार तथा इससे सृजित अपरोक्ष रोजगार को सुरक्षित रखा जा सकेगा। सरकार का यह कदम जहां क्षेत्र के विकास को एक नई गति देगा वहीं बस्तर जैसे दुर्गम वनांचल क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक एवं अधोसंरचना विकास को नई दिशा देने में सफल हो सकेगी। इस संदर्भ में इस तरह के रणनीतिक विलय बैंको में किया गया जहां इसका बेहतर परिणाम प्राप्त हुआ है। एनएमडीसी के बस्तर में स्थापित नगरनार इस्पात संयंत्र की लगभग 24000 करोड़ रूपये की लागत से तैयार किया गया है, के पास लौह अयस्क प्रचुर मात्रा में उपलब्धता है परंतु इसे चलाने के लिए मात्र 200 अधिकारी एवं 1000 कर्मचारी उपलब्ध है जो कि अपर्याप्त है। इस संयंत्र के प्रचालन हेतु वर्तमान में मेकॉन को जिम्मेदारी दी गयी है। अत: आरआईएनएलए नगरना, इस्पात संयंत्र एवं सेल के रणनीतिक विलय से जहां एक इकाई को कच्चा माल उपलब्ध हो पाएगा वहीं दूसरी इकाई को तकनीकी क्षमता से परिपूर्ण मानव संसाधन मिलने में सहुलियत होगी। जो भारत सरकार को आर्थिक संबलता प्रदान करेगा।



## मूर्तिकार अशोक को मिला राष्ट्रीय कलापुरोधा सम्मान

**भिलाईनगर**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। सिविक सेंटर भिलाई के टाक शो मे सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अशोक देवांगन को राष्ट्रीय कलापुरोधा सम्मान से विभूषित किया गया। साहित्य अकादमी नई दिल्ली के मानद सदस्य प्रोफेसर सियाराम शर्मा ने उन्हे यह सम्मान प्रदान किया। इस दौरान खैरागढ, रायपुर, बिलासपुर, कोडागांव, सरगुजा एवं दुर्ग, भिलाई के अनेक कलाकार उपस्थित थे। ज्ञात हो कि भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर की स्थापना हेतु टाक शो का आयोजन किया जा रहा है। जिसे भिलाई की प्रबुद्ध जनता का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इसी कड़ी मे रेल्वे के मूर्तिकार अशोक देवांगन का सम्मान किया गया वे न सिर्फ राज्य में वरन पूरे भारतवर्ष में एक से बढ़कर एक मूर्तियों का निर्माण कर रहे हैं। उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियां दो-चार मंजिल इमारत जितनी ऊंची होती है। रायपुर एयरपोर्ट में बना विशालकाय घोड़ा भी उनकी ही कलाकृति है, जो आज छत्तीसगढ़ की पहचान बन गई है। कुछ दिन पहले केंद्रीय ललित कला अकादमी, नई दिल्ली से आए पदाधिकारियो की कमेटी ने भी इस घोड़द्वय कलाकृति की प्रशंसा की थी। उन्होंने अशोक देवांगन को समकालीन भारतीय मूर्तिकला जगत का एक सशक्त हस्ताक्षर माना है। ज्ञात हो कि मूर्तिकार अशोक देवांगन ने पुरखौती मुक्तागन, नई दिल्ली, सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला में अपनी मूर्तिकला का जादू बिखेरकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। वे रेल्वे के लौह स्क्रेपो से भव्यतम मूर्तियां बनाने के लिए जाने जाते हैं। जिससे उन्होंने डी.आर.एम्. आफिस रायपुर, डब्ल्यू.आर.एस. रायपुर, भिलाई, दुर्ग के अलावा उत्तरप्रदेश के झांसी में भी नयनाभिराम प्रतिमाएं बनाई है। टाक शो मे राष्ट्रीय कलापुरोधा सम्मान प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी के सदस्य और सुविख्यात साहित्यकार प्रोफेसर सियाराम शर्मा ने अशोक को छत्तीसगढ़ी कलाजगत का गौरव संबोधित किया। उन्होंने इस शहर को एक से बढ़कर एक कलाकार, साहित्यकार, फिल्मकार, खिलाड़ी और शिक्षा के क्षेत्र मे नाम देने वाले विद्वानों की नगरी कहा। टाक शो का संचालन मेनका वर्मा ने और मंच सज्जा ललेश्वरी साहू, नरोत्तम साहू, डाक्टर सोनाली चक्रवर्ती ने किया। इस दौरान चित्रकार हरीसेन, पी.वाल्सन, मोहन बराल, विजय शर्मा, कोडागांव से मीना देवांगनए खैरागढ से डाक्टर मनिंदर सिंहए सारिका गोस्वामीए धीरज साहूए भिलाई से जयप्रकाश नायरए प्रवीण कालमेघए आरण्डीण् बर्मनए रोशन साहब गोस्वामीए संतोष पराशरए प्रशांत क्षीरसागरए अंकुश देवांगन तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।



## चाकू से प्राणघातक हमला, चाचा घायल

**भिलाईनगर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। छावनी थानांतर्गत अहमद नगर क्षेत्र में गैर धर्म की महिला से विवाह कर उसे साथ रखने से नाराज़ भतीजे ने अपने दोस्त के साथ मिल कर चाचा पर प्राणघातक हमला कर दिया है। घटना कल रात की बताई जा रही है। घायल युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में आज सुबह घायल कई पत्नी की रिपोर्ट पर धारा 307 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। अहमद नगर के चिरंजीवी किराना स्टोर के समीप निवासी घायल की पत्नी ने पुलिस को बताया कि कल रात्रि करीबन 9 बजे घर के पास ही उसका पति 26 वर्ष पाण्डू किराना स्टोर्स के पास खडा था। उसी समय भतीजा अपने दोस्त के साथ आकर गैर धर्म की लड़की को उसकी चाची बनाने की बात पर विवाद किया। मेरी बात नहीं माना इसलिए तुझे जान से मार दूंगा। तभी दोनो आरोपियों ने एक राय होकर अपने जेब से धारदार चाकू निकाला और सलमान के सीने पर प्राणघातक हमला किया। जिससे प्रार्थी ने दाहिने हाथ से बचाव किया जिससे चाकू हथेली पर लगा। तभी साहिल ने राड से सलमान के दाहिने पैर के जांघ के पास संघातक वार किया। तभी आस-पास के लोग बीच बचाव किए। है। लहुलुहान प्रार्थी को तत्काल ईलाज कराने के लिए शासकीय अस्पताल सुपेला ले गया जहां डाक्टर ने चेक करने पर चोट ज्यादा गंभीर होने से शासकीय अस्पताल दुर्ग रेफर कर दिया। राड और चाकू के संघातक वार से दुर्ग अस्पताल में भर्ती पीड़ित की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरु कर दी है।

## क्षेत्रीय टैक्स कॉन्क्लेव पर कार्यक्रम आयोजित




**भिलाईनगर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रथम क्षेत्रीय टैक्स कॉन्क्लेव का आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा भिलाई चैप्टर ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स के सहयोग से किया गया। यह भिलाई निवास एमपी हॉल में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर भिलाई स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। भिलाई स्टील प्लांट के ईडी डॉ. ए.के. पांडा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों में सीएमए चैतन्य मोहर्रिर अध्यक्ष पश्चिमी भारत क्षेत्रीय भी उपस्थित थे। काउंसिल सीएमए अरिंदम गोस्वामी, उपाध्यक्ष और संयोजक, सीएम मिहिर व्यास, सचिव सीएमए डीएन करण चेयरमैन आईसीएमएआई भिलाई चैप्टर और सह संयोजक सीसीएमए सीएम, नीरज जोशी, सीएमए अमित आप्टे, पूर्व पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष और अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों के साथ.साथ उनके क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने जीएसटी, विदेश व्यापार नीतिए प्रत्यक्ष करों में नए, संशोधित नियमों और अन्य कराधान क्षेत्रों के विभिन्न पहलुओं पर तत्काल कार्यक्रम चर्चा और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीएमए अमित सरकार द्वारा जीएसटी के हालिया चरणो, रुझानों के साथ साथ जीएसटी पर अवसरों या उसके बाद की तुलना पर लिए गए पूर्ण सत्र के साथ हुई। यह कार्यक्रम आईटीसी के विषय पर क़ानूनी सत्र के साथ जारी था। जिसमें में अकाउंटेंट के लिए नया अभ्यास क्षेत्र है। सत्र का सबसे अहम् विषय थाए और इसका संचालन अध्यक्ष चैतन्य मोहर्रिर के साथ नीरज जोशी ने किया था । यह जानकारी सीएमए अरिंदम गोस्वामी कॉन्क्लेव के संयोजक ने दी है।

## रात 10 बजे के बाद ध्वनि प्रदूषण पर रोक के लिए कमेटी गठित

**भिलाईनगर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम के लिए निगम टीम गठित कर शहर मे रात 10 बजे के बाद होटल, विवाह भवन, सार्वजनिक स्थल पर डी.जे.एया अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रो से मानक क्षमता से अधिक ध्वनि प्रसारित होने पर उच्च न्यायालय के आदेश पर कार्यवाही किया जाएगा। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सोमवार को वर्चुअल बैठक पर अधिकारियों को बताया कि कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने समीक्षा बैठक में निर्देशित किये है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जिले मे ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम किया जाना है । भिलाई निगम क्षेत्र में संचालित होटल कैफे, विवाह भवन, सार्वजनिक स्थल पर रात 10 बजे के बाद डी.जे.या अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रो से फैलने वाले ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए जोनवार ऐसे स्थलो को सूचीबद्ध कर टीम द्वारा प्रतिबंधित किया जाना है । रात 10 बजे चिन्हित स्थल की जाँच हेतु टीम गठित कर नोडल अधिकारी को जिम्मेदार दिया जाएगा जो साप्ताहिक समीक्षा बैठक मे कार्य प्रगति का प्रतिवेदन देंगे। आगामी दिनो मे जिला प्रशासन द्वारा शासकीय स्कूल, अस्पताल, कार्यालय भवनो के आस पास के स्थल को साईलेंट जोन भी धोषित किया जाएगा। आयुक्त धुमंतू पशुओं से मुक्त करना है इसके लिए रोकाछेका संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण निगम क्षेत्र मे ऐसे स्थलो की पहचान कर सूची बनावे जहाँ सडक पर मार्केट क्षेत्र मे झुण्ड मे जानवर बैठते है। उन्होंने जीर्णईग्रोड से लगे सर्विस रोड मे अवैध कब्जा, सेकंड हैण्ड वाहनो को बिक्री, सर्विसिंग सेंटर, वाहन मेकेनिक के कब्जे से बेदखली करने कि कार्यवाही के संबंध मे जानकारी चाह तो अपर आयुक्त ने बुधवार से कार्यवाही प्रारंभ किये जाने की जानकारी दी।

## लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनाने होंगे संवैधानिक रास्ते

**भिलाईनगर,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति, चंद्रशेखर फाउंडेशन एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान की ओर से संविधान दिवस के अवसर पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्रतिष्ठान के रूआबांधा सेक्टर स्थित कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में परिचर्चा का विषय संविधान एक दृष्टि रखा गया था। प्रारंभ में अतिथियों व समस्त उपस्थित लोगों ने संविधान की प्रस्तावना का समूह स्वर में वाचन किया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता जमील अहमद ने संविधान निर्माण की पृष्ठभूमि से उपस्थित लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि हमें अपने सामाजिक और आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निष्ठा पूर्वक संवैधानिक उपाय का सहारा लेना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे गिरीश पंकज ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमें संवैधानिक तरीके अपनाने होंगे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को संविधान की आत्मा से रूबरू कराना हम सब का कर्तव्य है। अध्यक्ष आरपी शर्मा ने कहा कि संविधान निर्माण में हमारे देश के पुरोधाओं का योगदान अतुलनीय रहा है। देश के हर हिस्से से संविधान सभा में हमारे महापुरूषों ने अपना योगदान दिया और डॉक्टर अंबेडकर के नेतृत्व में हमें जो संविधान मिला उसे संरक्षित और सुरक्षित रखने की जवाबदारी हम सब की है। विशिष्ट अतिथि मनमोहन अग्रवाल ने कहा कि हमें राजनीतिक प्रजातंत्र पर संतोष नहीं करना है। हमें हमारे राजनीतिक प्रजातंत्र को एक सामाजिक प्रजातंत्र भी बनाना चाहिए। धर्मराज महापात्र ने कहा कि आज संविधान पर आसान खतरा हम सबको विचलित जरूर करता है। उन्होंने कहा कि आज डॉ.अंबेडकर की यह उक्ति चरितार्थ हो रही है हमें इस स्थिति से उबरना होगा। अधिवक्ता गुलाब सिंह पटेल ने कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की धरोहर है और इसकी रक्षा करना हम सबका राष्ट्रीय कर्तव्य है। अधिवक्ता अजहर अली ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर हमें यह चिंतन करना होगा कि हमारे समक्ष आज लोकतंत्र को बचाए रखने की चुनौतियां किस तरह से सामने आ रही हैं हम सभी को इसका एकजुट होकर मुकाबला करना होगा। इस अवसर पर समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर के महासचिव नंदकिशोर साहू, अजय चंदेल, कुलदीप सिंह, संतोष सिंह, सत्यनारायण गुप्ता, शिवकुमार प्रसाद, बीएम सिंह, एमआर रजक, डीपी सिंह, मदन प्रसाद श्रीवास्तव, शाहिद खान, जयराम पासी और अरविंद कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।



## दो पक्षों में जमीन को लेकर मारपीट, थाने में रिपोर्ट दर्ज

**भिलाईनगर,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। ड्रिमसिटी शिवा पब्लिक स्कूल के पास भिलाई 3 में जमीन को लेकर दो गुटों में कल शाम जमकर मारपीट हुई है। इसके बाद लहुलुहान पहुंचे लोगों ने एक दूसरे पर आरोप मढ़ते हुए थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि इस मामले में उपेंद्र यादव 35 वर्ष की रिपोर्ट पर प्रदीप गाईन, सौरभ शर्मा और उनके साथी प्रदीप गाईन 33 वर्ष की रिपोर्ट पर ढालेश्वर देवांगन, तोरण लाल और उपेंद्र देवांगन के खिलाफधारा 294, 323, 34, 506 के तहत कार्रवाई की गयी है। प्रदीप गाईन ने पुलिस को बताया कि वह डेयरी संचालन का काम करता है तथा कल शाम उमदा ड्रिमसिटी शिवा पब्लिक स्कूल के पास अपना खेत देखने गया तो देखा कि ढालेश्वर, उपेंद्र, व तोरण लाल खेत के मेड़ को ट्रैक्टर से कटवा रहे थे। प्रदीप ने जब ढालेश्वर को बोला कि मेड़ को मत कटवाओ, ये मेरे हिस्से की है, ढालेश्वर ने पहले सीमांकन करवाओ कहकर काम रोकने से मना कर दिया। इसी बात को विवाद बढ़ा तो ढालेश्वर, उपेंद्र व तोरण लाल तीनों ने एक राय होकर मारपीट की। प्रदीप की आंख, चेहरा में चोट आई है। तभी यहां सौरभ अपने साथियों के साथ पहुंच बीच बचाव करने लगा। उपेन्द्र ने बताया कि वह तीनों भाई अपनी समतल कृषि भूमि पर ट्रैक्टर से जुताई करा रहे थे उसी समय प्रदीप, सौरभ, जो जमीन खरीदी बिक्री करते हैं। अपने अन्य साथी के साथ हमारे खेत में आए और बोलने लगे कि यह जमीन हमारी है इतने में वो लोग गाली गलौज करते ढालेश्वर, तोरण और मुझे घेरकर हाथ मुक्का व लात घूंसा से जमीन में घसीटकर मारपीट किए। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# 7वीं सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग के मैचेस प्रारंभ



**राजनांदगांव,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के सहयोग से आयोजित सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के मैचेस आज से प्रारंभ हो गए। 27 नवंबर से 29 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में पुरुषों की प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ टीम सहित 11 टीमें भाग ले रही है। यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट पद्धति से खेली जा रही है।

आज प्रात: खेले गए मेचेस में तेलंगाना ने जम्मू-कश्मीर को, कर्नाटक ने गुजरात को, महाराष्ट्र ने बिहार को, तमिलनाडु ने मेजबान छत्तीसगढ़ को पंजाब ने मणिपुर को परास्त किया।

शाम को खेले गये मैचेस में तमिलनाडु ने जम्मू-कश्मीर को, पंजाब ने गुजरात को, तेलंगाना ने छत्तीसगढ़ को, कर्नाटक ने मणिपुर को परास्त किया।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं प्रतियोगिता आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि दो चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता पहले चरण में 23 से 25 नवंबर तक महिलाओं की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। मइन खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था दिग्विजय स्टेडियम एवं साई हॉस्टल एवं कुछ टीमें विभिन्न हॉटेल्स में कई गई थी।

इस प्रतियोगिता में लगभग 120 महिला एवं 150 पुरूष खिलाड़ियों तथा आफिसियल्स के भाग ले रहे है। राजनांदगांव में व्हीलचेयर बास्केटबॉल की पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है। इसके पूर्व भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर राजनांदगांव में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता हेतु व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव लुईस जार्ज, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक वरूण एहलावत, श्रीमती सुवर्णा लिमये सहित अंतर्राष्ट्रीय रेफरी भी भाग ले रहें है।

सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि इस प्रतियोगिता से भारतीय महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का चयन भी किया गया है।

भारतीय महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी राजनांदगांव में आयोजित होगा।

श्री गोलछा ने आगे बताया कि यह प्रतियोगिता व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन के स्पांसर, दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

# संविधान दिवस पर तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**डोंगरगढ़,** 27 नवंबर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वधान में संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को उपजेल डोंगरगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर संविधान दिवस के तहत शिविर का आयोजन किया गया. तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में तालुका विधिक सेवा अध्यक्ष अनीष दुबे एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट शैलेश कुमार वशिष्ठ उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तालुका विधिक सेवा अध्यक्ष अनिश दुबे ने कहा कि हमारे देश में संविधान ही सर्वोपरी है. संविधान की जानकारी विचाराधीन बंदी व आम लोगों को भी होनी चाहिए. उन्होंने विचाराधीन बंदी से अपील किया कि वे संविधान के प्रति जागरूक हो, संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर के जीवन संबंध में कहा कि उस महामानव के जीवन संघर्षों व कार्यों से हमें सीख एवं प्रेरणा लेनी चाहिए कि वह किस प्रकार से शून्य से शिखर तक की यात्रा किये. पुन: एडीजे महोदय ने लोगों को कानूनी विषयों की जानकारी देते हुए भारत में कानून निर्माण की प्रक्रिया, विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका के कर्तव्य, कानूनी प्रक्रिया, पोक्सो एक्ट नि:शुल्क विधिक सलाह व सहायता योजना, लोक अदालत, मौलिक अधिकार, मोबाईल के लाभ-हानि, संविधान के कर्तव्यों, अधिकारों एवं अपराधों के संबंध में विस्तार जानकारी दी. साथ ही एडीजे ने भारतीय संविधान के विधिक प्रावधानों के बारे में बताते हुए कहा हमारा संविधान सामाजिक सौहार्द, सद्भाव तथा समानता लाने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है. कार्यक्रम का संचालन करते हुए पैरालीगल वालंटियर अशोक कुमार पाण्डेय ने भारतीय संविधान के निर्माण, महत्त्व एवं विशेषताओं से परिचित कराया. साथ ही संविधान की उद्देशिका का पाठन किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में जेलर महोदय का सराहनीय योगदान रहा, इस कार्यक्रम में रीडर कपिल गोंडाने, पीएलवी पवन कुमार एवं जेल के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में तीन दिवसीय योग शिविर



**राजनंदगांव,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक राहुल भगत के मार्गदर्शन और पीटीएस के पुलिस अधीक्षक के सहयोग एवम निर्देशन मे सत्यानंद योग आश्रम के कुशल योगाचार्य बाल योगेश, घनश्याम बहादुर साहू, कोमल साहू के द्वारा पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में तीन दिवसीय दिनाक 25 से 27 नवंबर योग शिविर का आयोजन रखा गया था जिसमें 200 लोगो ने योग का महत्व और उसके नियमित करने से लाभ शारीरिक एवं मानसिक के साथ आध्यात्मिक क्षेत्र में उन्नति और तनाव भरे जीवन से मुक्त कर जीवन को और बेहतर करने को लेकर उन्मुक्त जीवन जीने की कला योग के माध्यम से बताया गया। शिविर राजनांदगांव के पुलिस महानिरीक्षक राहुल भगत पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव गर्ग पुलिस अधीक्षक पीटीएस और समस्त पुलिस के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में अपना सहयोग देने पर सत्यानंद आश्रम के योगाचार्य बाल योगेश्वर जी ने सभी का आभार व्यक्त किया और योग को नियमित करने और समाज को बेहतर सेवाएं देने और उच्च गुणवत्ता युक्त पुलिस के रूप मे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की बात कही।

# श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन

**डोंगरगांव,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। जैन धर्म में बेहद अहम स्थान रखने वाले 17 लाख वर्ष पुराने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन स्थानीय श्री अजीतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में किया गया। दस दिनों तक चले आयोजन में जिन देव की आराधना भक्ति भावना के साथ किया गया।

श्री दिगंबर जैन समाज की नवीन कार्यकारिणी ने सामाजिक जनो के सहयोग एवं संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान एवं विश्व कल्याण कामना महायज्ञ का आयोजन 26 नवंबर तक किया। प्रतिदिन प्रात: विश्व शांति एवं कल्याण की भावना को लेकर शांति धारा की गई। इसके पश्चात मंडल विधान की पूजन की गई। शाम को समय भव्य आरती और सांस्कृतिक आयोजन किया गया।



दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सतीश जैन, कोषाध्यक्ष राहुल रही ने बताया कि अष्टांजिका महापर्व के अवसर पर ब्रम्हचारणी संपदा दीदी और अनिता दीदी के निर्देशन में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान रविवार को भक्तिभाव से सम्पन्न हुआ। इस विधान में 1024 अर्घ समर्पित कर सिद्ध भगवान की आराधना की गई। उन्होंने बताया कि विधान मे सौधर्म इंद्र आंनद कुमार - मंजूषा जै, कुबेर इंद्र राकेश कुमार - नीलम जैन, श्रीपाल मैनासुन्दरी सेठ सम्यक - शुभी जैन, महायज्ञ नायक सुनील कुमार - सुलेखा जैन, यज्ञ नायक धर्मेंद्र कुमार - नीतू जैन, महेंद्र इंद्र राजेश कुमार- मीनू जैन, सानत इंद्र सतीस कुमार- प्रीति जैन, ईशान इंद्र दिलीप कुमार - श्वेता पिंकी जैन सहित अन्य ने भक्तिभाव से 1008 श्री अजितनाथ भगवान के समक्ष आकर्षक रंगोली के मॉड़ने पर श्रीफल अर्पित किया। ब्रम्हचारणी दीदी ने बताया कि जब तीर्थंकर प्रभु को केवल ज्ञान होता है तब सौधर्म इन्द्र प्रभु की 1008 नामों से स्तुति करता है। तीर्थंकर प्रभु के 1008 लक्षण भी होते हैं उन्हीं 1008 गुणों को प्राप्त करने के लिए सभी ने अंतिम दिन सिद्ध भगवंतों की सहस्त्र नाम के साथ आराधना करते हुए 1024 विशेष अर्घ चढाए।

प्रतिदिन शाम को श्रावक श्रेष्ठी द्वारा महाआरती इन्द्र परिवार द्वारा सामूहिक आरती एवं धर्मिक निर्त्य भी करते रहे ।रात्रि में श्री पाल ओर मैना सुंदरी, सौधर्म इंद्रा सभा, इंद्राणी सभा, बेटी बचाओ, इस प्रकार से अनेक नाटक भी मुख्य पात्रों द्वारा प्रस्तुति किये गए।

श्री 1008 श्री अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर डोंगरगांव में सभी धर्मप्रेमी बंधु रोजाना विधान में सम्मिलित होकर आज अंतिम दिन हवन एवं विश्व शांति महायज्ञ तथा श्रीजी की शोभायात्रा के साथ अनुष्ठान का समापन किया। बैंड बाजा, ढोल बग्गी, घोड़े आदि के माध्यम से शोभायात्रा दिगम्बर जैन मंदिर से जेंट्स क्लब मैदान, पुराना बस स्टैंड, मेन रोड, फौव्वारा चौक, सदर लाइन होते हुए मंदिर जी तक शोभायात्रा का समापन किया गया ।शोभायात्रा में लोगो ने अपने घरोबके सामने श्री जी आरती करते हुए भव्य आगवानी की। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दिगम्बर जैन मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने समाज के सभी महिला, पुरुष, युवा, बच्चे के साथ महिला मंडल, युवा मंडल, बहु मंडल, श्री विद्यासागर सागर, संस्कार मंडल अन्य सभी मंडल के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# शा. प्राथमिक शाला मुंधा में आंवलातरी का कार्यक्रम आयोजित

**सरायपाली,** 27 नवंबर (देशबंधु)। शासकीय प्राथमिक शाला मुंधा में आंवलातरी का कार्यक्रम रखा गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं प्रधान पाठक के द्वारा तुलसी वृक्ष, आंवला वृक्ष एवं शालिग्राम की पूजा अर्चना चंदन, तिलक, धूप, अगरबत्ती, फल, फूल नारियल चढ़ाकर किया गया। बच्चों द्वारा पूजा स्थल को रंगोली और फूलों से सजाया गया। पंडित महाराज द्वारा माता तुलसी, आंवला वृक्ष की मंत्र उपचार से वातावरण को भक्ति मय बना दिया। गांव की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति के लिए आह्वान किया गया।

## निधन

### अम्बा बाई गोस्वामी

**धमधा,** 27 नवंबर। वार्ड नं. 11 निवासी श्रीमती अम्बा बाई गोस्वामी का निधन 27 नवंबर को धमधा में हो गया। उम्र लगभग 60 वर्ष की थी। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर चली गई। वे गौकरण गिरी गोस्वामी, खेमगिरी गोस्वामी की माता थी। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।

### खिलेश कुमार साहू

**डौण्डी,** 27 नवंबर (देशबन्धु)।



ग्राम बिरेतरा धमतरी निवासी खिलेश कुमार साहू 40 साल का शनिवार की रात इलाज के दौरान धमतरी की निजी अस्पताल में निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को बिरेतरा गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे दैनिक भास्कर डोडी के संवाददाता तेजराम साहू तथा जिला पंचायत धमतरी के सहकारिता समिति के सभापति गोविंद साहू बिरेतरा रामायण मंडली के टीकाकर देवराम साहू के छोटे भाई थे। अंतिम संस्कार में उपस्थित ग्रामवासियों ने स्व. खिलेश कुमार साहू को श्रध्दांजलि अर्पित करते हुए कहा की भगवान इनकी आत्म को अपने चरणों में स्थान प्रदान करे व परिवार को दुख सहने की शक्ति दे।

# दीवा शिविर में संविधान दिवस मनाया



**डोंगरगढ़,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने ग्राम पटपर में सविधान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय दीवा शिविर लगाकर ग्राम में जन जागरण रैली निकालकर साक्षरता, स्वच्छता, नसा उन्मूलन पर ग्राम के गलियों में घूमकर लोगो को जागरूक किया गया उसके बाद विद्यालय परिसर, ग्राम के मुख्य मार्ग, गार्डन पर स्वच्छता अभियान चलाकर सविधान दिवस मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच किशन कवर, समाज सेवी रोशन लाल साहू, गुलशन सिन्हा, कनक सिन्हा, जितेश साहू, सौरभ फूले, कुमारी पल्लवी दीदी, देवी सिंह ठाकुर विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव अश्वनी निर्मलकर, छवि पटेल, शरद यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम में सौरभ फूले के द्वारा सविधान के अंतर्गत सामान्य प्रश्न करते हुए सविधान दिवस कब मनाया जाता है, इसका हमारे जीवन में क्या महत्व है इस पर प्रकाश डाला गया ।साथ ही सभी सम्माननीय गण ने भी सविधान पर अपनी बात रखी इस अवसर पर सविधान की रक्षा करने और जीवन में उसका पालन करने की प्रतिज्ञा ली। और कार्यक्रम के पश्चात स्वदेशी खेल का आनंद भी लिया गया और अंत में सभी स्वयं सेवक ग्राम संपर्क के लिए निकल पड़े जहा घर घर में जाकर स्वच्छता, नशा मुक्ति, आदि पर अपनी बात रखी। आगामी सात दिवसीय शिविर 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक ग्राम पटपर में संपन होगी। उक्त कार्यक्रम के निर्देश राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमुख वीर सिंह यादव है।

# संविधान दिवस पर पुलिस जवानों ने ली शपथ



**राजनांदगांव,** 27 नवंबर। 26 नवंबर को ''संविधान दिवस'' के अवसर पर भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके सभी नागरिकों को सामजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने वाली उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के उद्देश्य से ''संविधान दिवस'' के रूप में पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल द्वारा कार्यालयीन स्टाफ को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। इस प्रकार रक्षित केन्द्र एवं जिले के समस्त थाना/चौकी में भी रक्षित निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस स्टाफ को शपथ समारोह का आयोजन कर शपथ दिलाया गया।

# छपारा में श्रीमद् भागवत महापुराण कल से 7 दिसंबर तक




**डोंगरगढ़,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम सलोनी के आश्रित ग्राम छपारा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन 29 नवंबर से 7 दिसंबर तक रखा गया है श्रीमती गोमती साहू एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में यह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के कथावाचक पंडित मनोज पुष्प महाराज कोहका राजनंदगांव के श्रीमुख से दोपहर 2 बजे से 4 तक कथा प्रवचन दिया जाएगा। 29 नवंबर दिनज्‍ बुधवार गोकर्ण कथा एवं कलश यात्रा 30 नवंबर दिन गुरुवार कथा आरंभ परीक्षित जन्म 1 दिसंबर शुक्रवार धर्म अर्थ काम मोक्ष प्रकरण 2 दिसंबर दिन शनिवार अजामिल एवं प्रहलाद चरित्र 3 दिसंबर दिन रविवार गजेंद्र मोक्ष वामन जन्म रामकथा कृष्ण जन्म दही लूट 4 दिसंबर दिन सोमवार गोवर्धन लीला रुखमणी विवाह 5 दिसंबर दिन मंगलवार राघुसूय यज्ञ सुदामा चरित्र 6 दिसंबर दिन बुधवार गुरु महिमा परीक्षित मोक्ष शोभायात्रा 7 दिसंबर दिन गुरुवार गीता प्रवचन तुलसी वर्षा हवन कपिला दर्पण पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन रखा गया है छबिलाल साहू ने आसपास क्षेत्र के ग्राम वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक श्रोतागणं पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा धार्मिक आयोजन का आनंद लेवें।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मतगणना : अतिरिक्त रिटर्निंग ...

राज्यकर वृत्त 1 दुर्ग, कार्यपालन अभियंता शिवनाथ मंडल दुर्ग, कार्यपालन अभियंता, कार्यालय अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मंडल दुर्ग एवं परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना पाटन तथा विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के लिए सहायक आयुक्त राज्यकर वृत्त 1 दुर्ग, उप संचालक औद्योगिक एवं सुरक्षा दुर्ग, सहायक अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई एवं सहायक संचालक कृषि दुर्ग को अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है।

### प्राण घातक हमले का आरोपी ...

की पाईप से मारपीट कर फरार हो गये। इस बीच आरोपियों ने सिद्धार्थ को जान से मारने की धमकी भी दी। इधर सूचना पाते ही सिद्धार्थ का बड़ा भाई प्रवीण मौके पर पहुंचा और लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसे भर्ती किया गया। यथावत प्रवीण ने पूरी घटना की रिपोर्ट पद्मनाभपुर थाने में दर्ज कराई। इसके आधार पर पुलिस ने धारा 307, 34 व आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज किया।

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने पुलिस की टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इसमें मनीष पुलिस की गिरफ्त में आ गया। अन्य आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

# विरासत का संरक्षण कर अंचल का नाम रोशन करने की जरूरत

**सरायपाली,** 27 नवंबर (देशबंधु)। भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) सरायपाली अध्याय द्वारा विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर च्छत्तीसगढ़ में मंदिरों की स्थापत्य कलाज्‍ विषय पर व्याख्यान का आयोजन लक्ष्मीनारायण मंदिर (सत्संग भवन) सरायपाली में किया गया। इंटैक सरायपाली अध्याय संयोजक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि इंटैक के आजीवन सदस्य एवं समाजसेवी विश्वजीत गुप्ता के विशेष सहयोग एवं समन्वय में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता धरोहर संरक्षण विशेषज्ञ एवं अध्यक्ष धरोहर सरंक्षण समिति रायपुर, सुप्रसिद्ध आर्किटेक्ट श्रीमती शिवी जोशी ने मंदिरों की स्थापत्य कला के सन्दर्भ में व्यापक जानकारी दी, उन्होंने छत्तीसगढ़ के साथ ही अन्य राज्यों में स्थित मंदिरों की निर्माण शैली का रोचक वर्णन किया। अध्यक्षता कर रहे भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक)के छत्तीसगढ़ राज्य अध्याय संयोजक अरविंद मिश्र ने सरायपाली के नागरिकों की जागरुकता से प्रभावित होकर यहां इंटैक के कार्यों की व्यापक संभावनाओं पर चर्चा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी पर जयनारायण गुप्ता (वरिष्ठ समाजसेवी) उपस्थित रहे जिन्होंने अतिथियों को स्वरचित संक्षिप्त रामायण पुस्तक एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। विशिष्ट अतिथि इंटैक महासमुन्द अध्याय के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी



को आपस में मिलकर विरासत संरक्षण एवं जागरुकता हेतु कार्य करने और विलुप्ति के कगार पर आ खड़े हुए कलाओं को सहेजने की आवश्यकता है। विरासत संरक्षण कर अंचल का नाम रोशन करने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने अपनी सेवा सरायपाली क्षेत्र को देने अपनी तत्परता दिखाई और इस आयोजन की खूब प्रशंसा किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बागबाहरा एवं अंचल के कुशल मंच संचालक रूपेश तिवारी ने च्ऐ गा जवईया सुन तोर ठहराव कहां हे, शहरिया चकाचौंध मा तोर गांव कहां हे ाज्‍ छत्तीसगढ़ी गीत का सुंदर काव्य पाठ किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं सह संयोजक इंटैक महासमुन्द अध्याय बंधु राजेश्वर खरे एवं सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक (उद्योग) सुनील बघेल की गौरवमयी उपस्थिति कार्यक्रम में रही। मंदिरों से संबंधित हमारी अद्भुत संस्कृति / विरासत को जानने समझने हेतु यह विशिष्ट कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम का विधिवत् संचालन सरायपाली अध्याय संयोजक यशवंत कुमार चौधरी द्वारा किया गया एवं विरासत संरक्षण प्रेमी संजय शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया एवं इंटैक के संयोजक यशवंत कुमार चौधरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिक शामिल रहे। इंटैक अध्याय द्वारा अतिथियों का स्वागत गमछा भेंट कर किया गया एवं समस्त अतिथियों को बेल मेटल (बस्तर आर्ट) कलाकृति की स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में अध्याय सहसंयोजक राधेश्याम चौधरी, समाजसेवी/ बिजनेसमैन संजय शर्मा एवं समाजसेवी कामता पटेल, इंटैक के आजीवन सदस्य विश्वजीत गुप्ता, शिक्षाविद्/ व्याख्याता डॉ अनिल कुमार प्रधान, पत्रकार सौरभ गोयल, इंटैक आजीवन सदस्य पुष्पांजली चौधरी, सोशल एक्टिविस्ट विवेक शर्मा, बिजनेसमैन राजेश मित्तल, शिक्षिका राधा शर्मा, सीएसी गिरधारी लाल पटेल, व्याख्याता प्रकाश कुमार ठेठवार, शिक्षक ज्योति कुमार ठेठवार, विनोद कुमार चौधरी, शिक्षिका नीतू पाणिग्राही, सीना साहु, वंदिता बोहीदार, मिनाती पाणिग्राही, दुर्गेश साहु, आर्यन चौधरी, अयांश चौधरी आदि की उपस्थिति विशेष रूप से रही।

वृक्ष लगाएं
पर्यावरण बचाएं

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, N . HARI NARAYAN S/O N. APPA RAO resident of MIG-1/765, AMDI NAGAR, HUDCO, BHILAI, DIST-DURG, (C.G.) PIN-490009 have changed my old name N . HARI NARAYAN S/O N. APPA RAO so in future I should be recognized by my new name that is NARELLA HARI NARAYAN S/O NARELLA APPA RAO in all Government and other documents.

**NARELLA HARI NARAYAN**
MIG-1/765, AMDI NAGAR, HUDCO, BHILAI, DIST-DURG, (C.G.) PIN-490009

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NAZIYA W/O MOHAMMAD SABIR resident of QR.NO.-13/A, STREET-22, SECTOR-1,BHILAI, DIST-DURG, (C.G.) PIN-490001 have changed my old name NAZIYA W/O MOHAMMAD SABIR so in future I should be recognized by my new name that is NAZIYA REHMAN SHAIKH W/O MOHAMMAD SABIR in all Government and other documents.

**NAZIYA REHMAN SHAIKH**
QR.NO.-13/A, STREET-22, SECTOR-1,BHILAI, DIST-DURG, (C.G.) PIN-490001

# बिना रायल्टी पर्ची के ओवरलोड वाहनों से परिवहन हो रहा है रेत गिट्टी

**बेमेतरा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। बिना रायल्टी पर्ची के रेत गिट्टी का ओवरलोड वाहनों से परिवहन हो रहा है जिसके तरफ जिला स्तर के अधिकारीगण की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते जैसा कार्रवाई होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है जिसके कारण अवैध रूप से वाहनों के माध्यम से रेट गिट्टी ले जाने वाले जाने वालों के हौसला इन दिनों बुलंदी पर है

बलौदा बाजार जिले में स्थित महानदी और बेमेतरा जिले के शिवनाथ नदी से प्रतिदिन 50 से 60 हाईवा रेत एवम गिट्टी का बिना रायल्टी पर्ची ओवरलोड वाहनों से बेखौफ परिवहन हो रहा है। प्रतिदिन लाखों रुपए का खनिज रॉयल्टी की चोरी की जा रही है, पर्ची के नाम पर रेत गिट्टी परिवहन करने वाले वाहन मलिक जरूरतमंद लोगों से 2000 से लेकर ?3000 रायल्टी पर्ची के नाम पर वसूल रहे हैं। जिसके कारण रेत और गिट्टी की कीमत 15000 से लेकर 17000 रुपए प्रति हाईवा बेचा जा रहा है। इसी तरह गिट्टी ओवरलोड वाहन रात्रि के समय परिवहन किया जा रहा है। पुलिस और खनिज विभाग द्वारा बिना रायल्टी पर्ची और ओवरलोड परिवहन करने वाले भवन निर्माण सामग्री वाले वाहनों के खिलाफ जांच पड़ताल की कार्यवाही नहीं करने के कारण शिवनाथ नदी से बड़े पैमाने पर रेत का अंधाधुंध परिवहन हो रहा है।

महानदी के अलावा शिवनाथ नदी से प्रतिदिन बड़े पैमाने पर रेत एवम गिट्टी बेमेतरा जिले से होकर कवर्धा जिले को भी 40 से 50 हाईवा का परिवहन हो जाता है। रेत परिवहन के समय खदान से ही रायल्टी पर्ची लेना अनिवार्य है, लेकिन अतिरिक्त कमाई की लालसा में ट्रांसपोर्टरो के द्वारा बिना रायल्टी पर्ची के ही रात्रि के समय रेत का परिवहन किया जाता है। वहीं रायल्टी पर्ची के नाम पर ग्राहकों से पैसे वसूले



जा रहे हैं। जिला प्रशासन के द्वारा ऐसे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अब तक एक भी बार बड़ी कार्यवाही नहीं की गई।

निजी आवास मकान तथा सरकारी भवनों के निर्माण के अनुसार बेमेतरा जिले में प्रतिदिन 40 से 50 ट्रिप रेत हाईवा की खपत है, इसी तरह 50 से 60 हाईवा रेत एवम गिट्टी वाली ट्रक, हाईवा बेमेतरा से होकर कवर्धा जिले के लिए परिवहन होता है। लगभग डेढ़ सौ से अधिक हाईवा रेत प्रतिदिन बेमेतरा एवम कवर्धा जिले में खपत हो रहा है। इसी तरह गिट्टी भी 25 से 30 हाईवा जिले में बिक रहा है। ऐसे में इन हाईवा के माध्यम से परिवहन किए जाने वाले भवन निर्माण सामग्रियों के रायल्टी पर्ची की जांच पड़ताल लंबे समय से बंद है। जिससे शासन को प्रतिदिन लाखों रुपए की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। हालंकि संबंधित विभाग सरकार से मिले टारगेट को ही फोकस कर 100त्न रॉयल्टी वसूली की जानकारी दी जा रही है, लेकिन जिस तादाद में शिवनाथ नदी से रेत का परिवहन हो रहा है इससे सरकार को रॉयल्टी के नाम पर नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### पुलिस विभाग भी नहीं कर पा रहा है ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही

परिवहन विभाग के साथ ही साथ पुलिस विभाग के द्वारा भी ओवरलोड समान परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं कर पा रहा है। जबकि बीते वर्ष ऐसे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ निरंतर कार्यवाही होने से सामग्री परिवहन करने वाले सभी वाहन निर्धारित सीमा तक सामग्री का परिवहन कर रहे थे। लेकिन प्रशासनिक जांच पड़ताल नहीं होने के कारण ही ओवरलोड वाहन सड़कों पर बेधड़क दौड़ रहे हैं। बेमेतरा जिले में रात्रि के समय ही ऐसे वाहनों का अंधाधुंध परिवहन होता है। ट्रांसपोर्टर जांच पड़ताल से बचने के लिए रेत और गिट्टी का परिवहन रात्रि के समय ही करते हैं।

### डेढ़ से 2 फिट डाला ऊंचा कर लाते हैं ओवरलोड सामान

हमेशा रेत एवं गिट्टी कार्य में ट्रांसपोर्टिंग करने वाले ट्रक हाईवा कंपनी द्वारा बनाए गए डाला बॉडी में परिवर्तन कर अधिक सामान परिवहन करने की लालसा से डाला बॉडी की ऊंचाई डेढ़ से 2 फीट बढ़ा लेते हैं। जिसमें रेत और गिट्टी की मात्रा परिवहन करते समय बढ़ जाता है, ऐसे अधिकांश वाहन ओवरलोड सामग्री परिवहन करने के लिए ही डाला बॉडी में परिवर्तन कर भवन निर्माण सामग्री का परिवहन कर रहे हैं।

ओवरलोड रेत और गिट्टी का परिवहन करने वाले वाहनों पर खनिज विभाग कार्यवाही करेगा पूर्व से ही दिशा निर्देश विभाग को दिए गए हैं विभाग के अधिकारियों से चर्चा करता हूं।

**पी एस एल्मा**
**कलेक्टर बेमेतरा**

------

ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही की जिम्मेदारी खनिज विभाग की है, समय-समय पर पुलिस विभाग के द्वारा ऐसे वाहनों की जांच पड़ताल की जाती है। मतगणना के उपरांत आगामी दिनों में बिना रायल्टी पर्ची के रेत गिट्टि का परिवहन करने वाले वाहनों की जांच पड़ताल शुरू की जाएगी।

**कमल शर्मा**
**डीएसपी बेमेतरा**

# स्कूली छात्र छात्राओं ने रैली निकाल कर लोगों को संविधान के प्रति किया जागरूक



**बेमेतरा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में 26 नवंबर, संविधान दिवस के अवसर पर प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स सुश्री सोनिया सिंह, श्री टुवेन्द्र सिंह वर्मा, श्री देवेन्द्र कुमार यादव, श्री चंद्रकिशोर सिंह, श्री पवन कुमार साहू, श्री चेतन सिंह द्वारा शासकीय उ. मा. शाला साजा, शासकीय पूर्व मा. शाला तेंद्धाठा, शासकीय कन्या उ. मा. शाला परपोड़ी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर स्कूली छात्र-छात्राओं को संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य एवं संविधान के प्रस्तावना के बारे में जानकारी देते हुये छात्र जीवन में उपयोगी कानून के संबंध में जानकारी दी गई तथा स्कूली बच्चों को सालसा द्वारा संचालिक जनचेतना यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से शार्ट फिल्म च्च्द अंडर-18, गुड टच, बैड टच, शिक्षा का अधिकार के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम दिखाया गया। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं के मध्य संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्कूली छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। रैली में शामिल बच्चों ने हाथों में जागरूकता प्ररित स्लोगन तख्ती लेकर गांव में भ्रमण कर लोगों को संविधान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स एवं संबंधित शाला के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे

# 45 वर्ष के युवक ने 28 बार किया रक्तदान



**गुण्डरदेही,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। ब्लाक के ग्राम बरबसपुर निवासी टीकाराम साहू जिन्होंने अपने 45 वर्ष तक के जीवनकाल मे 28 बार रक्तदान कर जनसेवा करने का एक अद्भुत मिशाल कायम किया है टीकाराम साहू ने बताया की वे अपने जीवन भर इसी तरह जरूरत मंद लोगों को रक्त दान के माध्यम से सेवा प्रदान करते रहेंगे और अपने जीवन को जनसेवा हेतु हमेशा समर्पित करते रहेंगे ऐसे पुनीत कार्य करने के लिए तहसील साहू संघ गुंडरदेही अध्यक्ष डॉ मानसिंग सार्वा एवं परिक्षेत्र साहू समाज कलंगपुर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू ने उनको बधाई एवं शुभकामनाए दी है और कहा की समाज मे ऐसे सोंच रखने वाले व्यक्ति बहुत ही सम्मान के काबिल है जिन्होंने हमेशा से जनसेवा को अपना पहला कर्तव्य मानकर इस प्रकार से पुण्य का कार्य करते है एवं क्षेत्र समाज एवं अपने माता पिता व गांव का नाम को रौशन करते है।

# हत्या करने की नियत से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रार्थी जलेश्वर यदू उम्र 30 साल निवासी मानिकपुर थाना नवागढ जिला बेमेतरा ने थाना नवागढ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी ब्यास नारायण यदू के द्वारा प्रार्थी की मां श्रीमती चंद्रकली बाई के सिर, गाल एवं दाहिने आंख के पास कुदली से हत्या करने की नियत से जानलेवा हमला कर गंभीर चोट पहुचाने कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना नवागढ में आरोपी के विरूद्ध अपराध सदर धारा 307 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। पीडिता को जिला अस्पताल मुंगेली में ईलाज हेतु भर्ती कराया गया है।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना नवागढ प्रभारी एवं थाना स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

प्रकरण में विवेचना दौरान आरोपी ब्यास नारायण यदू (यादव) पिता स्वं. रामनाथ यदू उम्र 24 साल ग्राम मानिकपुर थाना नवागढ जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से आज दिनांक 27.11.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ प्रभारी उप निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, उप निरीक्षक विपत राम साहू, आरक्षक अमित यादव, फिरोज साहू एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

# नगर के कन्या महाविद्यालय में संविधान दिवस पर भाषण, निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**खैरागढ़,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर के शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय व रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो.जितेन्द्र साखरे के मार्गदर्शन में छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव के द्वारा समस्त प्राध्यापक, शिक्षक गण व छात्र छात्राओं को संविधान के उद्देश्यिका का सामूहिक वाचन कर शपथ दिलाया गया नवीन कन्या महाविद्यालय में शपथ के साथ ही भाषण,निबंध, रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉ. मेधाविनी तुरे ने किया अपने उद्बोधन में कहा कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है. संविधान निर्माताओं को संविधान का निर्माण करने में दो वर्ष ग्यारह माह अठारह दिनों का समय लगा साथ ही संविधान के माध्यम से राष्ट्र को प्रभुता सम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य में समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक न्याय देने का संकल्प को विस्तारपूर्वक जानकारी दी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने कहा विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लिखित संविधान की विशेषता एवं महत्व को रेखांकित किया संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग कर बताते हुए कहा कि हमें अपने कर्तव्यों का पालन भी सुनिश्चित करना चाहिए संविधान में देश की एकता ,अखंडता, संप्रभुता सहित संपूर्ण राष्ट्र को एकसूत्र में बांध कर रखा है. प्रो. रोहित देवांगन ने कहा कि संविधान में मूल अधिकार को विस्तारपूर्वक बताया गया शिक्षित होकर अच्छा नागरिक होने के लिए कहा शिक्षक दुर्वासा ने संविधान के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विचार रखा संविधान दिवस पर कन्या महाविद्यालय की छात्राओं में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम श्रद्धा वर्मा, द्वितीय मधु कोसरे, तृतीय अल्फिया मेमन, मेंहदी में प्रथम उमा देवांगन, द्वितीय रितु साहु, तृतीय हिमांशी तिवारी, रंगोली में प्रथम तुलसी प्रजापति, तारिणी जंघेल, द्वितीय सोनी धनगर, तृतीय हुलसी निषाद, निबंध प्रतियोगिता में श्वेता साहू प्रथम, अल्फिया मेमन द्वितीय, रिंकी निषाद तृतीय स्थान प्राप्त की प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. मेधाविनी तुरे, प्रो. रोहित देवांगन, छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव, नेहा साहू,रुबी सोनी कार्यक्रम का संचालन डॉ. मेधाविनी तुरे व आभार प्रदर्शन शिक्षक अतुल नायक ने किया इस अवसर पर शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय व रानी रश्मिदेवी महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक शिक्षक गण सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# राजा राव पठार देव स्थल पर शेड निर्माण के लिए सांसद ने की घोषणा



**गुरुर,** 27 नवम्बर (देशबंधु)। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मंडावी से वीर मेला आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संसद को 8 दिसंबर से आयोजित होने वाले विराट वीर मेला कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दिया गया, जहां सांसद मोहन मंडावी ने देव स्थल पर शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की, इसके अलावा स्वेच्छा अनुदान से 50 हजार राशि पृथक से देने की घोषणा की।

सांसद से मुलाकात के दौरान आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष यूआर गंगराले, महासचिव कृष्ण कुमार ठाकुर, सचिव बलराम गोटी, अंकेक्षक एसएस तारम उपस्थित थे।

# आनंद सरोवर में ब्रम्हाकुमारीज का एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**दुर्ग,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। ब्रम्हाकुमारीज बघेरा द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आनंद सरोवर बघेरा में किया गया। इस अवसर पर माउंट आबू राजस्थान के डॉ. वेणुगोपाल ने बड़ी संख्या में उपस्थित लाभार्थियों को नियमित आगार विहार, योगासन सहित विभिन्न माध्यमों से स्वास्थ्य एवं शरीर की रक्षा पर व्याख्यान दिया। लाभार्थियों द्वारा उठाये गये प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधित शिक्षा बच्चों को बाल्यकाल से ही दी जानी चाहिए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संचालिका ब्रम्हाकुमारी रीटा बहन, मुख्य वन संरक्षक भानुप्रताप सिंह, प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र दुर्ग की सदस्य डॉ. निर्मला गुप्ता, डॉ. नेतराम साहू, डॉ. छगन लाल सोनवानी, डॉ. मेघराज साहू, डॉ. प्रमोद नामदेव, डॉ. मनोज ठाकरे, ने अतिथि वक्ता डॉ. वेणुगोपाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. वेणुगोपाल का परिचय ब्रम्हाकुमारी रूपाली बहन ने दिया।



# धान की खरही में अज्ञात लोगों ने लगाई आग

**गुरुर,** 27 नवम्बर (देशबंधु)। ब्लॉक मुख्यालय गुरुर में घर के सामने ट्रैक्टर ट्राली में रखे हुए धान की खरही में अज्ञात तत्वों ने आग लगा दी। घटना में पीड़ित किसान रेखराम साहू को काफी नुकसान पहुंचा है, उन्होंने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। यह घटना आज सुबह लगभग 5 बजे की है। घटना के समय सभी लोग घर पर ही थे, इस दौरान एक राहगीर ने जानकारी दिया कि घर के सामने ट्रैक्टर ट्राली में आग लगी हुई है जिसके चलते धान की खरही जल रहा है।



सूचना पर पीड़ित किसान जब घर से बाहर निकल कर देखा तो धान की खरही पूरी तरह से जलकर राख हो गया था। किसान रेखराम साहू ने बताया कि बीते देर शाम एक एकड़ धान की खरही को खेत से लाए थे, आज सुबह थ्रेसर के माध्यम से मिंजाई के लिए तैयारी कर रहे थे इसके पहले इस तरह घटना हो गई।

घटनास्थल के आसपास शराब की सीसी, पानी पाउच, डिस्पोजल जैसे अन्य सामग्री मिला है, ऐसे में यहां शराबियों द्वारा ही इस तरह घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी गुरुर थाने में दे दी गई है।

# मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु समय-सारणी जारी

**बालोद,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य के लिए नियुक्त किए गए अधिकारी कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु समय सारणी जारी कर दी गई है। इन सभी अधिकारी कर्मचारियों को 28 नवम्बर से 01 दिसम्बर तक जिला पंचायत सभाकक्ष बालोद में निर्धारित समय में प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके अंतर्गत 28 नवम्बर को सुबह 11 बजे से इव्हीएम एवं वीवी पैट से मतगणना हेत गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायको का प्रशिक्षण, 28 दिसम्बर दोपहर 3 बजे से पोस्टल बैलेट पेपर मतगणना हेतु आरओ एवं एआरओ टेबल पर नियुक्त प्रभारी अधिकारियों, गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों का प्रशिक्षण आयोजित की गई है। इसके साथ ही 28 नवम्बर को दोपहर 3 बजे से सारणीकरण कार्य पर नियुक्त एएआरओ, गणना सुपरवाईजर, गणना सहायकों का प्रशिक्षण के अलावा 28 नवम्बर दोपहर 3 बजे से परिणामों के रुझान हेतु लेखन कार्य के लिये उद्घोषकों का प्रशिक्षण आयोजित की गई है। इसी तरह 29 नवम्बर सुबह 11 बजे से इव्हीएम एवं वीवी पैट सीलिंग कार्य के लिये नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों के प्रशिक्षण के अलावा 17 सी भाग दो एवं अन्य प्रपत्रों के फोटोकापी के लिये नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित की गई है। इसके साथ ही 01 दिसम्बर को दोपहर 03 बजे से माइक्रोआब्जर्वरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

# नगर के आंबेडकर चौक में मनाया गया संविधान दिवस

- संविधान के बदौलत ही गरीब का बच्चा कलेक्टर, एसपी, इंजिनियर बन रहा है
- संविधान हमे अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करता है

**खैरागढ़,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। खैरागढ़ शहर के आंबेडकर चौक में 26 नवम्बर रविवार को संविधान निर्माता कानून के सिल्पकार डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का संविधान दिवस का हर्षउल्लास पूर्वक मनाया गया यह कार्यक्रम संविधान समिति जिला केसीजी के तत्वधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम में संविधान निर्माण की चुनौतियों, भारत की सांस्कृतिक विविधता, संविधान के शिल्पकार और सभी जीवट सदस्यों के महान योगदान को याद किया गया उदबोधन में प्रमुख वक्ताओं में वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष सिंह, साहित्यकार डॉ. जीवन यदु राही, अधिवक्ता कमलाकांत पाण्डे, सामाजिक चिंतक भागवत शरण सिंह कार्यक्रम का संचालन जिपं सभापति विप्लव साहू ने किया

कार्यक्रम की शुरुवात इकरा फाऊंडेशन केवी के माही वर्मा के समूह द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया उसके बाद प्रमुख वक्ता सुभाष सिंह ने कहा बाबा साहेब को संविधान समिति का प्रमुख जिम्मा देते हुए गांधी ने कहा था. कि उनसे उपयुक्त व्यक्ति भारत में अभी कोई नहीं है.भारतीय संविधान को लाल गठरी में बांधने के लिये नही है इसे पढ़ने की जरूरत है. यह ठीक ढंग से अमल में नही हो पाया है, तब के नेता डॉ. आंबेडकर के सिद्धांत को मानते थे अब के नेता देश व उनकी अवमानना कर रहे हैं, इसीलिए लोकतंत्र कमजोर पड़ रहा है. डॉ. जीवन यदु राही ने विस्तृत विश्लेषण करते हुए कहा कि 3 चरणों



में कर्तव्य, अधिकार और इम्प्लीमेंटेशन को पूरा करे तभी संविधान का मकसद पूरा हो सकता है. आज ही के दिन 26 नवम्बर 1949 में संविधान सभा में वर्तमान संविधान को विधिवत रूप से अपनाया गया था. इसी की याद में हर वर्ष संविधान दिवस मनाते हुए एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र का जश्न मनाते हैं. जहां एक तरफ हमारा संविधान हमें आजादी के साथ जीने का हक देता है, तो दूसरी तरफ हमारे कुछ मौलिक कर्तव्यों की भी याद दिलाता है. अधिवक्ता कमलाकांत पांडे ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है. जिसे बनाने में करीब 3 साल लगा संविधान में देश के सभी नागरिकों को मूल अधिकार मिले हैं जिसके तहत कोई भी नागरिक किसी भी धर्म को मान सकता है, कहीं भी आ जा सकता है, समानता का अधिकार प्राप्त है.

भागवत शरण सिंह ने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा के पास आकर हमे ऊर्जा मिलती है. बाबा साहब का जो न्याय का सिद्धांत था और उनका दर्शन था कि सारा समाज एक स्थान पर एक साथ खड़ा हो सके 75 साल के बाद 2015 में पहली बार देश में संविधान दिवस मनाया गया राष्ट्रीय पर्वों की तरह यह दिन भी महत्वपूर्ण है. आज के दौर में संविधान दिवस का कार्यक्रम अति आवश्यक है. लोगों को अपने कर्तव्यों और अधिकारों की जानकारी नही होने के कारण ही मूल हक व अपने अधिकार से लोग वंचित रह जाते हैं. बाबा साहब ने बेहद कड़ी मेहनत की है जिसके कारण ही देश के संविधान की चर्चा दुनिया मे होती है. संदीप कोल्हाटकर ने कहा कि बाबा साहब के बनाये इस संविधान के बदौलत ही आज हम कुछ बराबरी पर खड़े हैं. संविधान से ही आम लोग नेता-अधिकारी, कलेक्टर बन रहे हैं ये बाबा साहब की देन है. डॉ. आंबेडकर तमाम तरह के अभाव का दंश, बहिष्कार, गहन शिक्षा के साथ कानून और सभी तरह के अथक संघर्ष से तपकर निकले हैं. अगर संविधान ना होता तो आज गाय चराने वाले लोग नेता नहीं होते, खेती करने वाले लोग अधिकारी नहीं होते आंबेडकर ने राजा-रंक, उद्योगपति और आम आदमी दोनों के अधिकार को बराबर कर दिया कार्यक्रम में एसडीओपी लालचंद मोहले व नगर निरीक्षक राजेश देवदास ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कर जन समुदाय को संविधान दिवस की ढेर सारी बधाई, शुभकामनाएं दी

कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष संतोष कामडे, बौद्ध समाज के संरक्षक मधुकर चोखान्द्रे, खैरागढ़ बौद्ध समाज के अध्यक्ष उत्तम बागड़े, गुलाब चोपड़ा, मंसाराम सिमकर, अधिवक्ता मनराखन देवांगन,अजय जैन, खलील कुरैशी,मनोज गुप्ता, अधिवक्ता ज्ञानदास बंजारे, शीतल जैन, शक्ति सिंह, डॉ. मकसूद, निलेश यादव, प्रशांत सहारे, विमल बोरकर, नंदा नागेदेवे, रानी तिवारी, शिवानी परिहार, संतोष मारिया, बहादुर कुर्रे, राजू यदु, दुर्गेशनंदनी श्रीवास्तव, लता तिवारी, कविता नागदेवे, छाया चौरे,मीना चोखान्द्रे, जयमाला बागड़े, कमलेश बोमले,शशि रामटेके, मंगल सारथी, राजकुमार दुबे, नीतू रामटेके सहित दर्जनों लोगों ने गरिमामय अपनी उपस्थिति दर्ज कर संविधान दिवस का कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न हुआ

**उल्टा पुल्टा**

डॉक्टर- तुमने आने में देर कर दी।
पिंटू- क्यों डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास?
डॉक्टर- मर नहीं रहे हो, 6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

**संपादकीय**

## बच्चों की जान से खिलवाड़ करते लोग

बड़ी संख्या में मासूमों को बड़ों की लापरवाही के चलते अपूरणीय हानि उठानी पड़ती है। इनमें उन्हें होने वाली मानसिक प्रताड़ना या शारीरिक हानि से लेकर जान गंवाने तक की घटनाएं देखने-सुनने को मिलती हैं। शहर हों या गांव, सभी जगह बच्चों के लिये प्रकारान्तर से एक जैसी खतरनाक परिस्थितियां हैं। कभी उन्हें घर या बाहर, खासकर स्कूलों में प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है तो कई बार वे यौन शोषण का शिकार भी होते हैं। इनमें छोटी बच्चियां ज्यादा होती हैं। कभी उन्हें अकेले कहीं काम पर भेज दिया जाता है तो कभी बिना किसी की देख-रेख के घरों पर छोड़ दिया जाता है। इसके कारण कभी कोई उनसे मार-पीट कर जाता है तो कभी उनका अपहरण हो जाता है या वे खो भी जाते हैं। ऐसे हालात में उनकी हत्याएं तक होती देखी गई हैं। कभी उन्हें गहरे तालाबों या नदियों में अकेले या गिने-चुने उनके हमउम्र मित्रों या भाई-बहनों के साथ नहाने भेज दिया जाता है जिस दौरान वे डूब जाते हैं।

ऐसे भी मामले सामने आते हैं कि उनके जीवन के साथ सीधे-सीधे खिलवाड़ होता नज़र आता है। मस्तूरी थाना के अंतर्गत पाराघाट में ऐसा ही वाकया हुआ है। शनिवार की सुबह अंजली यादव नामक 6 वर्षीय बच्ची स्कूल जाने के लिये निकली। वह गांव की एक दूकान के पास खड़ी थी तभी उसे वहां से ट्रेक्टर पर गुज़र रहे एक परिचित व्यक्ति ने स्कूल छोड़ने के लिये ट्रैक्टर के इंजिन पर बिठा लिया। तेजी से चलते ट्रैक्टर के झटकों में वह बच्ची खुद को स्थिर नहीं रख पाई और छिटककर गिर गई। इतना ही नहीं, वह उसी ट्रैक्टर के पहियों के नीचे आ गई जिसके कारण उसकी दुखद मौत हो गई। पिता रामनारायण यादव ने ट्रैक्टर चालक धरमपाल बघेल के खिलाफ लापरवाही बरतते हुए बच्ची की जान लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

यह बहुत ही दुर्भाग्यजनक है परन्तु इससे सबक लेते हुए सभी पालकों व अभिभावकों को चाहिये कि इस प्रकार बच्चों को अकेला छोड़ना उचित नहीं। यथासम्भव घर का ही कोई व्यक्ति उन्हें स्कूल तक छोड़ने और वहां से घर लाने के लिये जाये। अगर यह सम्भव न हो तो उस स्कूल में ही पढ़ने वाले किसी बड़े बच्चे के साथ छोटे बच्चों को भेजना चाहिये। अब गांवों की स्थिति पहले की तरह नहीं रह गई है। सभी तरह के वाहन अब गांवों में भरपूर संख्या में हो गये हैं। सड़कें भी अच्छी होने के कारण वे तेज गति से चलाए जाते हैं। ऐसे में तथा अन्य कई कारणों से जब बड़ों के ही जीवन सुरक्षित नहीं हैं तो यह कैसे उम्मीद की जाये कि मासूम व नासमझ बच्चों का जीवन सुरक्षित है या वे अपनी सुरक्षा की चिंता खुद ही कर लेंगे?

# पूज्य सिंधी व सिक्ख समाज ने धूमधाम से मनाई गुरुनानकदेव की 554वीं जयंती

### अमृत वाणी से गुंजा गुरूद्वारा संगत हुई निहाल | सामाजिक एवं राजनीतिक नेताओं ने किया स्वागत

**बलौदाबाजार,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। नगर में सोमवार को पूज्य सिंधी पंचायत एवं सिख समाज के तत्वावधान में गुरूनानक देव जी के 554वीं जयंती प्रकाश पर्व पर अलग-अलग प्रभात फेरी नगर कीर्तन के साथ निकाली गयी। पंच प्यारो के अगुवाई में निकाले गये नगर कीर्तन में भव्य सुसज्जीत रथ पर स्थापित गुरूग्रंथ साहब की पालकी का जगह-जगह सभी धर्म एवं समाज के लोगों ने स्वागत किया तथा पंच प्यारो से आशीर्वाद लिया। सुबह सिंधी गुरूद्वारे से निकाली गयी प्रभातफेरी नयापारा, संतकंवर राम कालोनी, नया बस स्टैण्ड, गणेश चौक, बजरंग चौक, अम्बेडकर चौक, सिंधी कालोनी पुरानी बस्ती, नेहरू चौक, गांधी चौक होते हुए वापस गुरूद्वारे पहुंची। तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11 बजे भोग साहब एवं दोपहर 1.30 बजे लंगर किया गया। सिंधी समाज द्वारा सुबह समाज के युवक एवं युवतियों द्वारा प्रभातफेरी व बाईक रैली निकाली गयी। पाठ साहब की समाप्ति के बाद शब्द कीर्तन व रात्रि में जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाया



गया।

शाम को निकली सिख समाज की शोभायात्रा-सिख समाज द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रम नया बस स्टैण्ड महामाया मंदिर के पीछे स्थित नया गुरूद्वारा में किया गया वही प्रभातफेरी सुबह 4 बजे, पाठ समाप्ति दोपहर 1 बजे, गुरू का लंगर दोपहर 1.30 बजे व शोभायात्रा शाम 3.30 बजे निकाली गयी। रात को गुरूद्वारे में जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सिंधी समाज के प्रताप राय, अशोक मेघराज पंजवानी, विष्णु दुलानी, ओम पंजवानी, ईश्वर हरिरमानी, दिलीप रोहरा, इंदू पंजवानी, अशोक माधोमल पंजवानी, चन्द्रपाल परसवानी, ओम देवनानी, विष्णु दुलानी वही सिख समाज से अध्यक्ष इंदरसिंह सलूजा, बलविन्दर सिंह पनेसर, सेवक सिंह सलूजा, राजू सलूजा, दलजीत सिंह चांवला, अमरदीप चांवला, जीमी सलूजा, संजीत चांवला सहित आदि शामिल थे।

राजनीतिक दल के नेताओं ने किया स्वागत-पंच प्यारो के अगुवाई में निकाले गये शोभायात्रा का नगर के विभिन्न समाजों के अलावा नगर भवन के समीप बलौदाबाजार विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, रितेश श्रीवास्तव, सुनीता वर्मा, रिटा केसरवानी, नीलम सोनी, नरेश केसरवानी, सवीता साहू, राहूल सोनी, प्रणव अवस्थी, अमन तिवारी, मदन वर्मा, कुश केडिया, अंजय श्रीवास, राजेश वर्मा, सौरभ पटेल आदि ने स्वागत कर पंच प्यारो से आशीर्वाद लिया। वहीं कांग्रेस के चुनाव कार्यालय परिषर बलौदाबाजार में कांग्रेस द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा, सुरेन्द्र जायसवाल, प्रभाकर मिश्रा, राजा तिवारी, संदीप पाण्डेय, विक्रम पटेल, बलदाऊ ठाकुर, लखेश साहू, अनील साहू, मनोज प्रजापति, सुर्यकांत वर्मा, दिगम्बर साहू, रविन्द्र नामदेव, हेमचंद केसरवानी, अम्मू पंजवानी, अशोक मयंक पंजवानी, सोनू ठाकुर, सुनील पाण्डेय आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली एवं पंच प्यारों का स्वागत करते हुए आशीर्वाद लिया।

## श्यामकिशोर गरियाबंद जिलाध्यक्ष एवं रमेश चौधरी बने महासचिव



**नवापारा राजिम,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने प्रदेश महासचिव विश्वदीपक राई की सहमति से गरियाबंद जिला इकाई के जिलाध्यक्ष पद पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा एवं वरिष्ठ पत्रकार रमेश चौधरी को महासचिव बनाया है। दोनो वरिष्ठ पत्रकार को नई जिम्मेदारी मिलने पर पत्रकारो ने बधाई दी है। बताया गया है कि संघ में पदाधिकारियो एवं कार्यकारिणी सदस्यों का गठन सप्ताह भर के भीतर किया जाएगा।

## गुरुनानक जयंती पर रंजना साहू ने गुरुद्वारों पर पहुंच टेका मत्था

**धमतरी,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। सिख समाज के संस्थापक श्री गुरुनानक देव जी की 554वीं जयंती धमतरी के सभी गुरुद्वारों में धूम धाम और उत्साह से मनाई गई, जहाँ पिछले दिनों प्रभात फेरी के माध्यम से घर घर भगवान की सवारी ले जाकर धर्मजागृति का कार्य समाजजनों द्वारा किया जा रहा था वहीं आज के दिन गुरुद्वारों में शबद कीर्तन लंगर प्रसादी एवं सेवा कार्य चलते रहे, जहाँ भाजपा प्रत्याशी रंजना साहू प्रात: सभी गुरुद्वारों में पहुंच कर मत्था टेकीं, विदित हो कि हर वर्ष रंजना साहू कार्यकर्ताओं के साथ गुरुद्वारे पहुंच सेवा करती हैं, इधर सिख समाज और सिंधी समाज ने विधानसभा में धमतरी से रंजना



मानव सेवा तथा एक न्यायसंगत समाज बनाने की दिशा में गुरुनानक देव की शिक्षा सदैव हम सब का मार्गदर्शन करती रहेगी : रंजना साहू

साहू की पुन: जीत हेतु अरदास की, समाजजनों को संबोधित करते हुए श्रीमती साहू ने कहा गुरुनानक नाम जहाज़ है चढ़े सो उतरे पार, वास्तव में गुरुनानक नाम सिमरन में ही वो ताकत है जो हमें हर भवसागर से पार कर दे, मानव सेवा तथा एक न्यायसंगत समाज बनाने की दिशा में गुरुनानक देव जी की शिक्षा सदैव हम सब का मार्गदर्शन करती रहेंगी। गुरूनानक जयंती पूरे मानव समाज का प्रकाश पर्व है। गुरूनानक जी ने संदेश दिया कि पूरे संपूर्ण जगत का स्वामी एक हैं, सभी उसी के बंदे हैं। सिख पंथ की सबसे बड़ी विशेषता है सेवा। सिख समाज पूरे विश्व में सेवा कार्यों के नाम से जाना जाता है।आगे श्रीमती साहू ने कहा जब-जब मानव समाज पर कोई संकट आया, तब-तब सिख समाज ने आगे बढ़कर जरूरतमंदों की मदद की और अपना सब कुछ न्यौछावर कर प्राणों को भी दांव में लगाकर मानव >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राजिम नदी मड़ई के बाद समूचे अंचल में मड़ई मेले की शुरुआत

**नवापारा राजिम,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तीन नदियो के संगम क्षेत्र में लगे नदिया मड़ई में जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस बार भोलेनाथ का वार सोमवार पड़ा लिहाजा दर्शनार्थियों की अपार भीड़ श्रीकुलेश्वरनाथ महादेव के मंदिर में पूजा करने सुबह से लेकर देर रात तक पहुंचती रही। दर्शन के लिए इस बार नदी के बीच से ही पैदल चलते हुए लोग आते रहे। नदी का लंबा चौड़ा भाग दर्शनार्थियों और पिकनिक मनाने वालो से भरा रहा। भीड़ को देखते हुए लक्ष्मण झूले पर ब्रेक लगाया गया था। नदी में पानी की धार भी कुलेश्वर मंदिर के आस-पास नही थी इसलिए बहुत आसानी के साथ भक्तजन मंदिर पहुंच रहे थे। विदित हो कि सैकड़ो साल से नदिया मड़ई की परंपरा राजिम में चली आ रही है। राजिम मड़ई के बाद अब इधर समूचे अंचल में मड़ई मेले की शुरूआत हो जाएगी। दर्शन करने वालो में क्षेत्र के विधायक धनेंद्र साहू के अलावा कांग्रेस, भाजपा के स्थानीय नेता, कार्यकर्ता और साधु संतो के साथ ही महिलाएं, युवतियां बड़ी संख्या में शामिल थी। मंदिर परिसर में दर्शनार्थियो को बाकायदा लाइन में लगकर भोलेनाथ का दर्शन मिल रहा था।



कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राजिम के नदिया मड़ई में उमड़ा जन सैलाब, भोलेनाथ की पूजा करने दूर-दूर से आए लोग

पूरे छत्तीसगढ़ में मेले मड़ई की शुरूआत राजिम से होती है। कार्तिक पूर्णिमा को तीन नदियों के बीच में बड़ा मेला लगता है। हजारो लोग भोलेनाथ का दर्शन और पूजा करने राजिम पहुंचते है। इस बार भी आस-पास के कई जिलो से बड़ी संख्या में लोग राजिम पहुंचे। यहां त्रिवेणी संगम की तीनो धार पैरी, सोढ़ुर और महानदी में डुबकी लगाकर दीपदान कर भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव की पूजा किए। यह सिलसिला तड़के 4 बजे से लेकर देर रात तक चलता रहा। मेले के दौरान नदी के खुले रेत में लोग अपने परिवार और मित्रों के साथ खूब इंजाय किए। दरअसल छत्तीसगढ़ में पूरे कार्तिक माह में अलसुबह सूर्योदय के पूर्व स्नान एवं महादेव की पूजा करने की परंपरा एक लंबे समय से चली आ रही है। इस परंपरा को आज भी आस्था और श्रद्धा के चलते लोग निभाते चले आ रहे है। खासतौर से ग्रामीण अंचल में महिलाओं और युवतियों की इसमें ज्यादातर भागीदारी होती है। पूरे माह भर स्नान और पूजा पाठ का अंतिम दिवस पूर्णिमा को ही माना जाता है। अतएव लोग बहुत ही श्रद्धा के साथ पूर्णिमा स्नान के लिए राजिम पहुंचते है। राजिम नदिया मड़ई की उत्सुकता पहले से ही बनी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## गुप्तगंगा मुनिचूंआ दर्शन करने उमड़ी जन सैलाब

**बिलाईगढ़/भटगांव/बलौदाबाजार,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। विकास खण्ड मुख्यालय बिलाईगढ़ से 13 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम सलिहा के जंगल में गुप्तगंगा मुनिचुआ स्थित है। माना जाता है कि पूर्व में यहां पर किसी मुनि ने तप किया था और इस गुप्तगंगा के जल में स्नान एवं सेवन करते थे, जिसके कारण इस स्थान का नाम मुनिचुआ पड़ा। यह भी माना जाता है कि इस गुप्तगंगा का सीधा संबंध नरसिंहनाथ एवं समुद्र से मिला है इसके गहराई का अभी तक किसी ने अंदाजा नहीं लगा पाया है। जिसके कारण इस गुप्तगंगा में स्नान करने एवं इसके जल को सेवन से मनुष्य के पाप धुल जाते हैं और उनके मनोकामना पूर्ण होती है।



भंडारे में प्रसादी ग्रहण करते रहे श्रद्धालु

बताया जाता है कि गुप्तगंगा भगवान शिव को समर्पित है। गुप्तगंगा के दर्शन कार्तिक पूर्णिमा को देव दिवाली के दिन करते हैं। इस दिन गुप्तगंगा मुनि चुआ में विशाल मेला लगता है, दूर दूर से लोग गुप्तगंगा के दर्शन करने आते हैं। इस वर्ष शिव जी के वार सोमवार होने से गुप्तगंगा मुनिचुआ दर्शन करने जन सैलाब उमड़ पड़े। भीड़ को देखते हुए लोगों की सुरक्षा के लिए शासन-प्रशासन के द्वारा जगह जगह >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## शहर के मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने पालिका ने चलाया अभियान

**महासमुंद,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। पालिका ने शहर के मुख्य मार्ग के अलावा अन्य मार्गों में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और अतिक्रमण मुक्त करने अभियान की शुरुआत की है। रविवार को पालिका के अतिक्रमण दल ने शहर के मुख्य मार्ग में नकुल ढीढी उद्यान से लेकर बरोंडा चौक तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण कर दुकान संचालित करने वालों को हटाने के साथ भविष्य में सड़क किनारे दुकान संचालित नहीं करने की समझाइश देते हुए भविष्य में पालिका द्वारा किए जाने वाली



जब्ती और तोड़फोड़ की कार्रवाई के लिए स्वंय की जिम्मेदारी होने की बात कही। दल ने शहर के मुख्य मार्ग के अलावा अन्य मार्गों में भी अतिक्रमण कर दुकान संचालित करने वालों को दुकान हटाने की अपील की। बता दें कि शहर के मुख्य मार्ग में सड़क के दोनों किनारों पर दुकान संचालित करने की वजह से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है जिसे देखते पालिका ने अतिक्रमण हटाने अभियान की शुरुआत की है। जिससे मार्ग में यातायात व्यवस्था सुगम हो सके और मार्ग में होने वाले हादसों पर लगाम लग >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## बैलेट मतपत्रों की सुरक्षा के लिए भाजपाइयों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुंमारी चौधरी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने बैलेट मतपत्र से हुए वोटिंग में हेराफेरी और गड़बड़ी की संभावना को लेकर जिला कलेक्टर महासमुन्द को ज्ञापन सौपा है। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुंमारी ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि अभी सम्पन्न हुए चुनाव कार्य मे लगे हुए शासकीय कर्मचारियों, 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और विकलांग मतदाताओं के लिए बैलेट पेपर से मतदान की व्यवस्था की गई थी। और इन बैलेट मतपत्र वाले पेटियों को स्ट्रांग रूम में रखने की बजाए लोगों की आवाजाही वाले स्थान ट्रेजरी में रखा गया गया है। जिलाध्यक्ष रूपकुंमारी ने जिला कलेक्टर को सौपे गए ज्ञापन के बारे में जानकारी देते हुए बताया



कि पूरे प्रदेश में बैलेट पेपर से हुए मतपत्रों को साधारण स्थान पर रखा जाना अनेकों आशंकाओं को जन्म दे रहा है। ट्रेजरी जैसे लोगों की आसानी से आवाजाही वाले स्थान में रखी हुई मतपेटियों में पूरी तरह गड़बड़ी और हेराफेरी की संभावना है। प्रशासन पूरी तरह सत्तापक्ष के दबाव में है। इन सभी मतपेटियों को स्ट्रांग रूम में तत्काल रखा जाना चाहिये और कैमरों के जरिये में इनपर निगरानी रखी जाए। भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए चुनाव के समय ही आयोग तक त्वरित प्रमाण सहित शिकायत किया कि मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने चुनाव प्रचार बन्द होने के बाद भी 16 नवम्बर को चुनावी रैलियों की और सत्ता पक्ष के दबाव में अधिकारी कर्मचारी उन रैलियों में शामिल थे। जिलाध्यक्ष रूपकुंमारी चौधरी सहित ज्ञापन देने सराईपाली विधानसभा की प्रत्याशी श्रीमती सरला कोसरिया, बसना विधानसभा प्रत्याशी सम्पत अग्रवाल, महासमुन्द विधानसभा प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा, सराईपाली के चुनाव संचालक पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, महासमुन्द विधानसभा संचालक संदीप दीवान, बसना संचालक अखिलेश भोई, महासमुन्द निर्वाचन अभिकर्ता ऐतराम साहू, सराईपाली निर्वाचन अभिकर्ता देवेंद्र >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्वच्छता अभियान को धता बताता नगर पंचायत कसडोल

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। स्वच्छता एवं साफसफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने केंद्र एवं राज्य सरकारों के तरफसे स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के लिए लाखों रूपये के बजट स्वीकृत किए जा रहे हैं। साथ ही समय समय पर ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों के लिए पृथक पृथक अवार्ड की व्यवस्था की जा रही है बावजूद इसके जनाकांक्षानुरूप सफाई व्यवस्था कहीं भी देखी नहीं जा रही है। इसका एक मात्र कारण सरकारी अमले एवं जनप्रतिनिधियोंकी स्वच्छता के प्रति उदासीनता है। सरकारों की अधिकांश बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। इसका भी देखने वाले कोई कहीं नजर नहीं आ रहे है। यही कारण है कि आम आदमी गन्दगी जनित बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता से नहीं हो रहा नालियों की सफाई



पर किसी को कोई चिंता नहीं है, न तो हर माह पगार लेने वाले कर्मचारियों को और न ही जनता द्वारा चुने गए जन प्रतिनिधियों को। सभी गहरी नींद में सोए हुए लग रहे हैं।

रही बात कसडोल नगर की तो यहाँ का सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे है। यह बात हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि यहाँ की न तो नालियाँ ढंग से बनी हुई है और न ही सफाई हो रही है। वर्तमान जन प्रतिनिधि जब से चुनकर आये हैं तब से लेकर अब तक सफाई व्यवस्था चरमरा सी गई है। कसडोल नगर के अधिकांश नालियों की सफाई पिछली बार कब की गई शायद कोई बता पाएगा। यही कारण है कि गलियों की नालियाँ कचरों से भरी पड़ी है। कई महीनों से सफाई नहीं होने के कारण नालियों से बदबू आ रही है, जिसका दुष्प्रभाव आम लोगों पर पड़ रहा है। इसके अलावा नालियों की गंदगी से उत्पन्न कीड़े नालियों से बाहर लोगों के घरों तक पहुंच जा रही है। इतना होने के बाद भी मजाल है कि सफाई कर्मचारी हो या जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान दे पाते। नगर पंचायत कसडोल को भी पूर्व में स्वच्छता अवार्ड जरूर मिल गया है किन्तु जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है। आने वाले समय में भी कसडोल नगर को अवार्ड मिल सकता है क्योंकि वर्तमान में यहाँ के सफाई कर्मचारी ऊपर रिपोर्ट भेजने के लिए चौंक चौराहों पर कचरे का डिब्बा व बोर्ड रखकर फोटो खिचवा रहे हैं उसके बाद डिब्बे एवं बोर्ड दोनों को कचरा वाहन में रखकर वापस ले जाते हैं। अभी देखा जाय तो न तो कहीं पर कचरा डिब्बा रखा गया है और न ही जागरूकता >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**नवापारा राजिम,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। नगर सेलून संघ एवं सेन महिला मंच के संयुक्त तत्वधान में दीपावली मिलन का आयोजन नगर के सोमवारी बाजार में स्थित दिव्य सेन भवन में संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्यअतिथि नगर सेलून संघ से गोविंद सेन, शंकर लाल सेन, मेहंद्रु सेन एवं महिला मंच से श्रीमती फुल्लबाई सेन, श्रीमती अंजनी सेन, श्रीमती निशा सेन थे . कार्यक्रम का प्रारंभ संत शिरोमणि सेन जी महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया द्य जिसमे सभी अतिथियों ने सेन समाज के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए समाज को आगे बढ़ाने और एक साथ चलने का आव्हान किया गया समाज



सभी लोगो ने एक दूसरे को तिलक लगा कर एवं मिठाई खिला कर बधाई दिया . कार्यक्रम का संचालन संतु सेन एवं आभार व्यक्त गिरधारी सेन ने किया . कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोविंद सेन, संतु सेन, भंडारी सेन, अनिल सेन, शंकर सेन, देवेंद्र सेन, राजू सेन, राजेश (राजू) सेन, लेखू सेन रामस्वरूप सेन, युवराज सेन, आनंद दिवाकर रमन श्रीवास, रिंकू, विजय, पवन, केशव, प्रमोद, मेघराज, गिरधारी, चंदन, मोनू, दुलेश, प्रमेंद्र, संजय, शिवदयाल, नरेश, दिपेश भारद्वाज, लोकेश, भागवत, रिंकू,, चेतन, ,अमित, नकुल, लीलेश, दिपेश सेन व महिला मंच से साधना सौरज, मालती >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आदिवासी परिवार के साथ जमकर मारपीट, घटना की रिपोर्ट नहीं लिखने वाले खल्लारी थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग



**बागबाहरा,** 27 नवंबर (देशबंधु)। खल्लारी थाने के अंतर्गत ग्राम खम्हारमुड़ा (कमरौद) में आदिवासी परिवारों के साथ हुई जमकर मारपीट, गाली-गलौच के मामले में पीड़ित परिवारों को दो दिनों तक थाने में कई घंटों तक बैठाने के बाद भी उचित कार्यवाही नहीं करने वाले थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग सर्व आदिवासी समाज महासमुंद ने की है। पीड़ित आदिवासी परिवारों के साथ गांव के लोगों ने दबंगई दिखाते हुए उसके घर में जबरन घुसकर गाली-गलौच, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देते हुए महिला पुरुष के अलावा पुत्री के साथ बेरहमी से मारपीट किया गया। इस मामले की रिपोर्ट लिखाने खम्हारमुड़ा (कमरौद) की दंपत्ति परिवार खल्लारी थाने में पहुंचे। लेकिन उन्होंने दो दिनों तक कई घंटों थाने में बैठाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई अपराध कायम नहीं किया गया। उसके बाद पीड़ित परिवार महासमुंद के अजाक थाने में पहुँच कर लिखित में आवेदन देकर इस मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है। दबंगई के साथ आदिवासी परिवारों के साथ हुई घटनाक्रम को लेकर सर्व आदिवासी समाज में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। इस मामले की खल्लारी थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं होने से आदिवासी समाज के लोग और भी आक्रोशित हो गए हैं। गांव के कुछ लोगों द्वारा दबंगई के साथ पीड़ित परिवारों के साथ मारपीट एवं गाली-गलौच की गई है। जो अपराध करने की श्रेणी में आता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खल्लारी थाने के अंतर्गत ग्राम खम्हारमुड़ा (कमरौद) निवासी प्रार्थिया श्रीमती पार्वती दीवान पति मयाराम दीवान ने बताया कि गत 22 नवंबर की रात 8 बजे गांव के निवासी तोषण साहू, हीरा राम साहू, मनोज कुमार साहू, मनोहर साहू एवं परमेश्वर साहू हाथ में डंडे लेकर उनके घर पहुंचे। उसके बाद उनके पति के सम्बन्ध में पूछताछ करते हुए गाली-गलौच करने लगे। पति के घर में न होने की बात कहने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर डंडे से मारपीट किया गया। इसी दौरान प्रार्थिया पार्वती दीवान के पति मयाराम दीवान आए, तो गांव के पांचो लोगों ने जमकर दबंगई दिखाते हुए डंडे से उनके साथ मारपीट एवं गाली-गलौच किया। इतना सबकुछ करने के बाद भी आरोपियों का मन पूरी नहीं होने पर पीड़िता की 19 वर्षीय पुत्री के साथ भी गाली-गलौच एवं मारपीट की गई। जो मूलत: अपराध की श्रेणी में आता है। लेकिन पुलिस थाना खल्लारी के प्रभारी द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। आदिवासी महिला परिवार के घर में जबरदस्ती घूँसकर पीड़ित परिवारों के साथ गाली-गलौच एवं मारपीट किया गया। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने खल्लारी थाने में पहुंचे ग्राम खम्हारमुड़ा (कमरौद) के पीड़ित परिवारों को दो दिनों तक चक्कर कटवाकर कई घंटों तक थाने में जबरदस्ती थाना प्रभारी द्वारा बैठाकर रखा गया था। उसके बाद अंतत: हार खाकर उक्त पीड़ित आदिवासी परिवार ने महासमुंद के विशेष आदिवासी हरिजन थाना में जाकर अपना शिकायती आवेदन देकर प्रस्तुत किया।

सर्व आदिवासी समाज महासमुंद के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भीखम सिंह ठाकुर ने बताया कि खल्लारी थाने के खम्हारमुड़ा गांव के आदिवासी परिवार के साथ दबंगई दिखाते हुए गाली-गलौच एवं मारपीट के घटना की जानकारी मुझे मिली है। पीड़ित परिवार द्वारा सम्बन्धित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे लोगों की रिपोर्ट दर्ज थाना प्रभारी द्वारा नहीं की गई। बल्कि उक्त पीड़ित आदिवासी परिवारों को दो दिनों तक कई घंटों थाने में बैठाए रखा गया। लेकिन इतने बड़े मामले को लेकर उन्होंने इस दिशा में कोई उचित कार्यवाही नहीं किया। जो कानूनन आदिवासी एक्ट की श्रेणी में अपराध पंजीबद्ध होना पाया जाता है। लेकिन थानेदार ने पीड़ित परिवारों की मदद एवं उचित कार्यवाही करने के बजाय कोई कार्रवाई न कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाकर गांव के दबंगई करने वाले लोगों के हौसले बुलंद कर दिए।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर ठाकुर ने बताया कि खल्लारी थाने के ग्राम खम्हारमुड़ा (कमरौद) के निवासी श्रीमती पार्वती दीवान पति मयाराम दीवान के परिवार के साथ गांव के कुछ दबंगई लोगों द्वारा उसके घर में जबरन घूँसकर गाली-गलौच एवं मारपीट करने का मामला सामने आया है। खल्लारी के थाना प्रभारी द्वारा पीड़ित आदिवासी परिवारों को

थाने में दो दिनों तक कई घंटों बैठाए रखने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर उन्होंने हैरान होकर अंतत: महासमुंद के विशेष आदिवासी हरिजन थाना में जाकर आवेदन प्रस्तुत किया। तब

**पुलिस प्रशासन की सोई हुई निद्रा**

जाग उठी। इस गंभीर मामले में घोर लापरवाही एवं कोताही बरतने वाले खल्लारी थाने के थाना प्रभारी इंद्रभूषण सिंह को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग पुलिस प्रशासन से की गई है। उक्त थानेदार को निलंबित नहीं किए जाने पर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी सर्व आदिवासी समाज द्वारा दी गई है। उक्त थाना प्रभारी की कार्यशैली एवं उसके आचरण व्यवहार को लेकर लोग काफी नाखुश हैं।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया गुरूनानक जी का प्रकाश पव



**गरियाबंद,** 27 नवंबर। सोमवार को सिख एवम सिंधी समाज के द्वारा गुरु गुरुनानक देव का 554 वाँ प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा परिसर में दिनभर सेवा और भक्ति का संगम चलता है। सुबह 5:30 बजे नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। गुरुद्वारे में शबद-कीर्तन बजते रहे। गुरु ग्रंथ साहिब पाठ किया गया। निशान साहब का चोला बदला गया। इसके साथ ही लंगर का भी आयोजन किया गया। इसके पहले प्रकाश पर्व को लेकर सिख और सिंधी समाज में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही गुरुद्वारे में भक्तों का आना शुरू हो गया था। इस अवसर पर गुरुग्रंथ साहिब की पालकी को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। लोगों ने मत्था टेका और प्रदेश के सुख समृद्धि के लिए अरदास की। इस अवसर पर नगर के अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में भजन कीर्तन और लंगर में शामिल हुए। लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सूरजीत सिंह कुकरेजा, गुरुद्वारा के ज्ञानी करमजीत सिंग जी, बलदेव सिंह हुंदल, श्रीराम माखिजा, रमन कुकरेजा, तेजपाल रमन कुकरेजा, अमन कुकरेजा, प्रकाश रोहरा, विनय दासवानी, अजय दासवानी, अजय रोहरा, सुनील रोहरा, विकास रोहरा, जमीयत रोहरा, रवी रोहरा, सेवक माखीजा, राखी रोहरा, श्रीमती परमजीत कौर कुकरेजा, नरेंद्र कौर कुकरेजा, इंद्रप्रीत कौर कुकरेजा, इसप्रीत सरबजीत कौर कुकरेजा, दलविंदर कौर कुकरेजा, माधवी सरवैय्या, रोमा सरवैय्या, आशा रोहरा, आरती रोहरा, रानी हूँदल, दलवींदर कौर, रेणु राठौर, महक दासवानी, सपना रोहरा, पूनम रोहरा, शोभा रोहरा, गुरुनूर कुकरेजा, जैसलीन कूकेरजा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गुरुद्वारे परिसर में पूजा की और प्रसाद ग्रहण किया।

# पलारी के पुन्नी मेला में जुटी भीड़



**पलारी,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को पलारी के ऐतिहासिक बालसमुँद तट पर मेला का आयोजन हुआ मेले का लुफ्त लेने आसपास के ग्रामीणों के अलावा दुर दराज से बड़ी सँख्या मे लोग सम्मिलित हुए।रात 12 बजे के बाद से ही श्रद्धालुओं का बालसमुँद तालाब मे आने का सिलसिला शुरू हुआ और देखते ही घाट पर पुन्नी स्नान करने वालो जमघट लग गई खासकर बड़ी सँख्या मे महिलाओं ने पुण्य स्नान कर बालसमुँद तालाब मे दीप दान की पश्चात सिद्धेश्वर भोलेनाथ और सिद्ध बाबा भगवान की दर्शन कर पूजा अर्चना की गई, श्रद्धालुओं द्वारा लाल ईंटो से निर्मित अतिप्राचीन मँदिर मे फोटो शुट कर इस यादगार लम्हे को सहेजा गया, यादव समाज द्वारा राधाकृष्ण मँदिर मे पारँपरिक यादव नृत्य का प्रदर्शन किया गया वही गुरूघासीदास मँदिर मे पालो चढाकर पूजा अर्चना की गई। अलसुबह से लेकर देर रात भक्तो ने पुजा अर्चना के लिए लाईन मे लगे हुए थे।भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की चाक चौबँध व्यवस्था रही वही आवाजाही को लेकर दिनभर व्यवस्थित करते रहे।

# सरस्वती निषाद ने किया संजीवनी रक्तदाता संघ की सदस्यता ग्रहण



**रक्तदान के लिए दिखाई जिज्ञासा**

**खरोरा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)।26 नवंबर को मुंबई आतंकी हमला में शहीद हुए वीर जांबाज अधिकारियों एवं नागरिकों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए क्षेत्र की तेजस्वी महिला सरस्वती निषाद ने संजीवनी रक्त दाता संघ का सदस्यता ग्रहण करते हुए संस्था के नियमों का पालन ? करने का संकल्प लिया है वहीं रक्तदान करने में जिज्ञासा दिखाई है। रायपुर जिला तिल्दा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरूवाडीह कला निवासी सरस्वती निषाद ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले का स्मरण करने हुए शहीद हुए वीर जांबाज अधिकारियों एवं निर्दोष नागरिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए क्षेत्र में संचालित संजीवनी रक्त दाता संघ की सदस्यता ग्रहण किया है ।वहीं उन्होंने जरूरत मंदों को रक्त दान करने में जिज्ञासा भी दिखाई है। गौरतलब हो कि संजीवनी रक्त दाता संघ अंचल में सदस्यता जोडो अभियान की शुरुआत किया है ताकि लोग रक्त की महत्ता को समझते हुए जरूरत मंदों को रक्त मुहैया कराकर जान बचा सके। इस अभियान का कड़ी बनते हुए सरस्वती निषाद ने संजीवनी रक्त दाता संघ में जुडकर जरूरत मंदों को रक्तदान करने की इच्छा जताई है। उनका कहना है कि मेरे पति प्रेरणा श्रोत है। जिन्होंने रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने में भागीदारी निभाते आ रहा है ।वहीं संजीवनी रक्त दाता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान का भी आभार ब्यक्त किया है जिन्होंने संस्था में सदस्यता दिलाकर मानव सेवा का अवसर दिया है। सरस्वती निषाद का संजीवनी रक्त दाता संघ में सदस्यता ग्रहण करने से ? संस्था का अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान सहित उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष , सचिव सहित अन्य सदस्यों ने आत्मीय स्वागत किया है ।

# एक लाख के गांजे के साथ यूपी का युवक गिरफ्तार

**बागबाहरा,** 27 नवंबर ( देशबंधु)। ओड़िशा से बाइक में गांजा लेकर यूपी जा रहे एक युवक को कोमाखान पुलिस ने टेमरी नाका के पास रंगेहाथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 ख नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपी को व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में प्रस्तुत किया गया। जहाँ से आरोपी युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक सीजी 04 सीबी 8090 में गांजा लेकर नुआपाड़ा ओड़िशा से खरियाररोड होते हुए टेमरी नाका कोमाखान की ओर आ रहे थे। जिसे रोककर पूछताछ करने पर बाइक सवार युवक विक्रम सिंह 29 वर्ष जिला बांदा उत्तरप्रदेश निवासी ने बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल में एक नीले रंग की बैग में पांच किलो गांजा रख कर ओड़िशा से लेकर उसे उत्तरप्रदेश में बिक्री करने हेतु ले जा रहा था। आरोपी युवक के कब्जे से कोमाखान पुलिस ने एक नीले रंग के बैग से पांच किलो गांजा कीमती 1 लाख रुपए सहित परिवहन में प्रयुक्त बाइक एवं मोबाइल को जब्त कर थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के द्वारा की गई इस धरपकड़ की कार्यवाही में मुखबीर के अलावा कोमाखान थाने के पुलिस कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा है। इसके पहले भी कोमाखान थाने के पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में ओड़िशा की ओर से आ रहे अवैध गांजा एवं शराब की धरपकड़ की जा चुकी है। जिसके कारण बॉर्डर में स्थित यह थाना प्रशंसनीय कार्य के लिए स्वयमेव मौजूद है।

# शा. प्राथमिक शाला मुंधा में आंवलातरी का कार्यक्रम आयोजित



**सरायपाली,** 27 नवंबर (देशबंधु)। शासकीय प्राथमिक शाला मुंधा में आंवलातरी का कार्यक्रम रखा गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं प्रधान पाठक के द्वारा तुलसी वृक्ष, आंवला वृक्ष एवं शालिग्राम की पूजा अर्चना चंदन, तिलक ,धूप ,अगरबत्ती, फल, फूल नारियल चढ़ाकर किया गया। बच्चों द्वारा पूजा स्थल को रंगोली और फूलों से सजाया गया। पंडित महाराज द्वारा माता तुलसी ,आंवला वृक्ष की मंत्र उपचार से वातावरण को भक्ति मय बना दिया। गांव की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति के लिए आह्वान किया गया। बच्चों के ज्ञानवृद्धि एवं स्वास्थ्य लाभ के लिए वृक्षों की फेरा लगाकर मनोकामना किया गया। सामूहिक महाआरती पाठ कर भोग चढ़ाया गया। भंडारा प्रसाद ग्रहण कर बच्चे खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगत राम श्रीवास, प्रधान पाठक शीला विश्वास,सहायक शिक्षक हीरा राम पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री यादव ,पुष्पा नायक, समस्त सदस्य, ग्रामवासी एवं प्यारे बच्चे उपस्थित थे।

# विभिन्न स्कूलों में संविधान दिवस पर हुए विविध आयोजन

**सरायपाली,** 27 नवंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के परिपालन के साथ बीईओ सरायपाली प्रकाशचंद्र मांझी, बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल एवं एबीईओ द्वय देवनारायण दीवान, जितेन्द्र रावल के मार्गदर्शन में विकासखण्ड सरायपाली के विद्यालयों में च्संविधान दिवसज् का आयोजन किया गया। बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने संविधान दिवस क्विज़ में स्वयं प्रतिभागी बनकर ऑनलाइन प्रमाण पत्र हासिल कर सभी को प्रोत्साहित किया।

विकासखण्ड सरायपाली के चयनित 10 हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों शास. कन्या हायर ., मा सदा गो मंदिर स्कूल, सेजेस, हायर सेक. पैकिन, किसड़ी, बलोदा, केना, केदुवां, बानीगिरोला, मोहदा के विद्यार्थियों के लिए चविधिक जागरूकता शिविरज् अंतर्गत संविधान दिवस पर चनिबंध लेखनज् प्रतियोगिता 1. मौलिक अधिकार, 2. मौलिक कर्तव्य, 3. भारत में संविधान का महत्व विषय पर निबंध लेखन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम को चयनित कर पुरस्कृत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 26 नवंबर को च्संविधान दिवसज् मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 ई. को संविधान सभा में अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया है। संविधान दिवस, 26 नवंबर 2023 को मनाए



जाने हेतु भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा एक वेबपोर्टल का निर्माण किया गया है। भारत के संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) के ऑनलाइन पठन हेतु एक लिंक और इसके साथ ही च्भारत - लोकतंत्र की जननीज् विषय पर ऑनलाइन क्विज़ के लिंक को शेयर किया गया था। वेबपोर्टल 26 नवंबर 2023 के लिए उपलब्ध था, जिसमें भारत के सभी नागरिकों भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते थे। ऑफलाइन मोड पर भी कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देश दिए गए थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - केना में प्राचार्य एम एल नायक के नेतृत्व में कार्यक्रम संयोजक व्याख्याता शैलेन्द्र कुमार नायक ने संविधान निर्माण के इतिहास और महत्व को साझा किया तथा की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराया। आयोजन में व्याख्याता गण पी एन बेहेरा, रुद्रसिंह राय, अनूप मेश्राम, निर्मल प्रधान, शंभु कुशवाहा, लिपिक राकेश डड़सेना सहित समस्त स्टाफ तथा शाला नायक अमित साहू, उपशाला नायक ललिता राणा, बाल संसद के सदस्य गण ज्योति साव, स्नेहा प्रधान, रीतु ग्वाल, अभिषेक गार्डिया एवं सभी विद्यार्थी गण की सक्रिय सहभागिता रही।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - किसड़ी में व्याख्याता किशोर रथ के नेतृत्व में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने संविधान दिवस पर प्रस्तावना का वाचन किया। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल - सरायपाली के प्राचार्य मनोज पटेल के संयोजन में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज़ किया।इस आयोजन में विकासखण्ड सरायपाली के शास. प्राथ. शाला बालसी, सिरसोभा, कसडोल, बोंदा, लिमाऊगुड़ा, खैरमाल, भीखापाली एवं उच्च. प्राथमिक शाला तथा हाईस्कूल व हायर सेक. विद्यालयों की भी सक्रिय सहभागिता रही।

# सीईओ रीना बाबा साहेब कंगाले के प्रस्ताव को ईसीआई ने किया मंजूर

**छग के 15 विस में अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए**

**बिलाईगढ़,** 27 नवंबर(देशबंधु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले के प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंजूरी प्रदान किया है। इसके अनुसार अब छत्तीसगढ़ के 15 विधानसभा में अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिले के सारंगढ़ विधानसभा 17 में कोमल प्रसाद साहू, नायब तहसीलदार सारंगढ़, रूपाली मेश्राम, नायब तहसीलदार सारंगढ़, श्री राजेश पांडेय, सीएमओ सारंगढ़ और श्रीमती संजू पटेल, सीईओ जनपद पंचायत सारंगढ़ को अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा-43 में अर्पण कुर्रे, नायब तहसीलदार भटगांव, बंदेराम भगत, नायब तहसीलदार सरसींवा, पी.सी. कुर्रे, एसडीओ (पीडब्ल्यूडी) बिलाईगढ़, और शैलेन्द्र वर्मा, एसडीओ (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा-आरईएस) नियुक्त अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के विधानसभा सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, पामगढ़, सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बीजापुर और कोन्टा के लिए भी अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है।

## निधन

### अम्बा बाई गोस्वामी

**धमधा,** 27 नवंबर। वार्ड नं. 11 निवासी श्रीमती अम्बा बाई गोस्वामी का निधन 27 नवंबर को धमधा में हो गया। उम्र लगभग 60 वर्ष की थी। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर चली गई। वे गौकरण गिरी गोस्वामी, खेमगिरी गोस्वामी की माता थी। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### गुरुनानक जयंती पर रंजना साहू...

समाज की पूरी सेवा की,उसी परंपरा का अनुसरण करते हुए आज सिंधी समाज भी सेवा के बेजोड़ कार्यों में लगा है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है,गुरुनानक जी के जीवन से मिली प्रत्येक शिक्षा को हम सब आत्मसात करते हुए मानव सेवा में लगें आज के दिन यही कामना है।

उक्त अवसर पर सिख समाज के प्रधान जितेंद्र सिंग खालसा,सिंधी समाज के मुखी महेश रोहरा, चंद्रकला पटेल, नम्रता पवार, युवा नेता जय हिंदूजा, संतोष तेजवानी, रिक्की गनवानी, दौलत वाधवानी, मनीष आसवानी, गायत्री सोनी, रितिका यादव, सीमा चौबे, सरोज देवांगन, शीला सोनी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### राजिम नदी मड़ई के बाद...

हुई थी। सो भोलेनाथ की पूजा करने के साथ ही मड़ई में जनसैलाब उमड़ पड़ा।

पुन्नी मेले का आनंद लोगों ने कई तरह का लिया। मसलन आंवला भात खाने की परंपरा का बखूबी निर्वहन किया। लोमष ऋषि आश्रम क्षेत्र एवं नदी के बड़े भाग पर सैकड़ों टोलियां अलग-अलग जगहों अथवा पेड़ के नीचे बैठकर आंवला भात खाए। खासतौर से महिलाएं और युवतियों की टोली लोमष ऋषि आश्रम के भीतर खचाखच भरी हुई थी। जो अपने परिवार, दोस्तों के साथ पिकनिक का भरपूर मजा ले रहे थे। नदी के लम्बे-चौड़े भाग में लोगों को खूब इंजॉय करते देखा गया। यहां का दृश्य हर किसी को सुकून प्रदान करने वाला रहा । दोपहर से लेकर देर रात तक इंजॉय करने वालों की भीड़ कई हजारों की संख्या में बनी रही। नदी के बीच हर तरह की दुकानें सजी हुई थी। शाम को नगर के यादव समाज व राजीव लोचन मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में धूमधाम से मड़ई लेकर नाचते-गाते यादव बंधु कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना किये।

भोलेनाथ की पूजा करने विशेष रूप से विधायक धनेंद्र साहू अपने समर्थको के साथ पहुंचे। मंदिर पहुंचकर विधि विधान से पूजा कर अपने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अलावा पूरे छत्तीसगढ़ की खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए कामना किया। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह आदि थे।

### गुप्तगंगा मुनिचूंआ दर्शन...

पर पुलिस की व्यवस्था की गई है। लोग गुप्त गंगा के दर्शन कर प्रसादी के रूप में भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किये। यहां पर हजारों लोगों के लिए भण्डारे एवं प्रसादी का व्यवस्था किया गया था। मेला में बिलाईगढ़ राजघराने से महाराज श्री ओंकारेश्वर सरण सिंह दीवान साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जहां पर पूरे दिन भर पण्डवानी गायिकाओं के द्वारा विविध कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में ग्राम छुईहा, धनसीर, धौराभाठा, सलिहा, छपेरी, भोगडीह, मलुहा, परसापाली, लाखडबरी, बिजयनगर, बघमल्ला, सुरगुली सहित अनेक गांवों के लोग पहले से ही भण्डारे एवं परसादी की व्यवस्था में लगे हुए थे। जहां पर हजारों लोगों ने परसादी एवं भोजन ग्रहण किया।

### शहर के मार्गों को अतिक्रमण...

सकें। कार्रवाई के दौरान एई श्री कश्यप, दिलीप चंद्राकर, रिक्की महंती, शेखर पाटकर, अनुराग गुप्ता, शुभम सोना, जयकिशन सोना और तिवारी सहित अन्य कर्मी शामिल रहें।

### बैलेट मतपत्रों की सुरक्षा के...

शर्मा सहित भाजपा नेता प्रकाश सिन्हा, धर्मेंद्र ठाकुर,गोपाल वर्मा,पार्षद मंगेश टांकसाले,प्रकाश शर्मा,दिग्विजय साहू,दामजी साहू,सोनाधर सोनवानी,सोमेश,भुवन साहू,बरातू साहू,लेख राम ,लिलेंद्र शामिल रहे। भाजपा नेताओं ने प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनाक्रोश और सत्ता परिवर्तन के भय से दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 5 साल में जनता से की गई वादाखिलाफी का परिणाम शीघ्र ही सामने आने वाला है।

### स्वच्छता अभियान को धता...

सम्बन्धी बोर्ड दिखाई दे रहा है। इस सम्बन्ध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संचित साहू से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे आने के पहले से ही नाली सफाई करने वाले अधिकांश स्वीपरों बजट के अभाव में को काम से निकाल दिया गया है। अभी सिर्फ 10 स्वीपर काम कर रहे हैं जिसके चलते इतने बड़े नगर में नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है लाने वाले समय में व्यवस्था में सुधार का प्रयास किया जावेगा।

### दीपावली मिलन समारोह...

सेन, निसा सेन उर्वशी, सोहद्र, भारती, वंदना उत्तरा पूजा टिकेश्वरी, प्रीति,ममता, लक्ष्मी, शशि,शांति, दुलेश्वरी, सोनिया, गायत्री, रूखमणी,ऋतु,निर्मला,सविता, , उर्मिला, बिन्दु समाज के आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे.

# विरासत का संरक्षण कर अंचल का नाम रोशन करने की जरूरत

**सरायपाली,** 27 नवंबर (देशबंधु)। भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) सरायपाली अध्याय द्वारा विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर च्छत्तीसगढ़ में मंदिरों की स्थापत्य कलाज् विषय पर व्याख्यान का आयोजन लक्ष्मीनारायण मंदिर (सत्संग भवन) सरायपाली में किया गया। इंटैक सरायपाली अध्याय संयोजक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि इंटैक के आजीवन सदस्य एवं समाजसेवी विश्वजीत गुप्ता के विशेष सहयोग एवं समन्वय में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता धरोहर संरक्षण विशेषज्ञ एवं अध्यक्ष धरोहर सरंक्षण समिति रायपुर, सुप्रसिद्ध आर्किटेक्ट श्रीमती शिवी जोशी ने मंदिरों की स्थापत्य कला के सन्दर्भ में व्यापक जानकारी दी,उन्होंने छत्तीसगढ़ के साथ ही अन्य राज्यों में स्थित मंदिरों की निर्माण शैली का रोचक वर्णन किया। अध्यक्षता कर रहे भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक)के छत्तीसगढ़ राज्य अध्याय संयोजक अरविंद मिश्र ने सरायपाली के नागरिकों की जागरुकता से प्रभावित होकर यहां इंटैक के कार्यों की व्यापक संभावनाओं पर चर्चा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी पर जयनारायण गुप्ता (वरिष्ठ समाजसेवी) उपस्थित रहे जिन्होंने अतिथियों को स्वरचित संक्षिप्त रामायण पुस्तक एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। विशिष्ट अतिथि इंटैक महासमुन्द अध्याय के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को आपस में मिलकर विरासत संरक्षण एवं जागरुकता हेतु कार्य करने और विलुप्ति के कगार पर आ खड़े हुए कलाओं को सहेजने की आवश्यकता है ।विरासत संरक्षण कर अंचल का नाम रोशन करने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने अपनी सेवा सरायपाली क्षेत्र को देने अपनी तत्परता दिखाई और इस आयोजन की खूब प्रशंसा किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बागबाहरा एवं अंचल के कुशल मंच संचालक रूपेश तिवारी ने च्ए गा जवईया सुन तोर ठहराव कहां हे,शहरिया चकाचौंध मा तोर गांव कहां हे ज् छत्तीसगढ़ी गीत का सुंदर काव्य पाठ किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं सह संयोजक इंटैक महासमुन्द अध्याय बंधु राजेश्वर खरे एवं सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक (उद्योग) सुनील बघेल की गौरवमयी उपस्थिति कार्यक्रम में रही। मंदिरों से संबंधित हमारी अद्भुत संस्कृति / विरासत को जानने समझने हेतु यह विशिष्ट कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम का विधिवत् संचालन सरायपाली अध्याय संयोजक यशवंत कुमार चौधरी द्वारा किया गया एवं विरासत संरक्षण प्रेमी संजय शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया एवं इंटैक के संयोजक यशवंत कुमार चौधरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिक शामिल रहे। इंटैक अध्याय द्वारा अतिथियों का स्वागत गमछा भेंट कर किया गया एवं समस्त अतिथियों को बेल मेटल (बस्तर आर्ट) कलाकृति की स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में अध्याय सहसंयोजक राधेश्याम चौधरी,समाजसेवी/ बिजनेसमैन संजय शर्मा एवं समाजसेवी कामता पटेल, इंटैक के आजीवन सदस्य विश्वजीत गुप्ता, शिक्षाविद्/ व्याख्याता डॉ अनिल कुमार प्रधान,पत्रकार सौरभ गोयल,इंटैक आजीवन सदस्य पुष्पांजली चौधरी,सोशल एक्टिविस्ट विवेक शर्मा,बिजनेसमैन राजेश मित्तल,शिक्षिका राधा शर्मा,सीएसी गिरधारी लाल पटेल,व्याख्याता प्रकाश कुमार ठेठवार,शिक्षक ज्योति कुमार ठेठवार, विनोद कुमार चौधरी,शिक्षिका नीतू पाणिग्राही,सीना साहु,वंदिता बोहीदार,मिनाती पाणिग्राही,दुर्गेश साहु,आर्यन चौधरी,अयांश चौधरी आदि की उपस्थिति विशेष रूप से रही। सभी उपस्थितजनों ने शहर के हृदय स्थल पर स्थित लक्ष्मीनारायण मन्दिर का दर्शन लाभ लिया और इसकी विशेषताओं से अवगत होकर काफ़ी गदगद हुए।

# शिव लाल मेहता स्कूल में अध्ययनरत रहे छात्रों ने गुरु सम्मान की दिखाई अनुकरणीय पहल

## 25 साल पहले जिस स्कूल में पढ़े उस स्कूल के सभी शिक्षकों आमंत्रित कर किया सम्मानित



**शिक्षकों ने कहा भाव, विचार व कल्पना मनुष्य को मनुष्यता प्रदान करता है यह आयोजन अनुकरणीय है**

**भाटापारा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। शिवलाल मेहता स्कूल स्कूल मे पूर्व मे अध्ययन रत रहे छात्र द्वारा रविवार को उक्त स्कूल मे पढाये गये पूर्व व वर्तमान शिक्षकों का शिक्षक सम्मान व छात्र स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जहाँ लगभग 30 से शिक्षक जो सेवानिवृत्त हो गये है व वर्तमान मे है दूर दराज से आकर उक्त गरिमामय कार्यक्रम मे सम्मलित हुये व अपने शिक्षक जीवन के यादगार पलों का उदगार व्यक्त कर उपस्थित छात्रों को अपने स्नेह देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना किया कार्यक्रम के उदबोधन मे वरिष्ठ शिक्षक बल्देव भारती ने कहा की ऐसे कार्यक्रम होते रहना चहिये क्योंकि इससे मानसिक व बोध्दिक विकास होते है और पुराने अपने लोगों को जुडने का अवसर प्राप्त होता है वरिष्ठ शिक्षक त्रिवेदी सर ने कहा की यह आयोजन हमे गौरान्वित करने वाला है इस कार्यक्रम के आयोजक बधाई व स्नेह के पात्र है वरिष्ठ शिक्षक आर.के. वर्मा सर कई वर्षों के बाद ऐसा अवसर आया जिससे हमे अपने विद्यार्थियों व हमारे समय के शिक्षकों से रुबरु होने का अवसर प्राप्त हुआ अपने संस्कृति व गुरु परम्परा को आगे बढाने की अनूठा परम्परा ऐसे ही बनाये रखे मेरी कामना है

वरिष्ठ शिक्षक सीएल अग्रवाल सर ने गणित व अँग्रेजी के वरिष्ठ शिक्षक रहे दिवंगत डीएस ठाकुर सर को याद करते हुये कहा यह वृहद आयोजन अच्छे संस्कार को लेकर सराहनीय है जिनका सम्मान करते है वास्तव मे ऊनका भी सम्मान होता है जो इस कार्यक्रम के आयोजक है

हिन्दी साहित्य के व्याख्याता रहे डी.पी. तिवारी सर ने अपने प्रखर उदबोधन मे उपस्थित लोगों एक संदेश व प्रेरणा देते हुये कहा चरित्र व प्रेम को निखरना चहिये अगर हमे सफल होना है तो समझ होना जरूरी होता ईमानदारी से काम करने से खुद सकून मिलता व एक दूसरे से मिलकर कार्य करते हुये समाज को जोडकर चलते तो निश्चित रुपी से हमे सफलता मिलती है आदमी उम्र से बूढा नही होता वह मन से बूढा होता है समय के गति के साथ अपने को जवान बनाये रखे जिसको गम का जहर पीना आ गया समझो उसे जीवन जीना आ गया हम सबको ऊर्जा शाक्ति से भरा जीवन जीने का प्रयास करते रहना चहिये सदैव अपने को जवान महसूस करते रहो व बहते हुये तरोताजा नदी की तरहा गति के लिये चरण चहिये और प्रगति के लिये आचरण का होना भी जीवन मे सबसे महत्वपूर्ण होता है

वरिष्ठ शिक्षक बिसेन ठाकुर सर उपस्थित अपने पढाये छात्र छात्राओं को सम्बोधित कर कहा की जीवन मे सुख शांति व सफलता के लिये सदैव हमे अपने गुरुजन व पिता का आदर करते रहना चहिये हिन्दी के वरिष्ठ शिक्षक रहे जी.आर. वर्मा सर ने शिव लाल मेहता स्कूल संस्कारी स्कूल के नाम से जाना जाता है यह पर जो कि अनुशासन व नियम के साथ सुन्दर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों से भरा स्कूल था 2007 मे रिटारमेंट हुये पर मेरा कार्यकाल सदैव गौरान्वित करने वाला रहा मेरे पढाया विद्यार्थी सदा प्रगति करते रहे शुभकामनाएं दिया गणित मे निपुण तरीके से पढाने व कमजोर विद्यार्थियों को गणित के विषय मे होशियार छात्र बनाने मे निपुणता रखने वाली भाटे मैडम ने कहा की वह 1988 मे कार्यभार संभाला... गणित व साइंस अच्छे पढाने का प्रयास किया और शाला प्रबंधन से सहयोग भी मिले शाला टाटीबंध रायपुर मे प्राचार्य बनने के बाद विद्यार्थियों के समुचित विकास की जवाबदारी थी संगठित होकर कार्य करे व सामाजिक बुराइयों को दूर करने का प्रयास करते रहना चहिये राजनीति शास्त्र की शिक्षक सीमा श्रीवास्तव ने उक्त कार्यक्रम के जरिये भाव विभोर होते हुये कहा की बिछडो को जो मिलाने का कार्य किये वे सराहनीय है भाव विचार व कल्पना मनुष्य को मनुष्यता प्रदान करता है और यहाँ अनूठा आयोजन अनुकरणीय उदाहरण है विद्यार्थी जीवन मे छात्र व शिक्षा दोनो एक दूसरे के पूरक होते है,इस कारण दोनो मे तालमेल व सामंजस्य बना रहना अतिमहत्वपूर्ण होता है वरिष्ठ शिक्षक

नंदलाल वाजपेयी हमारे पढाये विद्यार्थियों अपने योग्यता व प्रतिभा से समाज को सदैव प्रकाशवान करते रहे वही उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों व सम्मानित अतिथियों को भाव विभोर करने वाली प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किये वरिष्ठ शिक्षक व तात्कालीन समय मे प्राचार्य रहे शर्मा सर ने उपस्थित छात्र छात्राओं को सकरात्मक सोच के साथ सदा अपने जीवन मे सदैव समाज के लिये ऊर्जावान रहने का आशीर्वाद दिये वही शिक्षकों मे विशेष रुप से डी के तिवारी सर, एन पी वर्मा सर, एस के भृगु सर, एफ आर सोनी सर, एम के श्रीवास्तव सर, जे एस भारती सर, पी के मिंज सर यमुना आडील मैडम जी, जी आर वर्मा सर, बी एल शर्मा सर, बी एल साव सर और विशेष अतिथि के रूप में श्री बी एस भारती और श्री आर पी पटेल सर रहे कार्यक्रम के अंत मे वरिष्ठ शिक्षक व प्राचार्य रहे जे.एल. वर्मा को याद किया गया व पान्डेय सर व डीएस ठाकुर सर को भी याद कर श्रध्दांजलि दी गई उक्त कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह राजपूत के द्वारा किया अंत मे उपस्थित सभी वरिष्ठ शिक्षकों को शाल श्रीफल मेमेंटो व हरा भरा पौधों से भरा गुलदस्ता सौपकर सम्मानित किया गया उक्त कार्यक्रम को सफलता प्रदान करने में विजय पांडेय, नारायण साहु, दुर्गेश कुमार यदु, आशीष मिश्रा, वासुदेव साहू चन्द्र कांत यदु जय प्रकाश शर्मा विनय ठाकुर मोनू मल मुफद्दल हुसैन जितेंद्र, सुनीता, मंजू, सकीना, मीनू, गीता आदि लोगों का विशेष योगदान व उपस्थिति रहा।

# विधायक शिवरतन ने पत्नी सहित गुरुद्वारा में मत्था टेक आशीर्वाद लिया



**भाटापारा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव के जन्मदिवस पर विधायक शिवरतन शर्मा ने अपनी सहधर्मिणी सीमा शर्मा के साथ गुरुद्वारा पहुंच कर गुरुद्वारा साहब में मत्था टेक कर गुरुग्रंथ साहब का आशीर्वाद लिया एवं गुरु सिंह सभा मैं उपस्थित सिख समाज के नागरिकों को गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि सिख समाज का इतिहास गौरवशाली इतिहास रहा है जिनकी बुनियाद ही त्याग तपस्या एवं बलिदान से बनी है आज अगर हिंदू समाज अपने अस्तित्व पर कायम है तो वह सिख गुरुओं की शहादत का ही परिणाम है।

हिंदू समाज के बचाने के लिए जहां सिख गुरुओं ने कुर्बानी दी है वही देश की आजादी के लिए कुर्बान होने में सबसे ज्यादा योगदान सिख समाज का ही है। यह हमारे देश का दुर्भाग्य है कि जिस समाज का इतिहास ही त्याग एवं बलिदान से भरा पड़ा है उन्हें 1947 तथा 1984 के भीषण दंगों का सामना करना पड़ा 1947 के बंटवारे के समय जहां पश्चिमी पंजाब से लोग अपना घर बार त्याग कर त्याग कर यहां शुरुआती दिनों में कष्टप्रद जीवन का सामना करना पड़ा। वही 1984 के दंगों में सिख समाज की भरी-भरी दुनिया लोगों ने उजाड़ दी। इस अवसर पर विधायक शिवरतन शर्मा एवं उनकी सहधर्मिणी सीमा शर्मा को सिख समाज के द्वारा। शाल भेंटकर सम्मानित किया गया इस दौरान विधायक शिवरतनशर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं में लंगर भी वितरित किया। इस अवसर पर विधायक शिवरतन शर्मा के साथ जिला महामंत्री राकेश तिवारी एवं मंडल उपाध्यक्ष राजा कामनानी भी थे।

# थाना रुद्री के एएसआई एवं आरक्षक ने युवक को लौटाई गुम मोबाइल



**धमतरी,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा अपने कार्यों के साथ-साथ सराहनीय कार्य किये जाने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करते रहते हैं एवं समय समय पर सम्मानित भी करते हैं।

इसी तारतम्य में थाना रूद्री के थाने के गंगरेल ड्यूटी में तैनात एएसआई. उमेश शुक्ला एवं आरक्षक निर्मल नायक ने मोबाइल धारक हरीश देवांगन पिता प्यारे लाल देवांगन उम्र 34 वर्ष साकिन कोष्टापारा (देवांगन पारा) चारामा का मोबाईल सेमसंग स्मार्ट फोन दिनांक 26 नवम्बर को गंगरेल अंगारमोती रोड में गुम गया था जिसे थाना रुद्री के एएसआई. उमेश शुक्ला को मिलने पर मोबाइल के मालिक का पतासाजी कर उनसे संपर्क कर गंगरेल चौकी बुलाकर आज मोबाइल धारक हरीश देवांगन को थाना प्रभारी रुद्री सन्नी दुबे के समक्ष वापस लौटाया गया। मोबाइल के मिलने से मोबाइल मालिक हरीश देवांगन बहुत गदगद हुआ और थाना रूद्री पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया, क्यों कि रविवार को गंगरेल जैसे व्यस्ततम रोड में मोबाइल मिलना बहुत मुस्किल था। धमतरी पुलिस द्वारा भी अपील किया जाता है कोई भी गुम मोबाइल मिले तो उसे तुरंत नजदीकी पुलिस थानों में जमा करवायें।

# भागवत कथा का समापन



**नवापारा राजिम,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। श्रीराधाकृष्ण मंदिर छोटे राजीव लोचन मंदिर में चल रहे भागवत कथा के समापन दिवस पर श्री वृंदावन धाम से पधारे पंडित नवल कृष्ण शास्त्री महाराज ने प्रवचन करते हुए बताया की जितने भी भगवत प्राप्ति के साधन है उनमें प्रभु का नाम संकीर्तन सबसे उत्तम साधन है भगवान की उन पर बड़ी कृपा है जिन्हें परमात्मा से प्रेम है भगवान की कृपा देखिए कि बिना कुछ किये आप लोगों को कथा श्रवण का लाभ मिल रहा है आप लोगों को कुछ करना नहीं पड़ा यह कथा आप लोगों को अनायास ही प्राप्त हो गई कथा के साथ-साथ आपको यह भी जानना है कि केवल कथा श्रवण ही पर्याप्त नहीं है बल्कि आप जीवन में जो भी दान शुभ काम सेवा काम भोजन सेवा भंडारा सेवा जल सेवा मानव सेवा दरिद्र नारायण की सेवा निर्धन एवं जरूरतमंदों की सेवा करते हैं उसका अनंत फल आपको मिलेगा क्योंकि भगवान का एक नाम अनंत है फिर महाराज ने भगवान कृष्ण के रुक्मणी विवाह के प्रसंग के बाद अन्य सात पटरानी सत्यभामा जामवंती सत्या कालिंदी मित्र बिंदाभदाएवं लक्ष्मणा की कथा सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई. संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक राजिम परिवार सहित कथा श्रवण किये डॉ रमाकांत शर्मा श्याम किशोर गुप्ता गीता गुप्ता सोनू गुप्ता आरती गुप्ता ईशा गुप्ता सुनील गुप्ता दिलीप गुप्ता जयकुमार गुप्ता जितेंद्र गुप्ता एवं बड़ी संख्या में निमंत्रित परिजन उपस्थित हुए परायण वृंदावन धाम से आए पंडित नरेंद्र महाराज एवं श्री राम महाराज ने संपन्न किया यह आयोजन जहां लोगों के मन में भक्ति भाव एवं श्रद्धा उत्पन्न किया वहीं मधुर स्मृतियां एवंअमिट छाप छोड़ गया कई महत्वपूर्ण लोगों ने उपस्थित होकर कथा श्रवण कर आयोजनको स्मरणीय बना दिया सोमवार 27 नवंबर को हवन तर्पण पश्चात भोजन भंडारा का आयोजन किया गया था.

# गुरूनानक देव की जयंती के उपलक्ष्य में निकली विशाल शोभायात्रा



**नवापारा-राजिम,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। श्रीगुरूनानक देव जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार की शाम गंज रोड स्थित सिंधी गुरूद्वारा से श्रीगुरूग्रंथ साहेब की विशाल शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकली। इस शोभायात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। आगे-आगे पंच प्यारे चल रहे थे और इसी के साथ सिंध और सिक्ख समाज के लोग भजन-कीर्तन करते आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा सदर बाजार होते हुए बस स्टैण्ड से वापस गंज रोड स्थित सिंधी गुरूद्वारा पहुंची। महावीर चौक में सकल जैन समाज ने वहीं चांदी चौक में नवयुवक मण्डल सहित नगर में जगह जगह नगरवासियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया. वहीं जमकर आतिशबाजी की गई। पूरा गंज रोड लाइट के झालरो से सुसज्जित था। कई समाज के लोगों ने जलपान की व्यवस्था कर रखी थी। शोभायात्रा में पूज्य सिंध पंचायत के अध्यक्ष अनिल जगवानी, नगर पालिका परिषद नवापारा के अध्यक्ष धनराज मध्यानी, ज्ञानचंद लालवानी, अनिल पंजवानी, मयूर पंजवानी, नानक धामेजानी, सुनील धामेजानी, सुंदर पंजवानी, बुला नारवानी, अंकित मेघवानी, सुरेश नागवानी, अमरजीत आयल सिंघानी, प्रकाश आयल सिंघानी, उत्तमचंद लालवानी, महेश लालवानी, नवीन लालवानी, सावन लालवानी, रघुनाथ मध्यानी, राकेश मध्यानी, स्वर्णजीत-जीतसिंग, बंटी सुंदरानी, गुलाब सुंदरानी, अशोक नागवानी, भूषण मेघवानी, अमर माखीजा, टीकम साधवानी, किशोर सचदेव, प्रेम नागवानी, प्रेम साधवानी, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और समाज के युवक भी शामिल थे।

गुरूनानक जयंती के अवसर पर प्रात: 11.00 बजे श्रीभोग साहब का आयोजन हुआ। 12.30 बजे भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण, 1 बजे लंगर, शाम 5 बजे गंज रोड गुरूद्वारे से श्री गुरूग्रंथ साहेब की शोभायात्रा निकाली गई। रात्रि में श्री गुरूनानकजी का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ गुरूद्वारे में मनाया गया। यह जानकारी देते हुए पूज्य सिंध पंचायत के अध्यक्ष अनिल जगवानी ने बताया कि 12 दिनों से प्रात: 4 बजे प्रभात फेरी, गुरूवाणी, रामधुनी, श्रीपाठ करते हुए निकाली जा रही है।

# कौही में 23 दिसंबर को नारायणदेव की मूर्ति होगी स्थापित



- छग झरिया महार, महरा समाज की हुई बैठक
- 24 को युवक-युवती परिचय व सम्मान समारोह

**धमतरी,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। छग झरिया महार, महरा समाज की पंजीकृत शाखा एवं श्री देवजी युवा मंच के नेतृत्व में देवस्थल कौही में प्रदेशस्तरीय बैठक रखी गई जिसमें समाज के प्रदेश पदाधिकारी व सभी परगना अध्यक्ष उपस्थित थे। यह सामाजिक बैठक मुख्य एजेंडा सामाजिक कार्यक्रम को रूप देने रखी गई थी। डॉ रामचंद मेश्राम धमतरी और दीपक चपरिया भिलाई ने मन्दिर निर्माण के लिए 51000-51000 की राशि दान की।

23 दिसम्बर शनिवार को 11 बजे श्री नारायण देव की मूर्ति स्थापना की जायेगी। रात्रि में सामाजिक विचार-विमर्श व प्राप्त आवेदनों पर चर्चा होगी। 24 दिसम्बर को युवक-युवती परिचय व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के अलावा सर्व महरा समाज के पदाधिकारियों, दान दाताओं, वरिष्ठ सामाजिकजनों का सम्मान किया जायेगा। यह कार्यक्रम देवस्थल कौही में होगा। यह जानकारी खिलावन चोपड़िया प्रदेश अध्यक्ष और गजेंद्र सारधे प्रदेश सचिव छग झरिया महार, महरा पंजीकृत समाज ने दी है।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष खिलावन चोपड़िया, कार्यकारी अध्यक्ष सालिक राम रायपुरिया, कोषाध्यक्ष गिरधर मेश्राम, संरक्षक चन्द्रभान मेश्राम, सलाहकार डॉ रामचन्द मेश्राम, जयलाल अंगारे, अमृत अंगारे, नरोत्तम आग्नेकर, महामंत्री अजित भीमगज, संगठन मंत्री पवन कुमार कामड़े, उपाध्यक्ष यशवंत कश्यप, मेलाराम तुरियाकर, गजानन्द कामड़े, मनोज नायक, चोवाराम, श्रवण मेश्राम, संतोष कामड़े, इतवारी राम मेश्राम उपाध्यक्ष, घनश्याम झरिया, जगमोहन नागवंशी, दुष्यंत मेश्राम, जानेन्द्र कामड़े, ठाकुरराम सोनवानी, तुलाराम कामड़े, मंजुलता अंगारे, सुलोचना मेश्राम, देवाराम मेश्राम मौजूद थे।

# विश्व विरासत सप्ताह पर ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया की मांग, विश्व विरासत में सिरपुर हो शामिल




**छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री, यूनेस्को एवं इंटरनैशनल काउंसिल ऑफ मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स फ्रांस को पत्राचार किया गया**

**बागबाहरा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के महासमुंद जिले के विश्व विख्यात धार्मिक बौद्धिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर शीघ्र ही विश्व विरासत में शामिल करने की ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया मांग किया है। विश्व विरासत सप्ताह के अवसर पर अपनी इस मांग की पुनरावृति करते हुए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि हम सिरपुर को विश्व धरोहर में शामिल करने की लगातार मांग इसलिए कर रहें हैं क्यों कि सिरपुर में सभी अंतरराष्ट्रीय मान्यताएं एवं साक्ष्य मौजूद है। इस संबंध में डॉ पाणिग्राही ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं सिरपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश जग्गी को भी पत्र लिखकर मांग की है। डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही ने बताया कि सिरपुर बौद्ध धर्म, हिंदू धर्म (शैव एवं वैष्णव), जैन धर्म के स्थापत्य कला को आज भी अपने में समेटे हुए है। भारत का सबसे बड़ा बौद्ध स्थल, अनेक बौद्ध विहार, भिक्षुओं को पढ़ाने के प्रमाण सहित बौद्ध विद्वान नागार्जुन के आने के प्रमाण भी सिरपुर में है। खुदाई में बौद्ध कालीन खंडहर भगवान बुद्ध की भव्य प्राचीन मूर्ति, बाजार, अस्पताल, बंदरगाह होने के साक्ष्य मिले है। लाल ईंटों से बना भारत का पहला मंदिर, लक्ष्मण मंदिर जिसमें सीमेंट उपयोग नहीं हुआ है तथा ताजमहल से भी 1100 पहलेका निर्माण है। चीन के बौद्ध भिक्षु व्हेन सांग के ग्रंथों में भी सिरपुर का वर्णन एवं उनके सिरपुर में आने तथा कुछ वर्ष रहने का उल्लेख मिलता है। इसके अलावा रामायण काल के भी अनेक उल्लेख मिलते है। इसी कड़ी में ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया के डायरेक्टर अमुजुरी बिश्वनाथ ने इस मुद्दे के समर्थन में कहा कि इतनी सारी विशेषताओं एवं पात्रता के मापदंडों में खरा होने के बाद भी अब तक विश्व धरोहर में शामिल न हो पाना आश्चर्य है। इस संबंध में यूनेस्को एवं इंटरनैशनल काउंसिल ऑफ मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स, पेरिस, फ्रांस को भी पत्राचार किया गया है। अभी हमारे देश में कुल 42 विश्व धरोहर हैं लेकिन छत्तीसगढ़ का एक भी साइट अब तक शामिल नहीं है। हम सब छत्तीसगढ़ वासियों की पुरजोर मांग है कि विश्व धरोहर में हमारा सिरपुर स्थान प्राप्त करे।

# शोतोकान कराटे एसोसिएशन भटगांव ने मनाई ब्रूसली जयंती



**भटगांव/बलौदाबाजार,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। शोतोकान कराटे एसोसिएशन भटगांव द्वारा 27 नवम्बर को मार्शल आर्ट्स के महान खिलाड़ी मास्टर ब्रूसली का 83 वी जयंती समारोह भटगांव के खिलाड़ियों द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि राज्य कराटे संघ के अध्यक्ष वरुण पाण्डेय, अध्यक्षता सेंसेई छेदी लाल साहू प्रदेश उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मास्टर ब्रूसली के चित्र पर पुष्पांजलि एवं केक काटकर जयंती मनाया गया। वरुण पाण्डेय ने कहा कि ब्रूसली विश्व के ऐसे हस्तियों में सुमार हैं जिन्होंने ता उम्र मार्शल आर्ट्स की सेवा में खुद को समर्पित कर दिया। विषम परिस्थितियों के बावजूद 9 बार विश्व चेम्पियन का खिताब अपने नाम किया था, गरीबी से लड़कर मार्शल आर्ट्स खेल हॉलीबुड फिल्मों में प्रसिद्धि सुपर स्टार अवार्ड उनकी कठोर परिश्रम अदम्य साहस और लगन का परिणाम है। दुनियाभर में मार्शल आर्ट्स की लोकप्रियता का एक मात्र कारण ब्रूसली आज भी बने हैं और सदैव रहेंगे, वे एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व के धनी थे। सेंसेई छेदी लाल साहू ने कहां कि उनका जन्म 27 नवम्बर 1940 को संयुक्त राज्य अमेरिका के सेनफ्रांसिस्को के चाइना टाउन नामक उपनगर में हुआ था, आज के बच्चे युवा युवतियां जिस मार्शल आर्ट्स के दिवाने है और उसे सीखना चाहते हैं क्योंकि ब्रूसली की जो चुस्ती फुर्ती और मारक क्षमता के कारण उन्हें आज भी मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ी ब्रूसली को अपना आदर्श मानते हैं। इस अवसर पर कोच सेंसेई अश्विनी जांगड़े हिमांशु पटेल, लक्ष्य थवाईत, मयंक सोनी, कृष्णा काटे, गौरव रत्नाकर, अनिकेत साहू, विकाश खरे, प्राची कुटियारे, इंकिता खरे, अनिका गढ़वाल, भूकिमा कुर्रे, दीपशिखा कुर्रे, प्रतिभा कुर्रे, दृष्टी अनंत, अंश खूंटे, नैतिक, आयुष अनंत, वैदही शुक्ला, प्रवीण कुर्रे, सतनाम सिंह, लवीश कुर्रे, अभिनीत कुर्रे उपस्थित रहे।

# बीच सड़क पर पार्किंग, किनारों पर फास्ट फूड के ठेले



**अतिक्रमण की खुली छूट शहर में**

**भाटापारा,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। जहां मनाही, वहीं खूब। बीच सड़क पर पार्किंग। किनारों पर फास्ट फूड काउंटर। जी हां, यह शहर भाटापारा है, जहां नियम तोड़ने की खुली छूट मिलती है। लिहाजा ऐसे दृश्य हर समय देखे जा सकते हैं।

अव्यवस्थाओं के बीच जीना सीख रहा है अपना शहर। मालूम है कि शिकायतें नहीं सुनी जाएंगी। आपत्तियां दरकिनार कर दी जाती है। यह इसलिए क्योंकि जिम्मेदारों ने दूरी बना ली है जिम्मेदारी उठाने से। खासकर अतिक्रमण के मामले में तो इस शहर का मुकाबला कोई नहीं कर सकता।

**गौरव पथ के गौरव**

जतन से बनाया गया था गौरव पथ। उद्देश्य था निर्बाध आवाजाही। शुरुआती कुछ बरस तो ठीक रहे। आज स्थिति बदल चुकी है। गौरव पथ के दोनों किनारों पर फास्ट फूड काउंटर, पान की दुकानें लगतीं हैं। स्थाई दुकानों का सामान भी प्रदर्शन के लिए इसी पथ पर रखती हैं संस्थानें। सुबह-शाम मिल्क काउंटर भी लगते हैं। ऐसे में आवाजाही निर्बाध कैसी होती होगी ?

**यहां कैसे**

रेस्ट हाउस और गर्ल्स स्कूल। संवेदनशील माने जाते हैं यह दोनों, लेकिन यहीं खूब लगतीं हैं खान-पान की सामग्री बेचने वाली दुकानें। पान ठेले हमेशा से असामाजिक तत्वों के डेरा माने जाते हैं। यह भी अच्छी-खासी संख्या में हैं। इसलिए बच कर निकलती हैं छात्राएं और महिलाएं। करीब ही है शहर थाना, मगर मजाल है कि झांकने तक आते होंगे पुलिस जवान।

**बचकर निकलिए**

सुभाष बाजार। करीब ही है तीन चिकित्सा संस्थान। स्कूल और मंदिर भी हैं आसपास। ऐसे में भीड़ का होना स्वाभाविक है। विडंबना ही कही जाएगी कि यह पूरा क्षेत्र सारा दिन अस्त-व्यस्त रहता है। इसके बावजूद न प्रशासन नजर आता है, ना पुलिस। इसलिए संभल कर आवाजाही करने पर मजबूर है शहर। शाम को हालात पूरी तरह काबू से बाहर होते हैं।

**सतर्कता वांछनीय**

फिल्टर प्लांट तिराहा। जय स्तंभ चौक और राम सप्ताह होते हुए गोविंद चौक। इन क्षेत्रों से आवाजाही के दौरान सतर्कता बेहद जरूरी है। कहीं से भी, कभी भी दो पहिया या चार पहिया वाहनें निकल आती हैं। नियंत्रण में रखने के लिए लगाया गया ट्रैफिक सिग्नल बंद है, तो यातायात विभाग की मौजूदगी नजर नहीं आती। ऐसे में खुद को सतर्क रखना होगा ताकि प्रतिकूल स्थिति में दुर्घटना से बचा जा सके।

**हैं लेकिन किस काम के**

बस स्टैंड चौक। बिलासपुर, रायपुर और बलौदा बाजार के लिए निकलने वाला चौक। एक कोने में स्थित है यातायात पुलिस का कार्यालय। जवान भी नजर आते हैं, इस चौक पर लेकिन अस्त-व्यस्त यातायात और अतिक्रमण प्रमाण है इस बात का, कि लापरवाही चरम पर है। जिम्मेदार प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जिस तरह आंख मूंद रखीं हैं, वह निराशा को ही बढ़ा रही है।